सूर्योदय : 6:07
सूर्यास्त : 5:34
अधिकतम तापमान : 31.0
न्यूनतम : 18.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या: SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-176 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 05 दिसम्बर 2023
19 जमादिउल अव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



## न्यूज डायरी

### नशे पर शिकंजा

**लखनऊ।** आबकारी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 50 हजार करोड़ रुपये का राजस्व जुटाने का निर्देश दिया है। सोमवार को प्रमुख सचिव आबकारी, आबकारी आयुक्त समेत वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उन्होंने समीक्षा बैठक की। इसमें उन्होंने कहा कि नवंबर तक 27,340.97 करोड़ रुपये का राजस्व मिला है, जो बीते वर्ष मिले राजस्व से करीब 10 फीसदी ज्यादा है। उन्होंने 21 वर्ष से कम आयु वालों को किसी भी दशा में शराब की बिक्रीनहीं करने के निर्देश दिए। उन्होंने कानपुर में राजस्व लक्ष्य कम होने पर वहां के उप आबकारी आयुक्त से 15 दिन में रिपोर्ट देने को कहा।

### गवर्नर से मिले नंदी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने आज लखनऊ स्थित राजभवन में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल से मुलाकात की। मंत्री नन्दी ने दीपावली में मलिन बस्तियों के बच्चों को राजभवन भ्रमण एवं लंच हेतु आग्रह को स्वीकार करने व कार्यक्रम के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर हृदय से आभार ज्ञापित किया। चर्चा के दौरान अवगत कराया कि बच्चों और उनके अभिभावकों में राजभवन से लौटने पर अपार उत्साह और खुशी थी। यह कार्यक्रम उनके जीवन की सुनहरी स्मृति बनकर रहेगा।

### चंपत राय की अपील

**अयोध्या।** श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से श्रीराम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां तेज हो गईं हैं। इस बीच ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने एक्स अकाउंट पर जारी बयान में कहा, हम नही जानते अयोध्या में 22 जनवरी को 25 हजार लोग आयेंगे या 25 लाख, लेकिन हमारा निवेदन यहीं है कि 22 जनवरी के बाद अयोध्या आएं। आप अपने स्थान पर आनंद मनाइये, भजन कीर्तन कीजिए, त्योहार मनाइये और अपने घरों के दरवाजे दीपक से प्रकाशित कीजिए। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए मेहमानों को आमंत्रण भेजने का क्रम तेज कर दिया गया है।

### रेवंत रेड्डी का नाम तय

**नई दिल्ली।** तेलंगाना में पीसीसी प्रमुख रेवंत रेड्डी का नाम मुख्यमंत्री के लिए लगभग तय हो चुका है। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है और विधायक दल की बैठक में फैसला हुआ है की आलाकमान की ओर से ही आखिरी फैसला लिया जाएगा। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने सीएलपी की बैठक के बाद पत्रकारों से कहा, ''कांग्रेस के नवनिर्वाचित सभी सदस्यों ने कांग्रेस विधायक दल के नेता को नियुक्त करने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अधिकृत करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया है। शिवकुमार ने बताया कि यह अधिकार पत्र खरगे को भेजा जाएगा और विधायकों ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के फैसले को स्वीकार करने का निर्णय लिया है।

# मणिपुर में उग्रवादियों के दो समूहों के बीच गोलीबारी, 13 की मौत

- म्यांमार बॉर्डर से लगे लीथू गांव की घटना
- एक दिन पहले इंटरनेट हुआ बहाल



**इंफाल।** मणिपुर के तेंगनौपाल जिले में सोमवार को उग्रवादियों के दो समूहों के बीच हुई गोलीबारी में कम से कम 13 लोग मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यह घटना सोमवार दोपहर लीथू गांव में हुई तेंगनौपाल जिले के एक अधिकारी ने कहा, म्यांमार जा रहे उग्रवादियों के एक समूह पर इलाके में दबदबा रखने वाले उग्रवादियों के एक अन्य समूह ने घात लगाकर हमला किया। अधिकारियों के अनुसार, मौके पर पहुंचे सुरक्षाबलों को अब तक 13 शव मिले हैं. मारे गए लोगों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि वे स्थानीय नहीं थे। तेंगनौपाल जिले की सीमा म्यांमार से लगती है। उधर, मणिपुर सरकार ने रविवार को कुछ क्षेत्रों को छोड़कर पूरे राज्य में 18 दिसंबर तक मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बहाल कर दीं। एक सरकारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गई है. अधिसूचना के मुताबिक कानून-व्यवस्था में सुधार और मोबाइल इंटरनेट प्रतिबंध के कारण लोगों को हो रही असुविधाओं को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने इंटरनेट सेवा प्रतिबंध में ढील देने का फैसला किया है। अधिसूचना के अनुसार चंदेल और काकचिंग, चुराचांदपुर और बिष्णुपुर जैसे जिलों के बीच के क्षेत्रों में दो किलोमीटर के दायरे में सेवाएं प्रदान करने वाले मोबाइल टावर की सेवाओं पर प्रतिबंध जारी रहेगा।

# सशस्त्र बलों में बढ़ेगी महिलाओं की संख्या: प्रधानमंत्री मोदी


## पीएम मोदी ने राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का किया अनावरण

- शिवाजी से प्रेरणा लेकर देश गुलामी की मानसिकता को छोड़ आगे बढ़ रहा: पीएम
- नेवी-डे की बधाई दी

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले के राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया।

पीएम मोदी ने छत्रपति शिवाजी महाराज की समृद्ध समुद्री विरासत को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने महाराष्ट्र में नौसेना दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। वे एक राष्ट्र के लिए नौसेना के महत्व को समझते थे। पीएम मोदी ने कहा कि हम सशस्त्र बलों में महिलाओं की ताकत बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आज भारत प्रभावशाली लक्ष्य निर्धारित कर रहा है।

> प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 4 दिसंबर का ऐतिहासिक दिन हमें आशीर्वाद देता है। आपके लिए ही कहा गया है, चलो नई मिसाल हो, बढ़ो नया कमाल हो, झुको नहीं रुको नहीं, बढ़े चलो-बढ़े चलो। मैं नौसेना परिवार के सभी सदस्यों को नेवी-डे पर विशेष रूप से बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि आज का भारत अपने लिए बड़े लक्ष्य तय कर रहा है और उसे पाने के लिए अपनी पूरी शक्ति लगा रहा है। भारत के पास इन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए एक बड़ी ताकत है। ये ताकत 140 करोड़ भारतीयों के विश्वास की है।



हमारे देश का जीत का गौरवशाली इतिहास है। दुनिया भारत को 'विश्व मित्र' के रूप में देख रही है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नौसेना दिवस 2023 समारोह में कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज हों या उनके द्वारा प्रशस्त किए गए मार्ग पर आगे बढ़ रहे हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, दोनों में नौसेना पर ध्यान देते हुए अपने राष्ट्र और समाज को सुरक्षित रखने का प्रयास देखा जा सकता है। महज एक दशक पहले तक ये माना जाता था कि देश जो भी धमकियां झेल रहा हैं, वह सिर्फ भूमि आधारित है।

# पीएम के नेतृत्व में देश का हो रहा विकास: योगी

## सीएम योगी ने यूपी ग्रामीण खेल लीग का किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता




- खेल की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए बनाए जा रहे हर जिले में स्पोर्ट्स सेंटर

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले नौ-दस वर्षों में देश के अंदर खेलों की गतिविधियों का शानदार माहौल बना है। इन गतिविधियों का परिणाम है कि देश खेल के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। ओलंपिक, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स में प्रतिभागी खिलाड़ियों और उनके द्वारा जीते जा रहे पदकों की संख्या से इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

सीएम योगी सोमवार को उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के शुभारंभ एवं ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ स्मृति अखिल भारतीय प्राइजमनी कबड्डी प्रतियोगिता के समापन-पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ग्रामीण खेल लीग की मशाल को प्रज्ज्वलित कर लीग का शुभारंभ किया और कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला समाप्त करने के बाद खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलो इंडिया, फिट इंडिया मूवमेंट और सांसद खेल स्पर्धा से खेल और खिलाड़ियों को काफी प्रोत्साहन मिला है। इसे और गति देने के हर जिले में स्पोर्ट्स सेंटर बनाए जा रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में खेल के संसाधनों और गतिविधियों को बढ़ाने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं। इसके तहत हर गांव में खेल के मैदान व ओपन जिम विकसित किए जा रहे हैं। जिला स्तर पर स्टेडियम व ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम बनाए जा रहे हैं। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 2 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम हैं। वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। प्रदेश में 15 सिंथेटिक हॉकी ट्रैक, 3 सिंथेटिक रनिंग ट्रैक, 67 बहुउद्देश्यीय स्पोर्ट्स हाल, 15 इनडोर बास्केटबॉल हाल, 2 जुडो हाल, 6 शूटिंग रेंज बनाए जा चुके हैं। मेरठ में मेजर ध्यानचंद के नाम पर प्रदेश मैं पहका विश्व स्तरीय स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय का निर्माण युद्ध स्तर हो रहा है। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार भरपूर धनराशि देने के साथ उन्हें सरकारी नौकरी दे रही है। डेढ़ लाख रुपये मासिक मानदेय पर कई कोच नियुक्त किए गए हैं। एकलव्य क्रीड़ा कोष से भी खिलाड़ियों को मदद दी जा रही है। ओलंपिक, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स, विश्व चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने और पदक जीतने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों को भरपूर पुरस्कार राशि तो दिया ही जा रहा है, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वालों को राजपत्रित पदों पर नियुक्त किया जा रहा है।

# मिजोरम विधानसभा चुनाव में जेडपीएम को मिला बहुमत



- 40 में से 26 सीट जीतीं
- जोरमथांगा ने राज्यपाल को सौंपा इस्तीफा
- पूर्व आईपीएस बन सकते हैं नए सीएम

**आइजोल।** जोरम पीपल्स मूवमेंट (जेडपीएम) ने मणिपुर विधानसभा की 40 में से 26 सीट जीतकर सोमवार को राज्य में बहुमत हासिल कर लिया। निर्वाचन आयोग ने यह जानकारी दी।

आयोग ने बताया कि मिजोरम विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को जारी मतगणना के बीच जेडपीएम 26 सीट जीतने के अलावा एक अन्य सीट पर आगे है। जीत हासिल करने वाले जेडपीएम के प्रमुख नेताओं में पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार लालदुहोमा शामिल हैं। उन्होंने सेरछिप सीट पर मिजो नेशनल फ्रंट (एमएन एफ) के जे. माल्सावमजुआला वानचावंग को 2,982 वोट से हराया। पूर्व आईपीएस लालडुहोमा नए सीएम बन सकते हैं। वहीं राज्य के मुख्यमंत्री जोरमंथागा ने राजभवन में राज्यपाल डॉ. हरि बाबू कंभमपति को अपना इस्तीफा सौंपा है। भाजपा ने पलक और सैहा सीट अपने नाम कर ली है। कांग्रेस एक सीट पर बढ़त बनाए हुए है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, चुनाव में जिन नेताओं को हार का सामना करना पड़ा उनमें उप मुख्यमंत्री और एमएनएफ उम्मीदवार तावंलुइया शामिल हैं जो तुइचांग में जेडपीएम उम्मीदवार से हार गए। इसके अलावा स्वास्थ्य मंत्री और एमएनएफ उम्मीदवार आर लालथंगलियाना दक्षिण तुईपुई में जेडपीएम के जेजे लालपेखलुआ से हार गए।

# प्रशांत किशोर 2025 में लालू और नीतीश को देंगे चुनौती

- लालू-नीतीश की सियासी जमीन खतरे में
- पीके ने 243 सीटों पर चुनाव लड़ने का किया एलान



**कोटवा।** बिहार की राजनीति में अपनी पैठ बना रहा जन सुराज संगठन साल 2025 के चुनावों में ताल ठोकेगा। इस बात का एलान खुद इसके प्रणेता प्रशांत किशोर ने कर दिया है। चुनावों में जन सुराज के दल के तौर पर उतरने से राजद सुप्रीमो लालू यादव और जदयू के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की चुनौती बढ़ना तय है। बीजेपी के साथ-साथ अब प्रशांत किशोर भी उनके सामने चैलेंज बनकर उभरेंगे। प्रशांत किशोर सोमवार को सिंहवाड़ा के महावीर मंदिर मैदान कलिगांव से पदयात्रा के पूर्व मीडिया से संवाद कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि 2025 में जनसुराज एक दल के तौर पर 243 विधानसभा सीटों पर लड़ता दिखेगा। इधर, पीके के इस एलान के साथ ही जिले में जदयू को एक बड़ा झटका भी लगा है। जदयू के अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इसके बाद उन्होंने सोमवार को ही उन्होंने जदयू के अन्य नेताओं के साथ जन सुराज का दामन थाम लिया है। जानकारी के अनुसार, प्रशांत किशोर ने सोमवार को यहां 12.4 किलोमीटर की पदयात्रा की।

# शीतकालीन सत्र: दो विधेयकों को मिली मंजूरी

- 22 तक चलेगा शीतकालीन सत्र
- पीएम मोदी का एनडीए सांसदों ने स्वागत किया



**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हुआ। यह सत्र ऐसे समय में हो रहा है, जब पांच राज्यों के चुनावी नतीजे आए हैं। जिनमें से तीन बड़े राज्यों में भाजपा को जबरदस्त जीत हासिल हुई है। संसद का शीतकालीन सत्र 22 दिसंबर तक चलेगा जिसमें कुल 15 दिन काम होंगे। इस दौरान 19 विधेयकों पर चर्चा हो सकती है।

बसपा के सांसद दानिश अली सितंबर में आयोजित संसद के विशेष सत्र में भाजपा सदस्य रमेश बिधूड़ी की 'आपत्तिजनक' टिप्पणी के मामले में कार्रवाई की मांग करते हुए सोमवार को गले में तख्तियां लटकाकर लोकसभा में पहुंचे जिस वजह से हंगामा भी हुआ। आज संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एनडीए सांसदों ने जबरदस्त तरीके से स्वागत किया। तीन राज्यों में मिली जीत से भाजपा उत्साहित है और यही कारण है कि मोदी के स्वागत के दौरान एनडीए सांसदों ने लोकसभा में तीसरी बार मोदी सरकार, बार-बार मोदी सरकार के भी नारे लगाए। संसद ने सोमवार को 'अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक, 2023' को मंजूरी प्रदान की। इस विधेयक का मकसद अदालत परिसरों में दलालों की भूमिका को खत्म करना है। लोकसभा ने विधेयक पर विस्तृत चर्चा और विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के जवाब के बाद ध्वनिमत से स्वीकृति दी। राज्यसभा में यह विधेयक पिछले मानसून सत्र में पारित किया गया था। लोकसभा में विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने यह तय किया है कि उन औपनिवेशिक कानूनों को निरस्त किया जाएगा जो अनुपयोगी हो चुके हैं।

### राघव का निलंबन खत्म



राज्यसभा सभापति ने रद्द किया निलंबनआम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा का निलंबन सोमवार को राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने भाजपा सांसद जीवीएल नरसिम्हा राव के प्रस्ताव पर रद्द कर दिया। इसके बाद राघव चड्ढा ने कहा कि 11 अगस्त को मुझे राज्यसभा से निलंबित कर दिया गया। मैं अपने निलंबन को रद्द करने के लिए सुप्रीम कोर्ट गया।

भाजपा ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में 'स्वच्छता' अभियान शुरू किया है और इसी के क्रम में न्यायपालिका को भी 'स्वच्छ' बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

**तूफान** — चेन्नई में आए चक्रवाती तूफान मिचौंग का दिल्ली में भी रहा असर

# चक्रवात मिचौंग दिखा रहा रौद्र रूप

- भारी बारिश से जलमग्न हुए चेन्नई के कई इलाके
- चेन्नई में पांच लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिण बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरे दबाव का क्षेत्र चक्रवाती तूफान में तब्दील हो गया है। जिसे मिचौंग नाम दिया गया है। इसके कल सुबह तक आंध्र प्रदेश के नेल्लोर और मछलीपट्टनम के बीच पहुंचने की आशंका है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को यह जानकारी दी।

विभाग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, गंभीर चक्रवाती तूफान मिचौंग आज भारतीय समयानुसार ढाई बजे दक्षिण बंगाल की खाड़ी के ऊपर चेन्नई से करीब सौ किलोमीटर उत्तर पूर्व और नेल्लोर से 120 किलोमीटर दक्षिण पूव में केंद्रित था। यह धीरे-धीरे तेज होगा और उत्तर की ओर बढ़ेगा और गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में पांच दिसंबर की दोपहर बापटला के करीब नेल्लोर और मछलीपट्टनम के बीच दक्षिण आंध्र प्रदेश तट को पार करेगा। वहीं चक्रवात मिचौंग के कारण भारी बारिश के बीच अलग-अलग घटनाओं में चेन्नई में पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, पेड़ गिरने से एक व्यक्ति भी घायल हो गया है। इस बीच, चेन्नई एयरफील्ड कल सुबह नौ बजे तक बंद रहेगा। चेन्नई के कई हिस्सों में भारी बारिश के कारण जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। लगातार हो रही भारी बारिश के चलते ओमनदुरार सरकारी मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के बाहर वालाजाह रोड, माउंट रोड, अन्ना सलाई, चेपॉक सहित कई इलाके जलमग्न हो गए हैं।



### शाह ने तमिलनाडु और पुडुचेरी के सीएम से की बात

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और पुडुचेरी के मुख्यमंत्री एन. रंगासामी से बात की। चक्रवात मिचौंग के कारण चुनौतीपूर्ण मौसम की स्थिति से निपटने के लिए किए गए उपायों का जायजा लिया। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा, लोगों की जान बचाने के लिए उन्हें मोदी सरकार की ओर से सभी जरूरी सहायता का आश्वासन दिया है।

### झमाझम बरसात से भीगा लखनऊ

**लखनऊ।** पश्चिमी विक्षोभ के कारण चक्रवाती हवा का क्षेत्र मध्य, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और आसपास का इलाका बना हुआ है। इस कारण मौसम में बदलाव शुरू हो गए हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बाद अब लखनऊ समेत मध्य यूपी में भी मौसम का असर नजर आ रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक, मिचौंग तूफान लौटते वक्त यूपी पर असर डालेगा। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक, लखनऊ, बाराबंकी, हरदोई, कन्नौज, कानपुर, कानपुर देहात, खीरी, सीतापुर, अलीगढ़, आगरा, औरैया, बदायूं, बरेली, बुलंदशहर, गौतमबुद्धनगर, कासगगंज, जालौन, झांसी, रामपुर, संभल, शाहजहांपुर समेत आसपास बरसात रिकार्ड हुई है। बादल छाए हुए हैं और अभी ये दौर जारी रहेगा।

# राजस्थान में सीएम के चेहरे को लेकर हलचल तेज

- वसुंधरा से मिले दो दर्जन विधायक
- मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के साथ हो सकता है राजस्थान का फैसला



**जयपुर।** राजस्थान में विधानसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद अब नई भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर हलचल तेज हो गई है। जयपुर से लेकर दिल्ली तक बैठकों का दौर जारी है। हालांकि, भाजपा आलाकमान ने फिलहाल अपना रूख स्पष्ट नहीं किया है।

विधायक दल की बैठक बुलाने को लेकर भी अधिकारिक निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन मंगलवार शाम अथवा बुधवार सुबह तक विधायक दल की बैठक बुलाई जा सकती है। सोमवार सुबह प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह और प्रदेशाध्यक्ष सी.पी.जोशी जयपुर से दिल्ली पहुंचे है। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और केंद्रीय विधिमंत्री अर्जुन राम मेघवाल सहित कई वरिष्ठ नेता भी दिल्ली में है। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे जयपुर में ही रहकर नये विधायकों से मिल रही है। सोमवार को करीब दो दर्जन विधायकों ने वसुंधरा से मुलाकात की है। बताया जा रहा है कि राजस्थान का फैसला मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के साथ ही हो सकता है। इस बीच वसुंधरा से मिलने पहुंचे विधायकों में शामिल बहादुर सिंह कोली, विजय सिंह चौधरी व समाराम गरासिया ने कहा कि वसुंधरा प्रदेश की जनता की मांग है। वसुंधरा को सीएम बनाना चाहिए। सीएम का फैसला शीर्ष नेतृत्व को करना है।

# डीएम ने कराया पेंशन को अनब्लॉक, अगले माह से फरियादी महिला को मिलेगी

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** तहसील मितौली क्षेत्र के मैगलगंज गांव निवासी राधिका देवी पत्नी रज्जन लाल अपनी फरियाद लेकर सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के सामने उपस्थित होकर कहा कि साहब सत्यापन के दौरान कागजों में सचिव ने मुझे मृत दिखा दिया, जिस कारण मेरी पेंशन रोक दी गई है। डीएम ने तत्काल जिला समाज कल्याण अधिकारी को तलब किया। उसकी पेंशन तत्काल शुरू कराने की कार्रवाई अमल में लाने के निर्देश दिए। दोषी कर्मियों के खिलाफ जांच के निर्देश भी दिए हैं।डीएम के निर्देश पर कलेक्ट्रेट पहुंचे डीएसडब्लूओ सुधांशु शेखर ने पूरे मामले को चेक कराया, जिसमें पेंशनभोगी महिला की शिकायत सही मिली। सत्यापन के दौरान सचिव ने फरियादी महिला को मृतक दिखा दिया, जिस कारण इसकी पेंशन ब्लॉक कर दीउन्होंने पेंशन को ऑन स्पॉट अनब्लॉक कराया फरियादी महिला की केवाईसी कराते हुए विकास भवन स्थित इंडियन बैंक पहुंचकर एनपीसीआई कराया अगले माह को मिलने वाली किस्त में महिला को पेंशन का लाभ मिलेगा। डीएम की दरियादिली से खुश होकर गरीब वृद्ध ढेरों दुआएं देता हुआ चैंबर से विदा हो गया। डीएम ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को यह भी निर्देश दिया कि सत्यापन की जांच कर दोषी अधिकारी व कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई भी की जाए।



डीएम ने डीएसडब्लूओ से संबधित महिला की पेंशन रोके जाने को लेकर पूरी रिपोर्ट तलब की है। पेंशनभोगी महिला को सत्यापन में मरा दर्शाने के पीछे किसकी लापरवाही है। डीएम ने कहा कि किसी जिंदा व्यक्ति को कागजों में मृत दिखा देना गंभीर लापरवाही है। इस बात की जांच कराई जा रही है कि महिला का सत्यापन किसने किया था। लापरवाही बरतने वाले के खिलाफ गंभीर कार्रवाई होगी। महिला का पेंशन बहाल करने के आदेश दिए गए हैं।

## मौसम में आए बदलाव के बाद सर्दी के तेवर सख्त

**लखीमपुर खीरी।** सोमवार की सुबह से मौसम में आए बदलाव के बाद सर्दी के तेवर और सख्त हो गए। बूंदाबांदी ने तीन डिग्री तक पारा गिरा दिया। आने वाले दिनों में राहत के आसार हैं, लेकिन बदली और धूप दोनों का मौसम बना रहने की संभावनाएं भी हैं। दो दिन पहले तक मौसम का पारा हाई था। दिन में तीखी धूप निकली थी। रविवार की धूप के बाद सोमवार को मौसम अचानक बदल गया। सोमवार की अलसुबह से ही हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई। इसके बाद हवाओं की गति बढ़ती चली गई। सोमवार को किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं। इससे अचानक से सर्दी बढ़ गई। पारा तीन डिग्री तक गोता लगा गया। एक दिन पहले तक 26 डिग्री पर टिका दिन का पारा सोमवार को 23 डिग्री पर पहुंच गया। रात का पारा भी तीन डिग्री तक गिर गया। हवाओं के कारण लोगों को पहली बार सर्दी का एहसास हुआ। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों के मुताबिक, अगले 2-3 दिन तक बारिश की संभावना है। मौसम के जानकारों के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में यह बदलाव दर्ज किया गया है। चक्रवात का असर तराई तक भी आया है।

# पेड़ से लटकता मिला पांच दिन से लापता 19 वर्षीय युवती का शव

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** धौरहरा क्षेत्र में पांच दिन से लापता 19 वर्षीय युवती का शव गांव के बाहर खेत में पेड़ से लटकता मिला उसकी चप्पलें पेड़ के नीचे पड़ी थीं। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने हत्या की आशंका जताई। पुलिस ने युवती का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले की जांच पड़ताल में जुटी है गांव टेकी कुंडा निवासी चेतराम की पुत्री गामिनी (19) पांच दिनों से लापता थी। परिजन उसकी तलाश में जुटे थे। काफी खोजबीन के बाद भी युवती का पता नहीं चला। बताया जा रहा है कि युवती को तलाश रहे परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की सूचना पुलिस को नहीं दी थी शाम करीब छह बजे अमेठी ग्राम सभा के ग्रामीणों ने पेड़ से युवती का शव लटकता देखा। शव मिलने का पता चला तो आसपास गांवों के ग्रामीण जमा हो गए। युवती की पहचान चेतराम पासी की पुत्री गामिनी के रूप में हुई। सूचना पर परिजन और पुलिस पहुंची परिजनों ने युवती की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया।

## 30-30 पौआ अवैध नेपाली RAHAR BRAND शराब के साथ किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना गौरीफंटा पुलिस द्वारा अभियुक्तगण संदीप पुत्र खेमकरन सूरज पुत्र सिपाही नि0गण बनगवां थाना गौरीफन्टा जनपद खीरी को 30-30 पौआ अवैध नेपाली RAHAR BRAND शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना गौरीफंटा पर मु0अ0स0 33/23 धारा 63 आबकारी अधिनियम बनाम संदीप पुत्र खेमकरन व मु0अ0स0 34/23 धारा 63 आबकारी अधिनियम बनाम सूरज पुत्र सिपाही पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

## युवती को बहलाफुसला कर भगाने का मामला दर्ज

**लखीमपुर खीरी।** गोला गोकर्णनाथ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में युवती को बहलाफुसला कर भगा ले जाया गया है। तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपरहिया निवासी विनय अपने साथियों विनोद और नितिन के साथ मिलकर उसकी 23 वर्षीय पुत्री को भगा ले गए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज छानबीन शुरू कर दी है।

## डंपर की चपेट में आकर युवक की दर्दनाक मौत

**सहारनपुर।** थाना फतेहपुर क्षेत्र में एक व्यक्ति को सड़क पार करते हुए खनन वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही मुजफ्फराबाद चौकी प्रभारी महेश चंद्र मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवाया। सोमवार को थाना फतेहपुर क्षेत्र के ग्राम मुजफ्फराबाद के पास एक व्यक्ति बस से उतरकर सड़क पार कर रहा था कि कलसिया की ओर से आ रहे एक खनन वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके मौके पर ही प्राण पखेरू हो गए। सूचना मिलते ही फतेहपुर थानाध्यक्ष सतेंद्र राय मयफोर्स के मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान कराई तो मृतक की पहचान मुन्तजिर पुत्र महमूद (35) ग्राम शेखुपुर थाना फतेहपुर के रूप में हुई। पुलिस ने हादसे की सूचना मृतक के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी व सात बच्चों को रोते बिलखते छोड़ गया है। थानाध्यक्ष फतेहपुर कुमार सतेंद्र राय ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया हैं तथा ड्राइवर को पकड़ा गया है और खनन वाहन को कब्जे में ले लिया है। पीड़ित परिवार की ओर से तहरीर आई है। जिसके आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

## राज्य स्तरीय जु-जीत्सु प्रतियोगिता में आशा मार्डन इंटरनेशनल बना उपविजेता

**सहारनपुर।** राज्य स्तरीय जु-जीत्सु प्रतियोगिता में आशा मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने अपने उत्कृष्ट खेल के माध्यम से 26 पदक जीतकर प्रतियोगिता में उपविजेता होने का खिताब हासिल किया। चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी मेरठ द्वारा रुस्तम-ए-जामा दारा सिंह कुश्ती स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय जु-जीत्सु प्रतियोगिता में सहारनपुर मंडल का नेतृत्व करते हुए आशा मार्डन इंटर नेशनल स्कूल की टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए 26 पदम हासिल किए। यह प्रतियोगिता जु-जीत्सु एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में मेरठ में आयोजित हुई। सचिव अमित अरोड़ा ने बताया कि लगभग 1000 खिलाडियों ने भाग लिया। इसमें वारिस अली, अंशुमन, अरमान, कृष्ण, अभिनव, कनिष्क ने स्वर्ण पदक और हिमांशु, ईश्वर, निखिल ने रजत पदक और कुनाल, ऋषभ ने कांस्य पदक हासिल किए। सभी स्वर्ण पदक विजेता आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतिभाग करेंगे। स्कूल प्रबंधक भव्य जैन, प्रधानाचार्या श्रीमती सीमा सिंह ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सम्मानित किया। अनुशासन समिति के रविन्द्र शर्मा, एनसीसी इंचार्ज ले.अमित चौधरी, उप प्रधानाचार्य मनु मल्होत्रा ने कोच मोहित शर्मा को सम्मानित करते हुए उनकी इस उपलब्धी पर बधाई दी। इस मौके पर सतीश, शुभम, पार्थ, प्रिया, भारती, पायल, अभिषेक, मनिंदर आदि शिक्षक मौके पर मौजूद रहे।

## अवैध स्मैक की तस्करी करते एक अभियुक्त दबोचा

**सहारनपुर।** थाना कोतवाली मण्डी पुलिस ने अवैध स्मैक की तस्करी करने वाले 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 7.5 ग्राम स्मैक बरामद की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा के निर्देशन में नशा तस्करों के विरूद्ध की जा रही लगातार कार्यवाही के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना मण्डी धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने अभियुक्त अब्दुल हयात पुत्र मुस्तफा निवासी दुमझेडा थाना चिलकाना को 62 फुटा रोड पर कब्रिस्तान के पास से 7.5 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। पूछताछ करने पर अभियुक्त अब्दुल ने बताया कि वह यह स्मैक बरेली से बेचने के लिए लेकर आता है और यहाँ लाकर बेचता है। आज भी वह स्मैक बेचने के लिए जा रहा था कि पुलिस ने पकड लिया। नशा तस्कर को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार, कांस्टेबल बिट्टू कुमार, हैड कांस्टेबल मनोज कुमार, कांस्टेबल प्रदीप कुमार शामिल रहे।

## धर्म की स्थापना के लिए अवतार लेते है भगवान:: दीदी राधिका

सहारनपुर। महाशक्ति पीठ वैष्णवी महाकाली मंदिर में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में दीदी राधिका श्रीजी ने कहा कि धर्म की स्थापना के लिए और पाप के विनाश के लिए प्रभु का अवतार होता है और अपने भक्तों की रक्षा करने के लिए प्रभु हर संभव आते हैं। राधा विहार स्थित मंदिर में श्री रामकृष्ण विवेकानंद संस्थान के तत्वाधान में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में मुख्य अजमान राकेश राणा और अमित वर्मा ने परिवार सहित व्यास पीठ का पूजन किया और दीदी राधिका श्रीजी को तिलक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में श्री धाम वृंदावन से पधारे दीदी राधिका श्री जी ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी का प्रसंग सुना कर भक्तों को भाव विभोर कर दिया।

# तीन राज्यों की जीत पर भाजपाईयों ने मनाया मेंन तिराहे पर जश्न व बाटी मिठाई

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज, रायबरेली।** तीन राज्यों में हुए चुनाव की मतगणना में भारतीय जनता पार्टी का बहुमत आ जाने पर कस्बे के मेंन तिराहे पर भाजपाईयों ने एक दूसरे का मुंह मीठा करा कर व गोला पटाके दगा कर जीत का जश्न मनाया। बताते चलें कि, तीन राज्यों में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, व राजस्थान, में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों की भारी भरकम जीत के बाद महराजगंज के मेंन तिराहे पर पश्चिम बंगाल के पूर्व प्रभारी व रायबरेली जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश सिंह राठौर ने मेंन तिराहे पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि, मोदी जी की नीति व किसानों के साथ हर एक प्रकार की मदत के बाद ही पूरे देश में मोदी जी की जय जय कार हो रही है। तथा छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी द्वारा युवाओ पर किए गए अत्याचार व हम सबकी गौ माता पर किए गए अत्याचार का दुष्परिणाम है कि, आज तीनों राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की बहुमत की सरकार बन रही है। और जनता ने एक बार फिर कांग्रेस पार्टी को सबक सिखाया है। और बताया है कि, यह जनादेश 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी 400 सीटों पर जीत हासिल कर देश में इतिहास रचने का काम करेगी। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह युवा भाजपा नेता नीलू सिंह, रोहित सिंह, मानसिंह पटेल, अरिदमन सिंह, मंगली सिंह, राजेंद्र नई सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।



## एसडीएम की अध्यक्षता में कस्बे में हटवाया गया अतिक्रमण व चला बुलडोजर

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज, रायबरेली।** कस्बा महराजगंज में जाम के झाम की समस्या से निदान हेतु कस्बे के प्रमुख मार्गों पर उच्चाअधिकारियों की मौजूदगी में चला बुलडोजर व हटाया गया अतिक्रमण। बताते चले कि, पूर्व नियोजित क्रम के तहत बिगत तीन दिनों से अधिशासी अधिकारी अपर्णा मिश्रा द्वारा नगर पंचायत की ओर से संपूर्ण कस्बे में माइक के माध्यम से अलाउंस करा कर व्यापारियों को सूचित किया जा रहा था कि, जो व्यक्ति रोड के बगल में व नाले के ऊपर अतिक्रमण किए हैं। वह स्वताह अपना आतिक्रमण हटा लें अन्यथा तीन दिसंबर को प्रशासन की मौजूदगी में व भारी पुलिस बल के साथ आतिक्रमण हटाया जाएगा। जिसके तहत आज दोपहर 2 बजे उप जिलाधिकारी राजित राम गुप्ता, क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र पाल, व अधिशासी अधिकारी अपर्णा मिश्रा, व कोतवाली प्रभारी बालेन्दु गौतम तथा नगर पंचायत के कर्मचारी व भारी मात्रा में पुलिस बल की मौजूदगी में कस्बे के पुलिस चौकी से लेकर कोतवाली परिसर तक



अतिक्रमण हटाया गया। तथा नाली पर किए गए अतिक्रमण को जेसीबी मशीन द्वारा हटवाया गया। अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू होते ही संपूर्ण कस्बे के व्यापारियों में अफरा तफरी का माहौल व्याप्त है तो वही कस्बे में इस बात की भी चर्चा है कि, पूर्व में भी कई बार आतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू तो किया गया था लेकिन दूसरे दिन टांय - टांय फिस हो जाता है। ऐसे में क्या इस बार उपजिलाधिकारी क्षेत्राधिकारी व अधिशासी अधिकारी की मौजूदगी में संपूर्ण कस्बे से पूरा आतिक्रमण हट पायगा य फिर राजनीति की भेंट आतिक्रमण हटाओ अभियान चढ़ेगा। इस मौके पर एसआई अनिल यादव, एसआई संजय पांडे, एसआई दिनेश गोस्वामी, एसआई मुन्नालाल मिश्रा, एसआई शार्वेस यादव, एसआई देवेश यादव, नगर पंचायत के लिपिक रामचंद्र बाबू, जमुना प्रसाद, भारत लाल, चंद्रकेश मौर्य, आदि अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# 4 अन्तर्राज्यीय शातिर लुटेरे मुठभेड के दौरान गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली श्री नवीन कुमार सिंह के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सलोन श्रीमति वंदना सिंह के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अंतर्गत 2 दिसम्बर की रात्रि में थाना सलोन व एसओजी/सर्विलांस पुलिस टीम द्वारा मुखबिरखास की सूचना पर थाना सलोन पर पंजीकृत मुअसं-611/2023 धारा-379 भादवि से सम्बंधित अभियुक्तगण 1-दिलीप कुमार वरुवार पुत्र विनोद कुमार निवासी दुल्हापुर बवकत थाना धानेपुर जिला गौण्डा 2. राजेश कुमार पुत्र जुगुलदत्त निवासी ग्राम मूडाढिया थाना धानेपुर जिला गौण्डा को पुलिस मुठभेड़ मे थाना सलोन क्षेत्र के हनुमानगंज नहरिया पटरी के पास से पुलिस मुठभेड़ मे गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त दिलीप कुमार वरुवार के दाहिने पैर मे गोली लगी है व राजेश कुमार के बांये पैर में गोली लगी है जिन्हे उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया है। जिनके विरूद्ध थाना सलोन पर मु0अ0सं0-615/2023 धारा-307 भादवि व धारा-3/25 शस्त्र अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। अभियुक्तों से पूछताछ पर इनके 02 अन्य साथी 1- सुरेश कुमार पुत्र हरि प्रसाद निवासी ग्राम छजवा थाना मोतीगंज जिला गौण्डा2-रवि प्रताप सिंह पुत्र अखिलेख सिंह निवासी ग्राम कंडोरा थाना हरचन्दपुर रायबरेली भी थाना कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत त्रिपुला चौराहे के पास हिन्दुस्तान पैट्रोल पंप के सामने स्थित लकडी के कारखाने से नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया है जिनके पास से चोरी/लूट का सामान बरामद हुआ है। सभी अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। पूछताछ करने पर गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण द्वारा बताया कि दिनांक 28.11.2023 को उनके द्वारा कस्बा सलोन में एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल की डिग्गी में रखे 2,10,000/-रुपये चोरी कर लिए गये थे । इसके पहले उन्होने थाना बछरावां एवं महराजगंज क्षेत्र में भी इसी तरह की घटनाएं कारित की थी। जनपद महराजगंज में भी पकडे गये अभियुक्तों द्वारा घटना किया जाना स्वीकार किया गया है। पूछने पर आरोपीगण ने बताया कि वह नई घटना कारित करने के उद्देश्य से सलोन कस्बे की तरफ आ रहे थे, रास्ते में पुलिस चेकिंग के दौरान गिरफ्तारी से बचने के लिए उन्होने पुलिस टीम पर फायर भी किया किन्तु रायबरेली पुलिस द्वारा पकड़ लिए गये।

### अपराध का तरीका

पकडे गये अपराधियों का एक गिरोह है। यह गिरोह विशेष रुप से ग्रामीण क्षेत्र के बैंकों में रेकी करके टप्पेबाजी/लूट/चोरी की घटनाएं कारित करता है। इनके 2 साथी बैंक के अंदर पासबुक/एटीएम आदि लेकर ग्राहकों के आसपास खडे होकर उनकी डिटेल लेते हैं और बडे अमांउट की धनराशि निकाल रहे लोगों को चिन्हित करते हैं और फिर उसको अपना टारगेट बनाकर घटना को अंजाम देते हैं। बैंक के अंदर से ही फोन के माध्यम से बाहर इंतजार कर रहे दूसरे साथी को सूचना देते हैं और फिर जो व्यक्ति पैसा निकाल कर जा रहा होता है उसके आगे पीछे लगकर मौका पाते ही वाहन/डिग्गी से रुपये निकाल लेते हैं या फिर असलहा का प्रयोग करके व्यक्ति को डरा-धमका कर लूट लेते हैं। घटना कारित करने के लिए जिन वाहनों का प्रयोग करते हैं उनका नंबर प्लेट बदल देते हैं। उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के कई जनपदों में इस गिरोह द्वारा घटनाएं कारित की गई हैं। नाम पता गिरफ्तार

1-दिलीप कुमार वरुवार पुत्र विनोद कुमार निवासी दुल्हापुर बवकत थाना धानेपुर जिला गौण्डा

2. राजेश कुमार पुत्र जुगुलदत्त निवासी ग्राम मूडाढिया थाना धानेपुर जिला गौण्डा


3- सुरेश कुमार पुत्र हरि प्रसाद निवासी ग्राम छजवा थाना मोतीगंज जिला गौण्डा

## तीन राज्यों में जीत पर अल्पसंख्यक मोर्चा ने बाटी मिठाई

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी की तीन राज्यों में हुई प्रचंड जीत पर आज रायबरेली शहर के अल्पसंख्यक मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी भाजपा सेराज अहमद और जिला महामंत्री सहरे आलम और जिला अध्यक्ष मोहम्मद शरीफ व कार्यकर्ताओं ने कहारों के अड्डे पर 51 किलो मिठाई बाट कर जीत की एक दूसरे को बधाई दी वही जिला मीडिया प्रभारी सेराज अहमद ने कहा कि ये जीत जनता की जीत है और जनता ने तीनो राज्यो में बता दिया कि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ है जिस तरह से कांग्रेस के लोग कह रहे थे कि की कांग्रेस मध्य प्रदेश राजस्थान छत्तीसगढ़ के साथ तेलंगना में चुनाव जीत रही है तो मैं उन लोगों को बता दु की चुनाव की हार और जीत का फैसला जनता करती है और जनता ने बता दिया कि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ है और हमारी पार्टी 2024 के लोकसभा के चुनाव में भी जीत हासिल करके इतिहास रचेगी वही जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा मोहम्मद शरीफ ने कहा कि देश की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पूरा भरोसा है और यही कारण है जो हमारी पार्टी ने तीन राज्यो में कांग्रेस को धूल चटा दी क्योंकि जनता ने प्रधानमंत्री के काम पर वोटिंग की थी हमारी पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो सभी धर्मों को साथ लेकर चलती है और हमारी पार्टी का मिशन है कि सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास हमारी पारी सबका साथ सबका विकास करती है तो जनता हमारी पार्टी पर विश्वास करती है ये जीत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देश की जनता की जीत है वही युवा नेता शादाब खान अली मिया कालोनी ने कहा कि ये जीत देश की जनता की जीत है सत्य की जीत है सबका साथ सबका विकास की जीत है ये जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीत है देश की जनता को भाजपा के तीन राज्यो में प्रचण्ड बहुमत से जीत की बधाई।

## टनल से निकले 41 श्रमिकों को सपा देगी एक-एक लाख रूपये



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** उत्तराखंड के सिलक्यारा में टनल में फंसे 41 श्रमिकों की मदद को समाजवादी पार्टी ने हाथ बढ़ाया है और सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने सभी मजदूरों को एक-एक लाख रुपए देने की घोषणा की है, जिसका सपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत करते हुए कहा कि केंद्र सरकार को भी मजदूरों की मदद के लिए 10-10 लाख की आर्थिक सहायता देनी चाहिए। आज सपा जिला कार्यालय पर जिला कार्यकर्ताओं की बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फैसल सलमानी ने कहा कि उत्तराखंड के एक सुरंग में फंसे श्रमिकों को से कुशल बाहर आने पर सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने उनकी दिक्कत को समझते हुए उन्हें एक-एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है उनका यह फैसला स्वागत योग्य है और अन्य राजनीति दलों के लिए नसीहत भी है। पार्षद फहाद सलीम एवं वरिष्ठ नेता चौधरी जुमला सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार को भी उनकी सहायता के लिए आगे आना चाहिए क्योंकि रोजी-रोटी के लिए मजदूर अपनी जान जोखिम में डालकर कार्य करते हैं। इसलिए सरकार का दायित्व है कि उन्हें आर्थिक सहायता उपलब्ध करायें और भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार साहसी माइनर्स को 10-10 लाख रूपए की सहायता दें। जिला उपाध्यक्ष किरण पाल राणा एवं जिला उपाध्यक्ष हसीन अहमद ने कहा कि 2024 के होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए सभी कार्यकर्ता मजबूती के साथ कार्य करें और जीत का लक्ष्य निर्धारित कर चुनाव में अपनी तैयारी शुरू कर दें।

## दो दिवसीय खेलकूद एवं स्काउट गाइड प्रतियोगिता का शुभारंभ

**सहारनपुर।** जनपद स्तरीय खेलकूद एवं स्काउट गाइड प्रतियोगिता का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता मे कई खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर जीत के लिए अपनी दावेदारी प्रस्तुत की।

गांधी पार्क के डॉ.भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम मे आयोजित बेसिक शिक्षा विभाग की दो दिवासीय जनपद स्तरीय खेलकूद एवं स्काउट गाइड प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी व अन्य अतिथियो द्वारा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने प्रतियोगिता का आयोजन करने पर आयोजको के प्रयासो की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इन खिलाड़ियों के बीच में ही कल कोई अंतरराष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी बनकर अपने देश का नाम रोशन करेगा।

## प्रस्तावित सर्किल दर के विरोध में व्यापारियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** प्रस्तावित सर्किल दर के विरोध में आज सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की महानगर इकाई से जुड़े व्यापारियों ने जिलाधिकारी से भेंट की और प्रस्तावित दर के विरोध में आपत्ति दर्ज कराते हुए ज्ञापन सौंपा।



व्यापार मण्डल के महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा व महानगर अध्यक्ष स.सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला के नेतृत्व व्यापारी प्रतिनिधि जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि जो प्रस्तावित सर्किल दर तैयार की गयी है, उस प्रस्तावित सर्किल दर में यथार्थ और भौगोलिक दरों का कोई भी वास्तविक आंकलन नहीं किया गया है। प्रस्तावित सर्किल दर पूर्णतया जल्दबाजी और हड़बड़ी में तैयार की गयी है, जितने प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य दिया गया है, वर्तमान प्रचलित सर्किल दर सूची की प्रत्येक कॉलोनी, नगरीय क्षेत्र, अर्द्ध नगरीय क्षेत्र, ग्रामीण क्षेत्र में उतने ही प्रतिशत वृद्धि करके महज खानापूर्ती कर दी गयी है। सहारनपुर में वर्तमान में भी भूमि की खरीद बिक्री की वास्तविक वर्तमान प्रचलित सर्किल दर से लगभग 30 प्रतिशत कम पर चल रही हैं. अगर प्रस्तावित सर्किल को स्वीकार कर लिया गया तो इससे रियल एस्टेट व्यापार पूरी तरह समाप्त हो जायेगा तथा गरीब व्यक्तियों का अपनी छत का सपना कभी भी पूरा नहीं हो पायेगा। उन्होंने बताया कि शहर में स्मार्ट सिटी के अंतर्गत सड़कों नालियों आदि पर खुदाई का कार्य चल रहा है और जिसका समापन 02 साल में भी संभव नहीं लग पा रहा है, इस करण व्यापारी सहारनपुर में निवेश करने से कतरा रहा है। वहीं सहारनपुर में अधिक ऊंची सर्किल दर के कारण सहारनपुर का व्यापारी वर्ग निकटवर्ती राज्यों यथा हरियाणा पंजाब उत्तराखंड आदि में माईग्रेट कर चूका है. अगर सर्किल दर में और वृद्धि की गयी तो बचा खुचा व्यापारी वर्ग भी सहारनपुर से माईग्रेट कर जायेगा। अगर प्रस्तावित सर्किल दर को स्वीकार कर लिया गया तो निवेश ना आने के कारण सहारनपुर विकास दर में पिछड़ता चला जाएगा। सहारनपुर कहने को तो स्मार्ट सिटी है, किन्तु ना तो मेडिकल सुविधा है, ना अंतर्राज्जीय बस अडडा, ना ही वेंडिंग जोन, अतिक्रमण के कारण पूरा शहर अस्त-व्यस्त है। ऐसा भी कोई कारण नहीं है कि इस नगर में कोई विशेष सुविधा हो।

## डीएम ने मतदाता पुनरीक्षण के तहत बचपन डे केयर सेंटर का किया निरीक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

सहारनपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 एवं अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र ने जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत नगर क्षेत्र के हकीकतनगर में संचालित बचपन डे केयर सेंटर में चल रहे पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान उपस्थित बीएलओ को निर्देश दिए कि कोई भी 18 एवं 18 वर्ष की आयु से अधिक का कोई भी दिव्यांग मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे। उन्होंने मतदाता पुनरीक्षण अभियान के क्रम में निर्धारित विशेष तिथि को मतदान केंद्रों का बारीकी से निरीक्षण किया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीएम को निरीक्षण के दौरान संबंधित बीएलओ बूथ पर मतदाता सूची एवं सभी प्रकार के आवेदन पत्रों के साथ मिले। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र के वार्ड, कस्बा, गांव में घर-घर जाकर आवश्यकतानुसार फार्म 6, 7 एवं 8 भरकर नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

# नकल के लिए बदनाम विद्यालयों को परीक्षा केंद्र न बनाया जाए

अवधनामा संवाददाता



- एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों हेतु चयनित विद्यालयों का स्वयं स्थलीय निरीक्षण कर मूल-भूत सुविधाओं की उपलब्धता देखें: जिलाधिकारी

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने माध्यमिक शिक्षा परिषद की माह फरवरी में संभावित बोर्ड परीक्षा के संबंध में आयोजित बैठक में उप जिलाधिकारियों से कहा कि अपने-अपने तहसील के चयनित विद्यालयों का अगले 02 दिन में गठित टीम के साथ मौके पर जाकर निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें, निरीक्षण के दौरान विशेष तौर पर विद्यालय में सुरक्षा की दृष्टि से बाउंड्रीवॉल, मुख्य द्वार की उपलब्धता के साथ-साथ सी.सी.टी.वी. कैमरा मय वॉइस रिकॉर्डर की उपलब्धता, फर्नीचर, पेयजल हेतु स्वच्छ पानी, पहुंच मार्ग, बालक-बालिकाओं हेतु प्रथक-प्रथक शौचालय, परीक्षार्थियों हेतु पर्याप्त मात्रा में कक्षों की उपलब्धता, प्रकाश व्यवस्था हेतु विद्युतीकरण के अतिरिक्त इनवर्टर, जनरेटर की वैकल्पिक व्यवस्था, परीक्षा केंद्र पर डबल लॉक, स्ट्रांग रूम, स्ट्रांग रूम में कम से कम 02 अलमीरा की उपलब्धता, जो सी.सी.टी.वी. कैमरे की जद में हो, को विशेष रूप से देखें, किसी भी परीक्षा केंद्र में विद्यालय प्रबंधन का निवास स्थान न हो, सभी मानक पूर्ण करने वाले विद्यालयों को ही परीक्षा केंद्र बनाया जाए, किसी भी दशा में असुरक्षित, अद्योमानक, मूल-भूत सुविधाओं की शत-प्रतिशत उपलब्धता के बिना किसी भी दशा में परीक्षा केंद्र न बनाया जाए। श्री सिंह ने उप जिलाधिकारियों से कहा कि परीक्षा केन्द्रों की संस्तुति करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखें कि परीक्षा केंद्र बनने वाला विद्यालय पूर्व की परीक्षाओं में नकल के लिए बदनाम न रहा हो, विद्यालय किसी वर्ष डिबार न हुआ हो, विद्यालय राजनीति का अड्डा न हो, विद्यालय परिसर में प्रबंधक का निवास न हो, ऐसे विद्यालयों को किसी भी दशा में परीक्षा केंद्र बनाने के लिए संस्तुति न करें। उन्होंने कहा कि माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूची में शामिल 99 विद्यालयों का गहनता से निरीक्षण करें इसमें 70 विद्यालय गत वर्ष भी परीक्षा केंद्र रहे हैं, 29 नए विद्यालयों को इस बार सूची में शामिल किया गया है, नये बनाए गए परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान विशेष सावधानी बरतें। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को आदेशित करते हुए कहा की परीक्षा केन्द्रों की जांच हेतु उप जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में संबंधित तहसील के राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाध्यापक, क्षेत्राधिकारी अथवा प्रभारी निरीक्षक के अलावा 01-01 अभियंता, तहसीलदार की तत्काल कमेटी नामित कराकर जांच करने की कार्यवाही की जाए।



जिला सहकारी बैंक जौनपुर के चेयरमैन कुंवर वीरेंद्र प्रताप सिंह पूर्व-एमएलसी, अध्यक्ष जिला पंचायत, चेयरमैन PCLDF (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री), प्रदेश महामंत्री एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री कांग्रेस ने आज भाजपा प्रदेश मुख्यालय लखनऊ पर प्रदेश अध्यक्ष मान्यवर भूपेंद्र चौधरी जी एवं बृजेश पाठक जी उपमुख्यमंत्री के समक्ष भारतीय जनता पार्टी की सक्रिय सदस्यता-ग्रहण किया। इस मौके पर डॉ. शेख़ भी मौजूद रहे।

## भाजपा नेता नवाब मोहम्मद अली ने समाजसेवी वफ़ा अब्बास से की मुलाकात



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** अम्बर फाउंडेशन के संस्थापक श्री वफा अब्बास से बीजेपी नेता नवाब मोहम्मद अली ने मुलाकात की। अम्बर फाउंडेशन लगातार समाज में वंचित लोगो की मदद कर रहा है। लखनऊ शहर में जगह - जगह आंखो के मरीज़ो के लिए कैंप लगाकर उच्च चिकात्सक से जरूरतमंदों का इलाज अंबर फाउंडेशन करवा रहा है। चाहे स्वास्थ का क्षेत्र हो चाहे शिक्षा का क्षेत्र हो दोनो क्षेत्र में अंबर फाउंडेशन ने बेहतरीन काम किया है। इसी वजह से बीजेपी नेता श्री मोहम्मद अली ने फाउंडेशन के संस्थापक श्री वफा अब्बास को निवेदन किया की ग्राम पंचायत कठिंगरा, काकोरी में अपनी संस्था के माध्यम से आंखो की टेस्टिंग का कैंप और चश्मा वितरण संस्था करवाएं ताकि कठिंगरा में भी जरूरमंदो की मदद हो सकें। बीजेपी नेता मोहम्मद अली ने अपनी तरफ से और पूरी ग्राम पंचायत की जनता की तरफ से श्री वफा अब्बास और उनकी संस्था से आह्वान किया है की आंखों की टेस्टिंग और उसके बाद चश्मा वितरण का कैंप ग्राम कठिंगरा में लगाया जाए ताकि गांव के ज़रूरतमंदो की मदद हो सकें।

## वित्तीय अनियमितता के आरोपी एपीओ बर्खास्त

**बलरामपुर अवधनामा संवाददाता।** भ्रष्टाचार के विरूद्ध जिलाधिकारी अरविन्द सिंह की कार्यवाही जारी है। जिलाधिकारी ने वित्तीय अनियमितता के आरोप में अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (एपीओ मनरेगा) अमित कुमार शर्मा की सेवा समाप्त कर बर्खास्त कर दिया है। मामला वर्ष 2018 का विकासखण्ड पचपेड़वा ब्लाक का है जहां पर तत्समय तैनात एपीओ अमित कुमार शर्मा को वित्तीय अनियमितता और लापरवाही के आरोप में सेवा से पृथक कर दिया गया था। तत्कालीन मण्डलायुक्त के आदेश पर एपीओ को शर्तों के अधीन पुनः सेवा में रख लिया गया। सेवा में पुनः आते ही एपीओ द्वारा वृहद स्तर पर वित्तीय अनियमितता चालू कर दी गई और मुख्यालय से बजट मंगवाकर रोजगार सेवकों को मानदेय का अधिक भुगतान कर दिया गया। इस प्रकरण में एपीओ के खिलाफ जून 2020 में एफआईआर भी दर्ज कराते हुए सेवा से पृथक कर दिया गया।

## छह रोग के उन्मूलन के लिए घर-घर जाकर रोगियों की खोज करें: डीएम



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने 23 नवम्बर से 05 दिसम्बर तक एक्टिव केस फाइंडिंग अभियान की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत घर-घर भ्रमण के दौरान क्षय रोगियों की खोज करें। विशेष अभियान दिनांक 23 नवम्बर 2023 से 05 दिसम्बर तक चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य कर्मिकों द्वारा संभावित क्षय रोग से ग्रसित व्यक्तियों का चिन्हीकरण करके उन्हें नियमानुसार जांच एवं उपचार उपलब्ध कराया जाए, साथ ही अनाथालय, वृद्धाश्रम, बाल संरक्षक गृह, नारी निकेतन, मदरसा, नवोदय विद्यालय, कारागार, सब्जी मंडी, फल मंडी, लेबर मार्केट, ईट भट्टे, स्टोन क्रेशर, साप्ताहिक बाजार आदि को भी आच्छादित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन प्रत्येक ए0सी0एफ0 टीम 50-60 लक्षित घरों का भ्रमण करें। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि क्षय रोगियों को अच्छा से अच्छा उपचार करे जिससे वह जल्दी ठीक हो सके। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

# उमेश प्रकाश आचार्य पिंगल साहित्य भूषण व तेज नारायण साहित्य रत्न सम्मान से नवाज़े गए

अवधनामा संवाददाता

- शिवभार गुर्जर लखनवी साहित्य समारोह सम्पन्न



**लखनऊ।** लखनऊ के तेलीबाग स्थित प्रभात नगर खरिका, लखनऊ में शिव भार गुर्जर लखनवी साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था के तत्वावधान में एक कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें वरिष्ठ साहित्यकार कवि राम राज भारती बतौर अध्यक्ष व बाल साहित्य के लिए प्रसिद्ध श्रीमती अनिता सिन्हा मुख्य अतिथि, अवधी गीतकार प्रवीण पाण्डेय विशिष्ट अतिथि, शायर व कवि जनाब खालिद हुसैन सिद्दीकी अति विशिष्ट व कवि प्रेम कुमार मिश्रा तूफानी वरेण्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

समारोह का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि दीप प्रज्वलन, विमल बैरागी व प्रवीण पाण्डेय आवारा की सुमधुर वाणी वन्दना व पण्डित बेअदब लखनवी के कुशल संचालन से हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ छंदकार उमेश प्रकाश श्रीवास्तव आचार्य पिंगल साहित्य भूषण सम्मान व तेज नारायण श्रीवास्तव को आचार्य पिंगल साहित्य रत्न सम्मान से अंगवस्त्र व सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। संयोजन दीप्ती भूषण का रहा। काव्य गोष्ठी में सर्वश्री पंडित बेअदब लखनवी, कवि सतीश कुमार, गुर्जर लखनवी, विमल वैरागी, प्रेम कुमार मिश्रा तूफानी, राम राज भारती, डॉ नेहा कुमारी, कुंवर आनन्द श्रीवास्तव, श्रीमती नीतू श्रीवास्तव, ज़नाब खालिद हुसैन सिद्दीकी, महेश प्रकाश अष्ठाना, अनिता सिन्हा, कुमारी खूशबू गौतम, सुरभि सिंह, श्रीमती रमा गुर्जर,शायर एल पी गुर्जर लखनवी आदि ने अपनी सुन्दर कविताओं का पाठ किया। अंत में आयोजक शायर लालता प्रसाद गुर्जर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

## भट्ठा स्वामियों के साथ एडीएम ने की बैठक

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में संचालित ईट भट्ठा स्वामियों के साथ विनिमयन शुल्क जमा किए जाने को लेकर बैठक किया। बैठक में उन्होंने बताया कि शासन द्वारा ईट भट्ठा के विनिमयन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर 2023 निर्धारित की गई थी निर्धारित तिथि के अंदर अभी तक मात्र 43 भठ्ठा स्वामियों ने विनिमयन शुल्क जमा किया है शेष भट्ठा स्वामियों को शीघ्र अति शीघ्र ब्याज के साथ विनिमयन शुल्क जमा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में भट्ठा स्वामियों की शिकायतों को भी सुना एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में एडीएम ने कहा कि बिना शुल्क जमा किए कोई भी भट्ठा संचालित होता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# पत्रकारों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब की बैठक कुठौंद के मिशन स्कूल में की गई। डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब के जिला अध्यक्ष मनोज राजा, जिला महामंत्री मनोज शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप महातवानी की अगुवाई में आयोजित बैठक में डिस्ट्रिक प्रेस क्लब कुठौंद के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में जिला अध्यक्ष मनोज राजा ने पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि किसी भी दशा में पत्रकारों का उत्पीड़न संगठन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बस संगठन के पदाधिकारी पत्रकार अपना काम ईमानदारी से करें।

ब्लॉक अध्यक्ष अपने दायित्व को ईमानदारी से निभाएं। संगठन पत्रकारों के साथ खड़ा है। जिले के महामंत्री मनोज शर्मा ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ पत्रकारों की कलम आग उलगनी चाहिए। इसमें कोई व्यवधान करता है तो संगठन उनके है। संगठन के पदाधिकारी को यदि को परेशानी होगी तो केवल उरई से कुठौंद की दूरी का समय छोड़कर साथी पत्रकार उनके साथ खड़े दिखाई देंगे। मीडिया प्रभारी प्रदीप महातवानी ने कहा कि पत्रकार देश का चौथा स्तंभ है हम लोगो की जिम्मेदारी है समाज को जागरूक करें। इसमें व्यवधान पैदा करने वाले लोगों से संगठन शक्ति से निपटने के लिए तैयार है। जालौन तहसील अध्यक्ष बबलू सेंगर माहिया ने कहा की पत्रकार एकता देखकर अच्छा लग रहा है आप सब लोग आपस में ताल मेल रखकर एक साथ काम करें और मुसीबत में एक साथ खड़े हो जाएं। किसी अधिकारी कि हिम्मत नही है जो किसी पत्रकार से अभद्रता करे। इसके लिए पत्रकार का भी दामन शीशा जैसा साफ होना चाहिए। कुठौंद ब्लॉक के अध्यक्ष अनूप मिश्रा ने सभी पत्रकारों को आश्वस्त किया कि पत्रकारों के लिए बड़चढ़ कर काम करेंगे और जिले को अच्छा संदेश देंगे। इस मौके पर पवन शर्मा, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, अनुराग शुक्ला, अनुज अग्निहोत्री, बंटी याज्ञिक, सौरभ पाण्डेय, अमित तिवारी, अरुण तिवारी, मनमोहन सिंह, मानवेंद्र सिंह, प्रवीण तिवारी, आशुतोष उपाध्याय, श्यामकरन गडगुवां आदि पत्रकार मौजूद रहे।

## सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर स्टीकर खरीद शहीदों के प्रति दें श्रद्धांजलि

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा है कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 07 दिसंबर के अवसर पर हम सभी अपनी प्रतिबद्धता उन सभी सैनिकों के परिवार तथा उन सैनिकों के प्रति व्यक्त करते हैं जिन्होने इस देश की एकता एवं अखण्डता के लिए शहीद और अपंग हुए है। राष्ट्र की सशस्त्र सेनाओं में उत्तर प्रदेश की विशिष्ट भूमिका रही है। हम सभी उत्तर प्रदेश वासी उन माताओं तथा वीर नारियों का नमन करते है, जिनके पुत्र और पति इस देश के लिए शहीद हुए। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने उत्तर प्रदेश के शहीद सैनिकों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभी नागरिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों व व्यापारिक प्रतिष्ठानों से आह्वान किया है कि वे सशस्त्र झंडा दिवस के अवसर पर सेना के प्रति स्नेह व सम्मान प्रकट करते हुए सशस्त्र सेना झण्डा दिवस संग्रह अभियान-2023 में अपना अधिक से अधिक स्वैच्छिक योगदान दें। झण्डा स्टिकरों को खरीद कर जनपद के जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, स्थित रविन्द्र नगर, जनपद- कुशीनगर को विशिष्ट योगदान चेक /ड्राफ्ट/आरटीजीएस खता सं 11142159456 आईएफसी कोड एसबी आईएन 0000148 एसबीआई सुभाष चौक, पडरौना के रुप में प्रदान करें।

## एसओजी के सिपाहियों का स्थानांतरण

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने एसओजी में तैनात सिपाहियों के तबादले किए हैं। थाना मऊ दरवाजा के सिपाही प्रिंस युवराज,थाना कपिल के सिपाही दिव्यांशु एवं विकास चंद्र को अस्थाई रूप से एसओजी से संबद्ध किया है। कोतवाली कायमगंज के सिपाही राहुल मलिक को ड्रोन कैमरा चलाने के लिए पुलिस लाइन भेजा गया। थाना मेरापुर के सिपाही आदेश कुमार को थाना राजेपुर स्थानांतरित किया गया। थाना नवाबगंज के सिपाही नितिन सिंह की पुलिस अधीक्षक कार्यालय में वाचक पद पर तैनाती की गई। थाना नवाबगंज के सिपाही लव कौशिक की क्षेत्राधिकारी नगर कार्यालय में पेशी पद पर नियुक्ति की गई। थाना जहानगंज के सिपाही सुमित वर्मा की अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में वाचक पद पर तैनाती की गई। थाना राजेपुर के सिपाही विशाल बालियान की क्षेत्राधिकारी अमृतपुर कार्यालय में तैनाती की गई। न्यायालय सुरक्षा के सिपाही अरविंद कुमार एवं विकास बाबू की आंकिक कार्यालय में नियुक्ति की गई। सिपाही शरद कुमार की क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद के पेशी कार्यालय में नियुक्ति की गई। यूपी 112 के सिपाही निखिल चौधरी को पुलिस अधीक्षक के गोपनीय कार्यालय भेजा गया। पुलिस लाइन की महिला आरक्षी निर्मला कुमारी की अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में वाचक पद पर तैनाती की गई।

## ग्राम पहरी चौकीदारों ने वेतन बढ़ाने की मांग की

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिले के ग्राम प्रहरी चौकीदारों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया बाद में वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति को ज्ञापन सौंपा है जिसमें कहा है कि राज्य कर्मचारियों की भांति दर्जा दिया जाए। उन्होंने कहा कि समान कार्य समान वेतन मांग की तर्ज पर न्यूनतम वेतन 18500 किया जाए,। चौकीदार गांव में रहकर 30 दिन तक लगातार ड्यूटी करता है। हाजिरी आने पर मात्र दो दिन दिखाई जाती है। इसलिए सभी की 30 दिनों की उपस्थिति दर्ज कराई जाए। पुलिस के समान वर्दी भत्ता साइकिल टॉर्च व स्मार्टफोन सहित बीमा कराया जाए। ताकि समय से चौकीदार अपनी सूचना उपलब्ध करा सकें।

## डीएम को निरीक्षण में नगला जखा का सारा स्टाफ मिला अनुपस्थित

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** शासन के निर्देशों के तहत जिलाधिकारी ने प्रा0वि0 विद्यालय रम्पुरा, प्रा0वि0 नगला जखा, प्रा0वि0 पिथूपुर महँदिया का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में प्रा0वि0 नगला जखा के सभी अध्यापक अनुपस्थित मिलने पर नाराजगी जताते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी को तत्काल प्रभाव से वेतन रोकते हुए कार्रवाई किए जानेके निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने निरीक्षण के दौरान सभी विद्यालयों में नामांकन के सापेक्ष बच्चों की उपस्थित बहुत कम पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की है द्य डीएम ने प्रा0 वि0 नगला जखा में तैनात प्रधानाध्यापक श्रीमती संध्या राजपूत, सहायक अध्यापक रीता यादव एवं कु0 बीबी बानो अनुपस्थित पायी गयी।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे कुल 7 लड़के हैं। जिनका नाम रफीक उम्र 36 वर्ष, शफीक उम्र 32 वर्ष, नफीस उम्र 26 वर्ष, हफीज उम्र 23 वर्ष, हमीद उम्र 19 वर्ष, इरफ़ान उम्र 18 वर्ष, सहजाद उम्र 15 वर्ष है। मेरा बड़ा लड़का रफीक मुझसे बाटकर अलग रहता है। वह बहुत ही नालायक है। घर व परिवार की कोई देखभाल नहीं करता है। अपने मनमानी सारा कार्य करता है। मेरे पास मात्र घर ही है। मैं अपने समस्त चल, अचल संपत्ति से उसे बेदखल करता हूँ। मेरा बड़ा लड़का रफीक गांव व जवार में कोई भी किसी भी प्रकार या कोई वारदात करता है, तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मैं तथा मेरे परिवार के अन्य सदस्यों से रफीक का कोई वास्ता सरोकार नहीं है। रफीक द्वारा किए कृत्य की सारी जिम्मेदारी रफीक की ही होगी।

**जुमेराती पुत्र मोहम्मदी, ग्राम बैदौलागढ़, वार्ड नंबर 6, शिवा जी नगर, नगर पंचायत व तहसील डुमरियागंज, जनपद सिद्धार्थनगर।**

## सूचना

पवन कुमार पुत्र रामऔतार निवासी ग्राम कुईतमन्दिर पो. कुम्भी जिला कानपुर देहात का निवासी हूं। मेरे आधार कार्ड सं. 424865136998 में पवन कुमार और एक नाम विजेन्द्र सिंह भी अंकित है। दोनो नाम मेरे ही है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना भी जाए।

## सैनिक स्कूल में मना भारतीय नौसेना स्थापना दिवस



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** प्रधानाचार्य सैनिक स्कूल लेफ्टिनेंट कर्नल गीता महाडीक ने बताया कि सोमवार को भारतीय नौसेना के 53वें स्थापना के अवसर पर सैनिक स्कूल द्वारा स्थापना दिवस मनाया गया।इस अवसर पर सैनिक स्कूल में अध्ययनरत सैन्य छात्रों द्वारा बढ़-चढ़कर प्रतिभाग तथा भविष्य में भारत की तीनों सेनाओं के अधिकारी के रूप में तैनात होकर देश सेवा करने का संकल्प लिया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि कमाण्डर रवि मिश्रा 01 यूपी नवल एन0सी0सी0 यूनिट प्रयागराज द्वारा स्कूल में अध्ययनरत सैन्य छात्रों का उत्साहवर्धन किया गया तथा अपने अनुभवों को छात्रों के साथ साझा करते हुए सभी सैन्य छात्रों को देश सेवा के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सिद्धार्थ शेखर नेहरा प्रशासनिक अधिकारी सैनिक स्कूल अमेठी सहित सैनिक स्कूल के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## देश की जनता को पीएम की नीतियों पर पूर्ण विश्वास है

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव मेंभारतीय जनता पार्टी की तीनों राज्यों में स्पष्ट बहुमत की सरकार बनने पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष उषा गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों ने बड़ी माता मंदिर के प्रांगण में भाजपा की प्रचंड जीत पर आतिशबाजी छुड़ाकर हर्ष व्यक्त किया। महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी जिंदाबाद अमित शाह जिंदाबाद के नारे लगाते हुए आपस में मिठाई खिलाकर जीत की शुभकामनाएं दी। जिला अध्यक्ष उषा गुप्ता ने कहा कि देश की जनता को प्रधानमंत्री की नीतियों पर पूर्ण विश्वास है। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के चुनाव में। इन प्रदेशों की जनता ने मोदी की गारंटी पर अपनी मुहर लगाई। चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत सिद्ध कर रही है कि 2024 में भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत से केंद्र कि सत्ता में तीसरी बार सरकार बनाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की कुशल रणनीति से तीनों राज्यों में भारतीय जनता पार्टी ने विपक्ष का सुपड़ा साफ कर दिया ।इस मौके पर अनीता माहेश्वरी, रंजना दुबे, नैना साहनी, सरिता कुशवाहा, संगीता झा, महादेवी कुशवाहा, रेखा सोनकिया, अनीता द्विवेदी, रिता साहनी, विधि अग्रवाल रंजना शुक्ला, प्रेमलता उपाध्याय, मधु पांडे, माला गुप्ता और आदि अनेक महिला कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सूचना

इरशाद अहमद पुत्र निसार निवासी ग्राम गाड़ियां हसनपुर पोस्ट बाड़ी तहसील सिधौली जिला सीतापुर का निवासी हूं मैंने अपना नाम इरशाद अहमद से बदल कर मोहम्मद इरशाद रख लिया है। अब मुझे मोहम्मद इरशाद नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाता है।

## सूचना

सबान पुत्र शब्बीर निवासी ग्राम जहांगीराबाद पोस्ट जहांगीराबाद थाना सदरपुर जिला सीतापुर का निवासी हूं मैंने अपना नाम सबान से बदल कर मोहम्मद सबान अंसारी रख लिया है। अब मुझे मोहम्मद सबान अंसारी नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।


## लखनऊ नगर निगम, लखनऊ

लालबाग, टी.एन.रोड, लखनऊ- 226001 (उ.प्र.)

ई-मेल nnlko@up.nic.in टेली-फैक्स 0522-2622440

संख्या : 198/मु.अ./2023-24 दिनांक : 04.12.2023

### अल्पकालिक निविदा सूचना

नगर निगम लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु 18-12-2023 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र 16.12.2023 तक अपरान्हन 2 बजे तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता व मुख्य वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं या नगर निगम की बेवसाइट lmc.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 18.12.2023 अपरान्हन तीन बजे तक जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मण्डलायुक्त लखनऊ के कार्यालय कक्ष में तथा मुख्य अभियन्ता के कार्यालय कक्ष मे रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को 18.12.2023 को अपरान्हन 4 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी मे निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्पूटराइज हाट निक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि रू0 में | धरोहर धनराशि रू0 में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18 % जी.एस.टी. | कुल निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | फैजुल्लागंज द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत श्याम विहार कालोनी में राज जनरल स्टोर से सोनी सिंह के मकान तक गली में इण्टरलाकिंग टाइल्स एवं नाली का कार्य। | 745478.00 | 74548 | 2 माह | 745 | 134 | 880 |
| 2 | फैजुल्लागंज द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत नयापुरवा में कल्लू के मकान से बिहारी निगम के मकान के आगे तक नाली मरम्मत एवं इण्टरलाकिंग टाइल्स द्वारा गली निमार्ण/सुधार कार्य। | 565974.00 | 56597 | 2 माह | 566 | 102 | 668 |
| 3 | फैजुल्लागंज द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत श्याम विहार कालोनी में श्री अभिषेक अग्रवाल (सामने गली) मकान से श्री शिवगोविन्द के मकान तक गली इण्टरलाकिंग व नाली का कार्य। | 344389.00 | 34439 | 2 माह | 344 | 62 | 406 |
| 4 | फैजुल्लागंज द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत श्याम विहार कालोनी में श्री ठाकुर जी के मकान से मायावती के मकान तक गली में नाली एवं इण्टरलाकिंग टाइल्स कार्य। | 637639.00 | 63764 | 2 माह | 638 | 115 | 752 |
| 5 | फैजुल्लागंज द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत श्याम विहार कालोनी में ए-वन सर्विस सेन्टर से रमेश शर्मा मकान तक गली में नाली एवं इण्टरलाकिंग टाइल्स का कार्य। | 832054.00 | 83205 | 2 माह | 832 | 150 | 982 |
| 6 | फैजुल्लागंज द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत नयापुरवा में बलराम के मकान से आर0पी0 यादव के मकान होते हुए घेला मुख्य मार्ग तक सड़क सुधार एवं गली मरम्मत कार्य। | 438286.00 | 43829 | 2 माह | 438 | 79 | 517 |
| 7 | फैजुल्लागज द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत श्याम विहार कालोनी में राहुल अवस्थी के मकान से श्री शिवकुमार के मकान तक गली में नाली एवं इण्टरलाकिंग टाइल्स का कार्य। | 566759.00 | 56676 | 2 माह | 567 | 102 | 669 |
| 8 | फैजुल्लागज द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत अन्ना पुलिया से प्रभातपुरम गेट होते हुए गोरभीठ मार्ग तक सड़क पर पैच मरम्मत का कार्य। | 846044.00 | 84604 | 2 माह | 846 | 152 | 998 |
| 9 | फैजुल्लागंज द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत सीतापुर रोड से एल0जी0 गोदाम होते हुये एस0एस0 ट्रेडर्स तक सड़क पर पैच मरम्मत का कार्य। | 899029.00 | 89903 | 2 माह | 899 | 162 | 1061 |

**शर्ते**

01. निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा।
02. शासनादेश सं0-6738/23-7-06-176 (सा0)/06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू0 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि और उसके ऊपर समस्त अवशेष धनराशि पर 05 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। 10 प्रतिशत निम्न तक 0.50 प्रति 1 प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न दर पर 1.00 प्रतिशत प्रति कम दर पर सिक्योरिटी/परफारमेन्स गारण्टी ली जायेगी।
03. शासनादेश संख्या-962/नौ-9-2017/81ज/17 दिनांक 17.10.2017 के अनुसार जी0एस0टी0 का भुगतान फर्म द्वारा वास्तविक वाउचर प्रस्तुत करने के उपरान्त प्रतिपूर्ति की जायेगी।
04. आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या 3890/नौ-5-19-149सा0/2019 दिनांक 20.09 2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।
05. कार्य हेतु 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड पूर्ण होने के उपरान्त ही कार्य सन्तोशजनक पाये जाने पर जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा।

**मुख्य अभियन्ता**

**प्रत्येक रविवार को जरुरतमंदो में वितरित होगा कंबल**

# हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के पुण्य तिथि पर हुआ शुभारंभ



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** हाड़ कपाऊ ठंड को देखते हुए रक्तदान के लिए चर्चित संस्था राम कृष्ण सेवा फाउन्डेशन व उसकी सहयोगी संस्था अन्नपूर्णा रसोई और मेजर ध्यानचंद खेल उत्थान समिति द्वारा अब प्रत्येक रविवार को जरुरतमंदो को कम्बल वितरित किया जाएगा जिससे जरूरतमंद ठंड से बच सकें।इस मुहिम का शुभारंभ हॉकी के जादूगर पद्मभूषण मेजर ध्यान चंद दद्दा जी के 44 वी पुण्यतिथि पर बीते रविवार से शुरू किया गया। संस्था अध्यक्ष आकाश गुप्त ने बताया कि संस्था विगत तीन वर्षों से लगातार पूरे ठंड में प्रत्येक रविवार को अयोध्या धाम में घाटों के किनारे अस्थाई रूप से रहने वाले गरीब, जरूरतमंद लोगों के साथ साथ रिक्शा चालकों और मजदूरों को कम्बल वितरित करता रहा है और इस वर्ष भी पूरे ठंड में यह कार्य चलता रहेगा और जन सहयोग से चलने वाले इस मुहिम का उद्देश्य केवल इतना है कि जरुरतमंदो तक कंबल पहुंच सकें। प्रत्येक रविवार को जरुरतमंदो को चिन्हित करके रात 7 बजे से 9 बजे के मध्य वितरण कार्य होगा। संस्था अध्यक्ष राजेश चौबे जी ने कहा कि दीन दुखियों की सेवा परमात्मा की सेवा है और समाज के सामर्थ्यवान लोगों को ऐसे पुनीत कार्य के लिए आगे आना चाहिए।प्रथम रविवार को समाजसेवी राजेश चौबे जी के नेतृत्व में टीम के सदस्य कवियत्री सुनीता पाठक, वृद्धाश्रम से जुड़े अमरेश चंद मिश्र,मोहम्मद अहद, नीलम चौबे, विजय वर्मा आदि द्वारा गरीबों को चिन्हित करके उन्हे कंबल दिया गया।

## बच्चों के सर्वांगीण विकास, स्वास्थ्य सुरक्षा व स्वच्छता के संदर्भ में हुई बैठक

**अयोध्या।** नगर पंचायत गोसाईगंज सीमा अंतर्गत समस्त स्कूलों के वरिष्ठ अध्यापक व प्रिंसिपल के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विजयलक्ष्मी जायसवाल की अध्यक्षता में बच्चों के सर्वांगीण विकास, स्वास्थ्य सुरक्षा व स्वच्छता के संदर्भ में एक बैठक आहूत की। बैठक का मुख्य उद्देश्य बच्चों



में प्रतियोगिता की भावना उत्पन्न करना, नगर को स्वच्छ रखना, उनका स्वास्थ्य परीक्षण, उनकी सुरक्षा तथा सांस्कृतिक व खेलकूद के कार्यक्रम से उनका शारीरिक और मानसिक विकास करना रहा। उक्त बैठक में समस्त सरकारी व प्राइवेट स्कूलों के प्रधानाध्यापक ने अध्यक्ष जी के इस कदम की सराहना की। अध्यक्ष जी ने आश्वासन दिया कि बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, स्वच्छता जागरूकता अभियान, नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग प्रतियोगिता, क्विज लेखन व भाषण प्रतियोगिता के साथ-साथ स्वच्छ साथी क्लब के नाम से मासिक क्लीनलीनेस ड्राइव आयोजित किया जाएगा। बैठक में रामबली नेशनल इंटर व डिग्री कॉलेज, आचार्य नरेंद्र देव कॉलेज, जीजीआईसी, बलदेव मेमोरियल कॉलेज, समस्त मदरसा, सरस्वती शिशु मंदिर, संस्कृत विद्यालय, प्राइमरी और माध्यमिक स्कूल समेत अन्य स्कूलों के प्रिंसिपल मौजूद रहे।

# इण्डियन कौंसिल ऑफ प्रेस की हुई बैठक

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जनपद के सिविल लाइन स्थित सर्किट हाउस सभागार में इंडियन काउंसिल ऑफ प्रेस के प्रदेश सचिव सुबोध श्रीवास्तव के निर्देशन में जिलाध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में संगठन की हुई बैठक , बैठक पत्रकारों से संबंधित व उनकी समस्याओं पर हुई चर्चा , चर्चा में सभी सदस्यों की राय ली गई इस बैठक में पत्रकारों के हित की बात की गई सदस्यों की राय पर विचार करते हुए सभी पत्रकारों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने पर विशेष बल दिया गया साथ ही माह में दो बैठक कराने के लिए सभी पत्रकार साथियों ने आवाज लगाई प्रदेश सचिव सुबोध श्रीवास्तव ने सभी को आश्वासन दिया व ज़िलाध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव ने महानगर सचिव राहुल श्रीवास्तव के लिए प्रस्ताव रखा जिस पर प्रदेश सचिव ने प्रस्ताव स्वीकार करते हुए राहुल श्रीवास्तव को महानगर सचिव व रविकांत आर्य को उपमंत्री की घोषण करते हुए सभी सदस्यों ने स्वागत किया इस अवसर पर रवि मौर्य ज़िला उपाध्यक्ष,जिला संगठन मंत्री



राजेंद्र कुमार दूबे, कोषाध्यक्ष अनिल निषाद ,महानगर अध्यक्ष नवनीत कौशल डब्बू ,नरेंद्र मिश्रा, महेंद्र, गुलजार अहमद, रविकांत आर्य, अमित कुमार ,राकेश सिंह,सुदीप्त भौमिक, करण प्रजापति, आशुतोष श्रीवास्तव, सुमित यादव, के साथ दर्शनों की संख्या में इंडियन कौंसिल ऑफ प्रेस के पदाधिकारी के साथ सदस्य गण मौजूद रहे।

## गोल्फ कार्ट सेवा के अंतर्गत तीन दर्जन से अधिक इलेक्ट्रिक पुरानी कारों का हुआ प्रदर्शन

**अयोध्या।** जहां एक तरफ राम मंदिर का निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है, वहीं प्रदेश की योगी सरकार द्वारा अयोध्या में आने वाले पर्यटकों के लिए सुगम यातायात बनाने के लिए कई कदम उठा रही है। पर्यटकों और श्रद्धालुओं को आकर्षित करने के लिए रामपथ पर विंटेज कारों के स्वरूप में इलेक्ट्रिक वाहन दिखने लगे हैं। यह योजना गोल्फ कार्ट सेवा के अंतर्गत शुरू की गयी है, जिसमें विभिन्न मॉडल में तीन दर्जन से अधिक वाहनों को चलाने की योजना है। अयोध्या धाम के विभिन्न पौराणिक, धार्मिक एवं आध्यात्मिक मठ-मंदिरों तक सुचारू एवं सुगम आवागमन होने के साथ इकोफ्रेंडली परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के दृष्टिगत इलेक्ट्रिक वाहनों को चलाया जा रहा है।

# विभागों के अधिकारियों को गैर हाजिर देख भड़के नगर विधायक

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** विकासखंड पूराबाजार के ग्राम पंचायत समाहा कला के पंचायत भवन पर सोमवार को



आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के चौपाल मजाक बन कर रह गई। यहां 26 विभागों के अधिकारियों को मौजूद रहना था, पहुंचे महज नौ के। 17 विभागों के अधिकारियों को गैर हाजिर देख नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता का पारा चढ़ गया। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित विभागों के विभागाध्यक्षों से जवाब-तलब किया है। नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार की मंशा है कि समाज के अंतिम व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले। इसलिए गांव-गांव चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। यदि चौपाल में सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित नहीं रहेंगे तो समस्या का समाधान कैसे होगा।विशिष्ट अतिथि मंडल प्रभारी दिनेश कुमार मिश्रा में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को विस्तार से बताया। मुख्य अतिथि ने सुकना पत्नी राम धीरज को प्रधानमंत्री आवास की चाभी सौंपी। रमेश कुमार, राम जग, सियाराम को किसान सम्मान निधि का प्रमाण पत्र प्रदान किया।

# राष्ट्र निर्माण में दिव्यांगजनों की भी अहम भूमिकाः महंत गिरीशपति त्रिपाठी

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर मुस्कान पुनर्वास केंद्र कनीगंज अयोध्या में आयोजित समारोह में पधारे मुख्य अतिथि अयोध्या नगर निगम के यसस्वी महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी जी ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि दिव्यांगजनों की समाज एवम राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका है। दिव्यांगजन किसी की दया,कृपा,सहानुभूति के मोहताज नहीं। अपने परिश्रम,लगन,दृढ़ संकल्प,एवम सब कुछ कर गुजरने का जज्बा उन्हें सक्षम आधार प्रदान करता है, इस आधार को प्राप्त करने की काबिलियत इन्हे मुस्कान पुनर्वास केंद्र की निर्देशिका डॉ रानी अवस्थी प्रदान करती है। दिव्यांग जन आज प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा की छाप छोड़ रहे है। खेल शिक्षा कला संगीत चित्र कला आदि में इन्हे महारत




हासिल हैं। महापौर ने डॉ रानी अवस्थी जी के कार्यों की सराहना की और कहा कि इनकी कितनी प्रशंसा की जाय कम है। महापौर ने दिव्यांग बच्चो द्वारा प्रस्तुत मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की। समारोह के विशिष्ट अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट अरविंद चतुर्वेदी कहा दिव्यांग बच्चे किसी से कम नहीं, इनके द्वारा प्रस्तुत नृत्य, नाटक,अभिनय देखने से यह प्रतीत नहीं होता कि ये सामान्य बच्चे नही है।

चतुर्वेदी ने संस्था की निर्देशिका डॉ रानी अवस्थी एवम प्रबंधक राघवेंद्र अवस्थी की सराहना की विशिष्ट अतिथि किशोर न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश अमित यादव ने दिव्यांग बच्चो की कला,प्रतिभा की भूरि भूरि सराहना की। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चे बोल,सुन नही सकते किंतु इनके सोचने,समझने की छमता में कोई कमी नही। संकेत की भाषा ये बच्चे अच्छी तरह समझते है इन्हें जोदिशा निर्देश प्राप्त होता है उसका वे सम्यक निर्वहन करते है। श्री यादव ने रानी अवस्थी एवम राघवेंद्र अवस्थी इस अवसर पर शिव कुमार मिश्र ने डॉ रानी अवस्थी एवम राघवेंद्र अवस्थी द्वारा दिव्यांग बच्चो के उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यों एवम दिव्यांग बच्चो द्वारा प्रस्तुत मनोहारी कार्यक्रमों की सराहना की। दिव्यांग बच्चो द्वारा अनेक मनोहारी नृत्य,नाटक प्रस्तुत किया गया जिसे दर्शकों ने सराहा। प्रधानाचार्या श्रीमती संगीता यादव ने समारोह का संचालन किया। सभी अतिथियों ने बच्चों द्वारा हस्त निर्मित कलाकृतियों, सामानों की प्रदर्शनी का अवलोकन कर,बच्चो की कला की सराहना की।

## नेशनल हाइवे पर दो कारो में आमने सामने हुई टक्कर, सभी सुरक्षित

**मसौली बाराबंकी।** गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर आमने सामने दो कारो मे हुई भिंडत के बाद एक कार सड़क के किनारे गड्ढे मे पलट गयी। गनीमत रही हादसे मे दोनो कारो मे सवार सभी लोग सुरक्षित रहें मौक़े पर पहुंची मसौली पुलिस ने क्रेन की मदद से खाई मे पलटी कार को बाहर निकलवाया दुर्घटना मे किसी ओर से कोई तहरीर नही मिली है। सोमवार को



स्विफ्ट डिजायर चालक राणा प्रताप सिंह पुत्र चंद्रभान सिंह निवासी गंगा विहार कालोनी चिनहट अपने भाई निर्भय प्रताप सिंह व पत्नी व पुत्र के साथ अपनी सिफ्ट डिजायर गाड़ी नंबर डीएल 6 सीपी 2095 से गोंडा से लखनऊ की ओर जा रहे थे कि सामने से आ रहे ग्राम पेनीपुर थाना इटावा जनपद सिद्धार्थनगर निवासी सूर्यमणि पाण्डेय पुत्र कन्हैया पाण्डेय की कार नंबर यूपी 55 एके 3012 की हाइवे पर स्थित ग्राम नेवला के निकट आमने सामने टक्कर हो गयी जिसमे सिफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित होकर हाइवे के किनारे गहरी मे पलट गयी। गनीमत रही दोनो कारो मे सवार सभी लोग सुरक्षित रहे। सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने खाई मे पलटी कार को क्रेन के जरिये निकालकर बाहर किया। दोनो ओर से कोई तहरीर नही मिली है।

# डीएम ने लिया फीडिंग कार्य का जायजा

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** 2024 के लोकसभा चुनाव का असर दिखने लगा है। राजनीतिक हलचल फिलहाल भले शांत हों पर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो रही हैं। मतदाता सूची से जुड़े कामो को पूरा करने के लिए अफसर दौड़भाग कर रहे हैं।

सोमवार को जिलाधिकारी सतेंद्र कुमार इसी सिलसिले में जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंचे।

डीएम ने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नवाबगंज वीआरसी सेंटर पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान अंतर्गत बीएलओ एवं सुपरवाइजर स्तर से प्राप्त प्रारूप 6,7,8 व 8क के फीडिंग कार्य की अध्यावधिक स्थिति का निरीक्षण कर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।



## अवैध खनन की चपेट में राजवँश शासक का किला

**बाराबंकी।** देवा थाना क्षेत्र के ग्राम कासिमगंज में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पासी राजवंश के आखिरी शासक महाराजा गंगा बक्श रावत का किला स्थित है जो राजस्व विभाग में दर्ज भी हैं और आज टीले के रूप में मौजूद है। इस पर अवैध खनन पूर्व प्रधान संतोष कुमार यादव के द्वारा कराया जा रहा है यदि इन्हें रोका नहीं गया तो कुछ दिनों के बाद टीला एवं किला जो हमारे पूर्वजों की धरोहर है जो पासी समाज के धरोहर है, पासी समाज का गौरव, मन,सम्मान स्वाभिमान है जिसके बल पर आज हम प्रमाणित करते हैं कि हम राजवंश से हैं हमारे पूर्वज राजा थे। धीरे-धीरे वह खत्म होता जा रहा है। राष्ट्रीय पासी एकता मिशन के अध्यक्ष राजितराम रावत ने अपील कि जितने भी संगठन चल रहे हैं इसका विरोध करने के लिए आगे आएं।

## फांसी के फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव

**बाराबंकी।** सतरिख थाना क्षेत्र में एक महिला का शव फांसी के फंदे से लटका मिला। घटना के समय घर पर कोई नही था। पारिवारिक कलह वजह बताई जा रही। जानकारी के अनुसार घटना सतरिख थाने के पचासी गांव का है। परिजनों के अनुसार सोमवार की सुबह करीब 10 बजे राजकुमारी 45 वर्ष पत्नी रामू यादव का शव घर के अंदर बने कमरे में छत के कुंडे में रस्सी के सहारे लटकता पाया गया। घटना के दौरान मृतका के बच्चे अमन 14 अभिषेक 12 स्कूल गए थे जबकि पति रामू खेतों की ओर गया था। कुछ देर बाद जब रामू खेतों की ओर से लौट कर घर आया तो कमरे में पत्नी का फांसी के फंदे से लटकता हुआ शव देखकर हतप्रभ रह गया। रामू ने घटना की जानकारी ससुराल करंद गांव थाना जहांगीराबाद और सतरिख पुलिस को दी।

# भक्ति का अहंकार हो जाए तो अहंकार युक्त भक्त जीव का पतन तयः अनुराधा

*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** ग्राम सिसवारा मे यज्ञाधीश विनोदाचार्य के निर्देशन मे चल रही श्रीराम कथा के छठे दिन सोमवार को कथावाचिका साध्वी अनुराधा शुक्ला ने नारद मोह का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि भगवान की भक्ति जीव को भवसागर से पार भी करती है। अगर भक्ति का अहंकार हो जाए तो अहंकार युक्त भक्ति जीव का पतन भी कर देती है। साध्वी ने कहा कि देव ऋषि नारद भगवान विष्णु के परम भक्त थे। भगवान की भक्ति करने के लिए हिमालय की कंदरा में जाकर एक झरने के किनारे बैठ गए। बड़ी सुंदर गुफा थी गुफा में बैठते ही देव ऋषि नारद की समाधि लग गई और भगवान के स्वरूप का आनंद प्राप्त करने लगे देव ऋषि नारद की समाधि को देखकर देवराज इंद्र भयभीत हो गए। देवराज इंद्र को लगा कहीं देव ऋषि नारद की भक्ति से प्रसन्न होकर ब्रह्मा जी कहीं मेरा इंद्रासन देव ऋषि नारद को ना दे दे। इसलिए इंद्र ने देव ऋषि नारद की समाधि को तोड़ने का प्रयत्न किया।

भगवान विष्णु ने नारद को बंदर का रूप दे दिया क्योंकि देव ऋषि नारद का कल्याण चाहते थे। भगवान विष्णु कन्या स्वयंवर में उस कन्या ने किसी अन्य राजा की गले में माला डाल दी तो भगवान के पार्षद जय और विजय इस पर हंसने लगे देव ऋषि नारद ने जय और विजय को श्राप दे दिया। भगवान ने देव ऋषि नारद को समझाया कि यह सब मेरी इच्छा सेवा है। अहंकार जीव का सबसे बड़ा दुश्मन है। किसी बात का भी अहंकार नहीं करना चाहिए। कथा में काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस मोके पर पुजारी शिवकुमार वर्मा मैकूलाल यादव मोतीलाल दिलीप कुमार पिन्टू वर्मा पंकज वर्मा मुन्ना सतीश शर्मा डा जसवन्त आत्मा राम वंशराज वर्मा राकेश मिस्त्री रिषी यादव साकेत गौतम आदि भक्त मौजूद रहे।

## अज्ञात व्यक्ति का शव मिला दुर्घटना की आशंका

**रामनगर बाराबंकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत हाइवे पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला। आशंका है कि इसकी मौत किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने मृतक की जामा तलाशी की लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पाई। शव की शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे है। पुलिस के मुताबिक गोंडा बहराइच मार्ग स्थित ग्राम मलिहामऊ के पास सोमवार की सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से एक 30 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। ग्रामीणों के द्वारा जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर।

# बौद्धध धम्म जागरण में बुद्ध के जीवनी पर डाला गया प्रकाश



*अवधनामा संवाददाता*

**बृजमनगंज (महराजगंज)।** बृजमनगंज क्षेत्र के फुलमनहां गांव अंबेडकर पार्क में चल रहे पांच दिवसीय धम्म जागरण व बौद्ध कथा प्रवचन के तीसरे दिन भगवान बुद्ध के जीवनी पर कथा हुई। कथा वाचक संघमित्र बौद्ध द्वारा आए समस्त कथा श्रोताओं के समक्ष बताया कि बौद्ध धर्म के संस्थापक भगवान बुद्ध का जन्म कपिलवस्तु के राजा शुद्धोधन के यहां लुम्बिनी वन में हुआ था। गौतम बुद्ध के बचपन का नाम सिद्धार्थ था। और इनके जन्म पर जब एक तपस्वी ने यह भविष्यवाणी कि यह बालक छोटी आयु में ही संन्यासी हो जाएगा। तो उसके चिंतित पिता शुद्धोधन ने सिद्धार्थ की महल से बाहर निकलने पर पाबंदी लगा दी। 16 वर्ष की उम्र में सिद्धार्थ का विवाह राजकुमारी यशोधरा से कर दिया गया। जिनसे इनका एक पुत्र राहुल पैदा हुआ। बचपन से ही सिद्धार्थ गंभीर स्वभाव के होने के कारण अपना अधिकतर समय अकेले में चिंतन करके व्यतीत करते थे। एक दिन जब वह भ्रमण पर निकले तो उन्होंने एक वृद्ध को देखा जिसकी कमर झुकी हुई थी। और वह लगातार खांसता हुआ लाठी के सहारे चला जा रहा था। थोड़ी आगे एक मरीज को कष्ट से कराहते देख उनका मन बेचैन हो उठा। उसके बाद उन्होंने एक मृतक की अर्थी देखी जिसके पीछे उसके परिजन विलाप करते जा रहे थे। इन सभी दृश्यों ने सिद्धार्थ को झकझोर कर रख दिया और उन्होंने संन्यासी बनने का निश्चय कर लिया। तब 29 वर्ष की आयु में एक रात सिद्धार्थ गृह त्याग कर इस क्षणिक संसार से विदा लेकर सत्य की खोज में निकल पड़े। इस दौरान अनिल कुमार, सुनील कुमार, चंद्रकुमार, विंदा प्रसाद, रामदवान यादव, संदीप भारती, जोगमन भारती, रामप्रेवश चौधरी, सुभम पटवा, कमलेश, विनोद यादव, दिनेश कुमार, कुलदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य को देखकर जल्द पुरा करने का निर्देश दिया



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा द्वारा चौक में विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया। जिसमें सबसे पहले बाबा गोरखनाथ मंदिर में पर्यटन विभाग द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों को देखा और कार्यदाई संस्था लैकफेड को कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने सोनाडी देवी मंदिर में पर्यटन कार्यों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर में सुंदरीकरण कार्यों के विषय में आवश्यक निर्देश देते हुए जल्द से जल्द सुंदरीकरण कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने मंदिर परिसर में सामुदायिक शौचालय के निर्माण कार्य को तेज करने हेतु निर्देशित किया। निर्माणधीन ग्रामीण स्टेडियम को भी देखा और ससमय स्टेडियम का निर्माण पूरा करने हेतु निर्देशित किया। इसके उपरांत उन्होंने चौक नगर पंचायत में विभिन्न विभागों और कार्यदायी संस्थाओं के साथ बैठक करते हुए चौक नगर पंचायत के विकास कार्यों की समीक्षा की और जरूरी निर्देश दिए। जिलाधिकारी महोदय ने नगर पंचायत में वाल पेंटिंग और सड़कों के दोनो ओर एवेन्यू प्लांटेशन कार्यों को जल्द से जल्द कराने का निर्देश दिया। उन्होंने नगर पंचायत क्षेत्र में पीएस सिस्टम भी लगवाने का निर्देश दिया। कहा कि पूरे नगर पंचायत क्षेत्र में साफ-सफाई सुनिश्चित करें और इसको मॉडल नगर पंचायत के रूप में विकसित करें। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ, अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा, एसडीएम सदर दिनेश कुमार मिश्रा, ईओ चौक दिनेश कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

*अवधनामा संवाददाता*

**चिउटहा(महराजगंज)।** निचलौल विकासखंड के अंतर्गत स्थित जय प्रकाश इंटर कॉलेज में दो



दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । स्व जयप्रकाश पटेल की 16वीं पुण्यतिथि पर दो दिवसीय वार्षिक खेल का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक मानवेन्द्र सिंह द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। वार्षिक खेल प्रतियोगिता में कबड्डी, रंगोली, लंबी कूद,दौड़, रस्सी कूद, जलेबी कूद आदि खेलो को शामिल किया गया हैं। विद्यालय प्रबंधक मानवेन्द्र सिंह ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल को भावना से खेलना चाहिए ,पढ़ाई के साथ साथ खेल भी आवश्यक है खेल से शारिरिक व मानसिक तनाव दूर होता है।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** जिला स्वास्थ्य समिति (डीएचएस) एवं विशेष संचारी रोग, क्षय रोग की समीक्षा बैठक सोमवार को जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेन्द्र कुमार वाजपेयी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी द्वारा पिछली बैठक के कार्यवृत्त की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने ई-कवच पोर्टल पर आशा, बीपीएम, बीसीपीएम द्वारा डाटा फीडिंग की प्रगति की समीक्षा की तथा समस्त डाटा समय से व सही डाटा अपलोड करने का निर्देश दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि सभी उपकेन्द्रो पर गर्भवती महिलाओ की डिलेवरी कराने तथा सही ढंग से काम न करने वाली आशाओं के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करे। समस्त एमओआईसी को निर्देश दिया कि यह सुनिश्चित कर ले कि सभी का प्रसव अस्पताल में ही हो तथा उसकी शत-प्रतिशत फीडिंग कराये जाने व गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर रजिस्ट्रेशन कराने, उनका समय-समय पर टीकाकरण कराने तथा सुरक्षित प्रसव कराने के साथ पोर्टल पर फीडिंग कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही जननी सुरक्षा योजनान्तर्गत प्रसव पश्चात दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि लाभार्थी के खाते में समय से धनराशि प्रेषित करे। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि जिन गांवों में गर्भवती महिलाये/बच्चे टीकाकरण से छूट गये हैं छूटे हुए गांवो में टीकाकरण कराये जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यो की समीक्षा सप्ताह में करने का निर्देश दिया कहा कि सभी सी.एच.सी./पी.एच.सी. पर पीने के पानी की व्यवस्था एवं साफ-सफाई व्यवस्था होना चाहिए। शौचालय क्रियाशील हो जिससे आने वाले मरीजो को किसी प्रकार की परेशानी न हो। दवायें उपलब्ध होनी चाहिए। अति कुपोषित बच्चों को एन.आर.सी. में भर्ती कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा परिवार नियोजन, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना, टीकाकरण अभियान, पीसीपीएनडीटी, रोगी कल्याण समिति, अनटाइड फन्ड, हेल्थ वेलनेस सेन्टर, जननी सुरक्षा योजना आदि की समीक्षा किया। डीएम ने कहा कि सभी आयुष्मान मित्र व आशा के माध्यम से घर-घर जाकर गोल्डेन कार्ड बनाने का शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करे। इस माह से जनपद के 5 स्थानो पर फास्ट रेफलर (एफ.आर.यू.) यूनिट शुरू हो गयी है जिससे गर्भवती महिलाओ का आपरेशन के द्वारा डिलेवरी की सुविधा प्रदान की जा रही है। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/प्राचार्य मेडिकल कालेज डा एके झा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा डीके चौधरी, डा संजय गुप्ता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, डैम राकेश मिश्र, मानबहादुर, अमित शर्मा, समीर सिंह, डा लक्ष्मी सिंह, प्रत्यूष दूबे, समस्त सीएचसी/पीएचसी के एमओआईसी, बीपीएम, बीसीपीएम आदि उपस्थित रहे।

### लेखपाल संघ तहसील कार्यकारिणी की बैठक

**बांसी।** दिवंगत लेखपाल नागेन्द्र चौधरी व सर्वजीत चौधरी के मृत्यु के दो वर्ष के बाद भी उनके आश्रितों को जी टी एस, ग्रेच्युटी आदि का भुगतान नही होने व लंबित समस्याओं को लेकर लेखपाल संघ तहसील कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई। यह निर्णय लिया गया कि मांग पूरी होने तक लेखपाल पूर्ण कार्य बहिष्कार करेंगे। दिवंगत लेखपालों के आश्रितों के बकाया देयकों का भुगतान न होने पर 18 नवंबर को एक 10 सुत्रिय प्रस्ताव पारित किया गया। उक्त प्रस्ताव में निर्धारित समय-सीमा के गुजर जाने के उपरान्त पुन~ एक अनुस्मारक पत्र दिनांक 25 नवंबर को दिया गया। पारित प्रस्तावों के प्रति उदासीन रवैया अपनाये जाने व समस्माओं के समाधान में कोई रुचि नहीं लिए जाने के कारण तहसीलदार बांसी के स्थान्तरण का भी प्रस्ताव पारित किया गया। उक्त पत्रो का संज्ञान नहीं लिए जाने व समस्याओं का समाधान न होने पर लेखपाल संघ एक दिसंबर से आनलाईन कार्यो का बहिष्कार किए थे। आज की बैठक में लेखपाल संघ ने पूर्णबहिष्कार करने का निर्णय लिया है। बैठक में अध्यक्ष विनोद गौतम, मंत्री भानू प्रताप, असलम परवेज, अंकिता रंजन, हीरा अंसारी उपेन्द्र कुमार राठौर, प्रियंका त्रिपाठी, नितिन कुमार संगठन मंत्री आदि मौजूद थे।

# मांगो को पूरा न करने पर क्षेत्र पंचायत सदस्यो ने ब्लाक में तालाबंदी करने की दी चेतावनी

**अवधनामा संवाददाता**



**क्षेत्र पंचायत सदस्यो ने धरने के पांचवे दिन भरी हुंकार**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** तीन सूत्रीय मांगो को लेकर क्षेत्र पंचायत सदस्यो ने बांसी ब्लाक परिसर मे अनिश्चितकालीन धरने के पांचवे दिन सोमवार को ब्लाक प्रशासन के खिलाफ हुंकार भरते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। अनिश्चितकालीन धरना का पांचवा दिन रमेश चौधरी के नेतृत्व मे किया गया।

धरने को संबोधित करते हुए मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा कि धरने का पांचवा दिन भी बीत गया लेकिन कोई भी प्रशासन का जिम्मेदार व्यक्ति अभी तक नही आया, जिससे अब यह लग रहा है कि हमारी मांगो को प्रशासन द्वारा अनदेखी किया जा रहा है। जिससे हम सभी लोग मजबूर हो गये है कि अब आर पार की लड़ाई होगी। धरने को संबोधित करते हुए संजय मिश्र ने कहा कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा को खण्ड विकास अधिकारी द्वारा क्षेत्र पंचायत मे निष्क्रिय कर दिया जा रहा है। ढाई साल का कार्यकाल व्यतीत हो जाने के उपरांत हम लोगो की प्रास्तावित परियोजनाए सिर्फ कागज मे सिमट कर रह गया है।धरने को सुबोध यादव और अमरनाथ ने भी सम्बोधित किया। धरने का संचालन कर रहे दिग्विजय सिंह ने कहा कि लगातार धरने पर बैठने से हमारी तबियत बिगड गयी थी, परन्तु हम क्षेत्र पंचायत सदस्य धरने पर डटे रहे। धरने मे खण्ड विकास अधिकारी के चहेते द्वारा क्षेत्र पंचायत सदस्यो को धमकाने का कार्य किया जा रहा है। अन्त मे बीडीसी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु प्रताप सिंह ने कहा कि क्षेत्र पंचायत सदस्यो ने जिन मांगो को लेकर धरने पर बैठे है वह ब्लाक स्तरीय है जो नियमावली मे है। जिसकी शिकायत के लिए मुख्यमंत्री के पास एक बीडीसी प्रतिनिधि मंडल आज लखनऊ जायेगा।

इस दौरान दिग्विजय सिंह, संजय मिश्र, अरूण कुमार, मनोज पाण्डेय, सफी मोहम्मद, राकेश,अवधेश नाथ त्रिपाठी,अजय प्रताप, इरफान, सोनू, तबारक अली, रमेश, सूरज आदि लोग मौजूद रहे।

# देश में खत्म हो रही परिवारवाद की राजनीतिः अजय उपाध्याय

**अवधनामा संवाददाता**



**भाजपा की कल्याणकारी नीतियों, सुशासन व विकास पर लगी जनता की मुहर**

**सिद्धार्थनगर।** विधानसभा चुनाव के परिणामों ने एक बार पुनः बता दिया है कि देश में परिवारवाद की राजनीति खत्म हो रही, देश में एक ही गारंटी चलती है- मोदी की गारंटी, मतलब देश की सफलता और विकास की गारंटी, हर गारंटी पूरी होने की गारंटी। उक्त बातें भाजपा के जिला मंत्री अजय कुमार उपाध्याय ने कही। उन्होंने मध्य प्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावो में भाजपा की प्रचण्ड जीत के लिए अपार जनसमर्थन देने हेतु जनता का तथा कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया है। कहा कि भाजपा की प्रचण्ड जीत में मोदी जी के नेतृत्व में केंद्रीय नेतृत्व के साथ स्थानीय नेतृत्व, कार्यकर्ताओं का अथक परिश्रम तथा भाजपा की कल्याणकारी नीतियों, सुशासन व विकास में जनता का विश्वास रहा है। अजय उपाध्याय ने तीन राज्यों में भाजपा की प्रचंड जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय व स्थानीय नेतृत्व एवं कार्यकर्ताओं के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया।

### बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण आये दिन लगता है जाम

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** सड़क की पटरी पर अतिक्रमण व बेतरतीब खड़े वाहनों से नगर में आए दिन जाम लग रहा है। जिससे राहगीरों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। नगर में पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के कारण राहगीर दो पहिया व चार पहिया वाहनों को सड़कों पर खड़ा कर सामान की खरीदारी करने लगते हैं। नगर के प्रमुख चौराहों यादव चौराहा, जमालपुर, मालीपुर तिराहे व सराय चौक में सड़क पटरियों पर दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा है। नगर पालिका परिषद व तहसील प्रशासन अतिक्रमण हटाने में कोई दिलचस्पी नहीं ले रहा है। जिससे राहगीरों को खासी दिक्कत उठानी पड़ रही है। सराय चौक में दुकानदार व ठेले वाले सड़क की दोनों पटरियों दुकान लगा लेते हैं। जिससे मार्ग पूरी तरह सकरा हो गया है। दुकाने व बेतरतीब वाहनों के खड़े होने से राहगीर दिनभर जाम का शिकार होते हैं। कई वर्षों से नागरिकों की मांग पर पुलिस यातायात की व्यवस्था कर दी गई। मगर नगर में जाम की समस्या अभी भी बनी हुई है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** पंचायत चन्दई में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत स्वःनैनमती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से किया गया। इसके उपरांत जेई (आरइडी) द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों को सपत दिलाते कार्यक्रम के उद्देश्यों ले बारे में बताया गया।

ग्राम पंचायत सचिव अनुपम सिंह ने जन समुदाय को सम्बोधित करते जानकारी दिये कि सरकार द्वारा चलाई ज रही जनकल्याणकरी योजनाओं आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय, प्रधान मंत्री उज्जवला, विधवा पेंशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं से कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित नही रहना चाहिए। प्लानइण्डिया से आये विजयशंकर यादव द्वारा सरकार द्वारा बच्चों के लिए चलाई जा रही योजनाओं मुख्यमंत्री बाल योजना, कन्या सुमंगला योजना, सुकन्या योजना, मातृ वन्दना आदि योजन के बारे में जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गरीब सदस्यों में निःशुल्क द्वारा वितरण किया गया। रामसेवक द्वारा कृषि विभाग द्वारा चलाये जा रहे योजनाओ के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम मे उपस्थित सदस्यों का ग्राम प्रधान द्वारा धन्यवाद देते हुये कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों में ग्राम प्रधान शाहजहां, तवरेज आलम, सरिता (पं0स0), उमेशभरतद्वाज (NRLM), निधि CHO, नदीम, जयसराम (कोटेदार) जयकरन, संदीप, आरती, लक्की (चैंज एजेण्ट) ममता चौधरी (आँगनवाणी), मानू गुप्ता (आशा) किशोरियों में शीतल, सुंदरी, राजकुमारी, प्रियंका, शिवकुमार एवं समस्त ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बालिकाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए किया गया जागरूक



**अवधनामा संवाददाता**

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** बालिकाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए चलाए जा रहे सम्मान अभियान के तहत सोमवार को महाविद्यालय मे आयोजन कर बालिकाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए सभी को जागरूक किया गया। सुभद्र नाथ कन्या महाविद्यालय सेवरा भरौली में अभियान चलाकर बालिकाओं को 'मिशन शक्ति' अभियान के तहत ताइक्कांडो का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमे कई आत्मा रक्षा के गुण 50-60 बच्चे प्रतिभाग किये द्य प्रबन्धक राजेंद्र प्रसाद पाठक ने कहा कि बेटियां घर की लक्ष्मी हैं और जरूरत पड़ने पर दुर्गा और काली भी हैं। उनके आत्मबल को मजबूत करना और उन्हें आगे बढ़ाना सबकी जिम्मेदारी है। ताकि वह समाज में सम्मान के साथ रहें और कौशल से हुनरमंद और शक्तिशाली बनें। ट्रेनर जिला ताई कांडो के कोच व नेशनल रेफ्री दिलीप कुमार ने बताया की मिशन शक्ति के तहत महिलाओं तथा बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस दौरान सागर पाठक शान, ग्राम प्रधान विजय पाठक, नेशनल रेफ्री दिलीप, सुहेल अहमद, नंदनी चौधरी, रिवाली अग्रहरि, प्रो शकीर खा, दयाशंकर, मुस्कान हासमी, नसरीन फ़ायजा आदि उपस्थित रहे।

### यूरिया खाद न मिलने से किसान लगा रहे चक्कर



**पौली अवधनामा संवाददाता।** साधन सहकारी समिति पर यूरिया खाद न मिलने से किसान समितियो का चक्कर लगा रहे है। जिससे किसानो मे आक्रोश व्याप्त है। सोमवार को साधन सहकारी समिति परसहर में यूरिया खाद मिलने कि सूचना पर आसपास के कई गांव के किसानों की भीड़ लग गई। खाद के लिए किसानो मे अधिकांश किसानो को खाद न मिलने से मायूस होकर घर वापस लौटना पड़ा। क्षेत्र के किसानो मे पवन सिंह, ओम प्रकाश सिंह, त्रिपुरारी राम अशीष, कृष्ण कुमार, रामसवारे, इमरान, सदरे आलम, गुलाब चन्द आदि किसानो का कहना है। कि गेहूँ सरसो व मटर आलू आदि फसलो कि सिचाई के बाद खेतो मे यूरिया खाद डालने के लिए एक सप्ताह चक्कर लगा रहे है। एक बोरी खाद भी नही मिल सकी। खेत कि नमी सूख रही है। समिति के सचिव किसी को दस-दस बोरी यूरिया खाद दे दिए। हम किसानो को एक बोरी खाद नही मिल पाया। 266रू यूरिया 300 रू मे बिक रही है। अधिकारी भी ध्यान नही दे रहे है। पूछे जाने पर परसहर समिति सचिव मोतीलाल यादव ने बताया कि सरकार द्वारा यूरिया खाद के साथ नैनो यूरिया दिया गया है जिसे किसानों को दिया जाना है जो किसान नैनो यूरिया नहीं ले रहे हैं और एक कार्ड पर दस बोरी यूरिया मांग रहे हैं उन्हे नहीं देने का निर्देश है।

### प्रथम राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद की मनाई गई जयंती

**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** वादकारियों को सुलभ तथा शीघ्र न्याय दिलाने के लिए अधिवक्ताओं को आगे आने की जरूरत है।उक्त बातें जलालपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह ने अधिवक्ता भवन में पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता वादकारी तथा मजिस्ट्रेट के बीच की कड़ी है अधिवक्ता को यह संकल्प लेना होगा कि वह समय रहते सुलभ तथा शीघ्र न्याय दिलाए। कार्यक्रम का संचालन पूर्व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संत प्रसाद पांडे ने किया। उक्त अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता महेंद्र सिंह, कृपा शंकर मौर्य, रविंद्र कुमार यादव, योगेंद्र शुक्ला ,राजेश यादव, सुनील सिंह, पंकज मिश्रा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, आलापुर में चल रहे गणित किट के प्रभावी प्रयोग हेतु उच्च प्राथमिक स्तर के शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रथम बैच का समापन प्रशिक्षण प्रभारी वीना चौधरी द्वारा प्रमाण पत्र वितरित कर किया गया। प्रशिक्षण प्रभारी ने वीना चौधरी कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में गणित का अत्यधिक महत्व है। आधुनिक युग में सभ्यता का आधार गणित ही है। गणित को व्यापार का प्राण एवं विज्ञान का जन्मदाता माना जाता है। गणित ऐसा विषय है जो पूर्ण रूप से हमारे दिनचर्या में सम्मिलित है। गणित किट का प्रयोग बच्चों को आकृति, संख्या गणना प्रबंधन, संख्या संक्रिया,आदि को सरल और रोचक ढंग से सीखने में मददगार तथा गणित विषय की रोचकता तथा बच्चों की समझ विकसित करने के लिए गणित किट कारगर साबित होगी। शिक्षकों का यह दायित्व है कि वह इस गणित किट का प्रयोग रोचक ढंग से करें।प्रशिक्षण के अंतिम सत्र में प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया ।प्रस्तुतिकरण के दौरान प्रशिक्षणर्थियों ने बताया कि गणित किट के अंदर सभी सामग्रियों का प्रयोग विभिन्न तरीकों से कर सकते हैं। इस संबंध में जानकारी का अभाव लेकिन इस प्रशिक्षण द्वारा मार्गदर्शन और एक दिशा मिली।



# एनटीपीसी टाण्डा में विश्व दिव्यांग दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**अंबेडकरनगर।** दिव्यांग जनों के मनोबल को बढ़ाने के उद्देश्य से एनटीपीसी टांडा द्वारा विश्व दिव्यांग दिवस मनाया गया। एन.एफ.एन. दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग जनों के लिए म्यूजिकल चेयर, निबंध, एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कालोनी परिसर स्थित विवेकानन्द शिशुकुंज विद्यालय के दिव्यांग बच्चों ने लघु नाटक एवं नृत्य तथा गीत प्रस्तुत किया। जिसका लोगों ने भरपूर आनन्द उठाया। कार्यक्रम में 57 दिव्यांग जनों ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (टांडा) श्री बी.सी.पलेई एवं गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती आरती पलेई द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर सहा0 मुख्य चिकित्साधिकारी (चिकित्सा सेवाएँ) डा साधना तिवारी, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्रीमती मृणालिनी एवं अन्य वरि. अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी को सम्बोधित करते हुए श्री पलेई ने कहा कि एनटीपीसी टांडा द्वारा दिव्यांग जनों की शिक्षा, स्वरोजगार, पुनर्वास आदि के लिए वर्षभर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नैगमिक सामाजिक दायित्व क अन्तर्गत हम अपनी सेवाओं का विस्तार करते हुए श्री राम अवध अंध ज्ञान विद्यालय, अयोध्या में भी दृष्टिबाधित छात्रों को निरंतर सहायता पहुँचा रहे हैं। कार्यक्रम में नैगमिक सामाजिक दायित्व के तहत मुख्य अतिथि ने अशक्तजनों को 25 ट्राईसाईकिल, 8 जोडी एल्बो क्रच, 04 व्हीलचेयर, 04 हियरिंग एड्स, 6 आर्थोसिस एवं 02 प्रोस्थेसिस प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागियों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बच्चों को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड लोटन अन्तर्गत ग्राम पंचायत महदेईया प्राथमिक विद्यालय पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन ग्राम प्रधान किरन कन्नौजिया की अध्यक्षता में किया गया। जिसके नोडल अधिकारी क्षेत्रीय युवा कल्याण विभाग से कुलदीप यादव रहे। विकसित भारत संकल्प यात्रा में बाल विकास स्वास्थ्य विभाग,कृषि विभाग, शिक्षा विभाग तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्टाल लगाया गया।

लोटन पंचायत भवन में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने कहा कि सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार गांव में जा कर विभाग के लोग कर रहे है ताकी पात्र व्यक्तियों तक लाभ पहुंचे। महदेईया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा मण्डल अध्यक्ष दृग्नरायन सिंह ने कहा की आज हमारे गांव में आप सबकी समस्याओं को सुनने के लिए तथा योजनाओं का लाभ बताने व पहुंचाने के लिए स्वयं अधिकारी आये है कोई भी सरकार इस तरह का आयोजन नही करती थी। खण्ड विकास अधिकारी रामप्रवेश ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से लोगो को जागरूक किया जा रहा है ताकी कोई पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहे।

सचिव रविन्द्र कुमार जाटव ने कहा कि विकसित भारत का उद्देश्य है लोग को जागरूक करना और भारत देश को विकसित करना। एडीओ एजी राम कृष्ण मिश्रा ने उपस्थित लोगों को विकसित भारत की शपथ भी दिलाया। स्कूली बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत भी प्रस्तुत किया गया। इस दौरान प्रधान किरन कन्नौजिया, पंचायत सहायक अजय वरुण, रोजगार सेवक दिनेश चौरसिया, मो आरीफ, कृष्ण कांत तिवारी, आर बी एस के टीम डा दीपक जयसवाल, फार्माशिष्ट राजन मिश्रा, एल टी प्रवीन दुबे, सी एच ओ संजय सिंह, आयुष्मान मित्र रमा सिंह पटेल, अन्नू सिंह, राकेश प्रजापति, बैंक से निजाम जिलानी, चन्द्रमणि, चुन्नू ब्लाक मिशन प्रबन्धक ग्रीश चन्द पाण्डेय,मासटर विनय कुमार अग्रहरी, उमेश चन्द मिश्रा, अरुण कुमार, राम बालक प्रसाद, सुमन सिंह, सफाई कर्मी हरिश्चन्द्र यादव, आर बी एस के से डा जनार्दन मणी त्रिपाठी, डा सुप्रिया मद्धेशिया, चांद रानी राय, नितु एल टी राजेश गुप्ता, राहुल सिंह, पंकज मोदनवाल, अखिलेश सिंह, अरविन्द कुमार सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

### थाना क्षेत्र की तरफ़ से चला वाहन चेकिंग अभियान

**अवधनामा संवाददाता**

**आलापुर (अंबेडकर नगर)।** थानाक्षेत्र राजेसुल्तानपुर अंतर्गत देवरिया बाजार में शासन के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें उपनिरीक्षक विनीत कुमार सिंह एवं विनोद कुमार तिवारी ने लगभग 60 दो पहिया वाहनों एवं चार पहिया वाहनों की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उलंघन करने वाले 19 लोगों का आनलाइन चालान किया गया। इस दौरान पुलिस यातायात नियमों को वाहन चालकों से पालन करने को कहा तथा तीन सवारी, बिना हेल्मेट, कान में लीड लगाकर चलने वाले, सीट वेल्ट न लगाने वाले वाहन चालकों का चालान किया। इस दौरान मुख्य आरक्षी सुभाष यादव, राहुल कुमार सिंह, रविन्द्र चौहान, कृष्णा नन्द यादव आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# खिलाड़ियों ने अपना दम खम दिखाया

**अवधनामा संवाददाता**



**कुदरहा, बस्ती।** राघव राम बचन शिवा सरस्वती विद्यापीठ परिसर में चल रही ब्लॉक स्तरीय सांसद खेल महाकुंभ के दूसरे दिन कबड्डी, खो खो, दौड़, क्रिकेट सहित दर्जनों खेल प्रतियोगिता हुआ। जिसमें खिलाड़ियों ने अपना दम खम दिखाया और अगले राउंड के लिए स्थान बनाया। सांसद खेल महाकुंभ के संरक्षक व ब्लॉक प्रमुख अनिल दुबे ने दूसरे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काट व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। श्री दुबे ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ी में अपार उत्साह है। सभी खिलाड़ी मेहनत करे और ट्राफी पर कब्जा बनाएं।

पंजीकरण अभी भी चल रहा है जो भी खिलाड़ी अभी वंचित हैं वे शीघ्र रजिस्ट्रेशन करा ले।100 मी जूनियर बालक वर्ग दौड़ प्रतियोगिता में रजनीश उपाध्याय प्रथम मोहम्मद अल्ताफ द्वितीय और अभय तृतीय, 100 मी जूनियर बालिका वर्ग दौड़ प्रतियोगिता में रंजन प्रथम संगीता द्वितीय व लक्ष्मी तृतीया, 100 मी सीनियर बालक वर्ग दौड़ प्रतियोगिता में राजेश प्रथम रामरतन यादव द्वितीय रवि प्रकाश तृतीय, सीनियर बालक खो खो प्रतियोगिता में स्व कल्पा देवी आदर्श इंटर कॉलेज प्रथम, सीनियर बालिका खो खो प्रतियोगिता में एमआरडी पियारेपुर प्रथम स्थान प्राप्त किया। क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतापीपुर, लालगंज, राघव राम बचन शिवा सरस्वती विद्यापीठ कुदरहा और पाऊं ने अगले दौर के लिए क्वालीफाई किया। वहीं कबड्डी में श्री गुरु शरणपाल जनता इंटर कॉलेज गायघाट ब्लैक पैंथर इजरगढ़ और राघव राम बचन शिवा सरस्वती विद्यापीठ ने अगले राउंड के लिए क्वालीफाई किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीकृष्ण त्रिपाठी शिबलू ने किया। निर्णायक की भूमिका प्रवेश कुमार, कैलाश कुमार मौर्य, राम मणि, संदीप कुमार, आदित्य कुमार, अश्विनी कुमार, संजय कुमार, दिलीप कुमार, के के तिवारी, विजय प्रसाद गिरी ने बखूबी निभाया। कार्यक्रम में संजय पांडे, पंकज पांडे, सच्चिदानंद यादव, ओमकार चौधरी, अजय पाल, इंद्र कुमार चौधरी, सदरूद्दीन, संतोष दुबे, गंगाराम दुबे विजय शंकर मिश्र, मस्तराम राजभर, बजरंगी शर्मा सहित तमाम शिक्षक व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# तीन राज्यों में प्रचंड जीत पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न

**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ तीन राज्यों में भाजपा की प्रचंड जीत पर कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। ब्लॉक के सामने स्थित भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशियां मनाई। मोदी, योगी, जेपी नड्डा जिंदाबाद के नारे से वातावरण गुंजायमान होता रहा। कार्यकर्ताओं ने खुशी में जमकर पटाखे फोड़े। जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को दिया गया।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि जिस प्रकार भाजपा सरकार जनता के हितों में काम कर रही है, उसी का परिणाम है कि पार्टी प्रचंड जीत प्राप्त की है। तीन राज्यों में भाजपा जीत देख पार्टी कार्यकर्ता गदगद हुए। लोग मतणगना को लेकर उत्सुक थे। बढ़त बनते ही कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ने लगा। तीन राज्यों में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिलने पर कार्यकर्ता एकत्रित होने लगे। मिठाई के साथ पटाखे मंगाए गए। कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाना शुरू कर दिया। पटाखे की गूंज सुनाई दी तो लोगों को मिष्ठान खिलाकर सभी ने खुशी जताई। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि तीनों राज्यों में मोदी जी की गारंटी पर जनता ने विश्वास किया हैं। तीन राज्यों में जिस प्रकार भाजपा को प्रचंड जीत मिला है, ये भाजपा की सुनामी है। इसमें कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से उखड़ गई है। इस चुनाव से ये भी स्पष्ट हो रहा है कि आगामी 2024 में फिर मोदी सरकार पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में आएगी। इस दौरान लवकुश ओझा, मधुसूदन अग्रहरि, चंद्र प्रकाश चौधरी, अमरेंद्र त्रिपाठी, राजन अग्रहरि, पप्पू श्रीवास्तव, संजय मिश्रा, विंदराज, अरुण पाठक, राहुल सोनी आदि उपस्थित रहे।

## सेमीफाइनल भाजपा जीती

चार राज्यों का विधानसभा चुनाव जिसे सेमीफ़ाइनल माना जा रहा था उसे भाजपा ने 3-1 से आसानी से जीत लिया। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान में बहुमत प्राप्त किया। तेलंगाना में अपनी सीट बढ़ाई है। वहां केसीआर को हराकर कांग्रेस ने जीत दर्ज की। यह जीत कांग्रेस के लिये कुछ सात्वना देने वाली है। कांग्रेस अपने को सत्ता का प्रबल दावेदार अपने अतीत में वैभव को लेकर मानती है। राहुल को लेकर वो प्रोजेक्ट करती है जैसे मोदी से उनकी टक्कर है। इस चुनाव ने दर्शा दिया मोदी का कोई जवाब नहीं। पन्डित नेहरू से समय लोकप्रियता उनकी इस समय नहीं है। उनकी गारन्टी जीत की गारन्टी बन जाती है। जनता का उनके वादो पर विश्वास है। शाह की रणनीति लाजवाब है। भाजपा का जमीनी संगठन मजबूत और विश्वसनीय है। मोदी, नड्डा, शाह की तूफानी गति से रैलियो में पहुचना, मोदी की गारन्टी को याद दिलाना, अपने नेताओ को देख भाजपा के कार्यकर्ता भी उत्साहित हो मतदाताओं से व्यक्तिगत सम्पर्क बनाते रहे बूथो को संभालते रहे। पहले की अपेक्षा भारत में साक्षरता काफ़ी बढ़ी है। इसलिये मतदाता रेवड़ी और वादे का अन्तर समझने लगे है। कई चुनावों में मतदान करते करते वो होशियार हो गये है। वह अच्छे बुरे की पहचान करने में सक्षम हो गये है।

चुनाव के नतीजो पर गौर करे तो राजस्थान में एक ही सरकार लगातार दो बार न जीतने के इतिहास को दोहराया है। राजस्थान में जहां 199 सीटो पर ही मतदान हुआ है वहां भाजपा 115, कांग्रेस 69 और अन्य 15 क्षेत्रों पर जीत दर्ज किये है। मध्यप्रदेश में भाजपा 163, कांग्रेस 66 और अन्य ने 1 क्षेत्र में जीत हासिल की है। छत्तीसगढ़ में भाजपा 54, कांग्रेस 35, अन्य एक जगह पर जीत हासिल की है। भाजपा की के जीत की कुछ ठोस वजहे है। मोदी का व्यक्तित्व और उनकी विश्वसनीयता प्लस प्वाइन्ट है। वह जब बाते करते है तो आदर्श के पुट के साथ रहता है और सोच मौलिक भी होती है। परिवारवाद जातिवाद से मुक्त रहते है। देश और लोगो के कल्याण की भावना उनका मुख्य आदर्श रहता है। दुनिया की सरकारों के बीच जाकर विश्व बन्धुत्व, और शान्ती कि बातें करते है। उनकी बातो को और उनकी खुद की विश्व में अच्छी इमेज है। इसीलिये हर जगह से उनको बुलावा मिलता रहता है। हर मसले पर उनकी राय माने रखती है। मतदाता देखता और सुनता है इससे प्रभावित हो कर मतदान करता है।

मोदी सिर्फ हांकते नहीं है। उनके समय में आर्थिक उपलब्धियां सन्तोषप्रद हद तक बढ़ी है। पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर भारत को पहुंचा रहे है। आईएमएफ भी मानता है भारत की अर्थ व्यवस्था मजबूत है और आगे बढ़ रही है। जबकि विश्व के जादातर देशो की आर्थिक गति मन्द हो गई है। मोदी जी का लक्ष्य हमेशा देश कल्याण, लोक कल्याण रहता है। महिलाओं को अधिकार देते है, जो विपिन्न है उनके लिये मुफ्त अन्न योजना है। किसानों को आसान कर्ज, सहकारी संस्थाओं को ब्याज रहित कर्ज की व्यवस्था करते है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने में लगे है।

राजनीति में लचीलापन बहुत जरूरी है। तानाशाही बिलकुल नहीं चलती है। पार्टी और देश के हित में पूर्व के घोषित नितियों में बदलाव लाना है, या किसी को खत्म करना है। वह झिझकते नहीं तुरन्त करते है। चुनाव के समय प्रदेश में मुख्यमंत्रियों, प्रभवी नेताओं में जरूरत अनुसार एरजेस्मेन्ट करते रहते है। इस चुनाव में भी देखने को मिला है। मध्यप्रदेश में क्षेत्रीय मजबूत नेताओं को चुनाव लड़ा कर केन्द्रीय मंत्रियों को बीच में उतार कर मध्यप्रदेश में कमल खिला है। जमीनी तैयारी पूरी तरह सशक्त रूप से करते है। बीच बीच में नेताओं, कार्यकर्ताओं से मिलकर उन्हें उत्साहित करते है उनकी समस्यायें सुनते है और निराकरण भी करते है। उनके पास शाह और नड्डा के रूप में बहुत ही उत्कृष्ट सहायक मिले है उनके व्यक्तित्व और प्रभाव का लाभ उठाते है जो इस चुनाव में भी देखने को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योजी की भी अदाकारी कम माने नहीं रखती है। मोदी, शाह, नड्डा, योगी की चौकड़ी ने अपना रंग दिखाया मोदी है तो हर चीज सम्भव है के कहावत को सच साबित किया।

## भोजन को सम्मान दिये जाने के लिए दस्तरख़्वान, एक पारंपरिक अनिवार्यता


मोहम्मद क़मर ख़ाँ

एक ज़माना था कि जब खाने के आदाब का एक अलग और उसे ग्रहण किये जाने का एक अलग अंदाज़ हुआ करता था। मेज़ कुर्सी पर खाने वाले परिवार, बस एक्के-दुक्के ही होते थे। खाते समय एक तख़्त पर दरी और अधिकतर मोटी सफेद चादर बिछा दी जाती थी। जिन पर भी एक दस्तरख़्वान बिछा कर, भोजन किया जाता था। दस्तरख़्वान, भोजन ग्रहण का सांस्कृतिक प्रतीक माना जाता था। जिस पर घर परिवार के सदस्यों अथवा अतिथियों की दावत हुआ करती थी। सब एक साथ बैठ कर खाना खाया करते थे। हल्दी के रंग का दस्तरख़्वान, जिस पर तिरछी लिपि में, खाने से जुड़ा कोई शेर मेहमान के सम्मान में अक्सर लिखा होता, मसलन

**"कर खुदा का शुक्र और बद दिल न हो मेहमान से**
**रिज़्क खा लेता है अपना तेरे दस्तरख्वान से"**

इस कथित दस्तरख़्वान के कुछ आदाब भी हुआ करते थे। अगर घर के ही लोगों की मौजूदगी है तो छोटे, क्षाणिक प्रतीक्षा करते, जब तक के बड़े खाना शुरू न कर दें। खाने से पूर्व बिस्मिल्लाह कह कर, दस्तरख़्वान पर खाना शुरू करने का सलीक़ा सिखाया जाता था। निवाले छोटे रखने और खाते समय, पांचो उगलियों से निवाला मुंह तक ले जाने का सलीक़ा भी बताया जाता था। खाने की रफ़्तार पर समुचित नियन्त्रण इस प्रकार हुआ करता था, जिसके परिणाम स्वरूप खाना, अन्य खाने वालों के साथ ही ख़त्म भी हो जाय। भोजन करना पहले शुरू करना और जल्दी ख़त्म कर देना, दस्तरख़्वान संस्कृति के विरूद्ध है। दस्तरख़्वान को कपड़े का टुकड़ा न मानते हुए, इस संस्कृति के पूरे आदाब को क्रियान्वत किया जाता था और इस आदाब में सलीक़ा, हर हाल में शामिल रहता। खाना देग से लगन में या भगोने में और वहाँ से प्लेट में इस प्रकार निकाला जाता था कि बीच में कुछ गिरने न पाये। खाना निकालने का काम बांया हाथ करता था क्योंकि खाना दाहिने हांथ से खाया जाता है। खाने में दस्तरख़्वान के दूसरे छोर पर बैठ कर खाने वाले मेहमानों का ख्याल सभी खाने वाले रखते थे। परन्तु यदि हम आज के खाने की संस्कृति पर विचार करेंगें तो अनुभव होगा कि आम घरों में मेज कुर्सी (डायनिंग) द्वारा, दस्तरख्वान का अस्तित्व समाप्त किये जाने का प्रयास किया जा रहा है। देखा जाय तो भोजन ग्रहण करने की संस्कृति में, उक्तानुसार वर्णित सही सलीकों/परम्पराओं में से अब क्या शेष रह गया है? न परिवार के सारे सदस्य एकत्रित होते है, न दस्तख़्वान बिछता है और आग़ाज व अन्जाम के कोई आदाब तो रह ही नहीं गये हैं। धीरे धीरे अब तो खाना भी आर्डर पर बाहर से मंगवाने का चलन बढ़ता जा रहा है। जिस पैकिंग में भोजन आता है, अपने सहूलत के अनुकूल उसी पैकेट में हम उसे खा लेते हैं। अब तो बच्चों को खाने के आदाब और दस्तरख़्वान पर खाने का सलीक़ा भी नहीं सिखाया जाता। खाना खाते वक़्त मुंह बन्द करके खाने के निर्देष भी अब नहीं दिये जाते। फ्लस्वरूप खाते समय मुंह से आवाज़ निकला करती है। भोजन ग्रहण करने से पूर्व कितने लोग बिस्मिल्लाह से शुरू करते हैं और कितने खाना ग्रहण करने के बाद शुक्र अदा करते हैं, हम दिन-ब-दिन ऐसी परम्पराओं और आदाब से दूर होते जा रहे है। भोजन ग्रहण के सम्बन्ध में सांस्कृतिक परम्परा से सम्बन्धित बातें अब केवल स्मृतियों में सिमट कर रह गयी हैं। वरना अभी तो पहनावे, रोज़मर्रा की बोल-चाल, घर के बर्तनों, तीज त्योहारों में बरती जाने वाली परम्पराओं पर काफी कुछ कहा और लिखा जा सकता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।
किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।
पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़्वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

*चुनाव प्रचार के दौरान जहां पीएम मोदी अपनी योजनाओं की तारीफ़ करते नज़र आए तो वहीं विपक्षी राज्यों में उसके मुख्यमंत्रियों पर हमलावर रहे।हर राज्य में समय समय पर भाजपा ने प्रचार की अपनी रणनीति में भी बदलाव किया। जैसे राजस्थान में जब बात बनती नहीं दिखी तो उसने धुर्वीकरण की भी कोशिश की और जोधपुर के कन्हैया कांड को लेकर गहलोत सरकार पर हमला बोला। भाजपा ने जयपुर की हवा महल जैसी सीट पर इसी रणनीति के तहत बाबा बालक नाथ को मैदान में उतारा। हालांकि यहां उनको कांग्रेस से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा।*

# हर दांव पर भारी रहा मोदी का उम्मीद जताता चेहरा


शाहिद नकवी

मध्य प्रदेश के मन में मोदी,मोदी के मन में मध्य प्रदेश ये नारा केवल एक राज्य में दिया गया था। लेकिन राजस्थान और छत्तीसगढ़ के भी मतदाताओं ने भी जता दिया कि उनके मन में भी मोदी ही हैं। हिंदी पट्टी के तीनों राज्यों में भाजपा ने किसी स्थानीय नेता को सामने रख कर चुनाव नहीं लड़ा था। अगर कोई चेहरा था, तो वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का था। तीन अहम राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की धमाकेदार जीत ने यह साबित कर दिया है कि कांग्रेस की तमाम मेहनत और जीत के अति आत्मविश्वास को जनता ने एक बार फिर नकार दिया है। उसे कांग्रेस की योजनाओं पर भी उतना भरोसा नहीं है, जितना भाजपा की योजनाएं उसे भरोसेमंद लगती हैं। जैसे राजस्थान में लोगों की सेहत से जुड़ी अशोक गहलोत की चिरंजीवी योजना भी उनको सत्ता में वापसी नहीं करा सकी। लेकिन मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान की लाडली बहना योजना ने एक बार फिर भाजपा को सरकार के रूप में रिटर्न गिफ्ट दें दिया। बड़ी सीधी बात है कि गांव की जिन महिलाओं के पास एक रुपए भी रहते थे, अब उनको हर महीने मुफ्त में 1250 रूपए बिला हुज्जत मिल रहे हैं।वह भी 21 से 60 वर्ष की सवा करोड़ महिलाओं के खुद के खाते में ये रकम जा रही है। जाहिर है कि ईवीएम में बटन दबाने के समय उनको उसकी याद जरूर आयी।हालांकि कांग्रेस इसी से मिलती जुलती नारी सम्मान योजना लेकर आयी, लेकिन महिलाओं ने कागज पर लिखी योजना के बदले जारी योजना पर भरोसा जताया।

तीनों राज्यों के नतीजों से ये भी साबित हो गया कि चुनाव केवल फैसलों और रणनीतियों से ही नहीं जीते जाते। सामान्य वोटरों को मतदान केंद्र तक लाने के लिए जरूरी होता है- उम्मीद। कुछ बदलाव की उम्मीद, सुरक्षा की उम्मीद। यह उम्मीद चेहरा पैदा करता है। वो योजनाएँ पैदा करती हैं जिसका लाभ आम लोगों तक सीधे पहुँचता है और वे अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में उससे बदलाव महसूस करते हैं।भविष्य में और बेहतरी के सपने देखते हैं।दरअसल बीजेपी ने उम्मीद जगाने वाला चेहरा 13 सितंबर 2013 को ही खोज लिया था,जब उसने गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया। मोदी ने 2014 का आम चुनाव सामान्य लोगों के मन 'अच्छे दिन आने वाले हैं' की उम्मीद जगाकर जीता था।

प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने अच्छे दिन लाने वाली योजनाओं की डिलिवरी की और इसका नतीजा 2019 के आम चुनावों में दिखा जब बीजेपी ने अकेले 303 सीटें जीती थी।वैसे हिंदी पट्टी के तीनों राज्यों में भाजपा की जीत की कुछ अलग अलग वजह मानी जा सकती हैं,लेकिन इससे इंकार नहीं किया जा सकता है कि केंद्र सरकार की कुछ योजनाएं मतदाताओं में अंडर करंट की तरह काम करती हैं।जिसमें कोविड महामारी के दौरान फ्री राशन यानी 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' प्रमुख है।कोविड महामारी



के समय शुरू की गई इस योजना को हाल ही में 2028 तक बढ़ाने का फैसला किया गया है।देश के 80 करोड़ से अधिक लोगों को हर महीने इस योजना का लाभ मिलता है।तब से लगातार ये योजना भाजपा को सफलता की तरफ ले जा रही है।इसी तरह गरीबों की रसोई में गैस सिलिंडर पहुँचाने के लिए 'उज्ज्वला योजना' लाई गई। इस योजना में बीपीएल कार्ड वालों को मुफ्त गैस कनेक्शन मिलता है।सरकारी आंकड़े बताते हैं कि अब तक करीब साढ़े 9 करोड़ लोगों को इसका लाभ मिल चुका है।

चुनाव प्रचार के दौरान जहां पीएम मोदी अपनी योजनाओं की तारीफ़ करते नज़र आए तो वहीं विपक्षी राज्यों में उसके मुख्यमंत्रियों पर हमलावर रहे।हर राज्य में समय समय पर भाजपा ने प्रचार की अपनी रणनीति में भी बदलाव किया।जैसे राजस्थान में जब बात बनती नहीं दिखी तो उसने धुर्वीकरण की भी कोशिश की और जोधपुर के कन्हैया कांड को लेकर गहलोत सरकार पर हमला बोला।भाजपा ने जयपुर की हवा महल जैसी सीट पर इसी रणनीति के तहत बाबा बालक नाथ को मैदान में उतारा।हालांकि यहां उनको कांग्रेस से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा।लेकिन आखिर में वह 974 वोट से जीतने में कामयाब रहे।मध्य प्रदेश और राजस्थान में भाजपा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी प्रचार के लिए उतारा।उनके बुलडोजर माडल को भी जोरदार तरीके से पेश किया गया।मध्य प्रदेश में भी भाजपा ने जब देखा कि धरातल पर शिवराज की लाडली बहना योजना गहरे तक असर दिखा रही है तो फिर प्रधानमंत्री के साथ शिवराज सिंह चौहान को भी एक मंच लाया गया। ताकि जनता में ये संदेश जाए कि भाजपा सरकार बनने पर फिर वही मुख्यमंत्री होंगे।

इस चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस के लिए राहुल गांधी स्टार प्रचारक रहे।प्रियंका भी मैदान में उतरी।लेकिन नतीजों से सवाल उठ रहा है कि राहुल गांधी या प्रियंका गांधी को अब भी जनता गंभीरता से नहीं ले रही है?ऐसा लगता है कि राहुल प्रचार के दौरान एक बार फिर जनता की नब्ज पकड़ नहीं पाये।प्रचार के निर्णायक मौके पर वह फिर सीधे मोदी विरोध पर उतर आए। सरकार की नाकामियों पर हमलावर होने के बजाय वह मोदी पर व्यक्तिगत रूप से हमलावर हो गए।हिंदुत्व के मुद्दों की काट कांग्रेस नहीं ला सकी।मोदी के चेहरे का मुक़ाबला कांग्रेस नहीं कर सकी।यहीं नहीं अपना वीजन रखने के बजाय वह जातिगत जनगणना का मुद्दा खूब जोर-शोर से उठाने लगे।23 सितंबर को जयपुर में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने पीएम मोदी से कहा कि वो जातिगत जनगणना के आंकड़े जारी करें।मध्य प्रदेश में कमलनाथ और दिग्विजय को खुली छूट देना भी कांग्रेस के लिए नुकसानदायक साबित हुआ।कई क्षेत्रों में जिताऊ उम्मीदवार की जगह दूसरों टिकट मिल गया।दोनों ने अपने समर्थकों को अधिक से अधिक टिकट दिलाने का प्रयास किया।हिंदू वोट के लिए कमलनाथ ने अपने को कट्टर हनुमान भक्त के रूप में पेश किया।जिससे मुस्लिम मतदाताओं में चुनाव के प्रति उदासीनता पैदा हो गई और वह पोलिंग बूथ तक कम गए।बुरहानपुर में कांग्रेस की हार वहां मुसलमानों की नाराज़गी से हुई।जबकि इस बार ओवैसी फैक्टर असल कारक नहीं रहा।राजस्थान में गहलोत और पायलट की रस्साकसी का भी गलत संदेश गया।एका की बात जनता हजम नहीं कर सकी।जिससे गहलोत की चिरंजीवी जैसी शानदार योजनाएं भी जनता को वोट देने के लिए प्रेरित नहीं कर सकी।छत्तीसगढ़ की बात की जाए,तो बेशक वहां भूपेश बघेल अति आत्मविश्वास का शिकार हुए हैं।कांग्रेस के लिए और खासकर भूपेश बघेल के लिए यह एक सदमे वाली खबर है।जनता में उनकी सरकार के प्रति नाराजगी जैसी बात नहीं थी।छत्तीसगढ़ में बीजेपी ने अपनी नीति के केंद्र में पहली बार किसान और धान को रखा।महिलाओं के लिए महतारी योजना की घोषणा की।लेकिन सबसे बड़ा यहां भी मोदी का उम्मीद जताता चेहरा हर दांव पर भारी पड़ा।अमित शाह की सांसदों को टिकट देने की राजनीति ने भी एमपी और राजस्थान में कारगर काम किया।वहीं बागियों को भी जनता ने सिरे से नकार दिया।इस नतीजे का निश्चय ही 2024 के चुनाव पर असर पड़ेगा।

# इसराइल को आत्म मंथन की जरूरत

सुनील कुमार यादव

*इसराइल हमला और तेज करने की तैयारी में है। वह गाजा पट्टी के लोगों कोइलाका छोड़कर जाने के लिए विमान से पर्ची पर संदेश गिरा रहा है।ताकि हमास के विरुद्ध कार्रवाई में कम से कम नुकसान हो। ऐसे में मिश्रऔर जॉर्डन आदि देशगाजा से आने वाले शरणार्थियों को लेकर इसराइल को चेतावनी दे रहे हैं इस परिस्थिति में वही हो सकता है जो 1971 ई केबांग्लादेश मुक्ति संग्राम के समय हुआ था। शरणार्थी समस्या से परेशान होकर भारत ने पूर्वी पाकिस्तान पर आक्रमण कर दिया था।*

इसराइल- हमास के एक सप्ताह के संघर्ष विराम को आगे बढ़ाने पर बातचीत विफल हो गई है। प्रत्येक पक्षसंघर्षविरामविफलता के लिएएक दूसरे पर आरोप लगायाहै। हमास के साथ संघर्ष विराम समाप्त होने के बाद इजरायल ने फिर से गाजा पट्टी पर हमले तेज कर दिए हैं। अब इजराइल का मकसद है कि वह गाजा पर हमले को अंतिम चरण तक पहुचायेगे इसराइल के राजनीति नेतृत्व को इससे पहले रूस- यूक्रेन युद्ध,अमेरिका द्वारा इराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन के विरुद्ध युद्ध,9/11 के हमले आदि पूर्व घटनाओं पर चिंतन करके कुछ सबक लेने की जरूरत है। ऐसे कथन के पीछे हमास के प्रति मेरी कोई सहानुभूति नहीं है।लेकिन इसराइल,हमास को पृथ्वी से मिटाने के अपने लक्ष्य मेंगाजा में फंस सकता है।

प्राचीन दार्शनिक कन्फ्यूशियस ने कहा था- बदला लेने की यात्रा शुरू करने से पहले दो कब्र खोदो, एक अपने दुश्मन के लिए और एक अपने लिए। इसराइल को कन्फ्यूशियस की इस कहावत पर विचार करना चाहिए। इसराइल के एक मंत्री का कथन रहा है हमास को पृथ्वी के चेहरे से मिटा देना है अंध क्रोधी इजराइल का यह लक्ष्य एक अप्राप्त लक्ष्य प्रतीत होता है। इसराइल एवं हमास दोनों को सोचना चाहिए कि कैसे अमेरिका ने यूक्रेन को चने के झाड़ पर चढ़ायाऔर शक्तिशाली रूस का भी यूक्रेन जैसे छोटे देश केसाथ कैसे इतना लंबा और अनिर्णायक युद्ध चला। अमेरिका, अफगानिस्तान और इराक में बदला लेने और राजनीतिक व्यवस्था परिवर्तन करने के लिए दो-दो युद्ध लड़ा। यदि इन युद्धों को शुरू करने से पहले अमेरिका आत्म मंथन किया होता तो वह अफगानिस्तानतथा इराक में फंसा हुआ महसूस नहीं किया होता। अमेरिका को 9/11 के हमले का सामना करना पड़ा। इसराइल को यह भीसोचना चाहिए कि इतिहास स्वयं को दोहराता है। स्वयं अनुभव करके सीखने की बजाय ऐतिहासिक घटनाओं से अनुभव लेते हुए इसराइल को गाजा पट्टी में कोई भी कदम उठाने से पहले गहन विचार करना चाहिए। क्या इसराइल हमास को पूरीसमाप्त कर सकता है? संभवत नहीं। क्योंकि हमास एक व्यक्ति नहीं बल्कि आंदोलन है।

इसराइल ने 10 लाख से अधिकगाजा नागरिकों को लड़ाई से दूर करने के लिए उतरीगाजासे दक्षिणी गाजाकी तरफ धकेल दिया है ताकि वह कम से कम नागरिकों को हताहत करते हुए हमास के विरुद्ध अभियान चला सके। लेकिन उसे हमास के वरिष्ठ नेताओं को खत्म करने के लिए दक्षिणीगाजा मैं विस्थापित लोगों के समूह से होकर उन्हें हताहत करते हुए खान यूनिस की सुरंग तक पहुंचना होगाजहां हमास नेतृत्व के छिपे होने की संभावनाहै लेकिन बिडेन प्रशासन का इसराइल पर दबाव है कि कम से कम जान माल का नुकसान हो। इस तरह इजराइल अब खुद को कठिन परिस्थिति में डाललिया है। इसराइल हमास संघर्ष का भविष्य-7 अक्टूबर 2023 से प्रारंभ इसराइल- हमास संघर्ष का अंतिम परिणाम क्याहोगा? क्या इसराइल इस युद्ध को अधिक समय तक जारी रख पाएगा? यदि




इसराइल हमास को समाप्त भी कर देता है तो उसके बाद गाजा पट्टी में कैसे राजनीतिक हालात होंगे?

ईरान भी इसराइल पर दबाव बनाए हुए हैं। ईरान समर्थित हिजबुल्ला के लड़ाके लगातार लेबनान की सीमा से इसराइल पर हमले कर रहे हैं।अमेरिका ब्रिटेन सहित पश्चिम के देश हिज्बुल्लाहको आतंकी संगठन मानते हैंजबकि हिज्बुल्लाह ईरान द्वारा प्रत्यक्ष या प्रत्यक्ष रूप से समर्पित मान्यता प्राप्त संगठन है।इजराइल के अभी भी लगभग 130 नागरिक हमास के पास बंदी हैं। इन बंधकों के सगे संबंधी उनकी रिहाई के लिए इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू पर दबाव डाल रहे हैं। इसके अतिरिक्त हमास ने अमेरिका, ब्रिटेन तथा फ्रांस के भी कुछ लोगों को बंदी बना रखा है ।ये देश भी अपने नागरिकों की सुरक्षित रिहाई के लिए इसराइल पर युद्ध विराम के लिए दबाव बनना प्रारंभ कर देंगे। गाजा की कुल आबादी 20 लाख है। इसराइल पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय की तरफ से दबावपड़सकता है कि अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार हमास चरमपंथियों को मार गिराने के लिए इजरायल गाजा पट्टी के सभी लोगों की जान माल को खतरे में नहीं डाल सकता। क्या अमेरिका सहित उसके पश्चिमी सहयोगी देश ऐसी स्थिति में भी इजराइल का समर्थन करते रहेंगे? इसराइल हमला और तेज करने की तैयारी में है। वह गाजा पट्टी के लोगों कोइलाका छोड़कर जाने के लिए विमान से पर्ची पर संदेश गिरा रहा है।ताकि हमास के विरुद्ध कार्रवाई में कम से कम नुकसान हो। ऐसे में मिश्रऔर जॉर्डन आदि देशगाजा से आने वाले शरणार्थियों को लेकर इसराइल को चेतावनी दे रहे हैं इस परिस्थिति में वही हो सकता है जो 1971 ई केबांग्लादेश मुक्ति संग्राम के समय हुआ था। शरणार्थी समस्या से परेशान होकर भारत ने पूर्वी पाकिस्तान पर आक्रमण कर दिया था। उसी प्रकार इजरायल के मिश्र जॉर्डन आदि पड़ोसी देश शरणार्थी समस्या के बहाने इजरायल के विरुद्ध संघर्ष में प्रत्यक्ष रूप से कूद पड़ेंगे।भारत में यदि कोई चरमपंथी हमला होता है तो भारत गुस्से में बदला लेने के लिए पूरी कश्मीर घाटी यापाकिस्तान पर हमले नहीं करता। बल्कि केवल चरमपंथियों को ही निशाना बनाने की कोशिश करता है। चरमपंथी हमले के बदले भारत द्वारा पाकिस्तान परयदि हमला हो भी तो उस हमले को अमेरिका समर्थन कभी नहीं देगा। लेकिन हमास हमले के बदले में इजरायल द्वारा पूरीगाजापट्टी पर हमले का अमेरिका अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन कर रहा है। लोगों को अमेरिका के इस दोहरे चरित्र को समझना चाहिए। लेकिन यदि इसराइल हमास को पूरी तरह समाप्त कर भी देता है तो उसके बादगाजा पट्टी पर किसका शासन चलेगा? कई जानकार मानते हैं कि जिस प्रकार इराक से सद्दाम को हटाना अमेरिका द्वारा एक बड़ी गलती थी क्योंकि उसके बाद तो इराक में और अधिकअराजकता फैल गई और अमेरिका स्वयं को इराक में फंसा हुआ महसूस करने लगा, वैसे ही क्या हमास को गाजासे हटाकर इजरायल गाजा में स्वयं को फंसा हुआ महसूस नहीं करेगा।इसराइल हमास के प्रमुख नेताओं को तो मार सकता है,लेकिन क्या हमास आंदोलन को हमेशा के लिए कुचल सकता है?

गाजा की उलझन-इसराइल-हमास संघर्ष में यदि हमाससमाप्त होजाता है तो इसराइली सैनिकजब गाजा पट्टी छोड़ेगे तो इजरायल गाजा का शासन किसको सौंपेगा? इजरायल के लिए गाजा का एक ऐसा शासक ढूंढना कठिन होगा जिसे मिश्र सऊदी अरब और अमेरिका सहित सभी का समर्थन प्राप्त हो। हो सकता है हमास के विरोधी पक्ष फतह के किसी नेता को गाजा पट्टी में इराक की तरह बंदूक तले मतदान कराकर सत्ता सौंप दी जाए। इस समय राजनीतिक गुट फतह का ही फ़लीस्तीनी प्राधिकरण पर शासन है। किंतु फिलिस्तीन प्राधिकरण के नेता महमूद अब्बास अब वृद्ध हो चुके हैं।महमूद अब्बास अब अपना जनमत भी फलस्तील क्षेत्र में खो चुके हैं ।फतह के अन्य नेता यह नहीं चाहते कि गाजा के लोग उन्हें इजरायल के एजेंट के रूप में देखें ।फिर कौन शासक होगा जिसे गाजाके लोग पसंद करें।यह तो निश्चित है किफतह की सरकारगाजापट्टी में सफल नहीं होगी, क्योंकि गाजा के लोगफिलिस्तीन तथासंपूर्ण विश्व जानता है किफतहइजरायल के हाथों की कठपुतली है।


# महर्षि अरविन्द हैं आध्यात्मिक क्रांति के सशस्त हस्ताक्षर

*लार्ड कर्जन के बंग-भंग की योजना रखने पर सारा देश तिलमिला उठा, आन्दोलित हो गया। बंगाल में इसके विरोध के लिये जब उग्र आन्दोलन हुआ तो अरविन्द घोष ने इसमे सक्रिय रूप से भाग लिया। नेशनल लॉ कॉलेज की स्थापना में भी इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। मात्र 75 रुपये मासिक पर इन्होंने वहाँ अध्यापन-कार्य किया। पैसे की जरूरत होने के बावजूद उन्होंने कठिनाई का मार्ग चुना। अरविन्द कलकत्ता आये तो राजा सुबोध मलिक की अट्टालिका में ठहराये गये।*


ललित गर्ग

देश के महान क्रांतिकारियों में से एक महर्षि अरविन्द देश की आध्यात्मिक क्रांति की के सशस्त हस्ताक्षर थे। वे एक क्रांतिकारी, योगी, समाज-सुधारक, विचारक एवं दार्शनिक थे। क्रांतिकारी इसलिए की वे गरमदल के लिए प्रेरणास्रोत थे और दार्शनिक इसलिए की उन्होंने 'क्रमविकास' का एक नया सिद्धांत गढ़ा। दर्शनशास्त्र में जीव वैज्ञानिक चार्ल्स डार्विन के साथ उनका नाम भी जोड़ा जाता है। उन्हीं के आह्वान पर हजारों बंगाली युवकों ने देश की स्वतंत्रता के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदों को चूम लिया था। सशस्त्र क्रांति के पीछे उनकी ही प्रेरणा थी। वे व्यक्ति नहीं, धर्म, दर्शन, योग, साहित्य साधना, संस्कृति एवं राष्ट्रीयता के प्रेरणापुरुष थे। पर हमारे सामने समस्या यह है कि हम कैसे मापे उस आकाश को, कैसे बांधे उस समन्दर को, कैसे गिने बरसात की बूंदों को? अरविन्द के क्रांतिकारी एवं आध्यात्मिक जीवन की उपलब्धियां उम्र के पैमानों से इतनी ज्यादा है कि उनके आकलन में गणित का हर फार्मूला छोटा पड़ जाता है। उन्होंने पुरुषार्थ से न केवल स्वयं का बल्कि राष्ट्र का भाग्य रचा, जो आज भी हमारे जीवन की दशा एवं दिशा बदलने में सक्षम है।

क्रांतिकारी महर्षि अरविन्द का जन्म 15 अगस्त 1872 को कोलकाता (बंगाल की धरती) में हुआ। उनके पिता के.डी. घोष एक डॉक्टर तथा अंग्रेजों के प्रशंसक थे। पिता अंग्रेजों के प्रशंसक लेकिन उनके चारों बेटे अंग्रेजों के लिए सिरदर्द बन गए। अरविन्द ने युवा अवस्था में स्वतन्त्रता संग्राम में क्रान्तिकारी के रूप में भाग लिया, किन्तु बाद में यह एक योगी बन गये और इन्होंने पांडिचेरी में एक आश्रम स्थापित किया। वेद, उपनिषद ग्रन्थों आदि पर टीका लिखी। योग साधना पर मौलिक ग्रन्थ लिखे। उनका पूरे विश्व में दर्शन शास्त्र पर बहुत प्रभाव रहा है और उनकी साधना पद्धति के अनुयायी सब देशों में पाये जाते हैं। वे कवि भी थे और गुरु भी। अरविन्द के पिता डॉक्टर कृष्णधन घोष उन्हें उच्च शिक्षा दिला कर उच्च सरकारी पद दिलाना चाहते थे, अतएव मात्र 7 वर्ष की उम्र में ही उन्होंने इन्हें इंग्लैण्ड भेज दिया। उन्होंने केवल 18 वर्ष की आयु में ही आईसीएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली थी। इसके साथ ही उन्होंने अंग्रेजी, जर्मन, फ्रेंच, ग्रीक एवं इटैलियन भाषाओं में भी निपुणता प्राप्त की थी। देशभक्ति से प्रेरित एवं आजादी के लिये कुछ अनूठा करने की भावना रखने वाले अरविन्द ने जानबूझ कर घुड़सवारी की परीक्षा देने से इनकार कर दिया और राष्ट्र-सेवा करने की ठान ली। इनकी प्रतिभा से बड़ौदा नरेश अत्यधिक प्रभावित थे अतः उन्होंने इन्हें अपनी रियासत में शिक्षाशास्त्री के रूप में नियुक्त कर लिया। बडौदा में ये प्राध्यापक, वाइस प्रिंसिपल, निजी सचिव आदि कार्य योग्यतापूर्वक करते रहे और इस दौरान हजारों छात्रों को चरित्रवान देशभक्त बनाया। 1896 से 1905 तक उन्होंने बड़ौदा रियासत में राजस्व अधिकारी से लेकर बड़ौदा कालेज के फ्रेंच अध्यापक और उपाचार्य रहने तक रियासत की सेना में क्रान्तिकारियों को



प्रशिक्षण भी दिलाया था। हजारों युवकों को उन्होंने क्रान्ति की दीक्षा दी थी।

लार्ड कर्जन के बंग-भंग की योजना रखने पर सारा देश तिलमिला उठा, आन्दोलित हो गया। बंगाल में इसके विरोध के लिये जब उग्र आन्दोलन हुआ तो अरविन्द घोष ने इसमे सक्रिय रूप से भाग लिया। नेशनल लॉ कॉलेज की स्थापना में भी इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। मात्र 75 रुपये मासिक पर इन्होंने वहाँ अध्यापन-कार्य किया। पैसे की जरूरत होने के बावजूद उन्होंने कठिनाई का मार्ग चुना। अरविन्द कलकत्ता आये तो राजा सुबोध मलिक की अट्टालिका में ठहराये गये। पर जन-साधारण को मिलने में संकोच होता था। अतः वे सभी को विस्मित करते हुए छक्कू खानसामा गली में आ गये। उन्होंने किशोरगंज (वर्तमान में बंगलादेश में) में स्वदेशी आन्दोलन प्रारम्भ कर दिया। अब वे केवल धोती, कुर्ता और चादर ही पहनते थे। उसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय विद्यालय से भी अलग होकर अग्निवर्षी पत्रिका वन्देमातरम् का प्रकाशन प्रारम्भ किया।

ब्रिटिश सरकार इनके क्रान्तिकारी विचारों और कार्यो से अत्यधिक आतंकित थी अतः 2 मई 1908 को चालीस युवकों के साथ उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इतिहास में इसे 'अलीपुर षडयन्त्र केस' के नाम से जानते है। उन्हें एक वर्ष तक अलीपुर जेल में कैद रखा गया। अलीपुर जेल में ही उन्हें हिन्दू धर्म एवं हिन्दू-राष्ट्र विषयक अद्भुत आध्यात्मिक अनुभूति हुई। वे जेल में गीता पढ़ा करते और भगवान श्रीकृष्ण की आराधना किया करते। ऐसा कहा जाता है कि अरविंद जब अलीपुर जेल में थे तब उन्हें साधना के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन हुए। श्रीकृष्ण की प्रेरणा से वे क्रांतिकारी आंदोलन को छोड़कर योग और अध्यात्म में रम गए। जेल से बाहर आकर वे किसी भी आंदोलन में भाग लेने के इच्छुक नहीं थे। वे गुप्त रूप से पांडिचेरी चले गए। वहीं पर रहते हुए उन्होंने योग द्वारा सिद्धि प्राप्त की और आज के वैज्ञानिकों को बता दिया कि इस जगत को चलाने के लिए एक अन्य जगत और भी है। खासकर उन्होंने डार्विन जैसे जीव वैज्ञानिकों के सिद्धात से आगे चेतना के विकास की एक कहानी लिखी और समझाया कि किस तरह धरती पर जीवन का विकास हुआ। उनकी प्रमुख कृतियां हैं- द मदर, लेटर्स ऑन योगा, सावित्री, योग समन्वय, दिव्य जीवन, फ्यूचर पोयट्री।

'अलीपुर षडयन्त्र केस' में अरविन्द को शामिल करने के लिये सरकार की ओर से जो गवाह तैयार किया था उसकी एक दिन जेल में ही हत्या कर दी गयी। घोष के पक्ष में प्रसिद्ध बैरिस्टर चितरंजन दास ने मुकदमे की पैरवी की थी। उन्होने अपने प्रबल तर्को के आधार पर अरविन्द को सारे अभियोगों से मुक्त घोषित करा दिया। इससे सम्बन्धित अदालती फैसले 6 मई 1908 को जनता के सामने आये। 30 मई 1909 को उत्तरपाड़ा में एक संवर्धन सभा की गयी वहाँ अरविन्द का एक प्रभावशाली व्याख्यान हुआ जो इतिहास में उत्तरपाड़ा अभिभाषण के नाम से प्रसिद्ध हुआ। उन्होंने अपने इस अभिभाषण में धर्म एवं राष्ट्र विषयक कारावास-अनुभूति का विशद विवेचन किया। उन्होंने कहा था चाहे सरकार क्रांतिकारियों को जेल में बंद करे, फांसी दे या यातनाएं दे पर हम यह सब सहन करेंगे और यह स्वतंत्रता का आंदोलन कभी रूकेगा नहीं। एक दिन अवश्य आएगा जब अंग्रेजों को हिन्दुस्तान छोड़कर जाना होगा। यह इत्तेफाक नहीं है कि 15 अगस्त को भारत की आजादी मिली और इसी दिन उनका जन्मदिन मनाया जाता है।

अरविंद का देहांत 5 दिसंबर 1950 को हुआ। बताया जाता है कि निधन के बाद चार दिन तक उनके पार्थिव शरीर में दिव्य आभा बने रहने के कारण उनका अंतिम संस्कार नहीं किया गया और अंततः नौ दिसंबर को उन्हें आश्रम में समाधि दी गयी। उनकी आध्यात्मिकता एवं राष्ट्रीयता दोनों ही एक सिक्के के दो पहलू थे। जो भी उनकी राष्ट्रीयता की छांव में आता, देश के लिये बलिदान होने को तत्पर हो जाता है और जो भी उनकी आध्यात्मिकता की छांव में आता, विभाव स्वभाव में बदल जाता। उस आभावलय का प्रभाव ही विलक्षण एवं अनूठा था कि व्यक्ति भीतर से रू-ब-रू होने लगता।

# ईको पर्यटन स्थलों को विश्व पटल पर प्रचारित करने का संकल्प : जयवीर

अवधनामा संवाददाता



■ इंग्लैंड, अमेरिका, हालैंड और जर्मनी के टूर एंड ट्रेवेल आपरेटर्स का दल पहुंचा लखनऊ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में ईको पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि कई पर्यटन स्थलों को प्रकृति का सीधे आशीर्वाद प्राप्त है। इन स्थानों को विश्व पटल पर प्रचारित-प्रसारित करना हमारा संकल्प है। इसी उद्देश्य से इंग्लैंड, अमेरिका, हालैंड और जर्मनी के टूर एंड ट्रेवेल्स आपरेटर्स को फैम ट्रिप इस समय प्रदेश के प्रमुख स्थलों का भ्रमण कर रहा है।

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री आज यहां एक स्थानीय होटल में टूर एवं ट्रेवेल ऑपरेटर्स की टीम के सदस्यों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने इस भ्रमण यात्रा के बारे में प्रेस प्रतिनिधियों को बताया कि सरकार का प्रयास है कि विदेश से आने वाले सैलानियों के मामले में पहले स्थान पर हो, इसलिए पर्यटन के संभावित सभी आयामों पर तेजी से फोकस किया जा रहा है। यहां ईको पर्यटन की असीम संभावनाएं है। परिणामस्वरूप इन स्थलों का लगातार विकास किया जा रहा है और पर्यटक सुविधाओं में बढ़ोत्तरी की जा रही हैं। देश-विदेश के पर्यटकों को प्रदेश के पर्यटन स्थलों की ओर आकर्षित करने के लिए जरूरी है कि उन्हें इन स्थलों और यहां की खूबियों से परिचित कराया जाए। इन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति के लिए पर्यटन विभाग फैम ट्रिप में सहयोग कर रहा है। एक दिसंबर से यह यात्रा चंबल वेटलैंड से शुरू होकर सूरसरोवर पक्षी विहार होते हुए आज चार दिसंबर को लखनऊ पहुंची है। यहां से दुधवा नेशनल पार्क लखीमपुर जायेगी और टीम वहीं ठहरेगी। यहीं से किशनपुर वन्य अभयारण्य, कतरनिया घाट बहराइच और पीलीभीत टाइगर रिजर्व का भ्रमण करेगी।

पर्यटन मंत्री ने इस आठ दिवसीय परिचय यात्रा पर विदेश से आए टूर एंड ट्रेवेल आपरेटर्स से कहा कि आप यहां खूब घूमिए, देखिए, समझिए और अपने यहां खूब प्रचार करिए। लोगों को बताइए कि प्रकृति का वास्तविक स्वरूप देखना है तो उत्तर प्रदेश का अवश्य भ्रमण कीजिए। प्रत्येक कदम पर उत्तर प्रदेश सरकार मदद के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में बेहतर कनेक्टिविटी के साथ उच्च स्तर की अवस्थापना सुविधाएं उपलब्ध हैं। राज्य सरकार ने निवेशकों के लिए आकर्षक पर्यटन नीति तैयार की है।

प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा धर्मार्थ कार्य श्री मुकेश कुमार मेश्राम ने उत्तर प्रदेश के पर्यटन स्थलों और विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि हम केवल ईको पर्यटन स्थलों का ही नहीं, अपितु वहां के स्थानीय लोगों के भी विकास का प्रयास कर रहे हैं। पर्यटन से इनकी आय बढ़ेगी। इसी क्रम में युवाओं को टूरिस्ट गाइड बनाने की तैयारी है। निदेशक पर्यटन प्रखर मिश्रा ने प्रदेश में ईको टूरिज्म पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विभिन्न देशों से आने वाले टूर एंड ट्रेवेल्स आपरेटर्स जब यहां के ईको पर्यटन स्थलों से प्रभावित होंगे तो वे अपने यात्रा विवरण में इस भ्रमण यात्रा को स्थान देंगे और दूसरों से भी अपने अनुभव को साझा करेंगे।

# एम्स गोरखपुर में आईएपीएसएम के मंच पर फाइलेरिया मरीजों की आवाज बनीं पूजा

अवधनामा संवाददाता

■ कम्युनिटी का प्रतिनिधित्व कर कम्युनिटी मेडिसिन के विशेषज्ञों से साझा किये फाइलेरिया नेटवर्क के कार्य

■ लाइलाज बीमारी के उन्मूलन के प्रयासों पर हुई खुली चर्चा

**गोरखपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) गोरखपुर में इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्रिवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन का दो दिवसीय छब्बीसवां कांफ्रेस लाइलाज उपेक्षित बीमारी फाइलेरिया के लिहाज से भी खास रहा । पहली बार इस मंच पर फाइलेरिया उत्तरजीवी नेटवर्क की सदस्य पूजा सिंह को भी अपनी कहानी सुनाने का मौका मिला, जिससे इस उपेक्षित बीमारी के मरीजों को भी स्वर मिला।

फाइलेरिया मरीजों की बात आई तो इसके उन्मूलन के प्रयासों के बारे में भी कई कहानियां सामने आई । पूरा सत्र जीवंत बन गया और कार्यकारी निदेशक डॉ सुरेखा किशोर की उपस्थिति में हुई इस खुली चर्चा की सभी ने सराहना की। कांफ्रेंस के पहले दिन का आखिरी सत्र फाइलेरिया उन्मूलन का था जिसके मॉडरेटर रहे बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन में नेगलेक्टेड ट्रॉपिकल डिजीज इलिमिनेशन प्रोग्राम्स के कंट्री लीड डॉ भूपेंद्र त्रिपाठी । उन्होंने इस लाइलाज बीमारी के विभिन्न पक्षों की जानकारी दी। पाथ संस्था के राज्य प्रतिनिधि डॉ शोएब अनवर और पीसीआई संस्था के प्रतिनिधि रनपाल सिंह ने भी फाइलेरिया की गंभीरता से सबको अवगत कराया। सीफार संस्था की कार्यकारी निदेशक डॉ अखिला शिवदास ने कार्यक्रम में सामुदायिक भागीदारी पर प्रकाश डाला और इसमें फाइलेरिया नेटवर्क के प्रयासों को साझा किया। इसी क्रम में फाइलेरिया नेटवर्क की सक्रिय सदस्य सदस्य पूजा सिंह को अपनी कहानी के लिए आमंत्रित किया पेशे से शिक्षिका पूजा ने बताया कि करीब दस से बारह साल पहले वह फाइलेरिया से ग्रसित हुई थीं ।

उन्हें फाइलेरिया हुआ तो वह भी इस बीमारी से अपरिचित थीं। जब उन्होंने बीमारी के बारे में बताया तो उनके जानने वाले लोगों ने तरह तरह की जड़ी बूटी और गैर वैज्ञानिक उपायों से यह बीमारी ठीक होने की सलाह दी। वह लोगों की सलाह पर भटकती रहीं। धीरे धीरे परेशानी बढ़ने लगी और पैर में दर्द और सूजन बढ़ता गया। एक बार तो सूजन इतना अधिक बढ़ गया कि पैर से पानी का रिसाव होने लगा। दर्द इतना भयानक था कि वह कई रातें सो नहीं पाई। उन्होंने कई डॉक्टर को दिखाया पर कोई सही इलाज नहीं मिला इस कारण से उन्हें अपना अध्यापक का काम छोड़ना पड़ा और इससे उनकी आर्थिक स्थिति काफी खराब हो गई। बीमारी के कारण उन्हें सामाजिक उपेक्षा और भेदभाव भी झेलना पड़ा। लोगों को यह लगता था कि उनके पैर के पानी से उन्हें भी संक्रमण हो जाएगा। वह हीन भावना का शिकार होने लगीं। वह शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर होने लगीं। इसी बीच पूजा के गांव में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च संस्था के सहयोग से फाइलेरिया रोगी नेटवर्क का गठन किया गया और नियमित बैठकें होने लगीं। पूजा भी इसमें भाग लेने लगीं और विशेषज्ञों से बीमारी के बारे में कई प्रमुख जानकारी ली और देखभाल के तरीके सीखे। इससे उनके मन में सकारात्मकता का संचार हुआ।

# खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण पांच से 20 दिसम्बर तक

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** प्रदेश के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत माह दिसम्बर के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण एवं अन्त्योदय कार्डधारकों को त्रैमास अक्टूबर, नवम्बर एवं दिसम्बर, 2023 के सापेक्ष 03 किग्रा0 चीनी प्रति कार्ड रु0-18/- प्रति किग्रा0 की दर से रु0-54/-में 05 दिसम्बर, 2023 से 20 दिसम्बर, .2023 तक वितरण सुनिश्चित कराया जाएगा।

खाद्य एवं रसद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को 14 किग्रा0 गेहूं तथा 21 किग्रा0 चावल (35 किग्रा0 खाद्यान्न) तथा पात्र गृहस्थी राशन कार्डों से सम्बद्ध यूनिटों पर 02 किग्रा0 गेहूं व 03 किग्रा0 चावल (05 किग्रा) खाद्यान्न) प्रति यूनिट का निःशुल्क वितरण लाभार्थियों में सुनिश्चित कराया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा एन0एफ0एस0ए0 में आच्छादित अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को, दिनांक 01 जनवरी, 2023 से, एक वर्ष हेतु निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराये जाने विषयक निर्णय के क्रम में माह दिसम्बर, 2023 में आवंटित खाद्यान्न का वितरण कराया जा रहा है।

# वस्तुओं का पारदर्शी वितरण सुनिश्चित करायें : सतीश शर्मा

## सभी क्रय केन्द्र संचालित कराते हुये नियमानुसार किसानों से धान व मोटे अनाजों की खरीद किये जाने के निर्देश

अवधनामा संवाददाता



■ खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री ने विभागीय कार्यों की समीक्षा की

**लखनऊ।** खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने निर्देश दिये सभी क्रय केन्द्र संचालित कराते हुये नियमानुसार किसानों से धान व मोटे अनाजों की खरीद की जाये तथा किसानों को समय से भुगतान कराते हुए लक्ष्य पूर्ति की जाये। उन्होंने कहा कि क्रय केन्द्रों से राइस मिलों को प्रेषित किये जाने वाले धान व खाद्यान्न प्रेषण वाले वाहनों की जी0पी0एस0 की मॉनिटरिंग की जाये। विपणन शाखा के पी0डी0एस0 गोदामों को किरायेदारी से मुक्त किये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करायी जाये।

यह निर्देश खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री, श्री सतीश चन्द्र शर्मा ने आज बापू भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में खाद्य एवं रसद विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिए। राज्यमंत्री ने कहा कि उचित दर विक्रेताओं को उन्हें अनुमन्य लाभांश का भुगतान शीघ्र कराया जाय। उन्होंने कहा कि माह जनवरी, 2024 तक एक समान तौर पर जनपदों में समस्त उचित दर दुकानों पर इलेक्ट्रॉनिक कांटे युक्त ई-पॉस मशीनें स्थापित की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि मॉडल उचित दर दुकानों का निर्माण तत्परता से पूर्ण कराया जाये। इसके अलावा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आच्छादित लाभार्थियों को आवश्यक वस्तुओं का पारदर्शी वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने उज्ज्वला योजना के तहत शेष लाभार्थियों को सिलेण्डर की डिलीवरी शीघ्र सुनिश्चित कराते हुए उनके खातों में सब्सिडी की धनराशि का अंतरण कराए जाने के निर्देश दिए गए।

अपर खाद्य आयुक्त ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान का समर्थन मूल्य कॉमन-रू-2183 प्रति कु0 तथा ग्रेड-ए- रू-2203 प्रति कु0 निर्धारित दर से खरीद करते हुए 165625 कृषकों से 11.05 लाख मी0टन धान की खरीद हुई है, जो लक्ष्य का लगभग 16.00 प्रतिशत है। इसके एवज में किसानों को 2025.60 करोड़ रूपये का भुगतान सीधे उनके बैंक खाते में करा दिया गया है। गतवर्ष इसी अवधि में 13.96 लाख मी0टन खरीद की गयी थी। इस वर्ष अब तक 7.86 लाख किसानों द्वारा धान बिक्री हेतु ऑनलाइन पंजीकरण कराया गया है।

अपर खाद्य आयुक्त ने बताया कि इस वर्ष मोटे अनाजों/श्री अन्न की खरीद हेतु लक्ष्य बढ़ाकर 5.80 मी0टन किया गया है, जिसमें बाजरा-5.00 लाख मी0टन, मक्का-0.50 लाख मी0टन, ज्वार-0.30 लाख मी0टन एवं जनपद सोनभद्र में 200 मी0टन कोदो खरीद का क्रय लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक प्रदेश के 40 बाजरा खरीद वाले जनपदों में अब तक 35,050 किसानों से 1.85 लाख मी0टन बाजरा खरीद की गयी है तथा कृषकों को रू-403.90 करोड़ का भुगतान सीधे उनके बैंक खाते में करा दिया गया है।

अपर खाद्य आयुक्त ने बताया कि प्रदेश के 24 मक्का खरीद वाले जनपदों में अब तक 865 किसानों से 4298 मी0टन मक्का खरीद की गयी है तथा कृषकों को रू-8.80 करोड़ का भुगतान सीधे उनके बैंक खाते में करा दिया गया है। इसके अतिरिक्त 1466 किसानों से 7125 मी0टन ज्वार की खरीद की गयी है तथा कृषकों को रू-18.16 करोड़ का भुगतान सीधे उनके बैंक खाते में करा दिया गया है।

अपर खाद्य आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि विक्रेताओं को माह सितम्बर, 2023 तक लाभांश का भुगतान ऑनलाइन व्यवस्था के माध्यम से पूर्ण कराया जा चुका है तथा माह अक्टूबर, 2023 का भुगतान कराए जाने की कार्यवाही प्रगतिमान है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की समस्त उचित दर दुकानों में सिस्टम इन्टीग्रेटर संस्थाओं के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक कॉटें से लिंक ई-पॉस मशीनों की आपूर्ति एवं संचालन हेतु प्रस्ताव पर शासन स्तर से अनुमोदन प्राप्त किया जा चुका है।

# नर्माण कार्य के लिए 3.75 करोड़ की स्वीकृत

**लखनऊ।** सरकार द्वारा जनपद गाजीपुर में जमानियाँ पम्प नहर प्रणाली के अंतर्गत सिंचाई निर्माण खण्ड, वाराणसी के नहरो पर आवश्यक पुल पुलियों के प्रोटेक्शन वॉल एवं सी0सी0 लाइनिंग का निर्माण कुलाबो तथा बैंकों के सुदृढ़ीकरण निर्माण कार्य हेतु 03 करोड़ 74 लाख 92 हजार रुपए की धनराशि प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस संबंध में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर कर दिया गया हैं।

जारी शासनादेश में यह निर्देश दिए गए हैं। कि मात्राओं को निर्माण के समय सुनिश्चित किए जाने का पूर्ण उत्तरदायित्व कार्यदायी संस्था/विभाग का होगा। परियोजना का निर्माण कर ससमय पूर्ण करा लिया जाना सुनिश्चित किया जाएगा अन्यथा की स्थिति में किसी प्रकार की अनियमितता के लिए इसका समस्त उत्तरदायित्व विभाग का होगा। विभाग द्वारा नियमानुसार समस्त आवश्यक वैधानिक अनापत्तियां पर्यावरण क्लीयरेंस सक्षम स्तर से प्राप्त करके निर्माण का प्रारंभ कराया जायेगा।

# पंजाबी साहित्य में बलवंत गार्गी का योगदान

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी के तत्वावधान में भारतीय भाषा उत्सव, 2023 के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में दिनाँक 04 दिसम्बर, को अपराह्न 02:00 बजे से इन्दिरा भवन के पाँचवे तल पर कक्ष संख्या 511 में श्री बलवंत गार्गी जी के जन्मदिवस के अवसर पर ''पंजाबी साहित्य में बलवंत गार्गी जी का योगदान'' विषयक संगोष्ठी का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती जी की प्रतिमा पर फूल एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

उक्त संगोष्ठी में वरिष्ठ रंगकर्मी व अभिनेता डॉ0 अनिल रस्तोगी, वरिष्ठ रंगकर्मी एवं पूर्व निदेशक भारतेन्दु नाट्य अकादमी डॉ0 पुनीत अस्थाना, पंजाबी विद्वान स0 दविन्दर पाल सिंह, पंजाबी विद्वान स0 नरेन्द्र सिंह मोंगा एवं युवा पंजाबी विदुषी श्रीमती रनदीप कौर आदि पंजाबी विद्वानों/विदुषियों के द्वारा उपरोक्त विषय पर अपने-अपने वक्तव्य प्रस्तुत किये गये। डॉ0 अनिल रस्तोगी- बलवंत गार्गी ने कई बहुचर्चित उपन्यास, कहानियाँ, एकांकी और रेखाचित्र लिखे। पंजाबी साहित्य के वटवृक्ष माने जाने वाले गुरबख्श सिंह प्रीतलड़ी, नानक सिंह, करतार सिंह दुग्गल, प्रोफेसर मोहन सिंह के अतिरिक्त सआदत हसन मंटो, राजेंद्र सिंह बेदी और शिव कुमार बटालवी पर लिखे उनके बाकमाल रेखाचित्र बार-बार पढ़े जाते हैं। बलवंत गार्गी पंजाबी भाषा के विख्यात साहित्यकार हैं। इनके द्वारा रचित एक भारतीय रंगमंच का उद्भव और विकास रंगमंच के लिये उन्हें सन् 1962 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

दविन्दर पाल सिंह- बलवंत गार्गी की कई चर्चित रचनायें उनके चंडीगढ़ प्रवास की ही देन हैं। आत्मकथानुमा कृति 'नंगी धूप' भी, जिसे उन्होंने मूल अंग्रेजी में लिखा था और खुद ही उसका पंजाबी अनुवाद किया। पंजाब और पंजाबियत का शैदाई यह शख्स आतंकवाद के काले दौर में बेहद विचलित रहता था, तब उन्होंने पंजाब समस्या को आधार बनाकर दूरदर्शन का एक बहुचर्चित धारावाहिक 'सांझा चूल्हा' लिखा और निर्देशित किया था। स0 नरेन्द्र सिंह मोंगा- प्रो0 बलवंत गार्गी पंजाबी नाटक के ऐसे एक युग का नाम है, जिसका अंत 22 अप्रैल को हुआ और फिर वह पलट कर नहीं आया. लेकिन उस युग की रौशनी समूचे भारतीय रंगमंच को हमेशा नई दिशा दिखाती रहेगी।

# कई स्मारकों को संरक्षित स्मारक घोषित करने की अधिसूचना जारी

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश प्राचीन एवं ऐतिहासिक स्मारकों तथा पुरातत्वीय स्थानों और अवशेषों का परिरक्षण अधिनियम-1956 तथा उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या-7 सन-1957 के अधीन जनपद रायबरेली के ग्राम-ऊंचाहार/सलोन तहसील स्थित खानमशाह परवर का मकबरा, जनपद आगरा के विकास खण्ड फतेहाबाद स्थित बादशाहीबाग व बारादरी छतरी, हाथीघाट, हाथीघाट तालाब तथा जनपद मथुरा के तहसील सदर स्थित अक्रूर मंदिर को संरक्षित स्मारक घोषित करने की अधिसूचना जारी कर दी है।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने आज यहां दी। इस सम्बंध में विशेष सचिव श्री राकेश चन्द्र शर्मा ने बताया कि अधिसूचना जारी किये जाने के सम्बंध में आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, संस्कृति विभाग, बापू भवन सचिवालय लखनऊ, निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व विभाग छतर मंजिल परिसर, कैसरबाग लखनऊ अथवा सम्बंधित जिलाधिकारी को सम्बोधित करते हुए लिखित रूप से भेजी जा सकती हैं। केवल उन्हीं आपत्तियों पर विचार किया जायेगा जो इस अधिसूचना के स्मारक पर चस्पा होने के दिनांक से एक माह के भीतर प्राप्त होंगी।

## 9 दिसम्बर को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**लखनऊ।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव संजय सिंह प्रथम ने बताया कि 09 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रदेश के प्रत्येक जिले में सभी प्रकार के दीवानी वाद, आपराधिक वाद राष्ट्रीय लोक अदालत एवं राजस्व वादों का अधिकाधिक संख्या में सुलह समझौतो के आधार पर त्वरित निस्तारित किया जायेगा।

# 'इसरो स्पेस प्रदर्शनी' छात्रों, शिक्षकों के लिए अमूल्य सौगात : डा. जगदीश

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस की मेजबानी में तीन दिवसीय इसरो स्पेस प्रदर्शनी 'विक्रम साराभाई स्पेस साइन्स प्रदर्शनी' का भव्य आयोजन आगामी 7, 8 व 9 दिसम्बर को सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया जा रहा है। इसी अनूठी प्रदर्शनी की विस्तृत जानकारी आज यहाँ आयोजित एक प्रेस कान्फ्रेन्स में देते हुए सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने कहा कि 'इसरो स्पेस प्रदर्शनी' छात्रों, शिक्षकों व सभी प्रबुद्ध नागरिकों के लिए अमूल्य सौगात है, जो हम सभी को अपने देश की वैज्ञानिक उपलब्धियों पर गर्व करने का अनूठा अवसर उपलब्ध करायेगी। प्रदर्शनी का आयोजन स्पेस एप्लीकेशन सेन्टर, इसरो, अहमदाबाद के सहयोग से किया जा रहा है।

प्रेस कान्फ्रेन्स में पत्रकारों से बातचीत करते हुए डा. गाँधी ने आगे कहा कि यह प्रदर्शनी सिर्फ मनोरंजन के लिए ही नहीं अपितु शिक्षा का अभिन्न अंग है, जो सभी छात्रों व जनमानस को अन्तरिक्ष विज्ञान की जानकारियों से रूबरू करायेगी। डा. गाँधी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी एक बार फिर से हम सभी को चन्द्रयान-2 की एतिहासिक उपलब्धि को अपने दिलों में ताजा करने का अवसर उपलब्ध करायेगी। प्रदर्शनी की खास बात यह है कि इस अवसर पर छात्र व आम जनमानस वरिष्ठ वैज्ञानिकों के वार्तालाप कर जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

डा. गाँधी ने आगे बताया कि इस प्रदर्शनी में स्पेस साइन्स एवं टेक्नोलॉजी के विविध आयामों के प्रदर्शन के साथ ही रॉकेट लांचिंग का विशेष प्रदर्शन किया जायेगा। इस प्रदर्शनी में रिमोट सेन्सिंग एवं कम्यूनिकेशन सेटेलाइट, नेविगेशन, चन्द्रयान, मार्स आर्बिटर मिशन, सेटेलाइट इमेजेज एण्ड एप्लीकेशन्स, माडल्स ऑफकैमरा ऑफ मार्श मिशन, माडल ऑफलांच व्हिकल (पीएसएलवी एवं जीएसएलवी) एवं विभिन्न प्रकार के सेटेलाइट्स माडल्स का प्रदर्शन किया जायेगा। सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस अनूठी एवं अद्भुद प्रदर्शनी का भव्य उद्घाटन 7 दिसम्बर, वृहस्पतिवार को प्रातः 10.00 बजे सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में होगा।

# कैसा होगा भावी लोकसभा चुनाव का परिदृश्य

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जनपद में सोमवार को भी चुनावी चर्चा का माहौल गर्म रहा। जगह-जगह लोग पांच राज्यों के चुनाव परिणाम पर मंथन करते नजर आए। इसी के सहारे भावी लोकसभा चुनाव के परिदृश्य का खाका खींचने का प्रयास किया जा रहा है। रविवार को मध्य प्रदेश राजस्थान छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के नतीजे आए। जहां तेलंगाना में कांग्रेस ने प्रचंड बहुमत के साथ दक्षिण में अपनी मजबूती का संकेत दिया। वही मध्य प्रदेश में पुरजोर ताकत लगाने के बाद कांग्रेस कुछ खास नहीं कर सकी और भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत के साथ फिर सत्ता में आई। राजस्थान और छत्तीसगढ़ को कांग्रेस ने गवा दिया या यूं कहें कि भाजपा ने वहां मजबूत वापसी की।यह सब चर्चाएं सार्वजनिक स्थलों पर जगह-जगह होती रही। हर कोई अपने हिसाब से इस चुनाव को देख रहा है। लोग इसे सीधा लोकसभा चुनाव से जोड़ने में कतई गुरेज नहीं कर रहे हैं। कहीं कोई इसे मोदी मैजिक बता रहा है तो कहीं कोई इसे विकास का हवाला देते नहीं थक रहा है।वहीं कुछ टिप्पणीकार इसे विपक्ष की कमजोर रणनीति का हिस्सा बता रहे हैं। सोमवार को मिजोरम की मतगणना भी निर्धारित समय पर प्रारंभ हुई शुरुआती रुझानों में एनएफम ने बढ़त बनाई लेकिन थोड़ी देर बाद जेडपीएम ने बढ़त बनाना शुरू किया जो दोपहर तक निर्णायक दौर में पहुंचते दिखाई दी। एन एफ एम की बढ़त 10 सीटों तक ही सीमित नजर आने लगी जेड पी एम के खाते में बढ़त के आधार पर रुझानों में 27 सीटें दिख रही थी। दोपहर बाद तक कांग्रेस एक सीट पर बढ़त बनाए रही तो वहीं भाजपा दो सीटों पर बढ़त लिए दिखाई दी। इस पर भी चर्चा का माहौल कायम रहा कुछ लोग लोकसभा चुनाव का परिदृश्य इन राज्यों के आधार पर भाजपा के पक्ष में करते नजर आए तो कुछ लोग दक्षिण में भाजपा का कमजोर होना उसके लिए अच्छे संकेत नहीं बता रहे थे।कुछ यह भी कह रहे थे कि पिछले 9 साल सत्ता में रहने के बाद भी दक्षिण में भाजपा की हनक नहीं बन पाई है।

# स्टेटिस्टिक्स की रिसर्च में अहम भूमिका : प्रो. शुक्ला

## शोधार्थियों को बताईं डाटा कलेक्शन की तमाम विधियां

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** जीबी पंत यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी, पंतनगर (उत्तराखंड) के पूर्व वीसी प्रो. एके शुक्ला ने कहा, स्टेटिस्टिक्स की रिसर्च में अति महत्वपूर्ण भूमिका है। रिसर्च वर्क स्टेटिस्टिकल डाटा के बिना अनुपयोगी या अधूरा-सा है। ऐसे में डाटा को संग्रह करते वक्त किसी भी शोधार्थी को संजीदा होना चाहिए। सच्चाई यह है, एक्यूरेट डाटा के बूते ही करेक्ट रिजल्ट मिल सकता है। प्रो. शुक्ला तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के रिसर्च एंड डवलपमेंट सेंटर, टीएमयू आईक्यूएसी और आईआईसी की ओर से रोल ऑफ स्टेटिस्टिक्स इन रिसर्च पर आयोजित गेस्ट लेक्चर में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व पूर्व वीसी प्रो. एके शुक्ला ने बतौर मुख्य अतिथि, ज्वाइंट रजिस्ट्रार रिसर्च एंड डवलपमेंट एवम् ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. ज्योति पुरी, ज्वाइंट रजिस्ट्रार एडमिन डॉ. अलका अग्रवाल, ज्वाइंट रजिस्ट्रार एआरसी प्रो. निखिल रस्तोगी, नर्सिंग की प्राचार्या डॉ. पूनम शर्मा, फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. अनुराग वर्मा, फार्मेसी के वाइस प्रिंसिपल डॉ. पीयूष मित्तल, एफओई की वाइस प्रिंसिपल डॉ. पंकज गोस्वामी, श्री रामनिवास आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि का बुके देकर गर्मजोशी से स्वागत किया और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अंत में सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट्स भी वितरित किए गए। गेस्ट लेक्चर में 93 रिसर्च फेलो, रिसर्च स्कॉलर्स, फैकल्टीज़ आदि मौजूद रहे। संचालन मेडिकल की रिसर्च फेलो डॉ. अलीशा राय ने किया।

प्रो. शुक्ला ने शोधार्थियों से सहज सवालों के संग अपने व्याख्यान का श्रीगणेश किया। न्यू मेडिकल एलटी में तीन घंटे तक चले अतिथि व्याख्यान में पीपीटी, बोर्ड और सवाल-जवाब के बूते रोल ऑफ स्टेटिस्टिक्स इन रिसर्च के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला गया। प्रो. शुक्ला बोले, स्टेटिस्टिक्स से डाटा को इन्फॉर्मेशन में बदलने में महत्वपूर्ण मदद मिलती है। इन्फॉर्मेशन से डिसीजन मेंकिंग होती है। डिसीजन से ही पॉलिसी मेकर्स को अपने लक्ष्य को प्राप्त करना आसान हो जाता है। प्रो. शुक्ला ने रिसर्च में स्टेटिस्टिक्स की उपयोगिता और उसके लाभ के बारे में भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने डाटा कलेक्शन की विधियों- प्रश्नावली, ऑब्जर्वेशन, एक्सपेरिमेंट्स आदि के बारे में बताया। उन्होंने डाटा के क्लासिफिकेशन के संग-संग डाटा का एनालिसिस और टेबल निर्माण की प्रक्रिया के बारे में समझाया। अंत में रिसर्च स्कॉर्ल्स ने स्टेटिस्टिक्स से जुड़े तमाम सवाल भी पूछे। ज्वाइंट रजिस्ट्रार रिसर्च एंड डवलपमेंट डॉ. ज्योति पुरी ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा, स्टेटिस्टिक्स के बिना कोई भी रिजल्ट ऑथेंटिक नहीं माना जा सकता है। रिसर्च में स्टेटिस्टिक्स डाटा के बिना किसी भी रिजल्ट पर नहीं पहुंच सकते।

# एसोचैम और एमएसएमई मंत्रालय मिल कर जागरूकता कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

■ कानपुर से शुरू होगी 'राष्ट्रीय आईपी यात्रा कार्यशाला'

**लखनऊ।** राष्ट्रीय, दिसंबर 4 देश के प्रमुख वाणिज्य उद्योगमंडल एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) को छोटे-मझोले उद्यमियों को बौद्धिक संपदा संबंधी अधिकारों (आईपीआर) के प्रति जागरूक करने के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमओएमएसएमई) के सहयोग से कानपुर में दो दिवसीय कार्यशाला और 'राष्ट्रीय आईपी यात्रा' के कार्यक्रम प्रस्तुत करने पर गर्व हो रहा है। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक नगर कानपुर में 5 और 6 दिसंबर को निर्धारित किया गया है।

राष्ट्रीय आईपी यात्रा एक महत्वपूर्ण परियोजना है जिसका लक्ष्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) में बौद्धिक संपदा अधिकारों (आईपीआर) के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ भारत में आईपी संस्कृति के निर्माण को गति देना है। भारत की अर्थव्यवस्था में एमएसएमई क्षेत्र का विशेष स्थान है। देश में जितने भी व्यवसाय हैं, उनमें एमएसएमई इकाइयों की हिस्सेदारी 90 प्रतिशत है। इस क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए इस कार्यक्रम का उद्देश्य इस क्षेत्र की इकाइयों को रचनात्मक बौद्धिक प्रयासों की दिशा में प्रेरित करना है ताकि देश में नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा और आर्थिक प्रगति तथा रोजगार सृजन को बल मिले। एसोचैम ने इस कार्यक्रम के बारे में कहा, राष्ट्रीय आईपी यात्रा एमएसएमई को, उनकी बौद्धिक संपदा की रक्षा और उसका व्यावसायिक लाभ उठाने के लिए उन्हें इसकी जानकारी और इससे संबंधित औजारों से लैस कर के मजबूत करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

# अधिवक्ता दिवस के रूप में मना डॉ. राजेंद्र प्रसाद का जन्मदिवस

**अवधनामा संवाददाता**

**बिलग्राम।** जनपद हरदोई की बिलग्राम तहसील के स्व. बीके सिंह मेमोरियल हॉल में रविवार को अधिवक्ता दिवस धूमधाम से मनाया गया। भारत के राष्ट्रपति व भारत रत्न से सम्मानित डॉ राजेंद्र प्रसाद के जन्मदिवस पर बिलग्राम तहसील के बिलग्राम बार एसोसिएशन में अधिवक्ता दिवस मनाया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता जाबिर हुसैन खान तथा संचालन मकबूल अहमद फारूकी ने किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एसडीएम बिलग्राम सजीव ओझा तथा अतिथि तहसीलदार अमित यादव ,नायब तहसीलदार ज्योति वर्मा, मुकेश चौधरी रहे। इस मौके पर बिलग्राम बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ताओं को अंग वस्त्र प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता डी.के. द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के जन्म दिवस पर भारत भर में अधिवक्ता दिवस होता है डॉ राजेंद्र प्रसाद प्रथम राष्ट्रपति के साथ संविधान समिति के अध्यक्ष भी थे इन सबके पूर्व वह अधिवक्ता रहे और वकालत विश्व भर में अत्यंत सम्माननीय और गरिमामय में पेशा है स्वतंत्रता संग्राम में वकीलों ने जमकर लोहा लिया है स्वतंत्रता ही नहीं अपितु जब स्वतंत्रता मिली और नए भारत को अभिनव का समय आया तब भी अधिवक्ताओं की महत्ता बनी रही।उसके बाद अधिवक्ता फैय्याज वारसी ने अपने संबोधन में कहा कि अधिवक्ता न्यायालय के अधिकारी हैं



कभी-कभी वह न्यायाधीश से उच्च स्तरीय प्रतीत होते हैं क्योंकि संपूर्ण न्याय व्यवस्था का भार इन अधिवक्ताओं के कंधों पर है अगर अधिवक्ता न हो तो भारत की जनता को न्याय मिलना असंभव सा हो चले विधि शासन को बनाए रखने में अधिवक्ता की महत्वपूर्ण भूमिका है व्यक्ति के अधिकारों के अतिक्रमण होने पर न्यायालय की ओर रुख करता है और न्यायालय का रास्ता वकील के मार्गदर्शन में ही पाया जाता है। साथ ही उन्होंने अधिवक्ताओं से डॉ राजेंद्र प्रसाद के जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की।विशिष्ट अतिथि एसडीएम संजीव ओझा ने बार व बेंच के बीच समन्वय को त्वरित न्याय के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि बार व बेंच एक सिक्के के दो पहलू हैं। जनता के हित के लिए सभी सदस्यों की बातें सुनकर इसके लिए कार्य करने को कहा। अतिथि तहसीलदार अमित यादव ने अपने संबोधन में कहा कि बार-बार बेंच एक दूसरे के पूरक है इसीलिए दोनों में सामान्य से जरूरी है दोनों के आपसी सहयोग से ही न्याय प्रक्रिया को उसके सही मुकाम तक पहुंचा जा सकता है। और साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हमें जितना सामंजस्य बिलग्राम तहसील में मिला है उतना अन्य कहीं नहीं। नायब तहसीलदार बिलग्राम ज्योति वर्मा ने अपने संबोधन में सबसे पहले अधिवक्ताओं को अधिवक्ता दिवस की बधाई दी और साथ ही उन्होंने कहा कि यहां के अधिवक्ताओं से हमे बहुत कुछ सीखने को मिला है साथ ही यह भी कहा कि बार-बार बेंच के बीच सामंजस्य जरुरी है न्याय की बात तब आती हैं।जब उत्पीड़न होता है लेकिन न्याय व बेंच के बीच की कड़ी बनते हुए अधिवक्ता वास्तविक न्याय की कड़ी को आगे बढ़ता है।

# पॉश कॉलोनी में हुए लूट और हत्याकांड का 24 घंटे में खुलासा

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** थाना हाईवे क्षेत्र के अंतर्गत गेट बंद कॉलोनी में व्यापारी की हत्या और लूट के मामले को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर के कब्जे से लूट का माल बरामद करके जेल भेजा है।

इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे ने बताया थाना हाईवे क्षेत्र के अंतर्गत स्थित श्रीनाथ अपार्टमेंट गेट बंद कॉलोनी में 3 दिसंबर को दिनदहाड़े व्यवसायी की पत्नी की चाकुओं से गोंदकर हत्या कर घर से कीमती का सामान को लूट कर ले जाने की सूचना पर पुलिस में हड़कंप मच गया घटना स्थल का निरीक्षण आईजी पुलिस आगरा के अलावा जिले के आला अधिकारियों ने किया।

घटना का अनावरण करने के लिए एसपी सिटी और क्षेत्राधिकार रिफाइनरी के नेतृत्व में 6 पुलिस की टीम में गठित की गई पुलिस सीसी कैमरा और तथ्यों की जानकारी के बाद फिजियोथैरेपिस्ट राघव शर्मा पुत्र स्वर्गीय संजय शर्मा देवासी लाजपत नगर अमर कॉलोनी सपना सिनेमा के पास दिल्ली हाल निवासी शास्त्री नगर थाना कोतवाली को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की गई तो उसने घटना को स्वीकार करते हुए अपने रक्त से रंगे हुए कपड़े और सोने के जेवरात नगदी बरामद कर घटना का खुलासा किया है।

# कैम्प लगाकर लोगों को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाए



**अवधनामा संवाददाता**

**हारदोई।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह में खाद्य सुरक्षा विभाग की जिलास्तरीय कमेटी की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि बिना लाइसेंस संचालित होने वाली खाद्य पदार्थो की दुकानों के विरुद्ध खाद्य एवं सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत कार्रवाई की जाए। न्यायिक कोर्ट में लंबित मामलों में सक्रिय पैरवी की जाए। दोषियों को कानून के अंतर्गत सजा दिलायी जाए। प्रत्येक एफएसओ लंबित मामलों की पैरवी सुनिश्चित करे। समिति का विस्तार कर खाद्य पदार्थों के व्यापारियों को शामिल किया जाए। विभाग द्वारा कैम्प लगाकर लोगों को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाए। खाद्य सुरक्षा के मानकों का पालन सुनिश्चित कराया जाए। मिलावटी दूध व खाद्य पदार्थों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, सहायक आयुक्त खाद्य सतीश कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस आशा निकेतन विशेष विद्यालय में मनाया गया

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** विश्व दिव्यांगजन दिवस पर बौद्धिक रूप से अक्षम बच्चों के विद्यालय आशा निकेतन में कई कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम के शुभारंभ में दिव्यांग बच्चों ने ईश वंदना प्रस्तुत की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में आए डॉ.आनंद मोहन प्रिंसिपल संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल का स्वागत बच्चों ने पुष्पगुच्छ देकर किया तथा आशा निकेतन निदेशक फादर रोशन और आशा निकेतन प्राचार्या सिस्टर लाईसा का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर बच्चों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसमें प्रार्थना नृत्य, योग, एरोबिक्स डांस आदि प्रस्तुत किए गए। साथ में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया




गया जिसमें वाटर बिल्डिंग, थ्रो बॉल, लेमन रेस, जंप द सर्किल, पिक द ऑब्जेक्ट आदि प्रतियोगिताओं में बच्चों ने प्रतिभागी बन अनेक पुरस्कार प्राप्त किये। मुख्य अतिथि डॉक्टर आनंद मोहन ने बच्चों के द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा विद्यालय के निदेशक फादर रोशन ने विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में आशा निकेतन विशेष विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# पुलिस मुठभेड़: ट्रैक्टर लूट की घटना में वांछित तीन गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे के निर्देशन में जनपद पुलिस के द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत मुठभेड़ के दौरान एक घायल बदमाश सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटा हुआ ट्रैक्टर और असलाह बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार प्रभारी निरीक्षक बरसाना अरविंद कुमार निर्वाल नए मुखबिर की सूचना पर मय फोर्स के आजनोख और संकेत मार्ग पर स्थित पुलिया के पास बदमाशों का और पुलिस आमना सामना हो गया। पुलिस ने बदमाशों को आत्म समर्पण के लिए ललकारा बदमाशों ने पुलिस पार्टी के ऊपर जानलेवा हमला बोलते हुए फायरिंग शुरू कर दी जिससे पुलिसकर्मी बाल बाल बच गई पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया पुलिस उसके अन्य साथियों को भी हिरासत में ले लिया।

पकड़े गए घायल बदमाश का नाम सचिन पुत्र गजेंद्र निवासी बांदा चौथ थाना और जिला डीग राजस्थान, परशुराम पुत्र रमेश निवासी नगला नेता थाना जयंत मथुरा और हिमांशु पुत्र सन्नु उर्फ कमल सिंह निवासी जाफरपुर थाना नौहझील बताएं पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों के कब्जे से अवैध असलाह लूटा हुआ एक फार्मट्रेक ट्रेक्टर घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद किया है। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराकर उसके साथियों को कानूनी कार्रवाई कर जेल भेजा है।

## आसपा ने चंद्र शेखर का जन्मदिन बहुजन भाईचारा दिवस के रूप में मनाया

**मथुरा।** आजाद समाज पार्टी काशीराम के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एड चंद्र शेखर आजाद के जन्मदिन 3 दिसम्बर को बहुजन भाईचारा दिवस के रूप में गोवर्धन विधानसभा के गाँव सोनोट में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया पार्टी ने इस दिन से संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने के लिए साथ निभाओ हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की है पार्टी कार्यकर्ताओ ने बताया की इस कार्यक्रम के मुख्य संयोजक आजाद समाज पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष पी एस विमल रहेंगे और यह अभियान मथुरा जिले की पांचो विधानसभाओ में क्षेत्रीय पदाधिकारियों के सहयोग से किया जाएगा। जिलाध्यक्ष पी एस विमल ने बताया की आज वर्तमान में देश के राजनैतिक दौर में बड़े भाई चंद्र शेखर आजाद दलित, गरीब, मजदूर, किसान और महिलाओ पर हो रहें शोषण हत्याचार के विरुद्ध संवेधानिक रूप से आवाज़ उठा रहें है।

# सपा नेताओं ने डीएम को दिया ज्ञापन

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** समाजवादी पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने ज़िलाधिकारी के माध्यम से उत्तर प्रदेश के राज्यपाल महोदय को ज्ञापन भेजा। सोमवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय द्वारा जानकारी के अनुसार ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि जिले में स्थित सफारी पार्क में पिछले चार महीने में 14 वन्य जीवों की मौत हो चुकी है,इसमें ज्यादातर जीवों की मौत का कारण सफारी पार्क के प्रबंधन की लापरवाही एंव व्याप्त भ्रष्टाचार की अहम भूमिका है,ऐसा प्रतीत होता है कि पिछली सपा सरकार में बने इस विश्व स्तरीय प्रोजेक्ट को वर्तमान भाजपा सरकार के इसारे पर सफारी प्रबंधन संचालित नहीं करना चाह रहा है,मरनें वालों में कुछ जानवर जरूर घायल अवस्था में रैस्क्यू कर लाये गये थे परंतु ज्यादातर यही पैदा हुए या स्वस्थ अवस्था में आये थे परंतु क्या कारण है कि इटावा सफारी को यहां के अक्षम प्रबंधन नें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के शासन काल में




बनें इस प्रोजेक्ट को वन्य जीवों की कब्रगाह बना दिया है,हमारे इटावा जिले को दुनिया के पर्यटन नक्शे पर लानें वाला यह बहुउद्देश्यीय प्रोजेक्ट जानबूझकर बर्बाद किया जा रहा है क्योंकि इससे समाज वादी पार्टी का नाम जुड़ा है।

अतःआपसे निवेदन है कि हाल में हुई वन्य जीवों के मृत्यु की तथा व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच केन्द्रीय ऐजेंसी से कराकर दोषी प्रबंधन के अधिकारियों के खिलाफ कठोरतम क कार्यवाही अमल में लाई जाये। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया पूर्व जिला अध्यक्ष सपा गोपाल यादव उत्तम सिंह प्रजापति सचिन यादव वीरू भदौरिया सीमा यादव सर्वेश शाक्य उदयभान सिंह आलोक दिक्षित हाशिम कुरैशी के पी शाक्य प्रवीण दुबे अभिनव यादव देवेंद्र भदोरिया संतोष राठौड़ सुरेश चंद्र रामवीर यादव जसवंतनगर सत्यवान सिंह मुस्तकीम रतन चौधरी सीमा यादव मालती यादव मीरा गुप्ता मंजू यादव नफ़ीसुल हसन अंसारी अनवर हुसैन फरहान शकील मनोज राणा नरेंद्र पाल शशि यादव राकेश यादव दीपू कुशवाहा भोलू खान समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# सेंटमेरी कॉलेज में सीनियर बच्चों की प्रस्तुतियों ने मचाया धमाल

**वहाज अली निहाल**

**इटावा।** सेंटमेरी इंटर कॉलेज में आयोजित हुए दो दिवसीय वार्षिक उत्सव मैरियावगेंजा 23 के दूसरे दिन भी भव्य पंडाल में उपस्थित हुए हजारों अभिभावकों की उपस्थिति में विद्यालय के सीनियर बच्चों ने विशाल मंच पर सतरंगी लाइटों की जगमग के बीच नृत्य और गीतों की धमाकेदार नाट्य प्रस्तुतियां देकर अपने हुनर एवं कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि व्यक्तित्व के निर्माण में संस्कारों का सर्वाधिक महत्त्व है और यह जिम्मेदारी सबसे पहले माता पिता की होती है। यदि मां बाप अपने बच्चों को आरंभ से ही अच्छे संस्कार दें तो वे विद्यालयों में भी संस्कारी विद्यार्थी के रूप में आगे चलकर देश के एक जिम्मेदार नागरिक बनते हैं। नई पीढ़ी के बच्चों को सीख देते हुए उन्होंने कहा कि आपके लिए माता पिता से बढ़कर

**■ व्यक्तित्व के निर्माण में संस्कारों का सर्वाधिक महत्त्व है: वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक**

और कोई हितैषी नहीं हो सकता। इसलिए उनकी उपेक्षा कर किसी और के बहकावे में आकर अपना जीवन बर्बाद न करें। जो अपने माता-पिता और शिक्षक गुरुओं का सम्मान करते हैं, वही आदर्श व्यक्तित्व का जीवन पाते हैं। इसी तरह यदि सभी लोग अपने उत्तरदायित्वों का सही ढंग से निर्वहन करें तो हमारा समाज और राष्ट्र अच्छा बनेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सम्माननीय थॉमस पडियाथ ऑक्सिलियरी बिशप इटावा राजस्थान रीजन ने अपने संबोधन में कहा कि सेंटमेरी कालेज के शिक्षकों के समर्पण, छात्रों के कमिटमेंट और अभिभावकों के सहयोग व समर्थन ने इस एनुअल डे आयोजन को अभूतपूर्व बना दिया है। सच तो यह है कि मरियन हमेशा से ही एक्सीलेंट रहे हैं क्योंकि हमने देश में शांति और मानवता के लिए भावी पीढ़ी को पूरे



समर्पण के साथ तैयार किया है। हमारा भारत देश भी इन्हीं पवित्र मूल्यों के चलते पूरी दुनिया में सबसे महान माना गया। इससे पूर्व समारोह के विशिष्ट अतिथि अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने अपने प्रेरक उद्बोधन में विद्यार्थियों से कहा कि सकारात्मक सोच और चमत्कार पर भी विश्वास रखते हुए जिंदगी में सदैव आम नहीं बल्कि खास बनने का ही सपना देखना, तो जरूर एक दिन आपको आपका लक्ष्य हासिल होगा। सेंटमेरी कालेज में ही पढ़े और वर्तमान में पटना बिहार के एसडीएम आशुतोष गुप्ता तथा चकरनगर के एसडीएम ब्रह्मानंद ने अपने छात्र जीवन की यादों को ताजा करते हुए कहा कि आज वह जिस मुकाम पर पहुंचे हैं, और जो बेहतर जीवन स्तर मिला, उसमें सेंटमेरी कालेज और इसके समर्पित शिक्षकों का बहुत बड़ा योगदान है, जिसके लिए हम सदैव इस विद्यालय के कृतज्ञ रहेंगे। कार्यक्रम को बाल संरक्षण अधिकारी सोहन गुप्ता ने भी संबोधित किया और हेल्पलाइन नंबर 1098 की उपयोगिता के बारे में बताया। इससे पूर्व सभी अतिथियों का स्कूल के बच्चों ने बैंड बाजो के साथ सलामी देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ आए हुए अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं परदे पर अंतो हिम के फिल्मांकन के साथ समारोह के बाद मार एंटोनी कार्डिनल पडियारा के सम्मान में समर्पित भव्य मंच पर कालेज के वाइस प्रिंसिपल फादर बिबिन ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस एनुअल डे सेलिब्रेशन में बच्चों द्वारा की जा रही कड़ी मेहनत से प्रस्तुत होने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से यह सन्देश देने का भरसक प्रयास किया गया है जिससे देश में शांति, सदभाव और समृद्धि का वातावरण बने। इसके बाद विद्यालय के जूनियर और सीनियर क्लासेज के बच्चों ने मंच की सतरंगी लाइटों के बीच गीत, संगीत और नृत्य नाटिकाओं का शानदार प्रदर्शन कर धमाल सा मचा दिया जिस पर पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठा।

# कमजोर बूथों पर पहुंच कर विस्तार की योजना बनाएं: धर्मपाल

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** भाजपा कार्य विस्तारक योजना को लेकर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें आगामी लोकसभा चुनाव सहित अनेक विषयों पर चर्चा की गई। संगठन को मजबूत बनाने को लेकर जोर दिया गया। सोमवार को जिला कार्यालय पर हुई बृज क्षेत्र विस्तारक योजना बैठक का शुभारंभ करते हुए भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए बनाई गई विस्तारक योजना तभी सफल होगी जब सभी विस्तारक कार्यशाला में मिले अनुभव के आधार पर संगठन के लिए कार्य करेंगे।

कमजोर बूथों पर योजना बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि सभी विस्तारक अपने अपने क्षेत्र में जाकर पार्टी के लिए सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तत्पर रहें।

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बृजक्षेत्र प्रभारी संतोष सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि विस्तारक योजना में शामिल सभी कार्यकर्ताओं ने पार्टी को गति प्रदान की है। सरकार के कार्यो को पर्दे के पीछे से जन जन तक पहुंचाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। भाजपा प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा ने कहा कि कार्यकर्ता आगामी चुनाव के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दें। सबको मिलकर संगठन की मजबूती के लिए कार्य करना है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य ने कहा कि घर परिवार को छोड़कर देश व समाज के लिए कार्य करना गौरव की बात है। अपना पूरा समय देकर पार्टी के लिए सर्वस्व न्योछावर करने के लिए विस्तारक की भूमिका पर्दे के पीछे की है जो कुशलता पूर्वक निभाई जाती है। महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि विस्तारक पार्टी के दीपक के समान हैं। इस स्वर्णिम काल को स्थापित करने के लिए विस्तारक हमेशा याद किए जाएंगे।

## ठाकुर श्रीराधा दामोदर मंदिर में संपन्न हुआ सामूहिक विवाह समारोह

**मथुरा।** सेवाकुंज क्षेत्र स्थित प्राचीन ठाकुर श्रीराधा दामोदर मंदिर के श्रील रूप गोस्वामी कॉरिडोर में श्रील जीव गोस्वामी सेवा ट्रस्ट के द्वारा सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन मंदिर की प्रधान सेवायत श्रीमती तरूलाता गोस्वामी (मां गुसाईं) के पावन सानिध्य में बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ संपन्न हुआ।

मंदिर के वरिष्ठ सेवायत आचार्य करुण कृष्ण गोस्वामी एवं आचार्य तरुण कृष्ण गोस्वामी ने बताया कि श्रीजीव गोस्वामी सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में सम्पन्न हुए सामूहिक विवाह समारोह में चार निर्धन जोड़ों का विवाह संस्कार वैदिक सनातन संस्कृति के अनुसार सम्पन्न कराया गया।जिसके अंतर्गत वर-वधू को बैड, गद्दे-तकिए,सिलाई मशीन अलमीरा, फर्नीचर, पंखा, मिक्सी, कुर्सी, बर्तन, कपड़े एवं अन्य दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं प्रदान की गई।साथ ही वर-वधू पक्ष के लोगों को भोजन की व्यवस्था भी की गई है। सेवायत आचार्य कृष्ण बलराम गोस्वामी एवं आचार्य पूर्णेन्दु गोस्वामी ने कहा कि मंदिर की प्रधान सेवायत श्रीमती तरूलाता गोस्वामी (मां गुसाईं) की सद् प्रेरणा से श्रीजीव गोस्वामी सेवा ट्रस्ट समय-समय पर अनेकों सेवा कार्य आयोजित करता रहता है।इसी क्रम में आज ट्रस्ट के द्वारा मंदिर परिसर में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया है।

# सिम्स हॉस्पिटल ने मथुरा न्यायालय में लगाया नि:शुल्क हेल्थ कैम्प

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (सिम्स हॉस्पिटल) ने मथुरा न्यायालय में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं हेल्थ टॉक का आयोजन किया। स्वास्थ्य शिविर का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश आशीष गर्ग, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव नीरु शर्मा एवं जनपद न्यायाधीश आशीष गर्ग एवं सिम्स हॉस्पिटल के चिकित्सकों द्वारा हुआ। जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आशीष गर्ग की अध्यक्षता में केन्द्रीय कक्ष में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में सिम्स हॉस्पिटल मथुरा के चेयरमैन डॉ. गौरव भारद्वाज और मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश आशीष जैन, अपर जिला जज हरेन्द्र प्रसाद, अभिषेक पाण्डेय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरू शर्मा सहित समस्त न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारी, अधिवक्ता तथा परिवारीजन उपस्थित रहे। अपर जिला जज व प्रभारी अधिकारी नजारत नितिन पाण्डेय द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के आयोजन व व्यवस्था में विशेष सहयोग किया गया। आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण में मुख्य चिकित्साधिकारी मथुरा डॉ. अजय कुमार वर्मा, चिकित्साधिकारी डॉ. भूदेव सिंह, डॉ. अमित कश्यप, डॉ. स्वाति जाड़िया, डॉ. दीपेश गुप्ता, डॉ. अजस्वी यादव, डॉ. सचिन शर्मा आदि उपस्थित रहे तथा सभी अधिकारियों ने सिम्स हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. गौरव भारद्वाज का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सिम्स हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. गौरव भारद्वाज ने कहा कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं सचिव नीरू शर्मा और जनपद न्यायाधीश आशीष गर्ग जी के सहयोग से सिम्स हॉस्पिटल द्वारा आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में न्यूरो सर्जन डॉ. एस.के.गुप्ता, नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. आशीष शर्मा, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अर्पित अग्रवाल, जनरल सर्जन डॉ. ब्रिजेंद्र तिवारी, ऑर्थोपेडिक्स डॉ. स्वप्निल वर्मन, स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. दिशा वर्मन, नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. शिखा सिंह शर्मा, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. नेहा शर्मा आदि उपस्थित रहे। इसके साथ स्वास्थ्य शिविर में ही ई.सी.जी. ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, विटामिन डी, कैल्शियम की जाँच एवं निःशुल्क परामर्श दिया गया।

# ब्रज विकास के लिए नो सदस्य समिति गठित

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** मुख्य कार्यपालक अधिकारी नगेन्द्र प्रताप ने अवगत कराया है कि उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद अधिनियम 2015 यथासंशोधित 2017 की धारा 15,16,17 एवं 18 प्रदत्त प्राविधानों के अनुसार निरूपति ब्रज विकास योजना-2041 का अनुमोदन एवं विमोचन परिषद की छंटवी बोर्ड बैठक में परिषद के अध्यक्ष/प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार द्वारा दिनांक 24.06.2023 को किया गया है। तत्क्रम में धारा 18 (1) के अनुसार दैनिक समाचार पत्रों में कराये गये प्रकाशन दिनांक 04.07.2023 से ब्रज विकास योजना-2041 का आलेख कार्यान्वयन हेतु प्रचलित है। आलेख के रणनीति प्रस्ताव 1 एवं 2 के अनुसार ब्रज क्षेत्र की धरोहर के स्थापत्य कला के विकास एवं नियोजन हेतु स्थानीय निकायों एवं विद्यमान ढांचों के सुद्रणीकरण के उद्देश्य से उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद कार्यालय मथुरा में ब्रज धरोहर संरक्षण एवं प्रबंधन केन्द्र स्थापित है। केन्द्र संचालन हेतु अध्यक्ष मुख्य कार्यपालक अधिकारी उ0प्र0 ब्रजतीर्थ विकास परिषद, सदस्य उपाध्यक्ष मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण, मुख्य नगर निगम एवं ग्राम नियोजक लखनऊ द्वारा नामित प्रतिनिधि/टाउन प्लानर, नगर आयुक्त मथुरा वृन्दावन द्वारा नामित प्रतिनिधि अधिकारी तथा उपाध्यक्ष उ0प्र0 ब्रजतीर्थ विकास परिषद द्वारा नामित पर्यावरण नियोजन विशेषज्ञ द्वारा ब्रज क्षेत्र के धरोहर एवं पारिस्थितिकी संरक्षण हेतु समस्त विषयों पर निर्णय लेने के लिए सक्षम होंगे।

# मन तथा इंद्रियों पर संयम विषय कार्यशाला आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** किशोरी रमण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मथुरा के संस्कृति सभागार में हरे कृष्ण भक्ति योग समिति एवं एन एस एस एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में मन तथा इंद्रियों का संयम विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें 300 छात्र- छात्राओं ने सहभागिता की। संस्था के गुरु जी श्रीपाद रोहिणी नंदन दास जी इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। इन्होंने अपने संभाषण में उपस्थित प्राध्यापको एवं विद्यार्थियों को ईश्वर व्यक्ति और व्यक्ति के मां के मध्य संबंधों के विषय में महत्वपूर्ण तथ्यों से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को यदि तनाव मुक्त रहना है तो उसे निरंतर अपने मन में ईश्वर का स्मरण करते रहना चाहिए ना की भौतिक वस्तुओं से आकर्षक रखना चाहिए।

कार्यक्रम में जर्मनी से आई बकुला देवी ने भी अपना भाषण दिया इन्होंने कहा कि व्यक्ति को अपने जीवन की प्रत्येक अवस्था मैं निहित अपने कर्तव्यों को समझना चाहिए और उन कर्तव्यों के अनुसार जीवन जीने से ही जीवन सफल हो सकता है। इस कार्यशाला के संरक्षक महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर (डा.) प्रवीण कुमार अग्रवाल ने कहा कि महाविद्यालय में आयोजित की गई कार्यशाला में यह सतत प्रयास किया जाना चाहिए कि व्यक्ति के मन से तनाव कम हो जिससे कि वह अपने सकारात्मक कार्यों में ऊर्जा को लगा सके। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर राजेश अग्रवाल ने कार्यक्रम में स्वागत भाषण देते हुए कहा कि छात्रों हेतु मन तथा इंद्रियों का संयम अति महत्वपूर्ण विषय है। इसका कारण यह है की इस उम्र में मन पर संयम अति आवश्यक है नहीं तो छात्र अपने शैक्षणिक एवं अन्य गुणवत्तापूर्ण लक्ष्यों से भटक सकते हैं जिससे उनका अहित होगा। कार्यक्रम का संचालन हरे कृष्ण भक्ति योग संस्था के श्री अनंत कृष्ण दास जी ने किया। कार्यक्रम के संचालन समिति में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ अशोक कौशिक एवं डॉ नवीन अग्रवाल तथा एनसीसी अधिकारी डॉ कपिल कौशिक ने विशेष सहयोग दिया।

# दक्षिण कोरिया के खिलाफ जीत के दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा भारत



भारत FIH हॉकी पुरुष जूनियर वर्ल्ड कप 2023 में अपने अभियान की शुरुआत मंगलवार को साउथ कोरिया के खिलाफ करेगा। वहीं ये मुकाबला मलेशिया के कुआलालंपुर में खेला जाएगा।

दो बार का चैंपियन भारत FIH हॉकी पुरुष जूनियर वर्ल्ड कप 2023 में अपने अभियान की शुरुआत मंगलवार को साउथ कोरिया के खिलाफ करेगा। वहीं ये मुकाबला मलेशिया के कुआलालंपुर में खेला जाएगा। बता दें कि, भारत पूल ष्ट में हैं जहां उसके साथ कोरिया रिपब्लिक, स्पेन और कनाडा भी हैं।

इससे पहले भारत 2001 में होबार्ट और 2016 में लखनऊ में चैंपियन बना था। इसके अलावा वह 1997 में इंग्लैंड के मिल्टन कीज मेंउपविजेता रहा था। पिछली बार दो साल पहले भुवनेश्वर में उसे चौथे स्थान से संतोष करना पड़ा था। भारत को आसान पूल में रखा गया है जिसमें उसका सामना कोरिया के अलावा कनाडा और स्पेन से होगा। कोरिया के बाद भारतीय टीम गुरुवार को स्पेन और शनिवार को कनाडा से खेलेगी।

जबकि, पूल ए में गत चैंपियन अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, चिली और मलेशिया, जबकि पूल बी में मिस्र, फ्रांस, जर्मनी और दक्षिण अफ्रीका हैं। पूल डी में बेल्जियम, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान को रखा गया है। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल क्रमशः 12, 14 और 16 दिसंबर को खेले जाएंगे।

फारवर्ड उत्तम सिंह की अगुवाई वाली भारतीय टीम आत्मविश्वास से भरी है क्योंकि कोरिया के खिलाफ उसका रिकॉर्ड अच्छा रहा है। इन दोनों टीम के बीच जो 6 मैच खेले गए हैं उनमें से भारत ने तीन में जीत दर्ज की है। कोरिया ने दो मैच जीते हैं जबकि एक मैच ड्रॉ रहा है। इससे पहले इन दोनों टीम के बीच मुकाबला इस साल के शुरू में जूनियर विश्व कप में हुआ था जहां भारतीय टीम ने कोरिया को 9-1 से करारी शिकस्त ली थी। भारतीय कप्तान उत्तम सिंह भी अच्छी शुरुआत करने के प्रति आश्वस्त हैं। उन्होंने कहा,''विश्व कप का इंतजार आखिर में खत्म हो गया और हम अच्छी शुरुआत करने के लिए आश्वस्त हैं। हमने हाल में कोरिया का सामना किया था और हम चुनौती से अच्छी तरह वाकिफ हैं लेकिन हमारा ध्यान रणनीति पर अच्छी तरह से अमल करने और अच्छी हॉकी खेलने पर होगा।''

भारतीय कोच सीआर कुमार ने कहा कि टीम ने बहुत अच्छी तैयारी की है लेकिन वह किसी चीज को तय मानकर नहीं चलेगी। उन्होंने कहा,''खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत की है और हम टूर्नामेंट के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। कोरिया अच्छी टीम है और आप उन्हें हल्के से नहीं ले सकते हैं। यह बड़ी प्रतियोगिता है और हमें प्रत्येक विरोधी टीम का सम्मान करना होगा। वहीं, अंडर-21 खिलाड़ियों के लिए 12 दिवसीय प्रतियोगिता मलेशिया नेशनल हॉकी स्टेडियम में खेली जाएगी। FIH हॉकी पुरुष जूनियर वर्ल्ड कप की लाइव स्ट्रीमिंग और टेलीकास्ट भारत में भी उपलब्ध होगी।

# नीरज चोपड़ा ने आइडिया एक्सचेंज में दिया बयान, कहा- मेरी भारत में एक बड़े अंतरराष्ट्रीय आयोजन में प्रतिस्पर्धा करने की इच्छा



नीरज चोपड़ा ने बताया कि वर्ल्ड कप 2023 फाइनल में भारतीय टीम कहां चूकी। गोल्डन बॉय ने यह भी बताया कि युवाओं को क्यों सफलता के लिए शॉर्टकट के बजाय धैर्य और प्रॉसेस का विकल्प चुनना चाहिए। देश के गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा ने इंडियन एक्सप्रेस के आइडिया एक्सचेंज में शिकरत की। इस दौरान उन्होंने कई सवालों के जवाब भी दिए। इसके साथ ही उन्होंने नीरज चोपड़ा ने बताया कि वर्ल्ड कप 2023 फाइनल में भारतीय टीम कहां चूकी। गोल्डन बॉय ने यह भी बताया कि युवाओं को क्यों सफलता के लिए शॉर्टकट के बजाय धैर्य और प्रॉसेस का विकल्प चुनना चाहिए।

जब उनसे सवाल किया गया कि वर्ल्ड कप फाइनल में आप थे, एक फैन के रूप में कैसा अनुभव रहा? बड़े मैच विजेता के रूप में ऑस्ट्रेलिया पर आपके विचार क्या हैं? जिस पर नीरज कहते हैं कि, पहली बार था जब मैंने कोई क्रिकेट मैच पूरा देखा। जब मैं फ्लाइट में था तब तक भारत तीन विकेट खो चुका था। जब मैं स्टेडियम पहुंचा तो विराट कोहली और केएल राहुल बल्लेबाजी कर रहे थे। कुछ तकनीकी बातें हैं जो मुझे समझ नहीं आतीं। दिन में बल्लेबाजी करना बहुत आसान नहीं था। मुझे लगता है कि शाम के समय बैटिंग करना आसान हो गई। लेकिन हमारे लोगों ने कोशिश की।

साथ ही नीरज ने कहा कि कभी-कभी हमारा दिन नहीं होता। लेकिन सच कहूं तो सभी के लिए टूर्नामेंट शानदार रहा। हो सकता है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम ने कहीं न कहीं मानसिक रूप से शुरुआत में बढ़त बनाए रखी। जब उन्होंने गेंदबाजी की तो मैंने पाया कि वे मानसिक रूप से बहुत मजबूत थे। आखिर में उन्होंने पूरी तरह से इस खेल को पलट दिया वे अपने खेल को लेकर आश्वस्त थे।

# भारत के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका के स्कॉड का एलान, देखें, टी20, वनडे और टेस्ट टीमें



भारत के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज, वनडे और टेस्ट सीरीज के लिए साउथ अफ्रीका ने अपने स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। जहां टी20 और वनडे की कमान एडन माक्रम के कंधों पर दी गई है। तो वहीं टेस्ट की अगुवाई टेम्बा बावुमा करेंगे।

साउथ अफ्रीका ने भारत के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज, वनडे और टेस्ट सीरीज के लिए अपने स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। जहां टी20 और वनडे की कमान एडन मार्क्रम के कंधों पर दी गई है। तो वहीं टेस्ट की अगुवाई टेम्बा बावुमा करेंगे। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 10 दिसंबर से टी20 सीरीज का आगाज होगा।

साउथ अफ्रीका दौरे पर भारत 3 टी20 और इतने ही वनडे मैचों की सीरीज खेलेगा। इसके बाद दोनों टीमों के बीच 2 टेस्ट मैच खेले जाएंगे। जिसका दूसरा टेस्ट 2024 में भारत और दक्षिण अफ्रीका का पहला मैच होगा। बीसीसीआई दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए टीम इंडिया के स्क्वॉड का ऐलान पहले ही कर चुकी है। एडन मार्क्रम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, मैथ्यू ब्रीट्जके, नांद्रे बर्गर, गेराल्ड कोएट्जी (पहले और दूसरे टी20 के लिए), डोनोवन फरेरा, रीज़ा हेंड्रिक्स, मार्को जानसेन (पहले और दूसरे टी20 के लिए), हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी (पहले और दूसरे टी20 के लिए), एंडिले फेहलुकवायो, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स, लिजाड विलियम्स। एडन मार्क्रम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, नांद्रे बर्गर, टोनी डी जोरजी, रीज़ा हेंड्रिक्स, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, मिहलाली मपोंगवाना, डेविड मिलर, एंडिले फेहलुकवायो, तबरेज शम्सी, वियान मुल्डर, रासी वैन डेर डुसेन, काइल वेरिन, लिजाड विलियम्स।

टेम्बा बावुमा (कप्तान), डेविड बेडिंघम, नांद्रे बर्गर, गेराल्ड कोएत्जी, टोनी डी जोरजी, डीन एल्गर, मार्को जानसन, केशव महाराज, एडन माक्रम, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, कीगन पीटरसन, कैगिसो रबाडा, ट्रिस्टन स्टब्स, काइल वेरिन।

# वेड को आउट करने के बाद विश्वास हो गया था कि हम मैच जीत सकते हैं : अर्शदीप



अर्शदीप सिंह ने अपने बाउंसर और यार्कर का अच्छा इस्तेमाल करके भारत को 6 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इससे भारत ने पांच मैच की श्रृंखला 4-1 से जीती। अर्शदीप ने तीसरी गेंद पर वेड को श्रेयस अय्यर के हाथों कैच करा कर भारत को वापसी दिलाई।

पहले तीन ओवर में 37 रन लुटाने के बाद अंतिम ओवर में शानदार वापसी करने वाले तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मैथ्यू वेड को आउट करने के बाद उन्हें विश्वास हो गया था कि भारत पांचवा और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच जीत सकता है। अर्शदीप को चिन्नास्वामी स्टेडियम की मुश्किल पिच पर अंतिम ओवर में 10 रन का बचाव करने का जिम्मा सौंपा गया।

बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने अपने बाउंसर और यार्कर का अच्छा इस्तेमाल करके भारत को 6 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इससे भारत ने पांच मैच की श्रृंखला 4-1 से जीती। अर्शदीप ने तीसरी गेंद पर वेड को श्रेयस अय्यर के हाथों कैच करा कर भारत को वापसी दिलाई। इस तेज गेंदबाज को लगता है कि इससे भारत का पलड़ा भारी हो गया था। उन्होंने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा,''मुझे नहीं लगता कि परिस्थितियां गेंदबाजों के अनुकूल थी क्योंकि मैंने बहुत ढीली गेंदें की। अर्शदीप से पूछा गया कि जब कप्तान सूर्यकुमार यादव ने उन्हें अंतिम ओवर करने के लिए दिया तो वह कैसा महसूस कर रहे थे, उन्होंने कहा,''मैं केवल यही सोच रहा था कि मेरे पास गंवाने के लिए कुछ भी नहीं है क्योंकि मैं पहले ही काफी रन लुटा चुका था। सूर्या भाई ने भी यही बात कही कि देखते हैं क्या होता है। उन्होंने कहामुझे लग रहा था कि मैं बाउंसर करके वेड के दिमाग में संदेह पैदा कर सकता हूं और जब मैंने उसका विकेट लिया तो मुझे विश्वास हो गया था कि हम मैं जीत सकते हैं।

इस तेज गेंदबाज ने सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व कौशल की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा,''सूर्या भाई हमें काफी स्वतंत्रता देते हैं। हम इस श्रृंखला में पहले बल्लेबाजों के लिए अनुकूल पिचों पर खेले हैं लेकिन वह कहते रहे कि जहां चुनौतियां हैं वहां अवसर भी जरूर होंगे। अर्शदीप ने कहा,''वह हमसे कहते रहे की परिणाम को लेकर चिंता मत करो तथा प्रक्रिया पर ध्यान दो। उन्होंने हम पर कभी दबाव नहीं बनाया। उन्होंने मुझसे कहा कि डेथ ओवरों में मैं जिस तरह की गेंदबाजी करना चाहता हूं वैसे ही करूं और वह उसका पूरा समर्थन करेंगे।

अर्शदीप ने एक सप्ताह के अंदर शुरू होने वाले दक्षिण अफ्रीका के दौरे को बारे में कहा,''हमारा ध्यान अभी वर्तमान श्रृंखला पर था। हम बहुत आगे के बारे में नहीं सोच रहे थे। एक बार जब हम वहां (दक्षिण अफ्रीका) पहुंच जाएंगे तो वहां की परिस्थितियों को देखकर ही अपनी रणनीति तय करेंगे।

# दीपिका पादुकोण एलए में द एकेडमी यूजियम गाला में भाग लेने वाली पहली भारतीय



दीपिका पादुकोण ने एक बार फिर देश को अपनी वैश्विक उपलब्धियों पर गर्व महसूस करने का एक बड़ा मौका दिया है, क्योंकि वह लॉस एंजिल्स में अकादमी संग्रहालय गाला में भाग लेने वाली पहली भारतीय बन गई हैं।

दीपिका पादुकोण ने एक बार फिर देश को अपनी वैश्विक उपलब्धियों पर गर्व महसूस करने का एक बड़ा मौका दिया है, क्योंकि वह लॉस एंजिल्स में अकादमी संग्रहालय गाला में भाग लेने वाली पहली भारतीय बन गई हैं। जो लोग नहीं जानते उनके लिए बता दें कि अकादमी संग्रहालय गाला ऑस्कर के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मंच है जो उसी बोर्ड द्वारा आयोजित किया जाता है। दरअसल, इस साल की शुरुआत में जहां दीपिका ने ऑस्कर में भारतीय गाना पेश करने के लिए मंच पर उतरकर इतिहास रचा था, वहीं अब साल 2023 के अंत में उन्होंने कुछ ऐसा किया है जो एक उपलब्धि बन गई है।

इवेंट में अपनी उपस्थिति के दौरान, दीपिका पादुकोण नीले मखमली गाउन और न्यूनतम आभूषण में बहुत सुंदर लग रही थीं। उन्होंने कम से कम मेकअप किया था और अपने बालों को खुला रखा था। उन्होंने अपने लुक को डायमंड रिंग्स, इयररिंग्स और ब्रेसलेट से पूरा किया। ऐसे में फैंस अपनी एक्साइटमेंट पर काबू नहीं रख पाए क्योंकि उनकी पसंदीदा एक्ट्रेस ने एक बार फिर इतने बड़े ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर देश का प्रतिनिधित्व कर सभी को गौरवान्वित किया है।

दीपिका की 2023 की दोनों फिल्में पठान और जवान ने दुनियाभर में 2200 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। वह उन कुछ भारतीयों में से एक थीं जिन्हें टाइम मैगजीन के कवर पर जगह मिली थी। उन्होंने ऑस्कर जैसे सबसे बड़े मंच पर ऑस्कर विजेता गाना नातू नातू पेश किया और अब उनकी उपलब्धियों की सूची में एलए की यह उपलब्धि भी शामिल हो गई है।

दो बड़ी और सफल रिलीज़ के साथ दीपिका के लिए यह धमाकेदार साल रहा है, और अब अगले साल अभिनेता की दो बड़ी रिलीज़ होने वाली हैं। जनवरी महीने में डीपी की दो बड़ी फिल्में नाग अश्विन की कल्कि 2898 एडी और सिद्धार्थ आनंद की फाइटर बड़े पर्दे पर रिलीज होंगी। इन फिल्मों में ग्लोबल स्टार फ्रेश जोड़ियों में भी नजर आएंगे। जबकि वह वाईआरएफ की फाइटर में पहली बार ऋतिक के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी, कहा जाता है कि यह योजनाबद्ध हवाई एक्शन फ्रेंचाइजी में भारत की पहली फिल्म है। दूसरी ओर, वह आगामी भारतीय महाकाव्य विज्ञान कथा डायस्टोपियन फिल्म कल्कि 2898 एडी में बाहुबली के प्रसिद्ध अभिनेता प्रभास के साथ दिखाई देंगी। यह नाग अश्विन द्वारा लिखित और निर्देशित है और वैजयंती मूवीज़ के सी. असवानी दत्त द्वारा निर्मित है।

# सिद्धार्थ मल्होत्रा ने कियारा आडवाणी को किया था रोम में शादी के लिए प्रपोज



कॉफ़ी विद करण सीज़न 8 के अगले एपिसोड का नवीनतम प्रोमो सामने आ गया है और शो के अगले अतिथि लस्ट स्टोरीज़ जोड़ी, कियारा आडवाणी और विक्की कौशल हैं। दोनों ने एक साथ दो फिल्मों में काम किया है और एक-दूसरे के बारे में बताने के लिए उनके पास बहुत कुछ होगा।

कॉफ़ी विद करण सीज़न 8 के अगले एपिसोड का नवीनतम प्रोमो सामने आ गया है और शो के अगले अतिथि लस्ट स्टोरीज़ जोड़ी, कियारा आडवाणी और विक्की कौशल हैं। दोनों ने एक साथ दो फिल्मों में काम किया है और एक-दूसरे के बारे में बताने के लिए उनके पास बहुत कुछ होगा। हालांकि, सबसे बड़ा खुलासा खुद कियारा ने रोम में अपने बड़े प्रपोजल को लेकर किया था। इसके अलावा विक्की कौशल ने यह भी बताया कि आमतौर पर कैटरीना कैफ उन्हें कैसे बुलाना पसंद करती हैं। प्रोमो मजेदार लग रहा था और यह कहना सुरक्षित है कि चक्ख्य का अगला एपिसोड मजेदार होगा।

चक्ख्य प्रोमो में होस्ट और फिल्ममेकर करण जौहर कियारा से बात करते हैं और कहते हैं कि आखिरी बार विकी कौशल उनके पति सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ शो में आए थे। जिस पर कियारा यह बताने के लिए काफी उत्साहित दिख रही हैं कि ठीक एक हफ्ते पहले, युगल रोम में एक रोमांटिक छुट्टी पर थे और तभी शेरशाह अभिनेता ने अपनी प्रेमिका को प्रपोज किया था। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि उसी सप्ताह, सिड केडब्ल्यूके सोफे पर थे जब उन्होंने आडवाणी के साथ रिश्ते में होने से इनकार कर दिया था। कियारा के इस खुलासे से विक्की कौशल भी हैरान नजर आए. प्रोमो में कौशल ने कहा, उन्होंने वास्तव में अच्छा खेला।

क्या आप जानते हैं कैटरीना कैफ विक्की कौशल को घर पर क्या कहकर बुलाती हैं?

शो के गेम सेगमेंट में करण जौहर ने पूछा कि कैटरीना कैफ विक्की को घर पर कैसे बुलाना पसंद करती हैं। सैम बहादुर के पास इसका सबसे मजेदार जवाब था, उन्होंने कहा, बूबू, बेबी, ऐ। इस प्यारे जोड़े के रिश्ते की सिर्फ कल्पना ही की जा सकती है।

कॉफी विद करण सीजन 8 में अब तक रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, आलिया भट्ट, करीना कपूर खान, सारा अली खान, अनन्या पांडे, सनी देओल और बॉबी देओल, वरुण धवन और सिद्धार्थ मल्होत्रा नजर आ चुके हैं। कॉफी विद करण 8 के हर एपिसोड ने सुर्खियां बटोरीं चाहे वो रणवीर-दीपिका हों या सारा-अनन्या। चक्ख्य8 गुरुवार को डिज़्नी हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगा।

# रणबीर कपूर की फिल्म ने वीकेंड में कर डाली 350 करोड़ कमाई, शाहरुख खान को मिली बड़ी चुनौती



रणबीर कपूर की महाकाव्य एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर आग लगा दी है, न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर लहरें पैदा कर दी हैं। वैरायटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने नेपोलियन और द हंगर गेम्स जैसी अंतरराष्ट्रीय हिट फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है और विश्व स्तर पर बॉक्स ऑफिस विजेता बनकर उभरी है।

रणबीर कपूर की महाकाव्य एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर आग लगा दी है, न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर लहरें पैदा कर दी हैं। वैरायटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने नेपोलियन और द हंगर गेम्स जैसी अंतरराष्ट्रीय हिट फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है और विश्व स्तर पर बॉक्स ऑफिस विजेता बनकर उभरी है। व्यापार विश्लेषकों के अनुसार, शानदार शुरुआती सप्ताहांत में, एनिमल ने 360 करोड़ की शानदार कमाई की, जिससे यह दुनिया भर में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई। जवान के बाद मार्किंग एनिमल साल की दूसरी ऐसी फिल्म है, जो भारत में प्रतिष्ठित 200 करोड़ क्लब और दुनिया भर में केवल तीन दिनों के भीतर 350 करोड़ क्लब में शामिल हो गई है। यह एनिमल को भारतीय सिनेमा के इतिहास में दूसरी सबसे बड़ी ओपनर के रूप में रखता है।

एनिमल को 38 वैश्विक क्षेत्रों में रिलीज़ किया गया, उत्तरी अमेरिका में इसने 6.1 मिलियन डॉलर की भारी कमाई की, जो 50.83 करोड़ के बराबर है। संदीप रेड्डी वांगा की खून से लथपथ कहानी तीव्रता के साथ सामने आती है, जो विश्व स्तर पर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती है, क्योंकि यह अपने शुरुआती दिन में शतक बनाने वाली तीसरी बॉलीवुड फिल्म बन गई और पूरे सप्ताहांत में अपनी अजेय गति बनाए रखते हुए, हर दिन दुनिया भर में 100 करोड़ रुपये कमाए। जहां जवान 384.6 करोड़ के साथ शुरुआती सप्ताहांत की कमाई में एनिमल को पीछे छोड़ने वाली एकमात्र फिल्म बनी, वहीं पठान ने 313 करोड़ की कमाई की।

रणबीर कपूर के साथ अनिल कपूर, बॉबी देओल और रश्मिका मंदाना जैसे कलाकारों की टोली के साथ, एनिमल ने, मिश्रित से लेकर नकारात्मक समीक्षाओं के बावजूद, इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया है। इसने भारत में किसी वयस्क-प्रमाणित फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ ओपनिंग होने का गौरव अर्जित किया। 209 मिनट के लंबे रनटाइम, वयस्क प्रमाणन और निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा की ध्रुवीकरण प्रतिष्ठा के बावजूद, एनिमल बॉक्स ऑफिस पर विजयी हुई है और संशयवादियों और संदेह करने वालों को चुप करा दिया है।

यह जीत रणबीर कपूर की पिछली वैश्विक चार्ट-टॉपर, ब्रह्मास्त्र के बाद हुई है, जिसने एक बार फिर उनकी स्टार पावर और दुनिया भर के दर्शकों को आकर्षित करने की क्षमता साबित की है। यह फिल्म 1 दिसंबर 2023 को बड़े पर्दे पर रिलीज हुई थी और महज तीन दिनों में इसने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। अब दर्शकों की निगाहें नम हो गई हैं कि क्या एनिमल शाहरुख की पठान और जवां का लाइफटाइम कलेक्शन तोड़ पाएगा या नहीं?

# बायकॉट तारक मेहता का उल्टा चश्मा क्यों ट्रेंड कर रहा है?

## दयाबेन की वापसी के बारे में तेजी से हो रही है चर्चा



तारक मेहता का उल्टा चश्मा हिंदी टेलीविजन पर सबसे ज्यादा देखा जाने वाला सिटकॉम है। यह शो पिछले एक दशक से अधिक समय से सफलतापूर्वक चल रहा है और इसने बड़े पैमाने पर प्रशंसक जुटाए हैं। तारक मेहता का उल्टा चश्मा हिंदी टेलीविजन पर सबसे ज्यादा देखा जाने वाला सिटकॉम है। यह शो पिछले एक दशक से अधिक समय से सफलतापूर्वक चल रहा है और इसने बड़े पैमाने पर प्रशंसक जुटाए हैं। हालाँकि, मेकर्स द्वारा दिशा वकानी उर्फ दयाबेन को वापस लाने का झूठा वादा करने के बाद प्रशंसक अब शो का बहिष्कार कर रहे हैं। उन लोगों के लिए जो एक दशक से सो रहे हैं, दिशा वकानी और मोनिका भदोरिया ने इस साल जून में तारक मेहता का उल्टा चश्मा छोड़ दिया। अटकलें लगाई जा रही थीं कि भुगतान संबंधी समस्याओं के कारण दोनों ने शो छोड़ दिया है।

भदोरिया ने खुलासा किया था कि असित मोदी ने उन्हें उनकी मां के निधन के बाद निर्धारित दिनों में वापस लौटने के लिए बुलाया था। उन्होंने कहा था, मैं सदमे में थी लेकिन उन्होंने मेरी मां की मौत के सात दिन बाद ही मुझे फोन किया और सेट पर रिपोर्ट करने के लिए कहा। जब मैंने कहा कि मेरी हालत ठीक नहीं है तो उनकी टीम ने कहा, हम आपको पैसा दे रहे हैं है, हम जब चाहे आप को खड़ा होना पड़ेगा चाहे आप की मम्मी एडमिट हो या कोई। मैं सेट पर गया क्योंकि मेरे पास कोई विकल्प नहीं था और मैं बस रोज रोता था। ऊपर से उनका अत्याचार और दुर्व्यवहार भी करते थे। वे फोन करते थे मैं कॉल टाइम से एक घंटा पहले सेट पर था। इतनी गुंडागर्दी है उनके सेट पर। वह कहता है मैं भगवान हूं।

दिसंबर तक कट गया और कई वादों के बाद भी मेकर्स दयाबेन को शो में वापस नहीं लाए। फैंस अब गुस्से में हैं और सोशल मीडिया पर बहिष्कार की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा, एक्स पर BoycottTMKOC ट्रेंड कर रहा है। एक यूजर ने लिखा, यह जोड़ी कभी स्क्रीन पर वापस नहीं आएगी। एक अन्य यूजर ने असित मोदी को टैग करते हुए लिखा, @AsitKumarrModi तो आप अपने सभी दर्शकों का दिल तोड़कर अब खुश हैं और अब नया एपिसोड देखने का कोई कारण नहीं बचा है, ठीक है हम समझते हैं कि आप क्या करना चाहते हैं, शर्म आनी चाहिए!

दिशा वकानी 2008 में तारक मेहता का उल्टा चश्मा के कलाकारों में शामिल हुई और 2023 में सिटकॉम छोड़ दिया।

# दिल्ली-एनसीआर में बारिश ने बढ़ाई ठंड

## आज कई राज्यों में होगी बरसेंगे बदरा.............................

एजेंसी



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में रविवार देर शाम हुई हल्की बारिश से ठंड बढ़ गई। हालांकि, वायु की गुणवत्ता में सुधार जरूर आया। इसी बीच मौसम विभाग ने देश के कई राज्यों में आज (सोमवार) को बारिश का अलर्ट जारी किया है। बंगाल की खाड़ी से उठे मिचौंग चक्रवाती तूफान के असर से आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में पहले से ही बारिश हो रही है. बारिश के चलते तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई के कई इलाकों में पानी भर गया है और कई स्थानों पर पेड़ उखड़ गए हैं। इस के साथ आईएमडी ने कहा कि चक्रवाती तूफान मिचौंग के असर से दक्षिणी ओडिशा के अधिकत हिस्सों में और राज्य के तटवर्तीय इलाकों में भारी बारिश होने की संभावना है. इसी को देखते हुए भारत मौसम विज्ञान केंद्र ने सोमवार और मंगलवार के लिए ओडिशा के मलकानगिरी, कोरापटु, रायगढ़ा, गजपित और गंजान में भारी बारिश की चेतावनी और येलो अलर्ट जारी किया है।

इसके अलावा मौसम विभाग ने तमिलनाडु के उत्तरी तट और तटीय आंध्र प्रदेश में मध्यम भारी बारिश की संभावना जताई है। इसके अलावा एक या दो स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। इसके अलावा दक्षिणी ओडिशा और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में भी आज हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है। वहीं राज्य के कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक, मिचौंग तूफान के असर से देश के कई और राज्यों में भी हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग की मानें तो दक्षिण-पूर्वी राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों के अलावा आंतरिक तमिलनाडु, केरल, लक्षद्वीप और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। यही नहीं गंगीय पश्चिम बंगाल, आंतरिक ओडिशा और दक्षिणी झारखंड में भी हल्की बारिश हो सकती है। वहीं तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और दक्षिण ओडिशा तट पर समुद्र की स्थिति खराब से बहुत खराब होने की संभावना जताई गई है। जिसे देखते हुए भारत मौसम विज्ञान विभाग ने तमिलनाडु के चार जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के मुताबिक, चेन्नई, कांचीपुरम, तिरुवल्लूर और चेंगलपट्टू के अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, आज शाम आंध्र प्रदेश, चेन्नई और मछलीपट्टनम, उत्तरी तमिलनाडु तट और दक्षिण आंध्र प्रदेश में भारी बारिश हो सकती है। उधर तिरुवल्लुर के साथ पलावरकाडु, पोन्नेरी, गुम्मिडिपोंडी, पेरियापलायम, शोलावरम के साथ तटीय इलाकों में भारी बारिश का दौर जारी है।

## चुनाव नतीजे बताते हैं कि लोगों ने नकारात्मकता को खारिज कर दिया है: मोदी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** चार राज्यों में विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के एक दिन बाद, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि नतीजों से पता चलता है कि लोगों ने नकारात्मकता को खारिज कर दिया है और विपक्ष से आग्रह किया कि वह अपनी हार की हताशा को संसद के अंदर बाहर न निकालें। प्रधानमंत्री संसद के शीतकालीन सत्र से पहले मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि विधानसभा चुनाव के नतीजे उन लोगों के लिए बहुत उत्साहजनक हैं, जो आम लोगों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, राजनीतिक तापमान बढ़ रहा है। पीएम मोदी ने कहा, रविवार को आए चार राज्यों के चुनाव के नतीजे बहुत उत्साहजनक हैं। उन लोगों के लिए उत्साहजनक हैं, जो देश के आम लोगों के कल्याण और देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं। चुनाव परिणामों के बाद, यह सत्र विपक्ष के लिए सकारात्मक मानसिकता के साथ आगे बढने का एक सुनहरा अवसर प्रस्तुत करता है। मैं सभी सांसदों से तैयारी के साथ संसद में आने का अनुरोध करता हूं। उन्हें नौ साल से चली आ रही नकारात्मकता को त्यागना होगा और सकारात्मकता के साथ आगे बढना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा, कृपया संसद में हार की हताशा न निकालें। उन्होंने विपक्ष से आग्रह किया कि वे सिर्फ इसके लिए विरोध न करें। प्रधानमंत्री ने कहा, यह आपके फायदे के लिए है। लोकतंत्र में विपक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका है। कृपया इसे समझें। देश विकास की राह पर रुकना नहीं चाहता। प्रधानमंत्री ने यह भी दोहराया कि देश में केवल चार जाति हैं - महिलाएं, युवा, किसान और गरीब।

### क्विक न्यूज

#### बसपा सांसद दानिश अली के प्लेकार्ड पहन कर आने पर भड़के स्पीकर

**नई दिल्ली।** बसपा सांसद दानिश अली के प्लेकार्ड पहन कर आने पर भड़के लोक सभा स्पीकर ओम बिरला ने बसपा सांसद को तुरंत सदन से निकल जाने को कहा, लेकिन दानिश अली लगातार खड़े होकर लोक तंत्र को बचाने के लिए भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करते रहे। नए संसद भवन में प्लेकार्ड बिल्कुल नहीं आने की बात कहते हुए बिरला ने दानिश अली के व्यवहार पर नाराजगी जताते हुए सदन की कार्रवाई को 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। सत्र के पहले दिन, सोमवार को दानिश अली द्वारा प्लेकार्ड पहन कर सदन में आने को नियमों के खिलाफ बताते हुए केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने इसे निकालने की मांग की। लोक सभा स्पीकर ने इसे देखते ही बसपा सांसद दानिश अली को तुरंत सदन से निकल जाने को कहा।

#### कांग्रेस का प्रदर्शन निराशाजनक, बीजेपी का वोट शेयर काफी कम: जयराम रमेश

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में हार के एक दिन बाद कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोमवार को कहा कि पार्टी का प्रदर्शन निराशाजनक रहा, लेकिन पार्टी का वोट शेयर काफी हद तक ठीक रहा। भाजपा और इसलिए पुनरुत्थान का एक कारण। एक्स पर एक पोस्ट में, पार्टी के संचार प्रभारी रमेश ने कहा, यह सच है कि छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रदर्शन निराशाजनक और हमारी उम्मीदों से काफी नीचे था। लेकिन वोट शेयर के मामले में कांग्रेस, भाजपा से बहुत पीछे नहीं है, यही आशा और पुनरुद्धार का कारण है। छत्तीसगढ़ के वोट शेयर साझा करते हुए रमेश ने कहा कि बीजेपी को 46.3 फीसदी वोट शेयर मिले, जबकि कांग्रेस को 42.2 फीसदी वोट शेयर मिले। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में बीजेपी को 48.6 फीसदी वोट शेयर मिला, जबकि कांग्रेस को 40.4 फीसदी वोट शेयर मिला।

## जिसने चुनाव नहीं लड़ा, वह राजस्थान का नया सीएम बन सकता है

एजेंसी

**जयपुर।** बीजेपी के दिग्गज नेताओं की मानें तो राजस्थान में जो नेता चुनाव नहीं लड़ा, वह मुख्यमंत्री बन सकता है और जिसने चुनाव लड़ा, वह उपमुख्यमंत्री हो सकता है।

विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत के एक दिन बाद मुख्यमंत्री पद के चयन को लेकर बीजेपी नेताओं के बीच बैक टू बैक बैठकों का दौर जारी है। सूत्रों ने बताया कि वसुंधरा राजे ने सोमवार को जयपुर में अपने विधायकों की बैठक बुलाई है, जबकि केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और विधायक बाबा बालकनाथ को दिल्ली बुलाया गया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सी.पी. जोशी को भी दिल्ली बुलाया गया है।

सीएम पद की रेस में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल, गजेंद्र सिंह शेखावत, अश्विनी वैष्णव, प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और ओम माथुर शामिल हैं। इन सभी नेताओं ने चुनाव नहीं लड़ा, हालांकि, उन्होंने कड़ी मेहनत की।

इसी तरह पूर्व सीएम वसुंधरा राजे भी इस पद की दावेदार हैं। मैदान में अन्य दावेदार राजसमंद सांसद दीया कुमारी और सांसद किरोड़ीलाल मीना हैं। पार्टी नेताओं ने कहा कि बीजेपी लोकसभा चुनाव के लिए सोशल इंजीनियरिंग कार्ड खेलने को इच्छुक है। वे 2024 के लोकसभा चुनावों में अपना वोट शेयर प्रतिशत बढ़ाने के लिए दलित/मीणा कार्ड खेल सकते हैं।

अंतिम फैसला पीएम मोदी और अमित शाह के स्तर पर लिया जाएगा। दिल्ली में नाम तय होने के बाद जल्द ही जयपुर में बीजेपी विधायक दल की बैठक बुलाई जाएगी। इस बैठक में बीजेपी के चुनाव प्रभारी, प्रदेश प्रभारी और वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। विधायक दल की बैठक में ही सीएम के नाम का ऐलान किया जाएगा। बीजेपी में इसी परंपरा के तहत सीएम के नाम का ऐलान किया जाता है।

## चक्रवात मिचौंग की वजह से चेन्नई में बाढ़ जैसे हालात

### मंसूबा

2 की मौत, कई उड़ानें रद्द

एजेंसी



**चेन्नई।** बंगाल की खाड़ी से पूर्वी तट की ओर बढ़ते चक्रवात मिचौंग की वजह से तमिलनाडु के कई जिलों में मूसलाधार बारिश हो रही है।

रिपोर्ट के मुताबिक, चेन्नई, चेंगलपट्टू, कांचीपुरम, नागापट्टिनम, तिरुवल्लूर और कुड्डालोर जिलों सहित उत्तरी तटीय तमिलनाडु में भारी बारिश हुई है।चेन्नई और उसके आसपास के जिलों में रातभर भारी बारिश हुई, जिससे निचले इलाकों में बाढ़ आ गई है। चेन्नई में नवनिर्मित दीवार गिराने से 2 लोगों की मौत हुई है, वहीं एक घायल हुआ है।

सोमवार सुबह 5.30 बजे तक पिछले 24 घंटों में मीनांबक्कम में 196 मिमी और नुंगमबक्कम में 154.3 मिमी बारिश दर्ज की गई है। बारिश से चेन्नई हवाई अड्डे के हवाई पट्टी पर पानी भर गया। इसके कारण लगभग 18 उड़ानों को रद्द करना पड़ा है। चेन्नई और आसपास के 3 जिलों में स्कूल-कॉलेज और सरकारी कार्यालय सोमवार को बंद रहेंगे।चेन्नई स्टेशन से जाने वाली कम से कम 6 ट्रेनें भी रद्द की गई हैं।

मौसम विभाग के भारी बारिश के अलर्ट को देखते हुए तमिलनाडु में सोमवार को चेन्नई, कांचीपुरम, चेंगलपेट और तिरुवल्लूर में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा कर दी गई।मुख्य सचिव शिव दास मीना ने बताया कि निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को आश्रय शिविरों में पहुंचाया जा रहा है और तटीय क्षेत्र में रहने वालों को भी सतर्क रहने और राहत केंद्रों या अन्य सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी गई है।

चक्रवात को लेकर अलर्ट के बाद केंद्र और राज्यों सरकारों ने मिलकर अपनी तैयारियां तेज कर दी है।तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और पुडुचेरी में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की 21 टीम तैनात की गई हैं और 8 टीमों को रिजर्व पर रखा गया है।इस बीच रविवार को राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति की एक बैठक हुई। इसमें चक्रवात के मद्देनजर राज्य सरकारों और केंद्रीय मंत्रालयों समेत संबंधित विभागों की तैयारियों की समीक्षा की गई।

## यमुना पुश्ता रोड को एक्सप्रेस-वे का विकल्प बनाने को प्लानिंग पर काम शुरू

**नोएडा।** दिल्ली से नोएडा प्रवेश करने और फिर नोएडा से ग्रेटर नोएडा जाने वाले एक्सप्रेस वे पर अक्सर वाहनों का दबाव देखने को मिलता है और जाम की स्थिति से वाहन चालकों को रोजाना दो चार होना पड़ता है। आने वाले समय में जेवर एयरपोर्ट को लेकर भी वाहनों का दबाव बढना है। इसीलिए नोएडा अथॉरिटी यमुना पुस्ता को नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे का और जेवर की कनेक्टिविटी का एक बेहतर विकल्प मानकर उसकी प्लानिंग पर काम शुरू कर रहा है। इसके लिए प्राधिकरण ने एक समिति का गठन किया है। एसीईओ की अध्यक्षता में बनी समिति पुश्ता रोड के जरिए एक नए ऑप्शनल मार्ग की तलाश की जा रही है। हालांकि प्राधिकरण ने इस पुश्ता रोड को लेकर एक प्लानिंग पहले भी की है। संभवता इस प्लानिंग पर काम किया जाएगा। इसका एक बड़ा फायदा जेवर एयरपोर्ट को भी होगा। जिसे नोएडा से सीधे लिंक मिल जाएगा। 2024 में जेवर एयरपोर्ट पर कॉमर्शियल एक्टिविटी शुरू हो जाएगी। दिल्ली से जेवर एयरपोर्ट जाने के लिए एक्सप्रेस-वे ही एक लिंक है जो सीधे दिल्ली को यमुना एक्सप्रेस वे से जोड़ता है। यहां रोज एक लाख वाहन निकलते है। एयरपोर्ट रनिंग के साथ यहां ट्रैफिक बढ़ेगा। जाम से बचाने के लिए प्राधिकरण अब पुश्ता रोड को नए विकल्प के रूप में तलाश कर रहा है। सीईओ लोकेश एम ने बताया कि हाल ही में प्राधिकरण में एक बैठक हुई। जिसमें प्राधिकरण के एसीईओ, राष्ट्रीय राज्य मार्ग प्राधिकरण, उप्र सिंचाई विभाग, उप्र राज्य सेतु निगम सलाहकार कंपनी सीईएमसी के प्रतिनिधि शामिल हुए थे। इन सभी ने बैठक में पुश्ता रोड को लेकर चर्चा की। साथ ही प्रस्तावित मार्ग को धरातल लाने के लिए परस्पर समन्वय बनाकर काम करने के निर्देश दिए गए।

## संसद सत्र का पहला दिन, महुआ मोइत्रा मामले में एथिक्स कमेटी पेश करेगी जांच रिपोर्ट

एजेंसी



**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में महुआ मोइत्रा के खिलाफ जांच करने वाली सदन की एथिक्स कमेटी अपनी जांच रिपोर्ट लोक सभा में पेश करेगी। सदन में इसे लेकर हंगामा हो सकता है।

इसके अलावा आईपीसी, सीआरपीसी और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह लेने वाले भारतीय न्याय संहिता विधेयक -2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक-2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक 2023 पर गृह मंत्रालय से जुड़ी संसद की स्टैंडिंग कमेटी की रिपोर्ट को भी सोमवार को ही सदन में पेश किया जाएगा। सरकार की तरफ से सदन में द सेंट्रल यूनिवर्सिटीज (अमेंडमेंट) बिल-2023 और द एडवोकेट्स (अमेंडमेंट ) बिल-2023 भी पेश किया जाएगा।

आपको बता दें कि,लोकसभा के लिस्ट ऑफ बिजनेस के अनुसार, विनोद सोनकर की अध्यक्षता वाली लोक सभा की एथिक्स कमेटी सोमवार को महुआ मोइत्रा मामले में की गई अपनी जांच रिपोर्ट को सदन के पटल पर पेश करेगी। एथिक्स कमेटी ने अपनी जांच रिपोर्ट को 10 नवंबर को ही लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला को भेज दिया था। पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में लोक सभा अध्यक्ष बिरला के निर्देश पर पूरे मामले की जांच कर एथिक्स कमेटी ने लगभग 500 पन्नो की अपनी रिपोर्ट तैयार की थी, जिसे एथिक्स कमेटी की बैठक में 6-4 के अंतर से मंजूर कर लिया था। सूत्रों के मुताबिक, एथिक्स कमेटी ने महुआ मोइत्रा पर लगे आरोपों को काफी गंभीर मानते हुए उनके आचरण को आपत्तिजनक और अनैतिक करार दिया है।

## तीसरी बार मोदी सरकार के नारे के साथ भाजपा सांसदों ने किया पीएम मोदी का स्वागत

**नई दिल्ली।** विधान सभा चुनावों में मिली जीत का असर संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन भी नजर आया। मीडिया से बात करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहां जनादेश से विपक्ष को सबक लेते हुए सकारात्मकता से काम करने की नसीहत दी, वहीं लोक सभा के अंदर भाजपा सांसदों ने तीसरी बार मोदी सरकार, बार-बार मोदी सरकार और भारत माता की जय के नारे के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। सोमवार को सुबह 11 बजे लोक सभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले ही अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, सोनिया गांधी, टी आर बालू, फारूक अब्दुल्ला सहित सत्ता पक्ष और विपक्ष के कई सांसद सदन में पहुंच गए। सदन की कार्यवाही शुरू होने से लगभग पांच मिनट पहले जैसे ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन के अंदर दाखिल हुए।

## उत्तर कोरिया को सता रही बच्चों की भारी कमी

### तानाशाह किम जोंग बोले- ज्यादा बच्चे पैदा करें महिलाएं

एजेंसी



**सियोल।** उत्तर कोरिया के सर्वोच्च नेता किम जोंग उन ने देश की शक्ति को मजबूत करने के लिए महिलाओं को ज्यादा बच्चे पैदा करने को कहा है। उन्होंने कहा कि देश में जन्मदर में गिरावट रोकना महिलाओं का कर्तव्य है। उनकी सरकार लोगों से अधिक बच्चे पैदा करने का आह्वान करने में जुटी है। किम ने रविवार को माताओं की राष्ट्रीय बैठक के दौरान यह अपील की। किम ने कहा,

जन्मदर में गिरावट रोकना और बच्चों का लालनपालन, उन्हें शिक्षा प्रदान करना हमारे पारिवारिक मामले हैं। अपनी माताओं के साथ मिलकर हमें इनका समाधान करना चाहिए।

दक्षिण कोरियाई सरकार का आकलन है कि उत्तर कोरिया की जन्मदर में पिछले 10 वर्षों से लगातार गिरावट हुई है। चौतरफा पाबंदियों से घिरी अर्थव्यवस्था को बनाए रखने के लिए संगठित श्रम पर निर्भर देश के लिए यह स्थिति चिंताजनक है। सीमित आंकड़ों के चलते उत्तर कोरिया की जनसंख्या के रुझान के बारे में जानकारी मिलना कठिन है। बकौल रिपोर्ट, के प्रमुख अहं क्यूंग-सु ने कहा, उत्तर कोरिया के कई परिवार एक से ज्यादा बच्चे पैदा करने में यकीन नहीं करते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि उन्हें लगता है कि बच्चों के भरण पोषण, स्कूल इत्यादि में बेहद खर्चा होगा।

कई उत्तर कोरियाई दलबदलुओं का इंटरव्यू लेने वाले अहं क्यूंग-सु ने कहा कि पिछले 20 सालों में बड़ी मात्रा में दक्षिण कोरियाई टीवी नाटकों और फिल्मों ने संभवतः उत्तर कोरिया में महिलाओं को अधिक बच्चे पैदा न करने के लिए प्रेरित किया।

उत्तर कोरिया ने 1970-80 के दशक में जनसंख्या वृद्धि को धीमा करने के लिए बर्थ कंट्रोल प्रोग्राम लागू किया था।सियोल स्थित हुंडई रिसर्च इंस्टीट्यूट ने अगस्त में एक रिपोर्ट में कहा था कि 1990 के दशक के मध्य में अकाल के बाद देश की प्रजनन दर में बड़ी गिरावट दर्ज की गई थी, जिसमें अनुमान लगाया गया था कि सैकड़ों हजारों लोग मारे गए थे।

## सिफर मामले में इमरान खान को नहीं मिल रही राहत

### पूर्व पाक सेना प्रमुख और अमेरिकी अधिकारियों को बनाएंगे गवाह

एजेंसी



**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुश्किलें कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। उन्होंने सोमवार को कहा कि वह सिफर मामले में अपने बचाव में गवाह के रूप में पूर्व सेना प्रमुख जनरल (सेवानिवृत्त) कमर जावेद बाजवा और अमेरिकी दूतावास के अधिकारियों को शामिल करेंगे। सिफर मामला इस आरोप पर आधारित है कि खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरेशी ने मार्च 2022 में वाशिंगटन में दूतावास द्वारा भेजे गए संचार को संभालने के दौरान देश के गुप्त कानूनों का उल्लंघन किया था। सोमवार को, एक विशेष अदालत ने फैसला सुनाया कि खान और कुरैशी कथित तौर पर एक राजनयिक केबल लीक करने के सिफर मामले में 12 दिसंबर को मामले पर सुनवाई होगी।

सिफर मामले की सुनवाई के दौरान अदियाला जेल में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि जनरल बाजवा और अमेरिकी दूतावास के अधिकारियों को मामले में गवाह के रूप में शामिल करेंगे। जनरल बाजवा ने डोनाल्ड लू के मामले में सब कुछ किया।÷ मालूम हो कि लू संयुक्त राज्य अमेरिका के एक राजनयिक हैं, जो दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के सहायक सचिव के रूप में कार्यरत हैं। खान ने दावा किया कि लू कथित तौर पर अविश्वास मत के माध्यम से उनकी सरकार को उखाड़ फेंकने की विदेशी साजिश में शामिल थे। आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम 2023 के तहत स्थापित विशेष अदालत ने अदियाला जेल में एक खुली अदालत में सुनवाई की, जहां खान कैद है। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय द्वारा 21 नवंबर को जेल मुकदमे को रद्द करने के बाद अदालत नए सिरे से सुनवाई कर रही है। दोनों को 23 अक्टूबर को दोषी ठहराया गया था, लेकिन आईएचसी के आदेश के बाद अभियोग रद्द कर दिया गया था। सोमवार को मीडिया से बात करते हुए, खान ने भविष्यवाणी की कि उनकी पार्टी 8 फरवरी के चुनाव में जीत हासिल करेगी, उन्होंने कहा कि उन्हें एक योजना के तहत गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि जेल में उन्हें किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।

इमरान खान ने अपनी पत्नी बुशरा बीबी के पूर्व पति खावर मनेका द्वारा उन पर लगाए गए आरोपों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि उन्होंने निकाह के बाद पहली बार अपनी पत्नी का चेहरा देखा। पूर्व प्रधानमंत्री ने यह भी दावा किया कि बुशरा के बेटों को अपनी मां के खिलाफ बयान देने के लिए मजबूर किया जा रहा है। इस बीच, सिफर मामले में सह-आरोपी कुरैशी ने कहा कि पीटीआई उनके दिल में है और कोई भी उसे वहां से नहीं निकाल सकता। मीडिया से बातचीत में कुरैशी ने कहा, ÷मुझे अब पीटीआई में किसी पद की जरूरत नहीं है।

## यूक्रेन युद्ध में रूसी सेना के डिप्टी कमांडर की मौत

### अब तक मारे गए रूस के 12 वरिष्ठ अधिकारी

### जावादस्की

कांग्रेस जल्द मंजूर करे यूक्रेन के लिए मदद राशि: बाइडन प्रशासन

एजेंसी



**मॉस्को।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग जल्द खत्म होती नहीं दिख रही है। दोनों ओर से जवाबी हमले जारी हैं। इस बीच, यूक्रेन में रूस के 14वीं आर्मी कोर के डिप्टी कमांडर मेजर जनरल व्लादिमीर जावादस्की के मारे जाने की खबर है। सोमवार को रूस ने इसकी पुष्टि की है।

रूस के वोरोनेज रीजन के गवर्नर अलेक्जेंद्र गुसेव ने बिना विस्तार से जानकारी दिए बताया कि मेजर जनरल व्लादिमीर जावादस्की की मौत हो गई है। इसे गवर्नर ने भारी क्षति बताया। वह एक अनुशासित अधिकारी थे, जो टैंक कमांडर भी रहे हैं।

यूक्रेन युद्ध दूसरे वर्ष के अंत में पहुंच गया है, जिसे रूस विशेष सैन्य अभियान नाम देता है। खोजी न्यूज आउटलेट आइस्टोरीज के अनुसार, युद्ध शुरू होने के बाद से जावादस्की सातवें मेजर जनरल हैं, जिसकी रूस ने पुष्टि की है। कुल मिलाकर युद्ध शुरू होने के बाद से 12 वरिष्ठ अधिकारियों की मौत हुई है। सैन्य विश्लेषक इसे यूक्रेन की सफलता के रूप में देखते हैं।

यूक्रेनी एयर फोर्स ने सोमवार को कहा कि रात में रूस की ओर से 23 ड्रोन व एक क्रूज मिसाइल दागी गई। दावा किया कि इसमें से 18 ड्रोन व मिसाइल को लक्ष्य तक पहुंचने से पहले यूक्रेनी एयर डिफेंस सिस्टम ने मार गिराया। टेलीग्राम एप पर कहा कि नौ रीजन में एंटी-एयरक्राफ्ट डिफेंस तैनात है। हालांकि, इस बाबत एयर डिफेंस ने विस्तार से नहीं बताया।

बाइडन प्रशासन ने सोमवार को अत्यावश्यक चेतावनी के नोट के साथ यूक्रेन की सैन्य व आर्थिक मदद के लिए 10 अरब डॉलर की राशि मंजूर करने के लिए कांग्रेस को पत्र भेजा है। कहा कि इससे यूक्रेन को रूसी आक्रमण से सुरक्षा में मदद मिलेगी। प्रतिनिधि सभा और सीनेट के नेताओं को भेजे पत्र व जारी बयान में कहा गया है कि यह मदद वर्ष के अंत से पहले यूक्रेन तक पहुंचनी जरूरी है।

## भारतीय मूल के 4 लोगों को कनाडा पुलिस ने बनाया वांटेड, तस्वीर जारी कर लोगों से मांगी मदद

**ओटावा।** कनाडाई अधिकारियों ने सितंबर में ओंटारियो प्रांत के ब्रैम्पटन शहर में हुए एक गंभीर हमले के सिलसिले में भारतीय मूल के चार लोगों की तलाशी शुरू कर दी है। पील क्षेत्रीय पुलिस की एक प्रेस रिलीज में रविवार को कहा गया कि 8 सितंबर को पीड़ित पर ब्रैम्पटन में कई लोगों ने हमला किया था। पुलिस के पहुंचने से पहले हमलावर वहां से भाग गए, जबकि पीड़ित को गंभीर चोटें आईं और उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। जांच में कहा गया कि हमले के लिए 22 से 30 साल की उम्र के बीच के कई लोग जिम्मेदार थे। पील की क्षेत्रीय पुलिस ने गंभीर हमले के संबंध में 22 वर्षीय आफताब गिल, 22 वर्षीय हरमनदीप सिंह, 25 वर्षीय जतिंदर सिंह और 30 वर्षीय सतनाम सिंह का पता लगाने के लिए सार्वजनिक सहायता मांगी है। पुलिस ने उनकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेटर की हैं। प्रेस रिलीज के मुताबिक, अधिकारियों ने चारों व्यक्तियों के ठिकाने के बारे में जानकारी रखने वाले किसी भी व्यक्ति से जांचकर्ताओं से संपर्क करने का आग्रह किया है।

# लोकसभा में भी 2024 में हैट्रिक बनाएगी: सिद्धार्थ नाथ

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** देश के पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों में तीन राज्यों के नतीजे बीजेपी के पक्ष में आने के बाद पूरे देश में जश्न का माहौल है। 2024 का सेमीफाइनल कहे जा रहे विधानसभा चुनाव में बीजेपी की जीत को लेकर पूर्व मंत्री व भाजपा विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने पीएम मोदी को जीत की गारंटी बताया है।

उन्होंने कहा है कि पूरे देश और पूरे विश्व में आज पीएम मोदी गारंटी बने हुए हैं। उन्होंने कहा है कि पीएम मोदी हैं तो मुमकिन है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में बीजेपी की सरकार बनने पर पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह के प्रयागराज स्थित आवास पर आज बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया। इस मौके पर सिद्धार्थ नाथ सिंह को बुके देकर और फूल मालाओं से लादकर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर आतिशबाजी की गई और लोगों ने जीत की खुशी में मिठाइयां भी बांटी। जीत की इस खुशी को भाजपा के कार्यकर्ता खुद को रोक नहीं पाए और ढोलक की पर जमकर थिरके।

सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा है कि जहां तक तीनों राज्यों में मुख्यमंत्री बनाने का सवाल है पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट पर पार्टी हाई कमान मुख्यमंत्री तय करेगा। उन्होंने कहा है कि तीन राज्यों में बीजेपी को मिली जीत से कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है और 2024 में 400 पार का नारा पूरा होगा। उन्होंने कहा है कि पीएम मोदी ने भी कहा है कि तीन राज्यों की हैट्रिक अब लोकसभा में भी 2024 में हैट्रिक बनाएगी। तीन राज्यों में हार के बाद विपक्षी इंडी गठबंधन द्वारा 6 दिसंबर को बुलाई गई बैठक पर निशाना साधते हुए सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा है कि अब विपक्ष चाहे जो बैठक बुला ले। क्योंकि विपक्षी गठबंधन अवसरवादी और घमंडी गठबंधन है। इसलिए जनता विपक्षी दलों के साथ नहीं है। उन्होंने कहा है कि जनता का विश्वास सिर्फ मोदी पर है। उन्होंने कहा कि विपक्ष अब कोई भी बैठक कर ले सिर्फ और सिर्फ एक ही रिजल्ट आएगा 400 पार भारतीय जनता पार्टी। उन्होंने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा है कि विपक्ष जब भी सत्ता में आता है तो भ्रष्टाचार करता है और जनता को लूटता है। सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा है कि विपक्ष को सनातन का श्राप लगा है। क्योंकि जिस तरह से चुनाव के दौरान सनातन धर्म पर विपक्ष के नेता लगातार हमले कर रहे थे तीनों राज्यों की जनता ने विपक्षी नेताओं को आइना दिखा दिया है।

# अतीक अशरफ हत्याकांड के आरोपियों पर सुनवाई टली

**अवधनामा संवाददाता**

- 18 दिसंबर को तय हो सकता है आरोप

**प्रयागराज।** इलाहाबाद जिला न्यायालय में माफिया अतीक अहमद और अशरफ के हत्यारोपितों की सोमवार को होने वाली सुनवाई एक बार फिर टल गई है। अगली सुनवाई की तिथि 18 दिसंबर तय की गई है। अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ के तीनों हत्यारोपितों सनी सिंह, लवलेश तिवारी और अरुण मौर्य फिलहाल चित्रकूट की जिला कारागार में निरुद्ध हैं। इन्हें जिला जज संतोष राय की अदालत में जरिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेश किया गया। पिछली नियत तिथि पर आरोपित शनि की ओर से पैरवी करने के लिए अदालत ने रत्नेश कुमार शुक्ल को न्याय मित्र नियुक्त किया था। जिला जज के अवकाश में रहने के कारण विचाराधीन मुकदमे की सुनवाई नहीं हो सकी। आरोपियों के विरुद्ध एसआईटी ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में 13 जुलाई को आरोप पत्र दाखिल किया था। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दिनेश कुमार गौतम ने आरोप पत्र पर संज्ञान लेने के बाद मुकदमे को परीक्षण के लिए सत्र न्यायालय को सुपुर्द करने का आदेश दिया था। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गुलाब चंद्र अग्रहरि ने बताया कि हत्यारोपितों अरुण, लवलेश और सनी सिंह के विरुद्ध आईपीसी की धारा 302, 307, 120 बी, 419, 420, 467, 468 आईपीसी एवं आर्म्स एक्ट तथा 7 क्रिमिनल लॉ अमेंडमेंट एक्ट के तहत आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया है। नियत तिथि पर इन्हीं धाराओं के अंतर्गत आरोपितों पर आरोप तय होना है।

# छात्रा की तस्वीरें रिश्तेदारों को भेजकर किया बदनाम

- विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** जार्जटाउन थाना क्षेत्र में रहकर बीए कर रही इलाहाबाद विश्वविद्यालय के संघटक कॉलेज की छात्रा को उसके ही पूर्व दोस्त ने ब्लैकमेल किया। उसकी निजी तस्वीरें रिश्तेदारों, दोस्तों व परिवार के लोगों को भेजकर बदनाम किया। सोशल मीडिया पर अलग-अलग मैसेज भेजकर धमकी भी दे रहा है। इसके साथ ही पीछा करने के साथ ही तेजाब फेंकने को भी धमका रहा है। पीड़िता ने जार्ज टाऊन थाने में तहरीर देकर पूर्व दोस्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मूल रूप से कौंधियारा की रहने वाली छात्रा बीए करने के साथ प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी भी कर रही है। उसका आरोप है कि विवि के ही एक व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए उसकी जान पहचान एडीसी के छात्र प्रियांशु पांडेय से हुई जिसके बाद दोनों में दोस्ती हो गई। उसे शक है कि इस दौरान ली गई कुछ निजी तस्वीरें व वीडियो वह वायरल कर रहा है। यह तस्वीरें व वीडियो रिश्तेदारों, परिचितों व दोस्तों को भेजी जा रही हैं। साथ ही अन्य फोटोज व वीडियो भी वायरल करने की धमकी फेसबुक, व्हाट्सएप व इंस्टाग्राम पर दी जा रही हैं। पुलिस से शिकायत की बात कहने पर पीछा कर रहा है और तेजाब से जलाने की भी धमकी दे रहा है। जार्जटाउन थानाध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव का कहना है कि तहरीर के आधार छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# माफियाओं के खिलाफ एक्शन मोड में फिर योगी सरकार

- प्रयागराज में वक्फ बोर्ड की करोड़ों की संपत्ति को माफियाओं के कब्जे से मुक्त कराने को हुई कार्यवाही
- अपराध से अर्जित अवैध संपत्ति पर ताबड़ तोड़ कुर्की की कार्यवाही का सिलसिला तेज

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश को भय और माफिया मुक्त प्रदेश बनाने में अहम सफलता पाने के बाद भी योगी सरकार का माफियाओं और अपराधियों के खिलाफ एक्शन जारी है। प्रयागराज में गरीबों और किसानों की जमीन पर जबरन काबिज होने वाले माफियाओं के खिलाफ हो रही सरकार की कार्यवाही में अब एक नया अध्याय भी जुड़ गया है। सरकार ने मुस्लिम वक्फ बोर्ड की जमीन पर जबरन कब्जा करने वाले भू माफियाओं पर कार्यवाही तेज कर दी है। देश में भर कानून व्यवस्था कायम करने को लेकर रोल मॉडल बन चुके उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार की तरफ से निरंतर माफियाओं और अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही का सिलसिला जारी है। कुंभ नगरी प्रयागराज प्रदेश में माफियाओं के बाहुबल और आर्थिक साम्राज्य को नेस्तनाबूत करने के लिए सरकार की तरफ से कई अभियान शुरू किए गए हैं। सरकार की तरफ से अब इसी क्रम में वक्फ बोर्ड की संपत्ति को माफियाओं के कब्जे से मुक्त कराने का अभियान शुरू किया गया है। शहर के पुरामुफ्ती थाना क्षेत्र के सल्लाहपुर इलाके में ?47 करोड़ से अधिक की वक्फ बोर्ड की संपत्ति पर माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफ के परिजनों द्वारा कब्जा कर लिया गया। योगी सरकार आने के बाद इसकी शिकायत प्रशासन के पास गई। प्रयागराज के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कृष्ण मुरारी बताते हैं वक्फ बोर्ड की जमीन पर अवैध ढंग से कब्जे के मामले की जांच हुई जिसमे शिकायत सही पाई गई। जांच कमेटी की रिपोर्ट पुलिस प्रशासन के पास पहुंची जिसके बाद कई थानों की पुलिस ने सल्लाहपुर की वक्फ बोर्ड की जमीन पर कुर्की की कार्यवाही को अंजाम दिया। पुलिस ने इस मामले में सात माफियाओं के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद यह कार्यवाही की है। डीएमओ प्रयागराज का कहना है कि इलाके में बोर्ड की सौ बीघे से अधिक की जमीन पर माफियाओं ने बोर्ड के मुतवल्ली से सांठगांठ कर अवैध ढंग से कब्ज़ा कर रखा है जिस पर आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी।

## माफिया अतीक अहमद के शूटर अरमान की संपत्ति चिन्हित, गैंगस्टर एक्ट में होगी कुर्क

**प्रयागराज।** उमेश पाल और उसके दो सरकारी सुरक्षाकर्मियों की हत्या के मामले में वांछित पांच लाख के इनामी शूटर अरमान की संपत्ति को भी चिह्नित किया गया है। जल्द ही उसकी प्रापर्टी को गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क किया जाएगा। पांच लाख के इनामी अरमान के कुछ करीबियों पर कार्रवाई करने की बात सामने आ रही है। फरवरी माह में हुई हत्या के बाद से शूटर अरमान पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है। अधिवक्ता उमेश पाल की हत्या फरवरी में उनके घर के समीप गोलियों से भून कर की गयी थी। उस दुस्साहिक घटना मे शूटर अरमान भी गोली चलाते सीसी टीवी में देखा गया था। घटना के बाद से फरार अरमान पर पांच लाख का इनाम घोषित किया गया। शूटर अरमान लगातार फरार चल रहा है। अभियुक्त मूलरूप से सासाराम बिहार का निवासी है। वह यहां कैंट थाना क्षेत्र के राजापुर मुहल्ले में रहता था और सिविल लाइंस में कबाब पराठा बिरयानी की दुकान चलाता था। सूत्रों के मुताबिक अरमान ने सिविल लाइंस में दुकान भी खरीदी थी, जिसके लिए अपराध से अर्जित पैसा इस्तेमाल किया गया था। मकान के स्वामित्व की छानबीन में भी कई अहम सबूत मिले हैं। जिसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों का यह भी कहना है कि अरमान का कई पुलिसकर्मियों से ताल्लुकात थे। एक दारोगा उसकी बाइक पर बैठकर घूमता था। हालांकि पुलिस उमेश पाल हत्याकांड में सभी अभियुक्तों की संपत्ति पर कार्रवाई कर रही है। शूटरों के मददगार और सहयोगियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल

**जौनपुर।** रिश्तेदारी में आया युवक हाइवे पार करते समय बाइक से धक्का लगने से घायल हो गया। घटना में बाइक सवार दोनो युवक भी घायल हो गए हैं।सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को अस्पताल पहुंचाया जहा से हालत गंभीर देख डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर किया है। बताते है कि 35 वर्षीय प्रेम प्रकाश पुत्र रामनारायण निवासी बड़ागांव ,थाना मुगराबादशाहपुर, श्री नेतगंज रिश्तेदारी में आया था सोमवार को सुबह पैदल ही हाइवे पार कर रहा था कि तभी 20 वर्षीय हर्ष सरोज पुत्र सुरेश कुमार और 23 वर्षीय किशन सरोज पुत्र गुलाब चंद निवासी वनगांव थाना पवारा बाइक पर सवार होकर मछलीशहर आ रहे थे। युवकों की तेज रफ्तार बाइक पैदल जा रहे युवक को धक्का देते हुए पलट गई। घटना में तीनो को गंभीर रूप से चोट आई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सी एच सी ले आई जहा से प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# नसीमा बेगम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** प्रयागराज की नसीमा बेगम जो बोल व सुन नहीं सकती, को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेडल व शाल पहनाकर सम्मानित किया। सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली दिव्याग नसीमा बेगम को प्रेरणा स्रोत दिव्यांश के रूप राज्य स्तरीय पुरस्कृत किया। नसीमा बेगम ने करोना महामारी बीच मुश्किल में गरीबों एवं परेशान लोगों की मदद के लिए तमाम परेशान लोगों की लिए मसीहा बनकर दिन रात एक हुए थीं। नसीमा बहादुरगंज कांग्रेस नेता इरशाद उल्ला की पत्नी है। गुल्लक में बचत के पैसे को फोड़ कर जरुरतमंद को राशन उपलब्ध कराने में बड़ी भूमिका निभाई थी। नकाब पहनकर के कच्चा पक्का राशन लेकर निकल पड़ी थी। नसीमा बेगम अपने अनूठे काम और मकसद की वजह से सोशल मीडिया के सुर्खियां बनी हुई थी।

खुद कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने नसीमा को चिट्ठी भेज कर उनके हौसले की तारीफ की थी। इस अवसर पर उपभोक्ता बार एसोसीयेशान के अध्यक्ष ए एम अंसारी, पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह, प्रदीप मिश्रा अंशुमन, बाबा अभय अवस्थी, तस्लीम उद्दीन, फुजल हाशमी, अबुल कलाम आजाद, विनय पांडे, मोहम्मद इरफान, अनूप सिंह ,अनु त्रिपाठी रघुनाथ दिवेदी, बधाई शुभकामनाएं दी।

## चोरी के गैस सिलेण्डर के साथ पकड़ा गया

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** सरपतहां थाने की पुलिस ने जहां एक अभियुक्त को चोरी के सामान पकड़ने का दावा किया है वहीं मीरगंज थाने की पुलिस ने एक अभियुक्त को पषु मक्रूरता अधिनियम में दबोचा है। पुलिस के अनुसार सरपतहां ाािने के उपनिरीक्षक अतीक अहमद ने अमन मिश्रा पुत्र ष्षेस नारायन निवासी भिउरहाकला थाना सरपतहां को चोरी के गैस सिलेण्डर चूल्हा व अन्य सामान के साथ तथा मीरगंज पुलिस ने जघई तिराहा से सूरज कुमार पटेल पुत्र चन्द्रमा निवासी भरतपुर थाना बड़ा गांाव जनपद वाराणसी पषु क्रेरता अधिनियम के तहत पकड़ा है।

# वित्तीय साक्षरता का ज्ञान होना आवश्यक

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** तिलकधारी स्नाकोत्तर महाविद्यालय में शिक्षक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट (सेबी) के सहयोग से कोना-कोना शिक्षा कार्यक्रम के वित्तीय साक्षरता के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुआ जिसमें बी.एड. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला का प्रारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से प्रारंभ हुआ। बी.एड.विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.अजय कुमार दुबे ने कार्यशाला उदघाटन सत्र में कहा कि वर्तमान परिवेश में वित्तीय जागरूकता सभी के लिए अत्यधिक प्रासंगिक है। सेबी के तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला के संदर्भ दाता निधि सिंह और चंद्रकेतु सिंह ने शेयर मार्केट,वित्तीय जागरूकता , विभिन्न महत्वपूर्ण वित्तीय तकनीकी शब्दों और वित्तीय प्रबंधन के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। कार्यशाला में मुख्य अनुशास्ता प्रो0 रीता सिंह, प्रो. श्रद्धा सिंह, डॉ0 अरविंद कुमार सिंह, डॉ प्रशांत कुमार पांडे, डॉ0 सीमांत राय डॉ वंदना शुक्ला डॉ0 गीता सिंह, एवं डॉ0 सुलेखा ने अपने महत्वपूर्ण विचारों को प्रस्तुत करते हुए कार्यशाला में सक्रिय सहभागिता किया।

## संक्षिप्त समाचार

### अरहर के खेत के मिली विवाहिता की लाष

**जौनपुर।** जिले के बरसठी थाना क्षेत्र के निकुम्भनपुर (चतुर्भुजपुर) गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की लाश अरहर के खेत में मिलने से क्षेत्र में चर्चाओ का बाजार गर्म हो गया। बरसठी थाना क्षेत्र के निकुम्भनपुर गांव की 23 वर्षीया गुंजा सिंह उर्फ पूजा पत्नी सौरभ सिंह की लाश सोमवार की सुबह घर से कुछ दूर अरहर के खेत में पाई गई। मृतका की मोबाइल शव से लगभग 100 मीटर दूर मिली, शव के थोड़ी दूर पर जहरीले पदार्थ की शीशी मिली है। आशंका जताई जाती है कि महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया होगा , दूसरी तरफ यह भी चर्चा है कि उसकी हत्या कर लाश को अरहर के खेत में फेक दिया गया है।और जहरीला पदार्थ दिखाकर आम्तहत्या दर्षाने का प्रयास किया गया है। यह सब प्रकरण जांच का विषय है। मृतका की शादी नवम्बर 2022 में हुई थी। उसका मायका रायपुर भदोही बताया जा रहा है। पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजने के बाद छान बीन और पूछताछ करना षुरू कर दिया है।

### लोक नृत्यों का छात्रों ने किया प्रस्तुतीकरण

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में सोमवार की देर शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह एवं विश्वविद्यालय में आयी नैक पीयर टीम ने दीप प्रज्जवलन के साथ किया। कार्यक्रम में कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शिव पार्वती नृत्य, माईम, गायन के साथ-साथ विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रदेश की संस्कृति को भी अपने प्रस्तुति में दिखाया। माईम प्रस्तुति में छात्रों ने देशभक्ति एक्ट प्ले करके लोगों को भावुक भी किया और एक जवान के शहीद होने पर उसके घर की स्थितियां क्या होती है, इसकी जबरदस्त प्रस्तुति की। कार्यक्रम का संचालन दिव्या एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ जान्हवी श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर वित्त अधिकारी उमाशंकर, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, उप कुलसचिव अमृतलाल, सहायक कुलसचिव बबिता, अजीत सिंह, दीपक सिंह, प्रो. मानस पांडेय, प्रो. वंदना राय, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. मुराद अली, डॉ. प्रमोद कुमार यादव, डॉ0 मनोज मिश्र, डॉ0. राजकुमार, डॉ0 आशुतोष सिंह, डॉ0 मनीष गुप्ता, डॉ0 सुनील कुमार, डॉ रसिकेश, डॉ मनोज कुमार पांडेय, डॉ0. करुणा निराला, डॉ लक्ष्मी प्रसाद मौर्या, सहित विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रहें।

### घर में सो रहे बुजुर्ग को गोली मारी, हालत गंभीर

**प्रयागराज।** कोरांव थाना क्षेत्र के देव घाट में सोमवार तड़के घर में सो रहे बुजुर्ग को अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी। गोली उसके हाथ और सीने में लगी। इससे बुजुर्ग गंभीर घायल हो गया। उसे स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां से एसआरएन रेफर कर दिया गया। हमलावरों का अभी पता नहीं लग सका है।

# नहर में मिला नरमुंड, हत्या की चर्चायें तेज

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जिले के सुजानगंज क्षेत्र के ग्राम ऊँचगांव में शारदा सहायक नहर में नरमुंड तथा शरीर के कुछ हिस्से मिलने से तरह तरह की चर्चायें तेज हो गयी। बताते है कि सोमवार सुबह कुछ लोग शौच करने हेतु उक्त नहर की तरफ गये हुए थे, जहां पर नरमुंड दिखाई पड़ा । इस बात की सूचना गांव तक पहुंच गयी और मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गयी। लोगों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गयी । मौके पर पुलिस पहुंच कर नरमुंड तथा शरीर के मिले हिस्से को अपने कब्जे में लेते हुए विधिक कार्यवाही कर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया। बताते हैं कि नहर के बगल ऊंचगाव गांव निवासी शैलेन्द्र सिंह लगभग कुछ माह पूर्व नहर पर से ही गायब हो गये थे। जिनका पुल पर स्लीपर मिला था वहीं कुछ दूरी पर नरमुंड के साथ शरीर के अंगों के अवशेष मिले हैं। जिससे ग्रामीणों ने आशंका जता रहे कि कुछ माह पूर्व गायब हुए अधेड़ का ही शव है। उन्हे किसी ने मार कर नहर में फेंक दिया था जो पानी अधिक होने से उस समय शव खोजने के बाद भी नहीं मिला। घटना की जांच के उपरांत ही सत्यता सामने आयेगी। इस संदर्भ में पुलिस का कहना है कि नहर में मानव का कंकाल मिला है। जिसे जांच के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही घटना सच्चाई सामने आ सकती है।

## मछलीशहर -जंघई मार्ग पर मार्किंग का कार्य जारी

**जौनपुर।** मछलीशहर जंघई मार्ग 731 बी राष्ट्रीय राजमार्ग को बनाने की दिशा में जमीनी स्तर पर कार्य शुरू हो गया है। सड़क के दोनों किनारों पर पेड़ों की कटाई का कार्य किया जा है। बिजली के खम्भों को सड़क के किनारे से रिप्लेस किया जा रहा है। सड़क पर मार्किंग का कार्य भी जारी है।यह मछलीशहर जंघई मार्ग पर जगदीशपुर गांव का सोमवार सुबह का दृश्य है। इससे इस क्षेत्र की बहु प्रतीक्षित मांग पूरी होने जा रही है। मछलीशहर तहसील क्षेत्र से जंघई जंक्शन को जोड़ने वाला यह मार्ग बेहद व्यस्त मार्ग है जो वर्तमान में खस्ताहाल स्थिति में है। राष्ट्रीय राजमार्ग बनने की कवायद शुरू होने के बाद क्षेत्र के बरावां, सेमरहो, बामी, रामगढ़, गोधना, मोलनापुर, चैकी खुर्द,चैकी कला, बभनियांव, करौरा, तिलौरा, जमुहर भटेवरा , कठार सहित पचासों गांवों के लोगों को जंघई जंक्शन और मछलीशहर तहसील मुख्यालय पर आने जाने में सहूलियत हो जायेगी।

# मंडलीय समन्वयक ने किया मध्यान भोजन की जांच

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** मंडलीय कोऑर्डिनेटर एमडीएम कनिका जैन झिंगरन ने सोमवार को प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर के मध्यान भोजन की गुणवत्ता की जांच करने के साथ विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था का हाल जाना।

विद्यालय में उत्कृष्ट एमडीएम सामग्री, रसोइयों व किचन की साफ सफाई देखकर सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने सभी कक्षा कक्ष में जाकर छात्रों से खूब सवाल जवाब कर बच्चों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने भौतिक परिवेश व गुणवत्तापरक शिक्षा देख कर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमित सिंह व शिक्षकों की जमकर प्रशंसा की। सबसे पहले कक्षा दो में पहुंची वहाँ उन्होंने बच्चों से पूछा कि आपके सहयोगी कौन कौन है और कैसे सहयोग करते है। बच्चों ने किसान, कुम्हार, शिक्षक इत्यादि के बारे में बेबाकी से जवाब दिया। इसी तरह कक्षा तीन में कुछ बच्चों से किताब पढ़वाया तो कुछ से पहाड़ा पूछा। बच्चों ने वहाँ भी बहुत बेबाकी से जवाब दिया। इसके बाद कक्षा चार के बच्चों से उन्होंने सोलर सिस्टम के बारे में, संस्कृत के श्लोक के बारे में पूछा।सभी बच्चों ने हाथ उठाया जिस बच्चे से उन्होंने पूछा तो उसका जवाब दिए। इसी तरह कक्षा पांच के शिवम, मानवी से पहाड़ा पूछा। फिर कई बच्चों से प्रश्न किया किया कि क्या बनना चाहते हो, बनने के बाद कैसे काम करोगे तो बच्चों ने बेझिझक होकर जवाब दिया।

इसके अलावा सभी कक्षा के बच्चों ने हिंदी, अंग्रेजी व संस्कृत की कविता सुनाई। डिस्कवरी लैब को उन्होंने देखा वहां पर दिव्यांशु गौड़ ने सूर्यग्रहण, चंद्रग्रहण व मानवी प्रजापति ने कंकाल तंत्र के बारे में बताया। उनके साथ डीसी एमडीएम अरुण मौर्य व संतोष कुमार बाजपेयी भी थे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमित सिंह व विद्यालय के शिक्षकों मंजू जैसवार नेहा जायसवाल श्यामधर यादव गजाला बानो आराधना उपाध्याय मनोज कुमार व माधुरी सिंह द्वारा सभी को अंगवस्त्रम प्रदान किया गया।

# युवा उत्सव प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** जिला युवा कल्याण विभाग आजमगढ़ की तरफ से मंडल स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम प्रतियोगिता का आयोजन शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज एटलस टैंकष् के प्रांगण में संपन्न हुआ स कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया स उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता द्वारा बच्चे अपना हुनर का प्रदर्शन कर अपने गांव ,नगर ,जिला ,प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करते हैं स यह प्लेटफॉर्म बच्चों को आगे बढ़ने का मौका देता है स कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर राजेश सिंह ने किया स जिला युवा कल्याण अधिकारी श्री सुल्तान सिंह जी ने मुख्य विकास अधिकारी आजमगढ़ का स्वागत और अभिनंदन किया साथ ही आजमगढ़ मंडल के अंतर्गत मऊ और बलिया से आए प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि आप सभी अपने-अपने जिले का नेतृत्व करने आए हैं और हम आशा करते हैं कि आप यहां से जीत कर प्रदेश स्तर और देश स्तर पर अपना और अपने जिले का नाम रोशन करें स प्रतिभागियों ने विभिन्न विधाओं में प्रतिभा किया स समूह लोक नृत्य में आजमगढ़ प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज के बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया स वहीं समूह लोक गायन में मऊ के बच्चों ने पहला स्थान प्राप्त किया स कहानी लेखन में आजमगढ़ प्रतिभा निकेतन की प्रज्ञा यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल को गौरवान्वित किया स पोस्टर पेंटिंग में विकास चौहान बलिया फोटोग्राफी में खुशी वर्मा मऊ एकल नृत्य में अंजलि कश्यप मऊ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया स इस अवसर पर प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज के प्रबंधक रमाकांत वर्मा ,प्रधानाचार्य धुरुव कुमार मौर्य ,प्रीति श्रीवास्तव ,संदीप सिंह ,राजेश तिवारी, प्रमोद कुमार ,अभिजीत कुमार यादव ,रुचि श्रीवास्तव ,सतीश यादव ,अश्वनी कुमार ,रागिनी पांडे, अर्पित राय, विजय कुमार, ,सरिता पांडे आदि उपस्थित रहे ।

## दवा व्यवसायी की सड़क पिता व पुत्री की मौत

**आजमगढ़।** लालगंज नगर के प्रमुख दवा व्यवसायी कृपा सागर गुप्ता व उनकी पुत्री की सड़क हादसे में मौत हो गई। वहीं इस दुर्घटना में उनकी पत्नी व चालक गंभीर रूप से घायल हो गये। पिता व पुत्री की मौत की सूचना जैसे ही परिजनों को मिली घर पर हाहाकार मच गया। सूचना मिलते ही लालगंज के दवा व्यवसाइयों ने अपना कारोबार सोमवार को बंद रखा। कृपा सागर गुप्ता (48) पुत्र डॉ बेचूलाल गुप्ता अपनी पत्नी व पुत्री के साथ अपनी बड़ी पुत्री के यहाँ औरंगाबाद जा रहे थे। रविवार को रात्रि में औरंगाबाद के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के भेड़िया गाँव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 पर खड़ी ट्रक से उनकी कार टकरा गयी, जिससे कृपा सागर गुप्ता व उनकी 22 वर्षीय पुत्री काव्या गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गयी। पत्नी पिंकी गुप्ता व ड्राइवर सत्येंद्र सरोज को गंभीर अवस्था मे हॉस्पिटल ले जाया गया। सूचना मिलने पर परिजन मौके के लिए रवाना हो गए।

# महानगरों की तर्ज पर मिलेगी सेवा: अखिलेश

- विशाल फेमिली रेस्टोरेंट, बार एंड बैंक्वेट हाल का शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** शहर के ठंडी स्थित होटल गंगोत्री के 25 वर्ष पूर्ण होने पर परिसर में ही विशाल फेमिली रेस्टोरेंट, बार एंड बैंक्वेट हाल का शुभारंभ रविवार को हुआ। जिसका उद्घाटन भाजपा वरिष्ठ नेता अखिलेश मिश्र गुड्डू द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा नेता अखिलेश मिश्र गुड्डू ने कहाकि 1998 से होटल के क्षेत्र में गंगोत्री होटल अग्रणी रही है। अपने स्थापना के 25वें वर्ष के मौके पर होटल परिसर में ही खुले विशाल फैमिली रेस्टोरेंट, बार एंड बैंक्वेट हाल के माध्यम से यह आगे भी लोगों की पहली पंसद रहेगा। उन्होंने कहाकि महानगरों की तर्ज पर आजमगढ़ में इस तरह की यह पहली सेवा है, जिसका आजमगढ़ के लोग लाभ उठाए। आंगतुकों के प्रति आभार जताते हुए रामबचन सिंह व आनंद सिंह ने कहाकि अपने होटल सेवा के क्षेत्र का हमने विस्तार करते हुए इसमे महानगरों की तर्ज पर फेमिली रेस्टोरेंट, बार एण्ड रेस्टोरेंट और बैंक्वेट हाल का शुभारंभ किया गया है। देश के कोने-कोने के लजीज व्यंजनों का जायका अब हमारे रेस्टोरेंट में उपलब्ध होगा वहीं बर्थ-डे, किटी पार्टियां, वैवाहिक रश्में, मींटिग आदि के लिए आकर्षक बैंक्वेट हाल की बुकिंग की जा सकती है। इस अवसर पर पीयूष सिंह, विशाल सिंह पुनीत, सत्यम गुरू, सत्या, सृष्टा, विंध्यप्रताप, सुप्रभात, श्लोका, बिजेन्द्र सिंह, ध्रुव सिंह, अजय सिंह, गोविन्द दुबे, राजेश सिंह महुवारी, मीथिलेश सिंह, आशीष तिवारी, आत्मा पांडेय, विश्वजीत सिंह पालीवाल, सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## एक गाय से संभव है 30 एकड़ खेती: डॉ. स्वरूप

**प्रयागराज।** एम. पी. कॉलेज के जन्तु विज्ञान विभाग में चल रहे वर्मीकम्पोस एवं वर्मीकम्पोस्टीग नामक शार्ट कोर्स के अन्तर्गत सोमवार को डा.देवेंद्र स्वरूप, वरिष्ठ वैज्ञानिक, चंद्रशेखर आज़ाद विश्वविद्यालय, कानपुर ने अपना वक्तव्य रखा। उन्होंने बताया की हमारे जीवन मे पशुओ का कितना उपयोग है। पशु का एक एक भाग हमारे लिए कितना उपयोगी है। पशु के गोबर, मूत्र,सिंघ इत्यादि से जैविक खाद बनाये जाते है तथा परंपरागत से किस तरह से अपने जीवन को बदल सकते है। डॉ स्वरूप ने वर्मिकोम्पोस्ट तथा नादेप कंपोस्ट के बारे में बताया। वर्मीकंपोस्ट, वर्मीवाश, केचुओ के विक्रय की भी जानकारी दी। इस कार्यक्रम में सभी का स्वागत डा. हेमलता पन्त एवम् कार्यक्रम की जानकारी डॉ ज्योति वर्मा ने दिया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन मृत्युंजय ने किया। कार्यक्रम में अनुराधा यादव, अनुष्का, प्रिंस,राम, अनामिका, आभा, शिवांगी, श्रेया, सुयश सहित 30 प्रतिभागियों की उपस्थिति रहे।

# चालू वित्त वर्ष में औसत मासिक जीएसटी कलेक्शन 1.66 लाख करोड़ पहुंचा

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को संसद में बताया कि चालू वित्त वर्ष में अब तक औसत मासिक संग्रह 1.66 लाख करोड़ रुपये है। लोकसभा में एक प्रश्न का लिखित उत्तर देते हुए सीतारमण ने कहा कि तस्ज्ञ Collection चालू वित्त वर्ष के हर महीने में 1.50 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा रहा और अप्रैल, 2023 में 1.87 लाख करोड़ रुपये के रिकार्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। 2022-23 में औसत मासिक जीएसटी कलेक्शन 1.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक था। 2021-22 में ये आंकड़ा 1.23 लाख करोड़ और 2020-21 में 94,734 करोड़ रुपये था। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि 2021-22 और 2022-23 के लिए औसत मासिक जीएसटी कलेक्शन में साल-दर-साल 30 प्रतिशत और 22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को कहा कि देश 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य की ओर अग्रसर है और अमृत काल की शुरुआत में पांच ट्रिलियन डालर की आर्थिकी बन जाएगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) ने भारत को 2027-28 में पांच ट्रिलियन डालर के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का अनुमान लगाया है। इसको लेकर आंकड़े भी पेश किए गए हैं।




वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में बताया कि दो दिसंबर तक 2022-23 में अर्जित आय के लिए 7.76 करोड़ कर रिटर्न दाखिल किए गए हैं और इस महीने के अंत तक और अधिक दाखिल किए जाने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2022-23 में 10.09 करोड़ पैनधारकों ने 2021-22 में अर्जित आय के लिए टैक्स का भुगतान किया। 2022-23 में अर्जित आय के लिए आयकर रिटर्न (आइटीआर) दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2023 थी। निर्धारित तारीख के बाद जो रिटर्न दाखिल करना चाहते हैं, वे जुर्माना अदा करके 31 दिसंबर तक ऐसा कर सकते हैं। 2022-23 के दौरान कुल शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 16.63 लाख करोड़ रुपये है।

# विश्व का सबसे बड़ा पेपर शो, पेपरेक्स 2023 6 से 9 दिसंबर 2023 तक

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे बड़े पेपर शो,पेपरेक्स का 16वां संस्करण, वैश्विक पेपर उद्योग के सबसे बड़े ब्रांडों और कंपनियों की मौजूदगी का वादा करता है।यह इवेंट 6 से 9 दिसंबर 2023को इंडिया एक्सपो सेंटर, दिल्ली एनसीआर, भारत में आयोजित किया जाएगा, जिसमें पेपर उत्पादन की नवीनतम तकनीक के साथ-साथ कुछ सबसे अद्भुत और पर्यावरण- सहयोगी उत्पाद भी प्रदर्शित किए जाएंगे।पेपरेक्स 2023 को उद्योग जगत से जबरदस्त प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है और यह 2022 से 20 देशों के 700 से ज्यादाअग्रणी प्रदर्शकों और दुनिया के हर कोने से 30,000 से अधिकव्यापार आगंतुकों के साथ सफलता की कहानी को बेहतर बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। भारत में पेपर की खपत की संभावित वार्षिक वृद्धि 6 से 7 प्रतिशत होने के साथ वित्तीय वर्ष 2026-27 तक 30 मिलियन टन तक पहुचने की संभावना है, जो मुख्य रूप से संगठित खुदरा क्षेत्र में वृद्धि के साथ-साथ शिक्षा और साक्षरता पर बढ़ावा मिलने से हो रहा है। प्रति वर्ष, यह शो पेपर और बोर्ड निर्माताओं, पेपर व्यापारियों, प्रिंटरों, प्रकाशकों और पेपर पैकेजिंग कंपनियों से लेकर निवेशकों और प्रमोटरों तक हजारों वैश्विक खरीदारों को आकर्षित करता है।




# खेल महोत्सव के समापन पर विजेता बच्चों को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल द्वारा दिए गए पुरस्कार



**लखनऊ।** राजभवन में भिक्षा से शिक्षा की ओर मुहिम के अंतर्गत आयोजित खेल महोत्सव के समापन अवसर पर विजेता बच्चों को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल द्वारा दिए गए पुरस्कार। भिक्षावृत्ति को ख़त्म करने के लिए उम्मीद संस्था लगातार काम कर रही है ताकि भारत में भिक्षावृति को ख़त्म किया जा सके। दिनांक 2 और 3 दिसंबर 23 को उम्मीद संस्था ने 2 दिन के कार्यक्रम का आयोजन किया गया था आज दूसरे दिन कब्बडी, रस्सी, रनिंग, लम्बी कूद जैसे खलों का आयोजन किया गया, दो दिन के इस आयोजन में भिक्षावृत्ति छोड़ चुके 500 से अधिक बच्चों ने प्रतिभागिता की। 30 से अधिक विजेता बच्चों को माननीय राज्य पाल आनंदी बेन जी ने अपने हाथो से सभी बच्चों को सम्मान दिया। 3 वर्ष से 16 वर्ष के बच्चों के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में 60 मीटरव 100 मीटर की दौड़ सामान्य दौड़, चम्मच रेस, बोरा रेस, कबड्डी, रस्साकस्सी आदि खेलों का आयोजन किया गया। राज्यपाल आनंदी बेन ने उम्मीद संस्था को थन्यवाद देते हुए कहा हमारा राजभवन छोटे-छोटे बच्चों से खिल उठा है, आज मुझे काफी ख़ुशी हो रही है की इतने नन्हे मुन्हे बच्चों ने पूरी लगन के साथ पूरा खेल खेला , साथ ही कहा कि - ये कार्य लगातार ऐसे ही चलते रहना चाहिए जैसा की मुझे बताया गया है कि पूरे लखनऊ में 5000 से अधिक भिक्षा मांगने वाले बच्चे है जो रोड़ पर खड़े होकर भिक्षा मांगते है तो ऐसे बच्चो के लिए एन. जी. ओ. एवं सरकार इन बच्चों के लिए भी कर कर रही है साथ आम जनता की भी जिम्मेदारी है।

समापन व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उम्मीद संस्था की अध्यक्षा उषा अवस्थी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के वरिष्ठ सलाहकार अवनीश अवस्थी उपस्थित रहे।

इस कार्यकर्म के आयोजन में स्वयं सेवक के रूप में अपनी सेवा देने वाले लखनऊ विश्वविद्यालय समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों को भी राज्य पाल जी ने अपने हाथो सम्मानित किया। उम्मीद संस्था के संस्थापक/ सचिव श्री बलबीर सिंह मान द्वारा अतिथियों व बच्चों को धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम को समाप्त किया गया।

# क्रॉस लिमिटेड ने सेबी के पास डीआरएचपी जमा किया

**लखनऊ।** क्रॉस लिमिटेड, जो की एक डाइवर्सिफाइड कंपनी है जो ट्रेलर एक्सल और सस्पेंशन असेंबली तथा मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों और कृषि उपकरण के लिए सटीक मशीनीकृत उच्च प्रदर्शन वाली सेफ्टी क्रिटिकल पार्ट्स की एक विस्तृत श्रृंखला के मैन्यूफैक्चरिंग और सप्लाई पर फोकस्ड है, ने प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के माध्यम से राशि जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक, सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) जमा किया है। डीआरएचपी के अनुसार, जमशेदपुर स्थित कंपनी की 500 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के तहत 250 करोड़ रुपये के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे तथा प्रमोटर शेयरधारकों द्वारा 250 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयर्स ऑफर फॉर सेल में शामिल है, जिसमे सुधीर राय के 168 करोड़ रुपये तक के शेयर्स और अनीता राय के 82 करोड़ रुपये तक के शेयर्स शामिल है। साथ ही कंपनी द्वारा 50 करोड़ रुपये तक का निर्दिष्ट प्रतिभूतियों का प्री-आईपीओ प्लेसमेंट किया जा सकता है। यदि ऐसा प्लेसमेंट किया जाता है, तो नए इश्यू का आकार कम हो जाएगा। नए इश्यू से प्राप्त राशि में से 70 करोड़ रुपये का उपयोग मशीनरी और उपकरण की खरीद के पूंजीगत व्यय आवश्यकताओं के लिए तथा 90 करोड़ रुपये का उपयोग कंपनी द्वारा बैंकों और वित्तीय संस्थानों से लिए गए सभी या कुछ बकाया उधारों का पूर्ण या आंशिक पुनर्भुगतान या पूर्व भुगतानकरनेका प्रस्ताव रखा है। इसके अलावा 30 करोड़ रुपये का उपयोग कंपनी की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं का वित्तपोषण के लिए और शेष राशि सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य के लिएकरने का प्रस्ताव रखा है।

कंपनी के प्रमोटर अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक सुधीर राय हैं; अनीता राय, पूर्णकालिक निदेशक; सुमीत राय, पूर्णकालिक निदेशक और कुणाल राय, मुख्य वित्तीय अधिकारी है।वित्तीय वर्ष 2023 तक परिचालन से कंपनी का राजस्व 489 करोड़ रु. तथा मुनाफा 31 करोड़ रु. था। ऑफर का बुक रनिंग लीड मैनेजर इक्विरस कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड है। इक्विटी शेयरों को बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

# आयुर्वेद से कैंसर, लिवर फेल, किडनी फेल और थैलेसीमिया का इलाज सम्भव

**नई दिल्ली।** हिम्स के संस्थापक, आचार्य मनीष ने आयुर्वेद की अविश्वसनीय उपचार क्षमता के बारे में आज यहां सीरी फोर्ट ऑडिटोरियम में खुलकर बात की। शंकाओं को दूर करते हुए और आशा जगाते हुए, आचार्य मनीष ने कैंसर, लिवर फेल, किडनी फेल और थैलेसीमिया जैसे जटिल रोगों के इलाज में आयुर्वेद की प्रभावशीलता को सामने रखा।समारोह में, डॉ. बीआरसी के नाम से मशहूर डॉ. बिस्वरूप रॉय चौधरी ने अपनी पुस्तक - द सर्केडियन डॉक्टर का अनावरण किया, जो समग्र स्वास्थ्य के लिए एक क्रांतिकारी नज़रिया पेश करती है। द सर्केडियन डॉक्टर के बारे में बात करते हुए, डॉ. बीआरसी ने कहा, द सर्केडियन डॉक्टर सिर्फ एक किताब नहीं है; यह हमारे स्वास्थ्य के प्रति दृष्टिकोण में एक आदर्श बदलाव है। अपने शरीर की प्राकृतिक लय को समझ कर और उसके साथ तालमेल बिठाकर, हम पुरानी बीमारियों को रोकने और उलटने के लिए खुद को सशक्त बना सकते हैं।

द सर्केडियन डॉक्टर किताब बॉडी क्लॉक के महत्व पर प्रकाश डालती है, जो स्वास्थ्य को नियंत्रित करने वाली एक समयबद्ध मानवीय घटना है। आचार्य मनीष ने कहा, ÷हिम्स आयुर्वेद में हम शरीर की जन्मजात उपचार शक्ति में विश्वास करते हैं।

प्राचीन आयुर्वेदिक ज्ञान को आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के साथ जोड़कर, विभिन्न प्रकार की बीमारियों के इलाज में हमारी एप्रोच सफल रही है। इससे आशा जगती है कि हमारे मरीज़ स्वस्थ रहेंगे।

# द हेल्थसाइट.कॉम ने एक जानकारी पूर्ण लेख प्रकाशित किया

**लखनऊ।** अस्थमा जानलेवा हो सकता है। यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें व्यक्ति के वायुमार्ग में सूजन, संकीर्णता और सूजन आ जाती है और इसमें अतिरिक्त बलगम भी पैदा होता है, जिससे व्यक्ति के लिए सांस लेना मुश्किल हो जाता है। इसके लक्षण हैं सीने में दर्द, खांसी, सांस लेने में तकलीफ और घरघराहट। इस स्थिति को ठीक नहीं किया जा सकता है, लेकिन उचित देखभाल से आप इसके लक्षणों को नियंत्रित कर सकते हैं। द हेल्थसाइट.कॉम ने उन खाद्य पदार्थों के नाम सूचीबद्ध किए हैं जो अस्थमा के लक्षणों को तुरंत ट्रिगर कर सकते हैं: तले हुए खाद्य पदार्थ वसायुक्त भोजन अस्थमा के मरीजों की हालत खराब कर सकता है। वे सूजन पैदा करते हैं और फेफड़ों की कार्यप्रणाली को प्रभावित करते हैं। सभी वसायुक्त खाद्य पदार्थों से परहेज नहीं करना चाहिए, लेकिन कुछ वसायुक्त खाद्य पदार्थ जो मोटापे का कारण बनते हैं, उनसे बचना चाहिए, क्योंकि अधिक



वजन वाले लोगों के फेफड़ों को अधिक मेहनत करनी पड़ती है। कुछ स्वस्थ वसायुक्त खाद्य पदार्थ अस्थमा से पीड़ित लोगों के स्वास्थ्य के लिए अच्छे होते हैं। कृत्रिम मिठास- कृत्रिम मिठास में एस्पार्टेम होता है, जो अस्थमा के रोगियों के लिए अच्छा नहीं है। इससे अस्थमा से पीड़ित लोगों की स्थिति और खराब हो सकती है। एस्पार्टेम कृत्रिम मिठास, सोडा और गोंद में पाया जाता है। डेयरी उत्पादों- दूध, पनीर और आइसक्रीम जैसे डेयरी उत्पाद कुछ लोगों के लिए अच्छे नहीं हैं। ये उत्पाद शरीर में बलगम के उत्पादन को बढ़ाते हैं, जिससे अस्थमा से पीड़ित लोगों को सांस लेने में समस्या हो सकती है। यदि आप अस्थमा के रोगी हैं, तो यह निर्धारित करने के लिए अपने डॉक्टर से परामर्श लें कि डेयरी उत्पाद आपके लिए हानिकारक हैं या नहीं।

# छात्रों के लिए फिटजी टैलेंट रिवॉर्ड परीक्षा का आयोजन

**लखनऊ।** फिटजी देश में प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले सर्वप्रमुख संस्थानों में एक रहा है। अपनी इस विरासत को मजबूत करते हुए यह वर्तमान में कक्षा 5, 6, 7, 8, 9, 10 और 11 के छात्रों के लिए फिटजी टैलेंट रिवॉर्ड परीक्षा का आयोजन कर रहा है। परीक्षा 24 दिसंबर, 2023 और 07 जनवरी, 2024 को होगी। उम्मीदवार अपनी सुविधा से एक तिथि चुन कर इसमें भाग ले सकते हैं। यह परीक्षा केवल ऑफलाइन होगी। एफटीआरई परीक्षा को यह विशेष प्रारूप दिया गया है ताकि छात्रों की वास्तविक क्षमता सामने आए और वे तदनुसार तैयारी कर प्रतियोगिता परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करें और उसके बाद भी अभूतपूर्व सफलता प्राप्त करें। नितिन कृष्ण दुबे मैनेजिंग पार्टनर और फिटजी लखनऊ सेंटर प्रमुख ने कहा एफटीआरई एक आम परीक्षा से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। यह परीक्षा छात्रों को शिक्षा लेने का नया अनुभव देगी और उनके अंदर की क्षमता, वर्तमान क्षमता और वास्तविक झुकाव का आकलन कर शानदार सफलता के लिए तैयार करेगी। मैं कभी भी फिटजी क्लास करने के इच्छुक प्रत्येक छात्र से फिटजी टैलेंट रिवार्ड परीक्षा देने का आग्रह करता हूं। शुरुआत जल्द करने के कई लाभ हैं। उन्हें बेहतर परिवेश में सीखने का अवसर मिलेगा। एफटीआरई से फिटजी क्लासरूम और इंटीग्रेटेड स्कूल प्रोग्राम में प्रवेश लेना आसान है। साथ ही फिटजी ई स्कूल के माध्यम से लाइव ऑनलाइन क्लासरूम प्रोग्राम में शामिल होने का अवसर मिलेगा। इसलिए पूरे भारत के छात्रों के लिए आयोजित यह परीक्षा एक बड़ा अवसर है। फिटजी टैलेंट रिवार्ड एग्जाम प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कर रहे उम्मीदवारों को उनकी वास्तविक क्षमता समझने और बढ़ाने का अवसर देता है। उम्मीदवार रैंक पोटेंशियल इंडेक्स के माध्यम से जेईई मेन, जेईई एडवांस्ड, एनईईटी, विभिन्न ओलंपियाड और एनटीएसई जैसी परीक्षाओं में पूरे देश में उनकी संभावित रैंक का यथार्थ अनुमान प्राप्त करते हैं। उनके विश्लेषण कौशल, आईक्यू और एप्टिट्यूड का सटीक आकलन करने के साथ यह परीक्षा उम्मीदवारों को कांसेप्ट, विश्लेषण और स्वतः सोचने की शक्ति पर आधारित प्रश्नों का हल करने की क्षमता से अवगत कराती है। एफटीआरई के माध्यम से छात्र वैज्ञानिक प्रारूप पर तैयार प्रश्न पत्रों को हल करने का अनमोल अनुभव पाते हैं और यह प्रारूप भारत में राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धी और अन्य शैक्षिक परीक्षाओं के पैटर्न और अंक देने की योजनाओं से काफी मिलते हैं। इतना ही नहीं, एफटीआरई परीक्षा उनके प्रदर्शन का व्यापक विश्लेषण करते हुए कांसेप्ट, चौप्टर और विषय के अनुसार उनकी क्षमताओं और अक्षमताओं की बारीक जानकारी देती है। यह परीक्षा की मनोदशा का भी आकलन करती है और संभावित सुधार बताती है जिसका बहुत महत्व है। उम्मीदवारों की 360-डिग्री प्रगति में एफटीआरई के बेजोड़ लाभ-शैक्षणिक क्षमताओं का आकलन-उम्मीदवार और उसके माता-पिता उसकी शैक्षणिक क्षमता की पूरी जानकारी प्राप्त करेंगे जैसे कि एप्टिट्यूड, समझने का कौशल, विश्लेषण क्षमता, सामान्य आईक्यू और चुने गए कैरियर के लिए विशेष आईक्यू आदि। शैक्षणिक अभिरुचि जानना-शुरू से ही विभिन्न विषयों को लेकर बच्चे की अभिरुचि समझना जरूरी है ताकि वह ग्यारहवीं कक्षा में स्ट्रीम का चयन सोच-समझ कर करे। यह अच्छा कैरियर बनाने के लिए आवश्यक है। वैज्ञानिक प्रारूप पर आधारित परीक्षाएं-ऊपर बताए गए लक्ष्य किसी सामान्य परीक्षा से पूरे नहीं होंगे। वैज्ञानिक ढंग से आयोजित परीक्षा देनी होगी जिसका पैटर्न राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न प्रतियोगी और शैक्षिक परीक्षाओं के समान हो। पूरे देश में अपनी शैक्षिक स्थिति जानें- एफटीआरई के माध्यम से छात्र पूरे देश में अपनी शिक्षा की स्थिति समझ पाते हैं, जो विभिन्न प्रतिस्पर्धी और शैक्षणिक परीक्षाओं के लिए सबसे जरूरी है। फिटजी उम्मीदवारों की परीक्षा का विश्लेषण कर उन्हें और उनके माता-पिता को उम्मीदवार की वास्तविक स्थिति समझने में मदद करता है। बेहतरीन सफलता की राह जानना-इन सभी विश्लेषणों के बाद माता-पिता और उम्मीदवार को यह जानना होगा कि उसकी स्पष्ट और छिपी हुई कुल क्षमता से जोरदार तैयारी करने के लिए क्या करना है)। यह सबसे महत्वपूर्ण कदम है जो बहुत सोच-समझ कर उठाना है।

# अशोका ब्रांड के तेल और घी खरीदने पर शानदार ऑफर, उपहार में मिलेगा इनोवा क्रिस्टा

**लखनऊः** प्रसिद्ध ब्रांड डाटा ग्रुप की ओर से व्यापारियों के लिए एक शानदार ऑफर प्रस्तुत किया गया है। इस ऑफर के तहत अशोका ब्रांड




की कच्ची घानी सरसों तेल, वनस्पति घी और रिफाइंड तेल की खरीदारी पर अलग-अलग उपहार देने की घोषणा की गई है। व्यापारियों को इस ऑफर के तहत चांदी, सोना और कार जैसी बहुमूल्य चीजें जीतने का शानदार मौका दिया गया है। व्यापारियों को इस ऑफर के तहत 300 टन की खरीदारी पर 100 ग्राम चांदी, 600 टन की खरीदारी पर 10 ग्राम सोना, 800 टन की खरीदारी पर 30 ग्राम सोना, 1400 टन की खरीदारी पर मारुति स्विफ्ट डिजायर, 1900 टन की खरीदारी पर मारुति ब्रेजा और 2400 टन की खरीदारी पर इनोवा क्रिस्टा कार उपहार में दिए जाएंगे। यह ऑफर 1 अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक मान्य है। व्यापारियों को लकी ड्रॉ के तहत भी उपहार दिए जाएंगे। इस लकी ड्रॉ में तीन दिन दुबई की यात्रा शामिल होगी। जहां फ्लाइट टिकट के साथ होटल में तीन दिन और दो रात की सुविधा होगी। लकी ड्रॉ के जरिये 9 टन का हर ट्रक अपने आप लकी ड्रॉ का हिस्सा बन जाएगा। इसके जरिए 5 विजेताओं का चयन किया जाएगा। डाटा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री अजय डाटा ने कहा कि यह ऑफर व्यापारियों के लिए है, जिन्होंने वर्षों से अशोका सरसों तेल को चुना है। कंपनी लोगों के स्वास्थ्य को देखते हुए सर्वश्रेष्ठ श्रेणी का सरसों का तेल प्रदान करती है। यही कारण है कि खाद्य तेल के रूप में इसने अपनी अलग पहचान स्थापित की है।

# भावनाओं की सिम्फनी: सागर भाटिया की मोहक धुन शुद्ध प्रेम का स्वरनाद प्रस्तुत करती है

**नई दिल्ली।** आज के युवा और प्रतिभा के धनी सागर भाटिया पेश कर रहे है, अपनी नई पेशकश ÷मेरा इश्क÷ जो दिलों को झकझोर देने वाले राग से भरी है। यह कव्वाली के सार को एक नया आयाम देती है। कई जज्बातों में पिरोई यह रचना पारंपरिक संगीत की सीमाओं को पार करते हुए, श्रोताओं को भावनाओं की सिम्फनी भरे समुद्र में प्रेम और भक्ति की गहराई तक पहुंचाती है। मेरा इश्क की मंत्रमुग्ध कर देने वाली लय और मनमोहक गीत, अस्तित्व के सभी पहलुओं में प्रिय की हमेशा उसके आसपास रहने वाली उपस्थिति की एक ज्वलंत तस्वीर पेश करता हैं। कव्वाली के अनूठे स्पर्श के साथ सागर भाटिया द्वारा बनाया गया प्यार का यह गुंजायमान गीत एक शानदार कृति है जो आपको शुद्ध अर्थों में भावनाओं से भरी दुनिया में ले जाता है। यह गीत दर्शकों को सुनने और प्रेम के साथ भक्ति की शक्ति के प्रति समर्पित होने का एक अद्भुत आनंद देता है। अपनी नई रिलीज़ के बारे में भावुक होकर बात करते हुए सागर ने कहा, ÷कव्वाली सिर्फ संगीत नहीं है, यह एक महान कला है। कव्वाली करने का मेरा तरीका थोड़ा अलग और बहुत अनोखा है। मेरा इश्क़ मेरी पहली कव्वाली है जिसे मैंने ख़ुद लिखा था और अब यह मेरी रिलीज़ होने वाली पहली कव्वाली भी है। इस गीत के बारे में खूबसूरत बात यह है कि यह हर उस व्यक्ति के दिल को गुंजायमान कर देगा जो इस धुन को सुनेगा। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि इस गीत को सुनते समय आप किसकी छवि को मन में बसते है, अंतिम भावना शुद्ध प्रेम और भक्ति की होगी, जो की बहुत सुंदर होगी। मेरा इश्क दिल को छू लेने वाले गाने बनाने की मेरी एक कोशिश की शुरुआत है। इसीलिए शायद मैं दर्शकों तक अपना यह संगीत पहुंचाने के लिए बेहद उत्साहित हूं।÷




# ओला मात्र 89,999 रुपये में अपने बिल्कुल नए SvX+ के साथ #EndICEAge मिशन में तेज़ी लाएगा

**बेंगलुरुः** भारत की सबसे बड़ी ईवी कंपनी ओला इलेक्ट्रिक ने #EndICEAge मिशन में तेजी लाने के लिए अपने दिसंबर टू रिमेंबर अभियान की घोषणा की। 3 दिसंबर से शुरू होने वाले इस अभियान में एकदम नया एस1 एक्स+ अब 20,000 रुपये के फ्लैट डिस्काउंट के साथ मिल सकेगा, जिसका मतलब एस1 एक्स+ की कीमत अब घटकर केवल 89,999 रुपये हो गई है। इस वजह से एस1 एक्स+ सबसे सस्ते 2व्हीलर ईवी स्कूटरों में से एक बन गया है। जिसे अपनाना सबके लिए आसान हो गया है।

एस1 एक्स+ किफायती दाम पर सबसे अच्छा प्रदर्शन, उन्नत तकनीकी सुविधाएँ और बेहतर सवारी गुणवत्ता देता है। यह 3k Wh बैटरी के साथ आता है और 151 किमी की प्रमाणित रेंज देता है। साथ ही 6kW मोटर से चलने वाला एस1 एक्स+ 3.3 सेकंड में 0 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेता है और इसकी टॉप स्पीड 90 किमी प्रति घंटे है।

देश में ईवी को घर- घर पहुंचने के मकसद से कंपनी ने 3 दिसंबर से शुरू होने वाले अपने दिसंबर टू रिमेम्बर अभियान की घोषणा की है, जिसमें आकर्षक ऑफर और छूट योजनाओं के साथ सीजन का समापन काफ़ी शानदार रहेगा।

ओला के चीफ़ मार्केटिंग ऑफिसर, अंशुल खंडेलवाल ने कहा, ओला इलेक्ट्रिक ने नवम्बर महीने में लगभग 30,000 इकाइयों की रिकॉर्ड-तोड़ बिक्री के साथ एक नया इंडस्ट्री बेंच मार्क स्थापित किया है। लोग ईवी बड़ी आसानी से अपना सके इस बात में तेजी लाने और ईवी को सभी के लिए ज़रूरी बनाने के लिए, हाजिर हैं हम अपने नए एस1 एक्स+ के साथ, जो सारी बाधाओं को पार करने में सक्षम है। जानीमानी आईसीई स्कूटर के बराबर कीमत के साथ, हमें विश्वास है कि एस1 एक्स+ #EndICEAge के लिए पूरी तरह से तैयार है। हमारे स्कूटरों की लम्बी चौड़ी रेंज और उनकी आकर्षक कीमत के साथ, मेरा यह मानना है कि ग्राहकों के पास अब आईसीई उत्पाद खरीदने का कोई बहाना नहीं होगा।

# मैजिक मोमेन्ट्स म्युज़िक स्टुडियो और 8 पीएम पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर लखनऊ में ला रहे हैं किंग का लाईव शो

**लखनऊः** रेडिको खेतान की ओर से मैजिक मोमेन्ट्स म्युज़िक स्टुडियो और 8 पीएम पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर 10 दिसंबर 2023 को लुलु मॉल, लखनऊ में जाने-माने गायक किंग के साथ दर्शकों को संगीत की धुनों से लुभाने के लिए तैयार हैं। बुकमायशो के साथ साझेदारी में दोनों ब्राण्ड्स देश के विभिन्न शहरों में म्युज़िक टूर- 'किंग न्यू इंडिया टूर 2023' को को-पावर कर रहे हैं ।




रेडिको खेतान, सनबर्न म्युज़िक फेस्टिवल के साथ साझेदारी और हाल ही में बॉलीबूम के सहयोग से संगीत एवं कलाकारों को समर्थन और प्रोत्साहन प्रदान करता रहा है।

इस साझेदारी पर बात करते हुए अमर सिन्हा, चीफ़ ऑपरेटिंग ऑफिसर, रेडिको खेतान लिमिटेड ने कहा, ''रेडिको खेतान प्यार की युनिवर्सल भाषा के माध्यम से संगीत की क्षमता के द्वारा सीमाओं को पार करने और लोगों को एकजुट करने की ताकत को समझता है। संगीत की दुनिया के दिग्गजों जैसे सनबर्न म्युज़िक फेस्टिवल, प्रतीक कुहाड़ और रोनन कीटिंग के साथ सफल साझेदारी के बाद, हमें खुशी है कि इस प्रतिष्ठित म्युज़िकल टूर के लिए हमें बुकमायशो के साथ पार्टनरशिप का मौका मिला है। किंग को संगीत की समृद्ध विविधता के लिए जाना जाता है और इस साझेदारी के माध्यम से हम ऐसा मंच बनाना चाहते हैं जो उनकी कला के जादू से हमें देश भर के दर्शकों के साथ जोड़ेगा किंग का 'न्यू इंडिया टूर 2023' कोलकाता, गुरूग्राम और पुणे के सफल कार्यक्रम बाद लखनऊ आ रहा है7 इसके बाद, टूर हैदराबाद, अहमदाबाद, गोवा और गुवाहाटी पहुंचेगा।

# क्यूएंडआई ने सेंट पॉल कॉलेज, स्कॉलर्स होम, और माँ श्री विंध्यवासिनी स्कूल, और स्टडी वैल पब्लिक स्कूल के साथ गठबंधन किया

**लखनऊः** अग्रणी एडटेक प्लेटफॉर्म, क्यूएंडआई की टीम ने 29 नवंबर और 1 दिसंबर को लखनऊ और सीतापुर का दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य लखनऊ में तीन प्रतिष्ठित संस्थानोंः सेंट पॉल कॉलेज, स्कॉलर्स होम, और माँ श्री विंध्यवासिनी स्कूल और सीतापुर में स्टडी वैल पब्लिक स्कूल के साथ सहयोग बढ़ाना था इस गठबंधन का उद्देश्य लखनऊ और सीतापुर के इन स्कूलों में विद्यार्थियों को आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है। शैक्षणिक उत्कृष्टता और विद्यार्थी की सफलता की प्रतिबद्धता के साथ क्यूएंडआई के इन दौरों से प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए 360 डिग्री लर्निंग और समग्र तैयारी का एक नया युग शुरू होगा।

थॉमसन डिजिटल एवं क्यूएंडआई के एग्ज़िक्यूटिव डायरेक्टर और सीईओ, श्री विनय सिंह ने कहा, ''लखनऊ का हमारा दौरा परीक्षाओं की बेहतर तैयारी कराने के हमारे मिशन में एक महत्वपूर्ण पहल है। हम सेंट पॉल कॉलेज, स्कॉलर्स होम, माँ श्री



विंध्यवासिनी स्कूल और स्टडी वैल पब्लिक स्कूल के साथ अपने गठबंधन के लिए बहुत उत्साहित हैं। क्यूएंडआई विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अत्याधुनिक संसाधन और व्यक्तिगत सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।'' इस विज़िट के दौरान क्यूएंडआई की टीम और सेंट पॉल कॉलेज, स्कॉलर्स होम, माँ विंध्यवासिनी स्कूल और स्टडी वैल पब्लिक स्कूल के नेतृत्व के बीच गहन चर्चा हुई। ये वार्ताएं विद्यार्थियों को सशक्त बनाने के लिए विस्तृत रणनीतियाँ बनाने और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उन्हें तैयार करने पर केंद्रित थीं।

क्यूएंडआई की टीम ने स्कूल परिसरों में विद्यार्थियों के सामने क्यूएंडआई प्लेटफॉर्म का प्रदर्शन कर उन्हें बताया कि यह उनके लिए कैसे लाभप्रद हो सकता है। विद्यार्थियों ने इसके लिए बहुत ही शानदार प्रतिक्रिया दी और वो अपनी तैयारी में सुधार लाने के लिए इस प्लेटफॉर्म का उपयोग करने के लिए उत्साहित थे। इस गठबंधन द्वारा क्यूएंडआई अपने शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराएगा, जिनमें क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा व्यक्तिगत डाउट क्लियरिंग सत्र, शैक्षणिक सहयोग, और काउंसलिंग शामिल हैं। क्यूएंडआई का प्लेटफॉर्म अपने एडैप्टिव लर्निंग मॉड्यूल्स और आकलन पर आधारित रणनीतियों के लिए मशहूर है। यह परीक्षाओं की तैयारी के लिए विद्यार्थियों को सबसे आवश्यक टूल प्रदान करता है।

गठबंधन करने वाले स्कूलों की नेतृत्व टीमों ने इस गठबंधन को लेकर अपना उत्साह व्यक्त किया और अध्ययन के एक सकारात्मक वातावरण का निर्माण करने की अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की, ताकि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को विस्तृत सहयोग मिल सके।

# जन समस्याओं के समाधान में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगीः मुख्यमंत्री

अवधनामा संवाददाता



**निर्देश**

- जनता दर्शन में 300 लोगों की समस्याएं सुनीं सीएम योगी ने

**गोरखपुर।** गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में आए लोगों से मुलाकात की। इत्मीनान से उनकी समस्याएं सुनीं और उनके गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाएं और उनकी समस्याओं का समाधान कर उसे संतुष्ट करें। इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक सीएम योगी खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 300 लोगों से मुलाकात की। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ अन्याय नहीं होने पाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार उनका इलाज से भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता वह निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए।

## मेजर ध्यानचंद की पुण्यतिथि पर आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता



अवधनामा संवाददाता

- मेजर ध्यानचंद के जीवन से सिख लें छात्रः मेहदी

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** मेजर ध्यानचंद की पुण्यतिथि के अवसर पर लक्ष्मीपुर स्थित एम. के. हायर सेकंडरी स्कूल में खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

प्रतियोगिता में खो-खो, क्रिकेट, बैडमिंटन, कबड्डी, दौड़, जलेवी कूद, लम्बी कूद, रस्सी खिंचन आदि खेल का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने चढ़कर प्रतिभाग किया। वही प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को विद्यालय के प्रबंधक मेंहदी हसन ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिया हांकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के पुण्य तिथि पर आयोजित हुआ जिसमें में बच्चों ने अपनी प्रतिभा को निखारने का कार्य किया। ये सभी मेधावी मेजर ध्यानचंद के जीवनी का अनुसरण करें और उनके बताए मार्ग पर चलकर मेजर ध्यानचंद जैसे खिलाड़ी बने। प्रतियोगिता का संचालन कादिर हसन ने किया।

इस मौके पर प्रधानाचार्य सुभाष कन्नौजिया, सिकंदर गुप्ता, अवनीश मिश्रा, उपेंद्र राव, आफताब आलम, सिबा खातून, उमा प्रजापति, अख्तर हसन आदि मौजूद रहे।

## बड़हलगंज में नेकी की दीवार का हुआ शुभारम्भ



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गरीब असहायों की मदद के लिये बड़हलगंज में नेकी की दीवार का शुभारम्भ किया गया जिसमें लोग अपने घरों में पड़े निष्प्रयोज्य वस्त्र आदि का दान किया। सोमवार को उपनगर के अम्बेडकर तिराहे पर रूमाली देवी रामचन्द्र मिश्र सेवा संस्थान की अगुवाई में चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर,संस्थाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्र, भाजपा नेता अष्टभुजा सिंह ने फीता काट कर नेकी की दीवार का उदघाटन किया। महेश उमर ने कहा कि समाज में इस तरह के कार्य होते रहना चाहिए, नेकी की दीवार हर जरुरतमंद के लिये एक आशा की किरण बनेगी। उद्घाटन के अवसर पर सभासद दीपक गौड़, वीरेंद्र गुप्ता, सुनील उर्फ बबलू मद्धेशिया, डा. सतीश चन्द्र शुक्ल, घनश्याम यादव, राजाराम शर्मा, शैलेंद्र शर्मा, चिंतामणि त्रिपाठी, राजेश कुमार, दीनबंधु शर्मा, मयंक राय, कैलाश सिंह आदि सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बच्चो ने जीता पदक



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता मे इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा गोरखपुर के छात्रों ने टीम मैनेजर एके सिन्हा एवं वन्दिता के कुशल नेतृत्व मे बास्केटबॉल प्रतियोगिता (बालिका वर्ग ) मे रजत पदक प्राप्त किया एवं दीपक यादव ने जेवेलिन (बालक वर्ग ) मे कांस्य पदक प्राप्त किया। संस्थान के निदेशक डॉ एन के सिंह ने छात्रों की इस सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता मे प्रतिभाग करने से छात्रों का सर्वांगीण विकास होता हैं। उन्होंने छात्रों को आगे और भी करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल एवं संस्थान के सभी शिक्षकों ने छात्रों को बधाई एवं शुभकामनायें दिया।

## देर रात तक चला कवि सम्मेलन श्रोताओं ने उठाया काव्य पाठ का लाभ



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गीडा के 34वे स्थापना दिवस के अवसर पर चार दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ 30 नवंबर 2023 को माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी के कार्यक्रमों द्वारा किया गया था। तब से निरंतर आज तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम चल रहे थे आज कवि सम्मेलन के साथ गीडा के 34 वे स्थापना दिवस का सांस्कृतिक कार्यक्रम समाप्त हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ गीडा की सीईओ श्रीमती अनुज मलिक,डॉ राकेश श्रीवास्तव आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रचलन करके किया गया। सरस्वती वंदना नन्दिनी श्रीवास्तव ने पढ़ा। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार प्रमोद चोखानी ने किया। संचालन करते हुए मिन्नत गोरखपुरी ने जैसे ही पढ़ा लोगों ने खूब तालियां बजाई सबकी श्रद्धा और सम्मान है इस नाम के साथ। भगवान श्री राम का जिक्र होता है हनुमान के नाम के साथ। प्रमोद चोखानी ने पढ़ा चाहत है तो मत छुपाया कर इशारों में ही सही बताया कर फूल पर बैठा कोई भँवरा तो उसे बैठने दे मत उड़ाया कर प्रेमनाथ मिश्रा ने पढ़ा, नये अवसर,नये सपने,नये अरमान है गीडा नये गोरक्ष नगरी की,नयी पहचान है गीडा राजा त्रिपाठी ने पढ़ा, ये गोरखपुर की धरती है निशदिन ही रोज निखरती है। उत्कर्ष शुक्ला रुद्रा ने पढ़ा, राम गुण हैं गुणों के धनी राम हैं, राम चलता हुआ नाम अविराम है। नन्दिनी श्रीवास्तव ने पढ़ा, सारी दुनिया में एक हम ही हैं, चाँद को अर्घ्य औ सूरज को जल भी देते हैं साथ ही साथ डॉ सरिता सिंह ने काव्य पाठ किया। इस अवसर पर प्रकाश,अमीरुन निशा स्वीटी, हिन कौसर अंसारी, आर.जे. नवीन, शिवेंद्र पांडेय, दिनेश पाठक, सुरेश जालान, दीपक अग्रवाल, मो. अजहर, अशफाक हुसैन मेकरानी, आर.जे. नवीन सहित भारी संख्या में साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

# पंच प्रण ही विकसित भारत की राहः सीएम

अवधनामा संवाददाता



- राष्ट्र प्रथम ही ध्येय रहा महाराणा प्रताप, महंत दिग्विजयनाथ व महंत अवेद्यनाथ का

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर राह किसी न किसी मंजिल तक पहुंचाती है, जरूरत सही मंजिल के लिए सही राह चुनने की है। वर्तमान में 142 करोड़ देशवासियों का लक्ष्य देश को विकसित और दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनाना है और विकसित व आत्मनिर्भरभारत की राह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव में दिए गए पंच प्रण हैं।

सीएम योगी सोमवार को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 91वें संस्थापक सप्ताह समारोह के शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि 1932 में ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज द्वारा स्थापित और उनके बाद ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज द्वारा पुष्पित-पल्लवित महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद अपने संस्थापकों की भावनाओं के अनुरूप तय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सतत प्रयत्नशील है। शैक्षिक पुनर्जागरण के साथ ही यह परिषद स्वास्थ्य और सेवा के अन्य तमाम प्रकल्पों को लेकर आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप, महंत दिग्विजयनाथ, महंत अवेद्यनाथ हो या अन्य ऋषि-मुनि, महापुरुष, सबका एक ही ध्येय रहा, राष्ट्र प्रथम का। उनकी भावना पृथ्वी को माता मानने की और तेरा वैभव अमर रहे मां के अनुरूप कार्य करने की रही। सीएम योगी ने कहा कि महाराणा प्रताप शौर्य, स्वाभिमान और स्वावलंबन की प्रतिमूर्ति हैं। देश को ऐसी ही भावनाओं से जोड़ते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के अमृत वर्ष में पंच प्रण की राह पर चलने का लक्ष्य दिया है। पंच प्रण यानी गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, विरासत का सम्मान, महापुरुषों, लोक कलाओं-परम्पराओं पर गौरव, एकता का संकल्प और नागरिक कर्तव्यों का निर्वहन। देश की 142 करोड़ आबादी यदि पंच प्रण के अनुरूप राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करे तो विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने और देश को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनने से कोई नहीं रोक सकता। वर्तमान समय जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर वही लोग बांटना चाहते हैं जो भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत के रूप में नहीं देखना चाहते। उन्होंने आह्वान किया कि 142 करोड़ लोगों के भारत को एकजुट रहकर विखंडन की खाई को चौड़ा नहीं होने देना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि हर व्यक्ति अपने कार्यक्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निवर्हन करे तो देश पंच प्रण के लक्ष्यों की ओर तेजी से अग्रसर होगा। सीएम योगी ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की शोभायात्रा को अनुशासन और रचनात्मकता की झलक देने वाला बताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यहां के विद्यार्थी व शिक्षक इस परिषद को देश की अग्रणी शैक्षिक सेवा प्रकल्प बनाते हुए राष्ट्रीय कर्तव्यों का निर्वहन करते रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनरल वीके सिंह के सैन्य कार्यकाल और तदुपरांत राजनीतिक जीवन की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि जनविश्वास का प्रतीक वही बनता है जिसके आचार-विचार में समन्वय होता है।

## के. उप. भंडार के संचालकों को प्रमाण पत्र वितरित



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** सोमवार, जनपद थोक केंद्रीय उपभोक्ता सहकारी भंडार के सभी 13 समितियों के संचालकों को सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने प्रमाण पत्र वितरित किया और उनको अग्रिम कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं जिसमें गरुलपार(अना.) से उपेंद्रनाथ त्रिपाठी, देवरही (अना.) से अखिलेश शुक्ला, देवरिया देहात (अना.) से नागेशपति त्रिपाठी, देवरिया खास (अना.) से सर्वशक्ति प्रताप सिंह, देहाती क्षेत्र व्यक्तिगत (अनु.) से रामईश्वर प्रसाद, नई बाजार (पिछड़ा) से आशीष गुप्ता, पथरदेवा (महिला) से रूबी तिवारी, बसियवां (महिला) से मंजू मिश्रा, भलुअनी (अना.) से कामेश्वर, भाटपाररानी (अना.) से शैलेंद्र सिंह, रामनाथ देवरिया (अना.) से रामदास मिश्रा, रुद्रपुर (अना.) से तारा देवी, सलेमपुर (अना.) से नीलम, कुल 13 लोगों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर विजय बहादुर दुबे, प्रमोद शाही, राजेश मिश्रा, प्रभाकर तिवारी, संजीत धर दुबे, कामेश्वर तिवारी, शिव कुमार राजभर आदि मौजूद रहे।

# अनुशासन और जीवन जीने की कला सिखाता है स्काउट गाइडः नवरंग

अवधनामा संवाददाता



**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कस्बे में स्थित श्रीमती राधिका देवी इंटरमीडिएट कालेज में चल रहे तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का समापन स्काउट-गाइडों द्वारा बनाए गए आकर्षक टोलियों का निरीक्षण के दौरान किया गया।

शिविर समापन के मुख्य अतिथि नगर अध्यक्ष नवरंग ने संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट गाइड अनुशासन का बोध कराता है। साथ ही उच्च नागरिक बनाने का सशक्त माध्यम भी स्काउट गाईड है। विशिष्ट अतिथि रहे प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ओझा ने कहा कि स्काउट गाइड के मध्यम से बच्चों में प्रतिज्ञा व नियमों का पालन सीखने के साथ ही देशभक्ति की भावना जागृत होती है। इसके पूर्व में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गाया। इसके बाद छात्राओं द्वारा वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। तीन दिवसीय शिविर में स्काउट गाइडों द्वारा टेंट निर्माण, गांठ बांधना, स्वच्छता अभियान के तहत जागरूकता का संदेश देते हुए रसोई, शौचालय, मकान, सड़क, इतिहास की स्वच्छता व वृहद कैंप, फायर क्रियान्वयन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव व कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रंजीत कुमार सिंह ने किया। वही विद्यालय के प्रधानाचार्य रामदरश सिंह ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। शिविर का संचालन जिले से आए ट्रेनर पंकज कुमार श्रीवास्तव, जयप्रकाश पांडेय व निवेदिता श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान यशवंत सिंह, दिनेश राव, विनय श्रीवास्तव, पी.के. श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, ओंकार सिंह, कमलभान सिंह, आफताब आलम, दुर्गेश यादव, रंजना राव, बबीता सिंह, सुरज सिंह, हरिकेश सिंह, दिनेश यादव आदि मौजूद रहे।

## समाज के अंतिम व्यक्ति की चिंता कर रही है सरकार



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** बनकटा विकासखंड के ग्राम परसौनी रघुनाथ एवं परसौनी आनंदघन में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियां लगाई गई एवं उन विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे जिन लोगों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से आमजन को अवगत कराया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक सभाकुंवर कुशवाहा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक ने 6 माह के बच्चों का अन्नप्राशन एवं गर्भवती महिलाओं का गोद भराई का कार्यक्रम भी संपन्न किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि केंद्र की मोदी एवं उत्तर प्रदेश की योगी सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति की चिंता कर रही है और उनके हित में रोज नए-नए योजनाएं बना रही है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के माध्यम से किसानों को कम प्रीमियम पर अधिक लाभ देने का कार्य सरकार के द्वारा किया जा रहा है। ब्लॉक प्रमुख बिंदा कुशवाहा ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत देश के गरीबों को अगले 5 वर्ष तक निशुल्क अन्न उपलब्ध कराने का निर्णय केंद्र सरकार के द्वारा लिया गया है जो अपने आप में ऐतिहासिक है। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से देश के गरीबों को ? पांच लाख सालाना का निशुल्क इलाज करने की व्यवस्था केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा किया गया है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से खंड विकास अधिकारी बनकटा परशुराम राम, ग्राम प्रधान आनंद सिंह, राजकुमार कुशवाहा, कुलदीप सिंह, अनुपमा यादव, कलावती देवी, कमलेश गुप्ता, राजेश सिंह, रामनरेश गोंड, राम प्रसाद, धीरज गुप्ता सहित भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## दो दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेला छह को

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया है कि निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उप्र लखनऊ के निर्देश के क्रम में दो दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय, देवरिया एवं माडल कॅरियर सेन्टर, देवरिया के संयुक्त तत्वाधान में जिला सेवायोजन कार्यालय जीआईटीआई कैम्पस देवरिया में किया जाएगा, जिसमे 06 दिसंबर को मारूती सुजूकी लिमिटेड एवं 07 दिसंबर को विभिन्न प्रकार की कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी। रोजगार मेला में सम्मिलित होने वाले इच्छुक अभ्यर्थियों को उन्होंने अवगत कराया है कि विभिन्न कम्पनियों/पदों के लिए आवेदन करने के लिए सेवायोजन पोर्टल /एनसीएस पोर्टल पर आवेदन कर निर्धारित तिथि को प्रतिभाग कर सकते है। रोजगार मेला में सम्मिलित होने हेतु कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

## न्याय, सुशासन और समरसता ही भाजपा का उद्देश्य



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भाजपा कार्यालय पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हमारा देश विकसित राष्ट्र की तरफ अग्रसर हो रहा है तथा जनता का हमे अपार समर्थन मिल रहा है जिसका ताजा उदाहरण तीन राज्यों की विधानसभा चुनावों में देखने को मिला है जहां पार्टी ने प्रचंड जीत दर्ज की है। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि सरकार गरीब किसान मजदूरों के हित में तथा महिलाओ के सम्मान में उज्वला गैस योजना, वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, नारी शक्ति वंदन और महिला आरक्षण सहित तमाम योजनाओ का लाभ आम जनता तक पहुंचा रही है। प्रदेश के विकास के लिए योगी सरकार प्रतिबद्ध है तथा न्याय, सुशाशन और समरसता के मूल मंत्र पर कार्य कर रही है। जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि कार्यकर्ता केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव गांव और घर घर तक पहुंचाने का कार्य करें। कार्यक्रम के जिला संयोजक महामंत्री श्रीनिवास मणि, राजेश मिश्रा ने भी संबोधित किया तथा संचालन प्रमोद शाही ने किया। इस अवसर पर संजय सिंह एडवोकेट, अजय शाही, गंगा सिंह कुशवाहा, संजय पांडे सहित सभी जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## घघसरा में भाजपा की बैठक संपन्न

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत घघसरा बाजार स्थित भाजपा कैंप कार्यालय पर आगामी लोकसभा को लेकर भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं की एक कामकाजी बैठक हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि लोकसभा विस्तारक गिरीश पाण्डेय ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी होने वाले चुनाव के मद्देनजर सभी कार्यकर्ता भाजपा के नीतियों व सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओ को आम जनता तक पहुंचाए और उनको उस योजनाओ के लाभ दिलावे। कार्यक्रम को चेयरमैन प्रभाकर दुबे ने भी संबोधित किया और कहा कि कार्यकर्ता पार्टी के लिए रीढ़ होते हैं। जिनके बल पर पार्टी के योजनाओ नीतियों को आम जन तक पहुंचती है और कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष शिवचरन प्रसाद ने भी संबोधित किया। कायकर्म में विजय मिश्र, दिनेश मिश्र, नेबूलाल गुप्त, ई रामेंद्र मिश्र, विष्णु प्रताप सिंह, प्रधान प्रभाकर त्रिपाठी, प्रधान राम सिंह, मनोज मौर्य सहित आदि लोग रहे।

## 36 घंटे में 118 वारंटियों को पुलिस ने दबोचा

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** जिले में वांछित व वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने 36 घंटे में 118 वांछित/वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल द्वारा जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को विशेष अभियान के तहत वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने का अभियान चलाकर कार्यवाही करने के कड़े निर्देश दिए गए थे। जिसके परिपेक्ष्य में विगत 36 घण्टे में जनपदीय पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए 06 वांछित व 112 वारंटी अभियुक्तों सहित कुल 118 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

# प्रेमी जोड़े ने खाया जहरीला पदार्थ, प्रेमिका की मौत



अवधनामा ब्यूरो

- कप्तानगंज थाना क्षेत्र के पिपरा माफी गांव के समीप प्रेमी जोड़े ने खाया जहर
- 23 अप्रैल 2024 को युवती की होनी थी शादी, तीन दिन से गायब थे प्रेमी जोड़े

**कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के पिपरा माफी गांव के समीप सोमवार की सुबह खेत में प्रेमी जोड़े ने जहरीला पदार्थ खा लिया। प्रेमिका की मौके पर ही मौत हो गई जबकि प्रेमी की हालत गंभीर बनी हुई है। इस मामले में बीते एक दिसंबर को युवती के मां की तहरीर पर पुलिस ने युवक के विरुद्ध बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज किया था। युवती की अप्रैल में शादी होने वाली थी।

घटनास्थल पर मिले जहरीले पदार्थ के रैपर को पुलिस कब्जे लेकर जांच शुरू कर दी है कि तीन दिनों से गायब प्रेमी युगल कहां थे और यहां अचानक कैसे पहुंचे। बताया जा रहा है कि कप्तानगंज थाना क्षेत्र के पिपरा माफी गांव के युवक राहुल का बगल के गांव पटखौली के टोला घिवहीं की रहने वाली युवती अंजली से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस बीच स्वजन ने 23 अप्रैल 2024 को युवती की शादी तय कर दी थी। इसकी जानकारी होने पर प्रेमी युगल बीते एक दिसंबर को घर छोड़ कर फरार हो गए। पुलिस युवती की मां विमला देवी की तहरीर पर राहुल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दोनों की तलाश कर रही थी कि पिपरा माफी गांव के समीप खेत में दोनों के अचेत पड़े होने की सूचना मिली। घटनास्थल पर पहुंचने पर पता चला कि प्रेमी युगल ने जहरीला पदार्थ खा लिया है। प्रेमिका की मौके पर ही मृत्यु हो चुकी थी, गंभीर हालत में प्रेमी को पुलिस कप्तानगंज सीएचसी ले गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी कुंदन सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या दोनों के जहरीला खाने की बात सामने आ रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का सही कारण पता चल सकेगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद युवक के सामान्य होने पर उसका बयान लिया जाएगा। फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्रित किया है। उसे जांच के लिए प्रयोगशाला गोरखपुर भेजा। इस संबंध में एडिशनल एसपी रितेश कुमार सिंह ने बताया कि कप्तानगंज थाना क्षेत्र में प्रेमी जोड़े ने जहरीला पदार्थ खाएं है। इसमें युवती की मौत हो गई जबकि युवक का इलाज चल रहा है। प्रथम दृष्ट्या मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है। पुलिस जांच कर रही है, जांच रिपोर्ट के आधार पर विधिक कार्यवाई की जायेगी।

# रजनीश पटेल लोंगों को कर रहे रक्तदान के प्रति जागरूक

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** बैतालपुर की सामाजिक संस्था अब्दुल कलाम वेलफेयर सोसाइटी द्वारा रक्तदान जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अब्दुल कलाम एकेडमी के प्रबंधक व सामाजिक संस्था के अध्यक्ष रजनीश पटेल एक शिक्षक होने के बावजूद क्षेत्र में सड़क किनारे लगे बिजली के खंभों पर रक्तदान करें स्वस्थ रहें, रक्तदान जीवनदान, आइये करें रक्तदान, रक्तदान महादान आइये रक्तदान करें, रक्तदान करें बीमारियों से बचे, रक्तदान एक फायदें अनेक, एक रक्तदान बचाये चार जान जैसे स्लोगनों को लिखकर लोंगों को रक्तदान के लिए जागरूक कर रहे हैं साथ ही आलोचकों की आलोचनाओं की परवाह नही करने वाले सामाजिक कार्यो के प्रति पूरी तरह समर्पित श्री पटेल एक पेंटर के रूप में क्षेत्र के अधिकांश बिजली के खम्भों पर स्लोगन लिखकर लोगों को जागरूक करते हुये बताया कि संस्था द्वारा अब तक 300 से ज्यादा सामाजिक जागरूकता अभियान चलाए जा चुके हैं जिसमें यातायात जागरूकता, हेलमेट लगायें जीवन बचायें, पौधारोपण, स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण, नशामुक्ति, नो हॉर्न प्लीज़ आदि अभियान शामिल हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान को लेकर लोंगों के अन्दर भय के साथ जागरुकता की कमी होने की वजह से आए दिन बहुत सी जाने चली जा रही है इसलिए उन्होंने रक्तदान को लेकर जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया और वह स्वयं आठ बार रक्तदान कर लोगो को जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने रक्तदान के फायदे बताते हुये कहा कि रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है साथ ही साथ हम गम्भीर बीमारियों से भी बचें रहते हैं, इसलिए हम सभी को समाज में रक्तदान के लिए आगे आना चाहिये क्योंकि एक रक्तदान से चार जिंदगियां बचायी जाती हैं और इसीलिए रक्तदान को महादान कहा जाता है।



# 60 हिताधिकारियों के खातों में भेजी गई मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की धनराशि

**हिताधिकारियों के वारिसान के खातों में भेजी गई 2.895 करोड़ की धनराशि**



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में गत दिवस कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनपद स्तरीय समिति की बैठक के दौरान 60 स्वीकृत दावा पत्रावलियों के अनुमोदनोपरान्त मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना अन्तर्गत 60 हिताधिकारियों के खातों में रू. 02 करोड़ 89 लाख 50 हज़ार की धनराशि हस्तान्तरित की गई है। तहसीलवार हिताधिकारियों की बात की जाय तो कैसरगंज के 23 हिताधिकारियों के खातों में रू. 01 करोड़ 15 लाख, महसी के 09 हिताधिकारियों के खातों में रू. 34 लाख 50 हज़ार, तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) के 07 हिताधिकारियों के खातों में रू. 35 लाख, पयागपुर के 06 हिताधिकारियों के खातों में रू. 30 लाख तथा तहसील नानपारा के 15 हिताधिकारियों के खातों में रू. 75 लाख की धनराशि का हस्तान्तरण किया गया है। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत कृषि पर आधारित ऐसे कृषकों जिनकी किसी दुर्घटना में मृत्यु होने अथवा दिव्यांग होने पर सम्बन्धित कृषक अथवा मृतक कृषक के वारिसान के खातों में समानुपातिक आधार पर सहायता धनराशि का प्रेषण किया जाता है। योजना के तहत पात्रता की जानकारी देते हुए डीएम ने बताया कि 18 से 70 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे मृतक व दिव्यांग कृषक जिनकी आजीविका कृषि पर आधारित हो, उन्हें नियमानुसार इस योजना से आच्छादित किये जाने का प्राविधान है। डीएम ने बताया कि समस्त तहसीलों को निर्देश दिये गये हैं मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी शीर्ष प्राथमिकता में शामिल मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत प्राप्त दावों में अनावश्यक विलम्ब न करते हुए समय से जांच इत्यादि की कार्यवाही को पूर्ण कराया जाय। ताकि हिताधिकारियों को समय से सहायता धनराशि उपलब्ध कराई जा सके।

## सफाई नायक व सफाई कर्मचारी हुए निलम्बित

**बहराइच।** जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा बहराइच नगर के सम्पूर्ण क्षेत्र में समुचित साफ-सफाई के सम्बंध में दिये गये निर्देश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के दृष्टिगत वार्ड गुलामअलीपुरा व हमजापुरा में समुचित साफ-सफाई न पाये जाने के कारण सम्बन्धित सफाई नायिक को वार्ड की समुचित सफाई व्यवस्था चुस्त, दुरूस्त कराये जाने के निर्देश दिये गये थे परन्तु सफाई नायक मुकेश कुमार द्वारा आदेशों की अवहेलना की जा रही थी। इसके अलावा वार्ड नम्बर 20 मो. सलारगंज में कार्यरत सफाई कर्मी शालू व रामा द्वारा वार्ड की सफाई व्यवस्था में रूचि न लेने व कार्य के समय नशे की हालत में रहने की स्थिति का अधि. अधि. नगर पालिका परिषद प्रमिता सिंह द्वारा कड़ा संज्ञान लेते हुए सफाई नायक मुकेश कुमार तथा सफाई कर्मी शालू व रामा को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है।

# सेवायोजन कार्यलय में 06 दिसम्बर को आयोजित होगा रोज़गार मेला

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** मिशन रोजगार के अन्तर्गत प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय, बहराइच में 06 दिसम्बर 2023 को प्रातः 11:00 बजे से एक दिवसीय रोज़गार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निजी क्षेत्र के 04 नियोजकों द्वारा इच्छुक बेरोज़गार युवक-युवतियों के पंजीकरण की कार्यवाही कर रोज़गार उपलब्ध कराया जायेगा। यह जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि रोज़गार मेले में क्रेस कॉर्प, ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल एवं आयुर्वेदिक प्रा.लि., पीपल ट्री आनलाइन कम्पनी, एलआईसी रिक्रूटमेंट एजेंसी तथा नवभारत फर्टिलाइजर्स द्वारा अभ्यर्थियों की योग्यता के अनुसार अनुकूल पदों पर उचित वेतनमान पर साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा। कुमार ने बताया कि एक दिवसीय रोजगार मेले में उ.प्र. कौशल विकास मिशन व आईटीआई प्रशिक्षित युवा एवं सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत/नान पंजीकृत अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपने साथ बायोडाटा सहित समस्त शैक्षिक योग्यता के अंकपत्र, प्रमाण पत्र, आधार कार्ड मूलरूप में एवं उनकी एक-एक छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साइज के फोटो के साथ 06 दिसंबर को प्रातः 11:00 बजे जिला सेवायोजन कार्यालय बहराइच में उपस्थित होकर रोज़गार मेले का अधिकाधिक लाभ उठायें।

## बेटियों को भरने दो उड़ान, बेटियां भी करेंगी जग में आपका नाम

**ललितपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया है कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत निदेशक महिला कल्याण उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय सोमवार को कन्या जन्मोत्सव मनाये जाने के निर्देश प्राप्त हुए है, जिसके अनुपालन में प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार जिला महिला चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें 13 नवजात कन्याओं के जन्म पर केक काटकर कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। नवजात बालिकाओं को कपड़े, ड्राईफूटस, बेबी किट, पौधे के साथ गमला, कैरी बैग, देकर बेटी के जन्म होने की बधाई दी गयी एवं वृक्ष को बेटी के नाम से लगाये जाने के लिये प्रेरित किया गया।

# परिवहन विभाग द्वारा अनाधिकृत बसों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

**06 बसों को किया गया सीज, रू0 1.56 लाख का लगा अर्थदण्ड**



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) ओ.पी. सिंह, उप जिलाधिकारी नानपारा अजीत परेस व पुलिस विभाग के संयुक्त विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसके फलस्वरूप 06 बसों को थाना रूपईडीहा अन्तर्गत रूपईडीहा बस स्टेशन में निरुद्ध किया गया। इसके अलावा इन बसो के विरुद्ध 01 लाख 56 हजार का अर्थदण्ड भी लगाया गया। यह जानकारी देते हुए एआरटीओ प्रवर्तन सिंह ने बताया कि बस संख्या आरजे 27पीसी 1456 व जीजे 03एएक्स 0395 के विरुद्ध 26-26 हजार, एचआर 68सी1881 के विरुद्ध 30 हजार, आरजे 27 पीसी 4511 के विरुद्ध 11 हजार, यूपी 86टी 2739 के विरुद्ध 42 हजार व जीजे 01जीटी 0838 के विरुद्ध 21 हजार रूपये अर्थदण्ड लगाया गया है। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रतर्वन, मालकर अधिकारी, यातायात निरीक्षक एवं अन्य पुलिस कर्मियों द्वारा अभियान को सफलता पूर्वक संचालित किया गया। अनाधिकृत बसों के विरुद्ध नियमित रूप से प्रवर्तन की कार्रवायी की जायेगी।

# उपलब्धि का आनंद लेने के लिए कुछ समय निकालें और खुद पर गर्व करें

**आरपीपीजी कॉलेज के बीएड विभाग में फ्रेशर्स पार्टी का हुआ आयोजन**

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** सिविल लाइन्स स्थित राणा प्रताप पी जी कॉलेज के बीएड विभाग द्वारा बीएड प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित विद्यार्थियों हेतु परिचय एवं निर्देशन सम्मेलन (फ्रेशर पार्टी) का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों का अक्षत एवं कुमकुम लगाकर स्वागत हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं प्रभारी प्राचार्य प्रो निशा सिंह, विभागाध्यक्ष डॉ भारती सिंह, मैडम शांतिलता कुमारी डॉ सीमा सिंह, डॉ संतोष सिंह (अंश ) द्वारा राणा प्रताप एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। तदुपरांत साक्षी द्वारा वंदना प्रस्तुत की गई। अतिथियों के स्वागत में काजल सिंह और मुस्कान सिंह ने सुमधुर स्वागत गीत गाया। मुख्य अतिथि प्रो निशा सिंह ने कहा कि जैसे ही आप अपने जीवन में कुछ नया अध्याय शुरू करते हैं तो हमेशा खुद पर विश्वास रखें और अपने सपनों को कभी न छोड़ें। आगे का रास्ता लंबा और चुनौतीपूर्ण हो सकता है, लेकिन कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और अपने साथियों और गुरुओं के समर्थन से आप महान चीजें हासिल करने में सक्षम होंगे। विभागाध्यक्ष डॉ भारती सिंह ने बी.एड. पाठ्यक्रम एवं संस्थान के नियमों के बारे में बताने के साथ कहा कि यहाँ व्यक्तिगत विकास के अनंत अवसर है। हमारी संस्था में सम्मान, समावेशन और विविधता की संस्कृति को बढ़ावा देने की एक मजबूत परंपरा है।आपने एक ऐसा पाठ्यक्रम चुना है जो आपके सपनों को आकार देगा। एक नौसिखिया के रूप में, आप आशा और महत्वाकांक्षा से भरे हुए हैं, और हम आपकोअपनें सपनों की उड़ान के लिए आपके पंखों को मजबूती देंगे। हम जानते हैं कि इस मुकाम तक पहुंचने के लिए आपने कड़ी मेहनत की है इसके लिए आप खुद पर गर्व करें। मैडम शांतिलता कुमारी ने कहा कि फ्रेशर्स के रूप में, आपको नई रुचियों का पता लगाने, नए दोस्त बनाने और नए कौशल सीखने का अवसर मिलेगा। आपको शैक्षणिक रूप से चुनौती मिलेगी, लेकिन आपको अपनी प्रतिभा और जुनून को विकसित करने का अवसर भी मिलेगा। डॉ सीमा सिंह ने कहा कि आप इस नई यात्रा पर निकले हैं, यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि आप अकेले नहीं हैं। हम आपका समर्थन करने और हर कदम पर आपका मार्गदर्शन करने के लिए यहां हैं। यह संस्था केवल सीखने की जगह से कहीं अधिक है, यह उन लोगों का समुदाय है जो आपको सफल होते देखना चाहते हैं। डॉ संतोष अंश ने कहा कि आपमें इस दुनिया पर सकारात्मक प्रभाव डालने और महानता हासिल करने की क्षमता है। इसलिए, इस समय का लाभ उठाएं, इसका अधिकतम लाभ उठाएं और बड़े सपने देखना कभी न छोड़ें। आपको कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और लचीलेपन को महत्व देना चाहिए। ये वे गुण हैं जो आपको किसी भी बाधा को दूर करने और अपने प्रयासों में सफल होने में मदद करेंगे। याद रखें कि अपना ध्यान अपने लक्ष्यों पर रखें और दृढ़ संकल्प के साथ उनकी ओर काम करें। पुरा छात्र आदर्श सिंह, सत्यम चौरसिया,बीएड द्वितीय वर्ष के सतेंद्र शुक्ला, सत्यम त्रिपाठी, अंजली पाण्डेय ने अपना अनुभव साझा किया कार्यक्रम का संचालन डॉ संतोष सिंह अंश ने किया।

27

# आजीविका मिशन कर्मियों ने मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन कर्मचारी कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष योगेश मोगा के आवाहन पर उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों के आजीविक मिशन के कार्मिक अपनी मांगो के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी क्रम मे जनपद सुल्तानपुर के समस्त मिशन कार्मिकों ने छ- सूत्रीय मांगो का ज्ञापन उपायुक्त स्वत- रोजगार को सौपा। ज्ञापन के जरिये कार्मिकों ने समस्त मांगे पूरी न होने तक अपनी मांगे जारी रखने के लिए संकल्पित है। इससे पहले भी पिछले वर्ष अक्टूबर माह में भी यह हड़ताल किया गया था। परन्तु मिशन निदेशक के आश्वासन पर कार्मिको को वापस करा दिया गया यह कहकर की आप की पॉलिसी मे यह सब नियुक्ति के समय ही दिया गया था जिसको जल्द ही लागू कर दिया जायेगा परन्तु एक साल भर होने के बाद भी कार्मिको के साथ छल बल से कार्य कराने के साथ ही उनका आंदोलन के समय का भी अल्प वेतन काट लिया गया यही नही इससे पहले भी मिशन मे कार्य कर रहे कम्प्यूटर ऑपरेटरों के वेतन को अचानक कम करके अल्प वेतन पर कार्य करने के लिए विवस कर रखा है। इसके साथ ही 19 वी शासी निकाय की बैठक मे स्थान्तरण पॉलिसी को अकारण बंद कर दिया गया है मेडिकल इंसोरेन्स को कई बार अस्वासन देने के बावजूद भी आज तक लागू नहीं किया जा रहा न बीमा पॉलिसी को जिसके कारण फील्ड में जा कर मिशन के लिए कार्य करने वाले कार्मिको के लगभग 50 मिशन कार्मिको की मृत्य हो चुकी है और न जाने कितने घायल हो चुके है, अब उनके परिवार को देखने वाला कोई नही है। यही नहीं 19 वी शासी निकाय की बैठक में मिशन कार्मिकों के भत्ते को भी बन्द कर दिये गये आखिर क्यू राम राज की कल्पना देने वाली सरकार मे कार्मिको की बात प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के पास नही पहुँच पा रही है। ज्ञापन देते समय आजीविका मिशन के समस्त जिला मिशन प्रबंधक, ब्लॉक मिशन मैनेजर, व समस्त कंप्यूटर ऑपरेटर मौजूद रहें।

# कूड़े के ढेर में मिली, सिगरेट से दागी लाश 'रेखा' की निकली

अवधनामा संवाददाता

**एक दिन पहले ही घर से निकली मृतका पड़ोस के छतौना गावँ की रहने वाली थी**

**सुल्तानपुर।** कूड़े के ढेर में मिले महिला के शव की पहचान हो गयी है।रेखा (34वर्ष) पत्नी राजेन्द्र नजदीक के छतौना गांव की रहने वाली थी। उसका पति परदेश में रहकर कमाई करता था। जांच में पता चला है कि वह एक दिन पूर्व वह अपने चार बच्चों को छोड़कर घर से निकली थी।वह अपना फोन भी साथ ले गई थी। बच्चे इंतजार करते -करते सो गए। अगले दिन चरवाहों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करवाया। कोतवाली देहात के थाना प्रभारी श्याम सुंदर ने बताया कि महिला की हत्या के मामले में तहरीर अभी नही प्राप्त हुई है।वह अपने परिवार से अलग रहती थी। अब पुलिस द्वारा मामले की तहकीकात की जा रही है। हालांकि पुलिस ने दावा किया है की वैज्ञानिक पड़ताल के बाद घटना का खुलासा किया जाएगा। सोमवार की सुबह शव का पोस्टमार्टम हो गया है। बताते चले कि रविवार की दोपहर चरवाहों ने थाना कोतवाली देहात क्षेत्र अंतर्गत लोहरामऊ क्रासिंग के निकट ओवर ब्रिज के बगल स्थित कूड़े के ढेर के पास महिला का शव बरामद किया था। महिला के चेहरे को सिगरेट जैसी किसी चीज से दागा गया था। शरीर पर रक्त स्राव भी हुआ था।इधर पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने घटना के शीघ्र खुलासे के लिए सख्त निर्देश दिए है।उक्त संबंध में प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है,शीघ्र ही खुलासा कर दिया जाएगा।

# मतदान हमारा अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी: अक्षय

अवधनामा संवाददाता



- **डीएम ने युवा मतदाताओं को मतदाता शपथ दिलाकर जागरुकता रैली को दिखाई हरी झण्डी**
- **मतदाता जागरुकता आधारित एकांकी नाटक, गीत एवं नृत्य पर अधिकारियों ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया**
- **एक दर्जन से अधिक विद्यालयों के हजारों छात्र-छात्राओं ने प्रजातंत्र के महापर्व में भागीदार बनने हेतु प्रेरित किया**
- **मतदाता जागरुकता रैली द्वारा नगर में भ्रमण कर बच्चों ने नगरवासियों को मतदान के प्रति किया जागरुक**

**ललितपुर।** स्वीप कार्यक्रम एवं मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदाता शपथ एवं जागरूकता रैली का आयोजन राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में जिलाधिकारी-जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में किया गया। शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना के साथ किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत व बैज एवं कैप पहनाकर किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता पर आधारित गीत, नृत्य एवं लघु/एकांकी नाटिकाओं की प्रस्तुति दी एवं वोटर हेल्प लाइन एप के बारे में जानकारी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन बच्चों ने आज मतदाता जागरूकता आधारित कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी है, उन सभी को बधाई। सभी बच्चे यह सुनिश्चित कर लें कि आपके घर में सभी लोगों के नाम वोटर लिस्ट में हों। सभी नए मतदाता मतदान करें और अपने परिवार और आसपास के लोगों को प्रजातंत्र के महापर्व में भागीदार बनने हेतु प्रेरित करें। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम के दौरान सभी छात्र-छात्राओं को मतदाता शपथ दिलायी तथा जागरुकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रैली जीजीआईसी, कचहरी चौराहा, वर्णी चौराहा होते हुए घण्टाघर से वापस जीजीआईसी पर समाप्त हुई। रैली के माध्यम से छात्र-छात्राओं के द्वारा नगरवासियों को मतदान हेतु जागरुक किया।

# सीबीआई कर्मी बनकर युवक को ठगने वाला टप्पेबाज गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**पुलिस ने हिरासत में लेकर शुरू की कार्यवाही**

**ललितपुर।** दो माह पहले ललितपुर में पेमेन्ट कलेक्शन करने आये महानगर झांसी के बड़ा बाजार निवासी राजेन्द्र प्रसाद पुत्र स्व.गोविन्ददास से सीबीआई अधिकारी बताते हुये कलेक्शन के 56 हजार रुपये लूटे जाने का मामला प्रकाश में आया था। इस मामले को गंभीरता से संज्ञान लेते हुये एसपी मो.मुश्ताक के नेतृत्व में पुलिस की टीमों का गठन करते हुये जल्द खुलासा करने के निर्देश जारी हुये थे। मामले में पुलिस ने एक शातिर बदमाश को पकडने में सफलता हांसिल की है। गौरतलब है कि झांसी निवासी राजेन्द्र प्रसाद ने उन्तीस अगस्त को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह पेमेन्ट कलेक्शन करने के लिये झांसी से ललितपुर आये थे और उनके द्वारा दुकानो से कलेक्शन किया हुआ 56 हजार रूपये बैग में था। जब वह जगदीश मार्केट में स्थित अनुराग सिंघई की दुकान पर गये तो दो लोग पीछे से आये और बोले की हम लोग सीबीआई से हैं और अपना कार्ड दिखाकर बैग को चैक करने लगे जिसमे से एक व्यक्ति ने बैग चैक करते समय उसमे रखे 56 हजार रूपये निकाल लिये थे और भाग गये थे। घटना की सूचना के आधार पर थाना कोतवाली में धारा 379/420 भादवि में अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना की गंभीरता व संवेदनशीलता को देखते हुए घटना के शीघ्र अनावरण हेतु पुलिस टीमें जिसमें एसओजी टीम, सर्विलांस टीम, कोतवाली पुलिस व जनपद के अन्य चौकी क्षेत्र के इन्चार्जो को लगाया गया था जिसमें जनपद के सीसीटीवी कैमरो की मदद ली गयी। सीसीटीवी कैमरों/सर्विलांस व अन्य धरातलीय सूचना की मदद से घटना से जुडे संदिग्धों की पहचान करायी गयी। साथ ही घटना में संदिग्ध अभियुक्त की पहचान होने पर एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस उपमहानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र झांसी द्वारा 50 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया गया था। पकड़े गये बदमाश ने पुलिस को बताया कि वह भोपाल के थाना निसादपुरा अंतर्गत अमन कालोनी करौंदाकलां हुजूर का रहने वाला है, उसने अपना नाम अब्बास उर्फ अब्बासी उर्फ अब्बासी रजा पुत्र पिछ्लू अली उर्फ लाला ईरानी बताया। बताया कि वह संगठित गिरोह के लिए कार्य करता है और अलग-अलग राज्यों में जाकर कभी पुलिस तो कभी सीबीआई वाले बनकर लोगों को ठगते हुये टप्पेबाजी करते हैं।

# भाजपा की जीत का बल्दीराय मंडल में जश्न

**पारा चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने मनाई दिवाली, एक-दूसरे को खिलाई मिठाई**

अवधनामा संवाददाता



**बल्दीराय,सुल्तानपुर।** मध्य प्रदेश,छत्तीसगढ़ और राजस्थान के चुनाव परिणाम में भाजपा ने बाजी मार ली है। जिसके बाद बल्दीराय मंडल के पारा चौराहा पर जीत का जश्न मनाया।भाजपा की जीत के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत का जमकर जश्न मनाया। पार्टी का झंडा हाथ में लेकर कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया।बल्दीराय भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रहरि ने कार्यकर्ताओं के साथ पीएम मोदी के कट आउट और पार्टी झंडे के साथ मिठाई भी बांटी। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को जीत की बधाई दी और लोगों को मिठाइयां बांटी।

इस मौके पर आचार्य सूर्यभान पांडे,पारा गनापुर प्रधान प्रतिनिधि राजू सोनी, भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजधर शुक्ला,विशाल जायसवाल, फैयाज अहमद, नरेंद्र अग्रहरि, मंडल उपाध्यक्ष कैलाशनाथ दूबे, रोहित अग्रहरि, जगतराम वर्मा, दीनानाथ शुक्ला, जगप्रसाद यादव, अकबर अली खान, अनूप यादव, रईस अहमद, ऋषभ अग्रहरि आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिक्षामित्रों की समस्याओं का होगा हर संभव समाधान: बीएसए

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ जनपद ललितपुर के प्रतिनिधि मंडल ने संगठन के झांसी मंडल के अध्यक्ष नंदराम यादव एवं जिला अध्यक्ष दयाराम विश्वकर्मा के नेतृत्व में नवागत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हरिकेश यादव से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को जनपद में शिक्षामित्र की समस्याओं से अवगत कराया गया। इस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हरिकेश यादव ने कहा शिक्षामित्र हमारे शिक्षा व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी है, उन्होंने कहा जनपद की शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने में हमारी शिक्षा मित्र साथियों का बहुत बड़ा योगदान है। श्री यादव ने शिक्षामित्र की समस्याओं के समाधान हेतु हर संभव मदद करने का आश्वासन देते हुए कहा शिक्षामित्र की जो समस्याएं मेरे संज्ञान में लाई जाएंगे मेरा प्रयास होगा उन्हें अति शीघ्र निस्तारित किया जाए। इस दौरान प्रमुख रूप से योगेन्द्र सिंह परमार,दिनेश चतुर्वेदी,सिरनाम सिंह अहिरवार ,बालकिशन कुशवाहा,रक्षपाल सिंह राजपूत क्रॅन्ति वर्मा,उर्मिला झाँ, राजकुमार यादव ,सिकंदर सिंह यादव,राघवेंद्र प्रताप सिंह, राजेश तिवारी,सुमन, शशि प्रभा ,गणेशराम ,ज्ञानेन्द्र सिंह बुंदेला,राजकुमार झाँ,रामेश्वर निरंजन ,शैलेन्द्र शर्मा ,विजय झाँ आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल द्वारा लखनऊ मण्डल के **ASH & BNZ** स्टेशन पर **MPS (MULTI PURPOSE STALL)** के संचलन की 05 वर्ष की अवधि हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित है। जिसके खुलने की तिथि दिनांक **18.12.23** समय **13:00 बजे** एवं बंद होने की तिथि दिनांक **18.12.23 समय BNZ(13:30) & ASH(13:40 )** सम्बन्धित लॉट के अनुसार है। इस आक्शन के अन्तर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नही होगें। ई ऑक्शन से सम्बन्धित अन्य जानकारी www.ireps.gov.in (E-Auction Module) वेबसाइट पर उपलब्ध है। ध्यान दें कि ई-ऑक्शन मूल्य एवं धरोहर राशि का भुगतान केवल **through IREPS, online payment mode** से ही स्वीकार्य किया जाएगा जोकि www.ireps.gov.in (E-Auction Module) की वेबसाइट पर उपलब्ध है, डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रसीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं है। अन्य जानकारी www.ireps.gov.in (E-Auction Module) की वेबसाइट पर उपलब्ध है। **ई आक्शन सूचना संख्या, स्टेशन, लोकेशन, आदि का विवरण निम्न है। ई-आक्शन सूचना सं. (कैटलॉग सं):** MPS-LJN-ASH-BNZ, **स्टेशनः** (1) बादशाह नगर, (2) ऐशबाग, **लोकेशनः** (1) सर्कुलेटिंग एरिया, (2) प्लेटफॉर्म 01, **ऑक्शन/लॉट बन्द होने की तिथि व समयः** (1) दिनांक 18.12.23 समय 13.30 (2) दिनांक 18.12.23 समय 13.40

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य) लखनऊ

मुजाधि/वा-196

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता/सेतु कर्मशाला, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारो द्वारा ई.-निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | निविदा सं. | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| 1 | 20/डब्ल्यू/ बीडब्ल्यूएस/ सीबी/एल.के. ओ/2023-24 | एआरटी/एलकेओ के ऊपर ढकी हुई शेड सड़क का निर्माण, टीटीएम कार्यशाला, लखनऊ में नए शेड के प्रावधान और मौजूदा शेड (2 नंबर) के विस्तार के लिए स्टील संरचना के निर्माण और निर्माण से संबंधित कार्य, एडीईएन/बीएसबी के तहत पुल संख्या 9, 12, 14 और 26 के पहुंच मार्गों पर हाइगेट गेज का प्रावधान, पुल कार्यशाला चारबाग, लखनऊ में प्लेटफॉर्म नंबर 2 के मौजूदा शेड का विस्तार, सीआईएल यार्ड में पुल संख्या 116 के निर्माण के लिए गतिशील (600*600*1800) आकार के स्टील सीसी सीआरआईबी का निर्माण और उपलब्ध कराना और आरबीएल-यूसीआर के बीच एलसी संख्या 18/सी पर एलएचएस के पहुंच द्वार पर शेड के निर्माण और निर्माण से संबंधित कार्य |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 72788698.19 |
| 3 | बोली सुरक्षा राशि | रु. 514000.00 |
| 4 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह |
| 5 | निविदा डालने की प्रारम्भिक तिथि | 15.12.2023 |
| 6 | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि तथा समय | निविदा 29.12.2023 को 15:00 बजे तक जमा किए जा सकेगें एवं निविदा उसी दिन खोली जायेगी। |
| 7 | | न्यूनतम पात्रता की शर्तेः |
| अ | तकनीकी | (ए) निविदाकार ने पिछले 07 (सात) वर्षो के दौरान निम्न लिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य को सफलता पूर्वक पूरा या प्रर्याप्त रूप से पूरा किया हो, जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गयी थी, उससे पहले के महीने के अन्तिम दिन को समाप्त करना होगा। तीन समान कार्य जिनकी लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 30 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो **या** दो समान कार्य जिनका लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 40 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो **या** एक समान कार्य की लागत, निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60 प्रतिशत के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए। |
| ब | वित्तीय | निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार V/N (वी/एन) या "V" (वी) जो भी कम हो; जहाँ V (वी) = निविदा की विज्ञाप्ति मूल्य करोड़ रूपये में। N (एन) = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षो की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गयी है। औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना, पिछले तीन वित्तीय वर्षो में कुल संविदात्मक भुगतान के औसत के रूप में की जायेगी, लेखा परीक्षित बैलेन्स शीट के अनुसार। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन-पत्र अभी तक तैयार/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष की लेखा परीक्षित तुलन-पत्र पर विचार किया जाएगा। |
| 8 | एक समान कार्य | कोई भी स्टील निर्माण का कार्य अथवा एफ ओ बी अथवा पीपी शेल्टर अथवा औद्योगिक शेड अथवा स्टील/कम्पोजिट गर्डर ब्रिज अथवा चैनल स्लीपर के माइक्रोवेव/एचटी टावर का निर्माण और स्थापन का कार्य। |
| 9 | वेबसाइट का विवरण एवं कार्यालय का नाम जहाँ निविदा का विवरण देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in कार्यालय उप मुख्य अभियन्ता/ से. कर्म., उत्तर रेलवे, चारबाग, लखनऊ |

**नोट : 1.** ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। **2.** समस्त नियम और शर्ते निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है **3.** मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। **4.** निविदा प्रपत्र की लागत जो निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है **5.** बोली सुरक्षा राशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग, पेमेंट गेटवे या बैंक गारंटी जैसा कि निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है, द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

**निविदा सू. सं.- 20/डब्लू/बी.डब्लू.एस./सी.बी./2023-24 दिनांक 30.11.2023**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

3785/23

# देश का युवा यदि राम के आदर्शों को श्रवण कर लेगा तो देश का भविष्य और सुगम हो जाएगा: शिव प्रताप

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** जनपद के निवादा गांव में दिव्य प्रेम सेवा मिशन द्वारा आयोजित राम कथा के तीसरे दिन हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला उपस्थित रहे जिसमें उन्होंने कथा वाचक कौशल जी महाराज आशीर्वाद लेकर दिव्य प्रेम सेवा मिशन संस्था के साथ अपने जीवन का अनुभव साझा किया और जिस प्रकार इस कथा में युवा बड़ी संख्या में कथा का श्रवण कर रहे हैं अगर उसी तरह युवा राम के आदर्शो का श्रवण कर लेगा तो देश का भविष्य और भी सुगम हो जायेगा।

हमीरपुर जिले के बिवार क्षेत्र के निवादा में दिव्य प्रेम सेवा मिशन के संस्थापक आशीष सिंह गौतम द्वारा आयोजित राम कथा का आयोजन किया गया है जिसमे देश के प्रसिद्ध कथा वाचक कौशल जी महाराज राम कथा द्वारा राम भक्तो को भक्ति विभोर कर रहे हैं कथा के तीसरे दिन हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला सड़क मार्गद्वारा निवादा पहुंचे जिनका स्वागत जिले के जनप्रतिनिधियो ने किया उसके बाद वह 2 बजके 20 मिनट पर मच पर पहुंचे जहां पर शिव शंकर सिंह द्वारा मौदहा की प्रसिद्ध चांदी की मछली देकर और दुष्यंत सिंह परिहार ने अंग वस्त्र भेट कर उनका स्वागत किया गया उनके बाद राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने कथा में पहुंच राम भक्तो का मंच से स्वागत करते हुए बताया आज जिस प्रकार इतनी बड़ी संख्या में छोटे से गांव में कथा को सुनने के लिए उपस्थित हुए हैं उसको देख कर लगता है कि इस धरती का पुण्य प्रताप ही है कि आशीष सिंह गौतम और दिव्य प्रेम सेवा मिशन संस्था को देश में बड़ी सफलता मिली है, मैं देव भूमि से आया है लेकिन हमीरपुर और निवादा से मुझे देव भूमि की तरह भक्ति की सुगंध आ रही है, जिस प्रकार कथा में युवा बड़ी संख्या में कथा का श्रवण कर रहे हैं अगर उसी प्रकार राम के आदर्शो को अपने जीवन में श्रवण कर लेंगे तो देश का भविष्य और सुगम हो जाएगा, करीब दो घंटे तक वह निवादा में उपस्थित रहे फिर उसके बाद वह सड़क मार्ग से पुनः वापिस लौट गए।

# ब्लॉक परिसर में हुई किसान गोष्ठी आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**

**मौदहा हमीरपुर।** किसानों की फसलों को इल्ली रोग से बचाने, खरपतवार नष्ट करने तथा मृदा परीक्षण कराने के उद्देश्य से चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कस्बे के विकास खण्ड सभागार में कृषि विभाग की ओर से किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लालाराम निषाद और अध्यक्षता उदयपाल कुशवाहा ने की।

किसान गोष्ठी में किसानों को अपनी फसलों को इल्ली रोग से बचाने, खरपतवार नष्ट करने के साथ ही मृदा परीक्षण कराने,फसलों और बीजों की तकनीक जानकारी और कृषि विभाग की किसानों के लिए हितकारी योजनाओं की जानकारी देने का काम किया।इस दौरान रामसनेही पूर्व अधीक्षक राजकीय कृषि उद्यान, हबीब खान पूर्व अधीक्षक मृदा प्रयोगशाला हमीरपुर,अरविंद तिवारी फैसीलेटर कृषि विभाग हमीरपुर, डा.महेंद्र वर्मा कृषि विभाग हमीरपुर, मोहम्मद अफजल खान एम.एस. एस.मौदहा सहित लगभग दो सौ किसान मौजूद रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि लालाराम ने बताया कि अगर किसान वैज्ञानिक आधार पर दस प्रतिशत भी अमल कर लें तो बीस प्रतिशत फसल में उत्पादन बढ़ेगा और इसी तरह से सरकार का किसानों की आय दोगुना करने का सपना पूरा हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वस्थ जीवन शैली के लिए विद्यार्थियों को किया गया जागरूक



**सोनभद्र/रेणुकूट, अवधनामा संवाददाता।** हिण्डाल्को द्वारा संचालित आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कालेज, रेणुकूट में सोमवार दिनांक 4 दिसम्बर 2023 को पराकाष्ठा फाउन्डेशन, लखनऊ द्वारा स्वस्थ जीवन शैली के लिए विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में फाउन्डेशन के राष्ट्रीय प्रमुख प्रशांत दूबे ने लगभग 2000 विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए उन्हें स्वस्थ रहने के लिए तथा मधुमेय, कैंसर आदि गंभीर बीमारियों से बचने के सुझाव दिए। साथ ही उन्होंने सभी को जंक फूड से दूर रहने व अच्छी जीवन शैली जीने के उपाय भी बताए। उन्होंने अपनी संस्था के उद्देश्य को समझाते हुए बतलाया कि उनकी संस्था गरीबों के लिए गंभीर बीमारियों में किस प्रकार से मदद करती है। उन्होंने यह आशा व्यक्त की कि आप सभी अपने स्वयं की जीवन शैली को सुधारने के साथ-साथ समाज को भी स्वस्थ जीवन जीने के लिए जागरूक करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य दयानन्द शुक्ल व उप-प्रधानाचार्य विजय भागवत पाटिल ने भी सभी विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। इस आयोजन में विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा

### हिण्डाल्को ने आईसीएआर के माध्यम से जनजाति को प्रशिक्षण और गेहूं बीज वितरित किया



**सोनभद्र/रेणुकूट, अवधनामा संवाददाता।** हिण्डाल्को जन सेवा ट्रस्ट ने आईसीएआर के माध्यम से जनजाति को प्रशिक्षण और गेहूं बीज का वितरण किया। ग्रामीण विकास विभाग ने हिण्डाल्को के मुखिया श्री एन नागेश के मार्गदर्शन में ग्रामीण किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए गेहू बीज का वितरण किया। आदित्य बिड़ला रूरल टेक्नोलाजी पार्क म्योरपुर में किसान प्रशिक्षण के दौरान दुद्धी तहसील के 300 किसानों को फसल पैदावार और आमदनी में वृद्धि के लिए गेहूं बीज वितरित किया गया। आईसीएआर मउ के डायरेक्टर डॉक्टर आलोक श्रीवास्तव ने ट्राइबल सब प्लान के तहत ट्राइबल फार्मर को सशक्त करने के लिए प्रशिक्षण और किट सेट वितरण किया। हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग के राजेश सिंह ने आयोजन का संचालन किया। साथ ही, हिण्डाल्को के मुखिया श्री एन नागेश ने 372 स्कूल के बच्चों को स्वेटर वितरित किया, जिसमें आदित्य बिरला बाल विद्यामंदिर सुपाचुआ एवं गुलाल झरिया के बच्चे शामिल थे।

### मछली का जाल मांगने को लेकर मारपीट

**मौदहा हमीरपुर।** मछली का जाल मांगने को लेकर एक व्यक्ति को जमकर पीट दिया गया जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कपसा निवासी सूरतदीन पुत्र मुन्नू प्रजापति ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि मछली मारने का जाल मांगने को लेकर गांव के विष्णु सिंह पुत्र बच्चा सिंह ने उसे बुरी तरह से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जनसुनवाई पर समस्याओं का निजात हो तुरंतः ईओ विजय कुमार



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** उ0प्र0 शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक सोमवार को निकायों में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस समय प्रातः 10.00 बजे से 2.00 बजे तक, का आयोजन के क्रम में जनपद के सभी निकायों में इसका आयोजन किया गया। तत्कम में आज दिनांक-04 दिसम्बर 2023 को जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 3, नगर पंचायत घोरावल में 2, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 2, नगर पंचायत चोपन में 2, नगर पंचायत ओबरा में 1, नगर पंचायत रेनुकूट में 3, नगर पंचायत पिपरी में 0, नगर पंचायत दुद्धी में 0, नगर पंचायत डाला बाजार में 1. नगर पंचायत अनपरा में 2, समस्त निकायों को मिलाकर कुल 16 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई पेयजल व मार्ग प्रकाश से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। विजय कुमार यादव, अधिशासी अधिकारी/नोडल अधिकारी, नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है।

### जालसाज भाई समेत बैंक शाखा प्रबंधक के खिलाफ रिपोर्ट

**नरैनी।** सगे भाई ने बैंक मैनेजर के साथ मिलीभगत कर मजदूर भाई के नाम कर्ज निकाल लिया। बैंक के कर्ज की नोटिस मिलने पर पीड़ित किसान के होश उड़ गए। बैंक सहित संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देने के बाद भी जब कार्यवाही नहीं हुई तब न्यायालय में वाद दायर किया। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर जालसाज भाई सहित तत्कालीन बैंक के शाखा प्रबंधक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गिरवां थाना क्षेत्र के शिवहद गांव निवासी अर्जुन पुत्र टेरीलाल ने सीआरपीसी के तहत वाद दायर कर बताया कि वह महाराष्ट्र के मुंबई में रहकर मजदूरी का कार्य करता है जून 2023 में वह लौटकर अपने घर आया था तो गांव के एक युवक ने उसे बैंक की नोटिस दी और बताया कि आर्यावर्त बैंक शाखा दुर्गापुर से आए बैंक कर्मियों ने यह नोटिस उसे दी है। पीड़ित ने बताया कि नोटिस में अप्रैल 2016 को 30 हजार रुपए का कर्ज लेना लिखा गया है। बताया कि उसने कभी बैंक से किसी भी प्रकार का कर्ज नहीं लिया। कर्ज की नोटिस देख वह परेशान हो गया और बैंक शाखा में जाकर उसने अपनी बात बताई लेकिन मौजूद शाखा प्रबंधक ने उसे भगा दिया। दायर बाद में पीड़ित ने बताया है कि उसके सगे भाई राजबहादुर पुत्र टेरीलाल की पत्नी ग्राम प्रधान थी और प्रधानी का कार्य राजबहादुर देखता था।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी, मौत

**मौदहा हमीरपुर।** अज्ञात कारणों के चलते युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।सूचना पर पहुंची पुलिस ने आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। फिलहाल आत्महत्या करने के कारणों की जानकारी नहीं हो सकी है। कस्बे के मोहल्ला रामनगर निवासी अंशु (27) पुत्र रमाकांत विश्वकर्मा का शव सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों घर में फांसी पर लटकता मिलने से मोहल्ले में हड़कंप मच गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।मृतक कस्बे में आटो चलाने का काम करता था और शराब पीने का आदि बताया जा रहा है। मृतक अपने परिवार में तीन भाइयों में दूसरे नम्बर का था और अभी तक अविवाहित था। फिलहाल युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के कारणों की जानकारी नहीं हो सकी है।

# इलाहाबाद ने कानपुर को पराजय कर सेमीफाइनल में किया प्रवेश

**मुख्य अतिथि फहीम व आसिफ ने खिलाड़ियों से किया परिचय**

**अवधनामा संवाददाता**



**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे में आयोजित मौलाना सलीम मेमोरियल अखिल भारतीय खेल महोत्सव के प्रथम चरण क्रिकेट का सोमवार को दूसरा मुकाबला कानपुर और इलाहाबाद के मध्य खेला गया। जिसमें इलाहाबाद ने मुकाबला अपने नाम करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इलाहाबाद की ओर से सुमित को मैन ऑफ दी मैच पुरस्कार दिया गया।

कस्बे के रहमानिया स्पोर्ट्स ग्राउंड में आयोजित मौलाना सलीम मेमोरियल अखिल भारतीय खेल महोत्सव प्रथम चरण क्रिकेट का शुभारंभ रविवार हुआ था। जिसके बाद सोमवार को दूसरा मुकाबला कानपुर और इलाहाबाद के मध्य खेला गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मोहम्मद फहीम एवं आसिफ खान ने राष्ट्रगान पढ़कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए मुकाबला शुरू कराया। जिसमें कानपुर ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 100 रनों पर ही सिमट गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इलाहाबाद की टीम चार विकेट खोकर 12वें ओवर में यह मुकाबला अपने नाम करते हुए सेमीफाइनल में पहुंच गई। वहीं मैच के उपरांत इलाहाबाद की ओर से सबसे अधिक 34 रन बनाने वालें शशांक को युवा नेता दिलशाद अहमद द्वारा मैन ऑफ दी मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुकाबले में अंपायर की भूमिका समीर उद्दीन एवं अजीज अहमद व स्कोरर की भूमिका अशरफ कमाल ने निभाई। इस दौरान खेल महोत्सव में अहम भूमिका निभाने वाले कमेटी अध्यक्ष नजमुद्दीन बीतू बादशाह, प्रबंधक नौशाद अहमद, प्रवक्ता बाबू जी कप्तान, लारैब भाई, परवेज़ सिद्दीकी, राजू मेम्बर, मोहम्मद नकी, हकीम उद्दीन आदि उपस्थित रहे। आज मंगलवार को हरियाणा और इलाहाबाद के मध्य पहला सेमीफाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

# स्वामी ब्रह्मानंद जी महाराज का 129 वा जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

**अवधनामा संवाददाता**



**धर्मपाल सिंह मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास मुस्लिम बोर्ड एवं हज भी सम्मलित हुए**

**राठ (हमीरपुर)।** संत प्रवर स्वामी ब्रह्मानंद जी महाराज की 129 वे जन्मोत्सव समारोह के अवसर पर सोमवार 4 दिसंबर को प्रातः 6:00 बजे से हवन पूजन 11:00 बजे पूर्णाहुति एवं पुष्पांजलि का कार्यक्रम हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि धर्मपाल सिंह मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास मुस्लिम बोर्ड एवं हज तथा नागरिक सुरक्षा विभाग उत्तर प्रदेश शासन, विशिष्ट अतिथि अनिल राजभर मंत्री श्रम एवं सेवायोजन समन्वय विभाग उत्तर प्रदेश सरकार ने स्वामी ब्रह्मानंद जी की समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित कर माथा टेका। इसी क्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, विधायक मनीषा अनुरागी, प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ इंद्रपाल सिंह, उपाध्यक्ष डॉ अजय पाल सिंह, सचिव डॉक्टर कमलेश सक्सेना, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया, अनुपमा सिंह लोधी राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय लोधी महासभा एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य भारतीय जनता पार्टी, राज विशंभर भटनागर, प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर सुरेंद्र सिंह महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं कर्मचारी गणों ने स्वामी जी की समाधि पर पुष्प अर्पित कर माथा टेका। तत्पश्चात सभी आगंतुक महानुभावों ने अखंड मंदिर में आयोजित स्वामी जी के जीवन वृत पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। दंगल प्रांगण में आयोजित श्रद्धांजलि सभा मैं प्रतिभाग किया। प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर सुरेंद्र सिंह ने सभी माननीय एवं आगंतुकों का स्वागत किया। उन्होंने अपने उद्बोधन के दौरान स्वामी जी के जीवन वृत पर आधारित संस्मरण साझा किया। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि ने स्वामी जी की उपमा बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना करने वाले पंडित महामना मालवीय जी से की एवं उनके पद चिन्हो पर चलने के लिए सभी से आवाहन किया। मुख्य अतिथि धर्मपाल सिंह ने अपने उद्बोधन में ब्रह्मानंद महाविद्यालय को विश्वविद्यालय बनाने के लिए हर संभव कोशिश का आश्वासन दिया तथा छात्रों के विकास हेतु डेयरी उद्योग स्थापित करने का वादा किया। जिससे क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा गरीबी अनुदान से दूर नहीं होगी गरीबों शिक्षा से दूर होगी। इस कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर हल्के प्रसाद, डॉक्टर बीके पांडे, डॉक्टर कमलेश राम, डॉक्टर सरजू नारायण, डॉक्टर रामसुभग सिंह, डॉक्टर राकेश शर्मा, डॉक्टर विजय प्रताप गौतम, डॉ अरुण कुमार, राजेंद्र कुमार झा नंदराम, बृजकिशोर, वीरेंद्र सिंह, मनीष कुमार आदि लोगों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। इस कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर साजू नारायण ने किया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ वरुण कुमार सिंह, डॉ दशरथ सिंह, डॉक्टर गोविंद राजपूत, डॉ अवधेश नारायण शुक्ला, डॉक्टर कमलेश राजपूत, डॉ शीला सिंह, डॉ साधना कुमारी, डॉ पूर्णिमा सिंह, अंकिता सैनी आदि लोग उपस्थित रहे।

### लोकतंत्र में युवाओ तथा महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित किया जाये

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद स्तरीय विभन्न विद्यालयों व महा विद्यालयों के प्रधानाचार्यो के साथ बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में जिलाधिकारी ने एक-एक कर प्रधानाचार्यो से उनके विद्यालय में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों तथा शिक्षक व अन्य स्टाफ के संबध में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि अच्छा कार्य करने वाले विद्यालयों को 25 जनवरी राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सम्मानित भी किया जायेगा। उन्होने सभी को निर्देश दिये कि लोकतंत्र में युवाओ तथा महिलाओं की सहभागिता अधिक से अधिक हो यह सुनिश्चित किया जाये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विद्यालयों, महा विद्यालयों के प्रधानाचार्यो से विद्यालय में बच्चों की कुल संख्या तथा वोटर लिस्ट में शामिल किये जाने हेतु शेष विद्यार्थियों की संख्या की जानकारी ली।

# कैसे हो खनन, कैसे भरें किस्त जब खंड है पानी के अंदर

**100/3 का अधिकांश हिस्सा केन नदी की जलधारा में डूबा है**

**अवधनामा संवाददाता**



**बाँदा।** एक तरफ कुआं है एक तरफ खाई है बीच मे खनन के कारोबारी हैं , जी हां पूरा मामला खपटिहा खदान 100/3 का है जहां खंड का अधिकांश हिस्सा केन की जलधारा मे है क्योकि कारोबारी जो पट्टा आवंटित हुआ है जलमग्न है क्योकि नदियां अपना रास्ता प्रतिवर्ष बाढ के बाद बदल लेती है। वहीं दूसरी ओर जसपुरा से अमारा होकर संपर्क मार्ग मे निर्माण होने से मार्ग मे आवागमन बाधित है ऐसे मे खंड संचालक कैसे राजस्व जमा करेगा विचारणीय है। सरकार अपने राजस्व को बढाने के लिये नित नये नये पैंतरे आजमा रही है वहीं खंड पानी मे डूबै होने के कारण खंड संचालक पूरे मनोवेग से खनन नही कर पा रहै है दूसरे आवागमन बाधित होने से ट्रकों का आवागमन ना के बराबर हो गया है। जबकि स्थानीय स्तर पर भी कई छोटी बडी परेशानियां आती है वो अलग हैं परंतु खंड तो चलाना अब खनन संचालक की मजबूरी भी बन गयी है। वही मौरंग खंड संचालित होने से स्थानीय ग्रामीणों मे भी आशा कि किरण जगी थी कि अब उनको भी रोजगार मिलेगा उनकी चाय पान गुटके की दुकाने सजने लगी , छोटे छोटे ढाबे खुलने लगे कि अब ट्रको का आवागमन होने से उनकी भी रोजीरोटी चलने लगेगी परंतु अब जबकि खंड का संचालन ना के बराबर हो गया है तब वो भी परेशान है कि अब उनके रोजी रोटी पर भी संकट आ गया है।

### एनसीएल में वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह 2023 का हुआ शुभारंभ

**सोनभद्र/ सिंगरौली।** सोमवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह 2023 का शुभारंभ हुआ। मुख्यालय में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एनसीएल सीएमडी भोला सिंह ने ध्वजारोहण किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए एनसीएल सीएमडी भोला सिंह ने सुरक्षित खदान क्षेत्र व प्रत्येक खनिक की सुरक्षा के प्रति एनसीएल प्रबंधन की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने सुरक्षित खदानों को सर्वाधिक उत्पादक खदान के रूप में परिभाषित करते हुए प्रत्येक कर्मी से खदानों में सुरक्षित वातावरण के लिए निरंतर प्रयास करने हेतु आह्वान किया। साथ ही एनसीएल कर्मियों से खदान सुरक्षा के महत्वपूर्ण आयामों को आत्मसात करने हेतु प्रेरित भी किया। कार्यक्रम के दौरान निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार, निदेशक (तकनीकी/संचालन) जितेंद्र मालिक व निदेशक (तकनीकी/परियोजना व योजना) सुनील प्रसाद सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### युवक समेत दो लोगों ने फांसी लगाकर जान दी

**बांदा।** इटावा से घर आये युवक ने अज्ञात कारणों के चलते साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर के बाद पत्नी ने देखा तो चीख पड़ी। इसी तरह एक अन्य घटना में शराब पीकर उत्पात मचाने से मना करने पर नाराज युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया गया।

नरैनी कोतवाली क्षेत्र के करतल निवासी आदर्श सिंह (30) पुत्र मर्दन सिंह शनिवार को शराब के नशे में घर पहुंचा और उत्पात मचाने लगा। मां ने उसे डांटा यह बात उसको नगवार गुजरी। इसी से नाराज होकर आदर्श ने साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रात में खेतों से लौटे पिता और बड़ा भाई आशीष घर पहुंचे तो आदर्श का शव फंदे पर लटक रहा था। मृतक की पत्नी राधा का रो-रोकर बुरा हाल है। दो वर्ष पहले आदर्श की शादी हुई थी। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर, पैलानी थाना क्षेत्र के सांड़ी गांव के मजरा अमानडेरा निवासी नारायण निषाद (45) पुत्र मुल्लू इटावा में रहकर काम करता था। उसके पांच लडके और एक लड़की है। इटावा में किसी कम्पनी में नारायण निषाद ने 25 हजार रूपया जमा किया था। कम्पनी के अधिकारी नारायण से तीन आदमी और जोड़ने की बात कह रहे थे। इससे नारायण परेशान था। उसने घर में कहा कि उनका 25 हजार रूपया डूब गया। इसी से परेशान होकर उसने पत्नी की साड़ी से सरिया में फंसाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बड़े भाई हुन्नर ने बताया कि मृतक इटावा में रहकर राजमिस्त्री का काम करता था।

# नि:शुल्क खाद्यान्न 05 दिसम्बर से 20 दिसम्बर तक प्राप्त करें

**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा योजनान्तर्गत आच्छादित गरीब लाभार्थियों के आर्थिक बोझ को कम करने तथा राष्ट्रीय एकरूपत्र को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 में आच्छादित अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को जनवरी 2023 से एक वर्ष तक निःशुल्क खाद्यान्न उपलध कराए जाने का निर्णय लिया गया है। जनवरी 2023 से आगामी एक वर्ष तक निःशुल्क खाद्यान्न वितरित कराने में आने वाले सम्पूर्ण व्ययभार का वहन भारत सरकार द्वारा किया जाएगा। उक्त के दृष्टिगत माह दिसम्बर 2023 के सापेक्ष माह दिसम्बर 2023 में अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को वितरित होने वाले खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण एवं अन्त्योदय कार्डधारकों हेतु त्रैमास अक्टूबर, नवम्बर व दिसम्बर 2023 के सापेक्ष चीनी का वितरण माह दिसम्बर 2023 में 05 दिसम्बर से 20 दिसम्बर के मध्य किया जाएगा। इसके अंतर्गत अन्त्योदय कार्डधारकों को निःशुल्क 14 किलोग्राम गेहूं व 21 किलोग्राम चावल कुल 35 किलो खाद्यान्न एवं 18 रू0 प्रति किलो की दर से 03 किलोग्राम चीनी का वितरण किया जाएगा। कार्डधारकों को वितरण की सुविधा पोर्टेबिलिटी के माध्यम से भी अनुमन्य रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रांजेक्शन कर सकेंगे। ऐसे लाभार्थी जिनका कतिपय कारणों से अंगूठा ई-पॉस मशीन पर नहीं लग रहा है उन्हें मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से भी 20 दिसम्बर को खाद्यान्न निःशुल्क वितरित किया जाएगा। उन्होंने जनपद के समस्त अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को सूचित किया है कि वह अपने सम्बन्धित अथवा निकटवर्ती उचित दर विक्रेता से निःशुल्क खाद्यान्न 05दिसम्बर से 20 दिसम्बर तक प्राप्त कर सकते हैं।

# दो दिवसीय 'एकता उत्सव' मेला का किया गया आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) एनटीपीसी लिमिटेड नें किया शुभारंभ**



**सोनभद्र/विंध्याचल।** मेला प्रांगण को सजाया गया आकर्षक विदुतीय साज-सज्जा के साथ एनटीपीसी विंध्याचल का बहुप्रतीक्षित सुहासिनी संघ का दो दिवसीय एकता उत्सव मेला का आयोजन परियोजना के नेताजी सुभाषचंद्र बोस लेक पार्क में भव्य रूप से किया गया।

मेरी माटी, मेरा देश की थीम पर आयोजित इस मेले का उदघाटन मुख्य अतिथि क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) एनटीपीसी लिमिटेड प्रवीण सक्सेना एवं अध्यक्षा(उत्तरा महिला समिति) नीलम सक्सेना ने परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार, अध्यक्षा सुहासनी संघ सरोजा फणि कुमार, परियोजना प्रमुख (सिंगरौली) राजीव अकोटकर, अध्यक्षा (वनिता समाज सिंगरौली) पीयूशा अकोटकर, परियोजना प्रमुख (रिहंद) पंकज मेदिरत्ता, अध्यक्षा (वर्तिका महिला समिति रिहंद) अनीता मेदिरत्ता, सीईओ(रिलायंस शासन पावर लिमिटेड) सचिन महापात्रा, अध्यक्षा सतरंगी महिला क्लब (रिलायंस शासन पावर लिमिटेड) बरनाली महापात्रा, स्टेशन हेड एवं सीनियर वीपी(महान इनर्जी लिमिटेड) पी के सुंदराय एवं सुस्मिता सुंदराय की उपस्थिती मे फीता काटकर किया। मेला स्थल में सभी वर्गो के लोगों के मनोरंजन एवं खान-पान के लिए कई सुविधाएं मुहैया कराई गई है। उपस्थित अतिथियों एवं अन्य लोगों नें गेम एवं फन के साथ मेले का भरपूर आनंद उठाया। सुहासनी संघ द्वारा लगाए गए इस मेले में खान-पान एवं आकर्षक व्यंजनो के साथ मनोरंजन के कई स्टाल लगाए गए थे। क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) एनटीपीसी लिमिटेड प्रवीण सक्सेना एवं अध्यक्षा(उत्तरा महिला समिति) नीलम सक्सेना एवं उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा उदघाटन अवसर पर हवा में गुब्बारे छोड़ केक काटकर मेले का विधिवत उद्घाटन किया। अवसर पर मेला प्रांगण को आकर्षक विदुतीय साज-सज्जा के साथ सजाया गया था। पूरा लेक पार्क रोशनी से जगमगा रहा था और सबको अपनी ओर आकर्षित कर रहा था।

इससे पूर्व मेला प्रांगण लेक पार्क में पहुचने पर मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का पुष्पगुछों से स्वागत किया गया। क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) प्रवीण सक्सेना एवं अध्यक्षा(उत्तरा महिला समिति) नीलम सक्सेना एवं उपस्थित अन्य अतिथिगण सहित परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार, अध्यक्षा सुहासनी संघ सरोजा फणि कुमार, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) राजेश भारद्वाज एवं उपाध्यक्षा सुहासिनी संघ सुभा भारद्वाज द्वारा संघ द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टालों का निरीक्षण भी किया।

# राजभवन में भ्रमण बच्चों के जीवन की सुनहरी स्मृति बन कर रहेगी

## दीपावली के पूर्व प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों बच्चों ने राजभवन में किया था भ्रमण और लंच

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' ने आज राजभवन लखनऊ में राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल से मुलाकात की। मंत्री नन्दी ने राज्यपाल से मुलाकात कर पिछले दिनों दीपावली के पूर्व प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र की मलिन एवं दलित बस्ती में रहने वाले झुग्गी झोपड़ी के बच्चों को राजभवन भ्रमण व लंच के लिए स्वीकृति प्रदान करने एवं कार्यक्रम के सकुशल सम्पन्न होने पर आभार जताया।

मंत्री नन्दी ने कहा कि बच्चों और उनके अभिभावकों में राजभवन से लोटने पर अपार उत्साह और खुशी थी। यह कार्यक्रम प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न मलिन एवं दलित बस्तियों में रहने वाले झुग्गी झोपड़ी के बच्चों और उनके अभिभावकों के जीवन की सुनहरी स्मृति बन कर रहेगा। मंत्री नन्दी ने बताया कि दीपावली के पूर्व उन्होंने राज्यपाल से मुलाकात कर प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न दलित एवं मलिन बस्तियों के झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों को लखनऊ लाने एवं उन्हें राजभवन में भ्रमण के साथ ही दोपहर का भोजन कराने के लिए स्वीकृति मांगी। जिसे राज्यपाल ने सहर्ष




अनुमति दी थी, जिसके बाद 16 बसों से 51 दलित एवं मलिन बस्तियों के सैकड़ों बच्चों को अभिभावकों के साथ लखनऊ लाया गया, जहां सभी ने मॉल में दीपावली की खरीददारी की और फिर वाटर पार्क में मस्ती की। फिर अगले दिन राजभवन में भ्रमण के साथ ही राज्यपाल का मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए दोपहर भोजन किया। मंत्री नन्दी ने कहा कि राज्यपाल के आशीर्वाद से झुग्गी झोपड़ी के बच्चों ने राजभवन का भ्रमण किया, जो उनके जीवन का सबसे अविस्मरणीय पल था। मंत्री नन्दी ने कहा कि कई बच्चे तो ऐसे थे, जो पहली बार घर से बाहर निकले थे और लखनऊ आए थे। राजभवन में भ्रमण के पूर्व राज्यपाल का सम्बोधन और आशीर्वाद बच्चों को अपना भविष्य बनाने में काफी प्रेरणादायक साबित होगा।

# सड़क निर्माण में नवीन तकनीकी के प्रयोग पर राष्ट्रीय स्तर पर मिलेगा यूपी सीएम मेडल

**अवधनामा ब्यूरो**

- गुजरात राज्य के गाँधीनगर में आयोजित चार दिवसीय इण्डियन रोड कांग्रेस के 82वें सम्मेलन में लिया गया निर्णय
- आईआरसी में ग्रामीण सड़क की विशिष्टियों से लेकर सड़क सुरक्षा मानकों तक 11 सूत्रीय एजेंडा किया गया प्रस्तुत

**लखनऊ।** इण्डियन रोड कांग्रेस (आईआरसी) परिषद ने सड़क निर्माण में नवीन तकनीकी के प्रयोग पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रत्येक वर्ष एक राजकीय संस्था को उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री (यूपी सीएम) मेडल देने का निर्णय लिया है। गुजरात राज्य के गाँधीनगर में 02 से 04 दिसम्बर तक आयोजित चार दिवसीय इण्डियन रोड कांग्रेस के 82वें सम्मेलन में यह निर्णय लिया गया हैं। उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग के विभागाध्यक्ष ए0के0 जैन ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पिछले वर्ष 2022 में उत्तर प्रदेश में आयोजित हुए भारतीय सड़क कांग्रेस के 81वें अधिवेशन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने अपने सम्बोधन में कहा था कि सड़क निर्माण में नवीनतम एवं उच्चतम तकनीकि का प्रयोग करने वाली राजकीय संस्थाओं को मेडल प्रदान किया जाना चाहिए । मुख्यमंत्री जी के इस सुझाव के परिप्रेक्ष्य में आई0आर0सी0 ने अगले वर्ष से सड़क निर्माण में नवीन तकनीक का बेहतर उपयोग करने वाली एक सरकारी संस्था को यूपी सीएम मेडल प्रदान कर सम्मानित करने का निर्णय लिया है। इसके लिए एक कमेटी बनाई जायेगी, जो मेडल के लिये संस्था का चयन करेगी। आई आर सी के 82वें सम्मेलन के 226वीं परिषद की बैठक में जैन द्वारा वाइस प्रेसिडेंट आईआरसी के रूप में भाग लिया गया, जिसमें ग्रामीण सड़क की विशिष्टयों से लेकर सड़क सुरक्षा मानकों तक 11 सूत्रीय एजेंडा प्रस्तुत किया गया।

# वर्ष 2023-24 हेतु रु0 50,000 करोड़ राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित की जाये

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में राजस्व के दृष्टिगत आबकारी विभाग अत्यन्त महत्वपूर्ण विभाग है तथा प्रदेश में राजस्य अर्जन का दूसरा सबसे बड़ा श्रोत है। 04 दिसम्बर 2023 को आबकारी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल द्वारा विभाग के क्रिया-कलापों एवं राजस्व प्राप्ति की समीक्षा की गयी। इस बैठक में प्रमुख सचिव आबकारी, आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश, विशेष सचिव आबकारी, अपर आयुक्त (प्रशासन), अपर आयुक्त (लाइसेसिंग), समस्त संयुक्त आबकारी आयुक्त (जोन), समस्त उप आबकारी आयुक्त (प्रभार) के साथ आबकारी मुख्यालय, प्रयागराज के अधिकारीगण उपस्थित रहे। प्रदेश के शेष सभी अधिकारियों द्वारा समीक्षा बैठक में वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया गया।


- आबकारी मंत्री द्वारा विभागीय अधिकारियों के साथ की गयी समीक्षा बैठक
- प्रवर्तन कार्यों में और तेजी लाई जाये
- दुकानों पर निर्धारित मूल्य पर मदिरा की बिक्री सुनिश्चित की जाय
- आनलाइन सन्दर्भो का किया जाए समयबद्ध निस्तारण

बैठक में उनके द्वारा बताया गया कि माह नवम्बर तक प्रदेश में 27,340.97 करोड़ का राजस्व प्राप्त हो चुका है जो गतवर्ष 24,958.50 करोड के सापेक्ष लगभग 10 प्रतिशत अधिक है। इस प्रकार अब तक गतवर्ष के सापेक्ष रु. 2,382.47 करोड़ अधिक है। आबकारी मंत्री द्वारा वर्ष 2023-24 में आबकारी विभाग द्वारा लगभग 50,000 करोड़ से अधिक के लक्ष्य की पूर्ति किये जाने हेतु हर सम्भव प्रयास किये जाने के निर्देश दिये गये। जनपद कानपुर में राजस्व लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्तियों में आशातीत् वृद्धि न होने के सम्बन्ध में प्रभार के उप आबकारी आयुक्त को इसकी समीक्षा करते हुए 15 दिवस के अन्दर रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। उनके द्वारा यह भी अपेक्षा की गयी कि जनपद बागपत में हरियाणा बॉर्डर से लगी दुकानों की स्थिति की समीक्षा कर लें और यदि उक्त दुकानों से जनपद के राजस्व पर प्रभाव पड़ रहा हो तो उनको यथोचित स्थान पर स्थानान्तरित करने के लिये हरियाणा प्रदेश के अधिकारियों से अनुरोध किया जाय।

# बिलों में सरचार्ज पर छूट के लिए एकमुश्त समाधान योजना

## जन-कल्याणकारी योजना संचालित, उपभोक्ताओं को अपने बकाये के भुगतान का स्वर्णिम अवसर

- ओटीएस का दूसरा चरण 01 से 15 दिसम्बर, 2023 तक
- घरेलू उपभोक्ताओं और किसानों को बिलों के विलम्बित अधिभार में मिल रही शत-प्रतिशत छूट
- किसानों के निजी नलकूपों में 01 अप्रैल, 2023 से आने वाले विद्युत बिल माफ
- किसानों के 31 मार्च, 2023 से पहले के बकाये बिलों में सरचार्ज पर शत-प्रतिशत छूटः ए0के0 शर्मा



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** विद्युत उपभोक्ताओं के बकाये बिलों में सरचार्ज पर छूट के लिए एकमुश्त समाधान योजना का दूसरा चरण 01 से 15 दिसम्बर, 2023 तक चलेगा। ओटीएस के दूसरे चरण में भी एक किलोवाट भार तक के घरेलू उपभोक्ताओं और किसानों को बिलों के विलम्बित अधिभार में शत-प्रतिशत छूट के साथ किश्तों में भुगतान की सुविधा दी जा रही। साथ ही अन्य उपभोक्ताओं, औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं संस्थानों को भी पहले चरण में मिली छूट के सापेक्ष इस चरण में 10 प्रतिशत कम छूट के साथ किश्तों में भुगतान की सुविधा मिल रही है। ओटीएस के पहले चरण 08 से 30 नवम्बर तक छूट लेने वाले उपभोक्ताओं को सर्वाधिक लाभ मिला। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने बकायेदार उपभोक्ताओं से अपील की है कि ओटीएस के दूसरे चरण में दी जा रही छूट का लाभ लेने तथा अपने बकाये बिलों के झंझटों से हमेशा के लिए मुक्त होने के लिए शीघ्र पंजीकरण कराएं। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही लाभप्रद, जन-कल्याणकारी योजना संचालित की गयी है और उपभोक्ताओं को अपने बकाये के भुगतान का स्वर्णिम अवसर मिला है। प्रदेश के किसानों के निजी नलकूपों में 01 अप्रैल, 2023 से आने वाले विद्युत बिलों को माफ किया गया है। 31 मार्च, 2023 से पहले के बकाये बिलों में सरचार्ज पर शत-प्रतिशत की छूट दी जा रही है। किसान भाई भी योजना के तहत लाभ लेकर अपने बकाये का भुगतान कर दें।

ऊर्जा मंत्री ने विद्युत अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उपभोक्ताओं को ओटीएस योजना का सही से लाभ मिले इसके लिए सजग और सतर्क होकर कार्य करें। योजना के तहत अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को लाभ मिले, इस सम्बंध में योजना की सही से जानकारी उपलब्ध कराएं और कार्यों में तेजी लाएं। बड़े बकायेदारों से सम्पर्क करने का भी प्रयास किया जाय। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि ओटीएस के प्रथम चरण में 20 लाख उपभोक्ताओं ने छूट का लाभ उठाया और इससे 2000 करोड़ रूपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ।

### आत्म प्रकाश मिश्र को दूरदर्शन लखनऊ का नया कार्यक्रम प्रमुख बनाया गया

**लखनऊ।** ब्रॉडकास्टर और दूरदर्शन के अधिकारी आत्म प्रकाश मिश्र को दूरदर्शन लखनऊ का नया कार्यक्रम प्रमुख बनाया गया है। कार्यक्रम अधिशासी समन्वय श्याम नारायण चौधरी ने बताया कि प्रसार भारती नई दिल्ली से आदेश के बाद आत्म प्रकाश ने पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। डीडी नेशनल के लिए कमेन्ट्री कर चुके आत्म प्रकाश मिश्र को यशभारती एवं उप्र संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार मे सम्मानित किया जा चुका है। अवाम की आवाज, सुरों की भाषा, विज्ञान से ध्यान की ओर और वंस मोर जैसे लोकप्रिय धारावाहिकों के एंकर एवं निर्देशक आत्म प्रकाश प्रसार भारती में तीन दशक से अधिक की सेवा दे चुके हैं।

# मंडलायुक्त की अध्यक्षता में हेरिटेज जोन के कार्यों की हुई समीक्षा बैठक

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में हेरिटेज जोन के कार्यो की समीक्षा बैठक लखनऊ विकास प्राधिकरण के कार्यालय सभागार में आहूत की गई। इस अवसर पर लखनऊ विकास प्राधिकरण (उपाध्यक्ष) श्री इंद्रमणि त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मंडलायुक्त को कैसरबाग फ़साड लाइटों के चल रहे कार्य की प्रगति के बारे में अवगत कराया गया कि 25 प्रतिशत कार्य पूर्ण करा लिया गया है। और शेष कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने शेष कार्यो में तेजी लाते हुए हेरिटेज बिल्डिंग के फ़साद लाइटो के समस्त कार्य ससमय पुर्ण कराने के निर्देश दिए।

इमामबाड़ा पर हॉर्टिकल्चर कार्य साथ ही लाइटों की संख्या में बढ़ोतरी करने के निर्देश दिए। रूमी दरवाजा पर लगने वाले फसाड़ लाइट की प्रगति के बारे में जानकारी लिया।

बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजाराम पार्क व सीनियर सिटीजन पार्क में चल रहे कार्यों में लाइटों की संख्या में बढ़ोतरी व योगा मेडिटेशन के कार्य भी कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि योग हर व्यक्ति को बेहतर



करने, बेहतर बनने और जीवन को आनंदमय बनाने के लिए प्रेरित करता हैं। यह आपके शरीर को स्वस्थ बनाता है और दिमाग में स्वस्थ विचार विकसित करने में कारगर है। अगर आप अनहेल्दी आदतों के शिकार हैं तो योग और मेडिटेशन इन्हें छुड़ाकर आपको हेल्दी लाइफ जीने के लिए प्रेरित करते हैं। जब हम योग और मेडिटेशन का अभ्यास करते हैं।

उक्त के पश्चात मंडलायुक्त ने कहा कि रूमी दरवाजा के बगल ओ0डी0ओ0पी, अवध हॉट, टूरिस्ट सेंटर बनाकर विकसित किया जाना सुनिश्चित किया जाए। संबंधित द्वारा अवगत कराया गया कि फ्रेग्नेस पार्क का कार्य चल रहा है दिसंबर लास्ट तक सम्पूर्ण कार्य पूर्ण करा लिया जाएगा। उन्होंने घंटाघर के सामने चल रहे सिविल कार्य को तेजी से कराते हुए फरवरी माह तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए। पिक्चर गैलरी के सामने बैठने के लिए बेंच की व्यवस्थ साथ ही कैफे के संचालन का कार्य गुणवत्ता पूर्वक किया जाए। रूमी दरवाजा के बगल बने फूड स्ट्रीट की ब्रांडिंग भी की जाए।

# रेरा ने परियोजनाओं के विज्ञापनों का मानक दिशा-निर्देश जारी किया

- प्रदेश सरकार से जारी शासनादेश के अनुसार मानकों का पालन प्रोमोटर व एजेंट सहित मीडिया हाउस से कराया जाएगा


**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** रियल एस्टेट परियोजनाओं के विज्ञापन के संदर्भ में उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त शासनादेश के अनुसार उ.प्र. रेरा ने विज्ञापन के लिए उपलब्ध सभी प्रकार के मंचों पर विज्ञापन सम्बधी मानक दिशा निर्देशों का पालन करने को है। समाचार पत्रों, मैगजीन, ब्रोशर, लीफलेट्स, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया तथा डिजिटल मीडिया एवं आउट्डोर पब्लिसिटी के मंचों पर पंजीकृत रियल एस्टेट परियोजना के विज्ञापन के लिए उ.प्र. रेरा पोर्टल तथा परियोजना का रेरा पंजीयन सँख्या का प्रमुखता से उल्लेख होना चाहिए और यह एक अनिवार्य प्राविधान है। प्रिन्ट विज्ञापन (समाचार पत्र, ब्रोशर, लीफलेट सहित अन्य), सोशल (ट्विटर, फ़ेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, आदि) और डिजिटल (ईमेल, वेबसाईट, प्रॉपर्टी पोर्टल आदि) मीडिया के विज्ञापनों में पोर्टल और पंजीयन सँख्या आसानी से पढ़ी जानी वाली होनी चाहिए जबकि रेडियो और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में यह दोनों सुनने योग्य ध्वनि में पर्याप्त गति के साथ उद्घोषित किया जाना चाहिए। आउट्डोर होर्डिंग, पोल और स्ट्रीट बैनर जैसे विज्ञापन में दोनों बड़े अक्षरों में दूर से दिखने लायक और स्पष्ट रूप से पठनीय होनी चाहिए। इस संबन्ध में समस्त समाचार घरानों/मीडिया हाउसेज को भी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने हेतु कहा गया है। उ.प्र. रेरा द्वारा विभिन्न ऑनलाइन तथा ऑफलाइन प्रोमोशनल तथा विज्ञापन माध्यमों के अनुश्रवन के उपरान्त यह पाया गया कि प्रोमोटर्स, रियल एस्टेट एजेंटस तथा जनसम्पर्क माध्यम एवं विज्ञापन संस्थाओं द्वारा प्रदेश में रियल एस्टेट परियोजनाओं के संबन्ध में रेरा अधिनियम में निहित अनिवार्य प्राविधानों का अनुपालन नहीं किया जा रहा है। कई विज्ञापनों में पोर्टल और पंजीयन सँख्या डिसक्लेमर के रूप में तथा अपठनीय आकार में और गैर-प्रमुख स्थानों पर उल्लेखित की जाती है। जबकि इस संबन्ध में मीडिया के विभिन्न माध्यमों द्वारा निरन्तर जागरूकता फैलाने का कार्य किया जा रहा है, उल्लंघन करने वाले प्रोमोटर्स को कारण बताओ नोटिस भी प्रेषित किया जा रहा है और अर्थदण्ड भी आरोपित किया जा रहा है। रेरा अधिनियम 2016 के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु प्रोमोटर्स तथा रियल एस्टेट एजेंटस द्वारा रियल एस्टेट परियोजनाओं के अन्तर्गत विपणन तथा विक्रय के लिए विज्ञापन तथा विवरण पुस्तिक की सत्यता को सुनिश्चित किया जाना रेरा अधिनियम की आधारभूत प्राविधानों में से एक है। रेरा अधिनियम की धारा- 3, 7, 10, 11, 12, 59, 60 एवं 65 में रियल एस्टेट परियोजनाओं के प्रोमोशन, मार्केटिंग, तथा विक्रय हेतु विज्ञापनों एवं प्रचार-प्रसार से सम्बन्धित महत्वपूर्ण प्राविधान दिए गए है जिन्हे ध्यान में रखकर विज्ञापन संबंधी कार्य सम्पन्न होने चाहिए।

# हज यात्रा 2024 के लिये ऑनलाइन आवेदन शुरू

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुकद्दस हज यात्रा 2024 के ऑनलाइन आवेदन पत्र सोमवार से भरना शुरू हो गये हैं। हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज यात्रा 2024 की घोषणा करते हुए 20 दिसम्बर तक आवेदन मांगे हैं। हज कमेटी ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लियाकत अली आफकी ने बताया कि आवेदन पत्र हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट www.hajcommittee.gov.in पर या मोबाइल एप हज सुविधा पर ऑनलाइन भरे जा सकते हैं। आवेदन के लिए आवेदक के पास आवेदन तिथि समाप्त होने से पहले और 31 जनवरी 2025 तक की वैधता अंतर्राष्ट्रीय पासपोर्ट होना जरूरी है।



70 वर्ष से अधिक आयु वाले आवेदकों का एक सहयोगी के साथ चयन और बिना मेहरम हज यात्रा के लिए आवेदन करने वाली 45 वर्ष से अधिक आयु वाली महिलाएं 4 और अधिक के ग्रुप में हज यात्रा के लिए आवेदन करने वाली महिलाओं को प्राथमिकता मिलेगी। एक कवर पर 4 व्यस्क और दो वर्ष की आयु तक के दो बच्चों के आवेदन स्वीकार किये जाएंगे। एक कवर में परिवार और नजदीकी रिश्तेदार आवेदन कर सकते हैं। कवर हेड कवर के सदस्यों के लिए सभी भुगतान के लिए जिम्मेदार होगा। 70 वर्ष से अधिक आयु के आवेदक को आवेदन के साथ निर्धारित प्रारूप पर घोषणा पत्र देना होगा। राज्य हज समिति के सचिव एस.पी. तिवारी ने बताया कि हज आवेदन में आवेदकों को किसी तरह की समस्या न हो, इसके लिए हज समिति कर्मचारियों को जिले आवंटित किये गये हैं। उन्होंने बताया कि मोहम्मद शादाब खां सीयूजी नम्बर 7310103532 को एटा, बस्ती, कासगंज, बलरामपुर, इटावा, फतेहपुर, गोण्डा, हमीरपुर, जालौन, झांसी, कानपुर नगर, कन्नौज, कानपुर देहात, प्रतापगढ़, बहराइच, बरेली, बदायूं, फर्रुखाबाद, महोबा, मैनपुरी, रायबरेली, संतकबीरनगर, श्रावस्ती और सिद्धार्थ नगर की जिममेदारी दी गयी है। इसी तरह गुलाम मोहम्मद सीयूजी नम्बर 7310103543 को बलिया, चंदौली, देवरिया, गाजीपुर, महाराजगंज, मिर्जापुर, मऊ, वाराणसी, जौनपुर, गोरखपुर, कौशाम्बी, कुशीनगर, प्रयागराज, सोनभद्र और संतरविदास नगर की जिम्मेदारी है। अतहर अली सीयूजी नम्बर 7310103531 के पास बिजनौर, बुलंदशहर, अमरोहा, सहारनपुर, फिरोजाबाद, मुरादाबाद और सम्भल, अब्दुल रहीम अंसारी सीयूजी नम्बर 7310103536 के पास आगरा, अलीगढ़, हाथरस, मेरठ, बागतप, हापुड़, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मथुरा, मुजफ्फरनगर और शामली तथा निकहत फातिमा सीयूजी नम्बर 9170627776 को अमेठी, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, औरैया, बाराबंकी, बांदा, चित्रकूट, लखनऊ, ललितपुर, हरदोई, सीतापुर, पीलीभीत, लखीमपुर-खीरी, शाहजहांपुर, सुल्तानपुर और उन्नाव की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

### 15 दिवसीय विशेष निबंधन शिविर आज से

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण में मंगलवार से 15 दिवसीय विशेष निबंधन शिविर आयोजित होगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष और मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब के निर्देश पर मंगलवार से शुरू होकर 20 दिसम्बर तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। लविप्रा उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि प्राधिकरण के विपिन खण्ड गोमती नगर स्थित कार्यालय के बारादरी लॉन में प्राधिकरण की विभिन्न आवासीय व व्यवसायिक सम्पत्तियों के आवंटियों की रजिस्ट्री कराई जाएगी। शिविर में रजिस्ट्री के प्रपत्र और पंजीयन की कार्रवाई एक ही पटल पर होगी, जिससे आवंटियों को काफी सुविधा होगी। विदित हो कि लविप्रा अध्यक्ष मण्डलायुक्त ने शुक्रवार को विशेष निबंधन शिविर लगा कर लविप्रा की सम्पत्तियों की रजिस्ट्री कराने के निर्देश दिये थे।

# उत्तर प्रदेश में ईको पर्यटन की असीम संभावनाएं

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में ईको पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि कई पर्यटन स्थलों को प्रकृति का सीधे आशीर्वाद प्राप्त है। इन स्थानों को विश्व पटल पर प्रचारित प्रसारित करना हमारा संकल्प है। इसी मकसद से इंग्लैंड, अमेरिका, हालैंड और जर्मनी के टूर एंड ट्रेवल्स ऑपरेटरों को फैम ट्रिप कराई जा रही है। यह बातें पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहीं। संस्कृति मंत्री ने पर्यटन से जुड़ी चर्चा को लेकर प्रेस वार्ता की। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश घरेलू पर्यटन के मामले में देश में पहले स्थान पर है। सरकार का प्रयास है कि विदेश से आने वाले सैलानियों के मामले में भी अव्वल हो। यहां ईको पर्यटन की असीम संभावनाएं है। देश विदेश के पर्यटकों को इन स्थलों की ओर आकर्षित करने के लिए जरूरी है कि उन्हें इन स्थलों और यहां की खूबियों से परिचित कराया जाये। इन्हीं उद्देश्यों से पर्यटन विभाग फैम ट्रिप में सहयोग कर रहा है। एक दिसंम्र से यह यात्रा चंबल वेटलैंड से शुरू होकर सूरसरोवर पक्षी विहार होते हुए चार दिसम्बर को लखनऊ पहुंची है। यहां से दुधवा नेशनल पार्क लखीमपुर खीरी जायेंगे और वहीं ठहरेंगे। यहीं से किशनपुर वन्य अभयारण्य, कतरनिया घाट बहराइच और पीलीभीत टाइगर रिजर्व का भ्रमण करेंगे। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा कि रेस्पांसिबल व सस्टेनेबल टूरिज्म पर हमारा फोकस है।

# लखनऊ जंक्शन भोपाल एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें रहेंगी निरस्त

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** वीरांगना लक्ष्मी बाई जंक्शन दतिया स्टेशनों के बीच तीसरी लाइन निर्माण कार्य के सम्बंध में यार्ड रिमॉडलिंग कार्य तथा वीरांगना लक्ष्मीबाई जंक्शन स्टेशन पर रूट रिले इंटरलाकिंग कार्य के चलते लखनऊ जंक्शन भोपाल एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें निरस्त रहेंगी। वहीं कई अन्य ट्रेनों को बदले मार्ग व नियंत्रण करके चलाया जायेगा। वीरांगना लक्ष्मीबाई जंक्शन से 15 से 17 दिसम्बर तक चलने वाली 11109 वीरांगना लक्ष्मीबाई जंक्शन लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस, लखनऊ जंक्शन से 15 से 17 दिसम्बर तक चलने वाली 11110 लखनऊ जंक्शन वीरांगना लक्ष्मीबाई जंक्शन एक्सप्रेस, लखनऊ जंक्शन से 16 दिसम्बर को चलने वाली 12593 लखनऊ




जंक्शन भोपाल एक्सप्रेस, भोपाल से 17 दिसम्बर को चलने वाली 12594 भोपाल लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस, हैदराबाद से 15 दिसम्बर को चलने वाली 02575 हैदराबाद गोरखपुर स्पेशल, गोरखपुर से 17 दिसम्बर को चलने वाली 02576 गोरखपुर हैदराबाद स्पेशल, गोरखपुर से 16 दिसम्बर को चलने वाली 05303 गोरखपुर महबूबनगर स्पेशल और महबूबनगर से 18 दिसम्बर को चलने वाली 05304 महबूबनगर गोरखपुर स्पेशल निरस्त रहेगी।

ग्वालियर से 11 से 17 दिसम्बर तक 11123 ग्वालियर बरौनी एक्सप्रेस, बरौनी से 10 से 16 दिसम्बर तक चलने वाली 11124 बरौनी ग्वालियर एक्सप्रेस, चेन्नई से 16 दिसम्बर को चलने वाली 16093 चन्नई लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस, गोरखपुर से 14 दिसम्बर को चलने वाली 15045 गोरखपुर ओखा एक्सप्रेस, ओखा से 10 दिसम्बर को चलने वाली 15046 ओखा गोरखपुर एक्सप्रेस, सूरत से 15 दिसम्बर को चलने वाली 19053 सूरत मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस, लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 14 दिसम्बर को चलने वाली 15102 लोकमान्य तिलक टर्मिनस छपरा एक्सप्रेस बदले रास्ते से चलाई जायेगी।

गोरखपुर कोचुवेली एक्सप्रेस 15 एवं 17 दिसम्बर, गोरखपुर यशवंतपुर एक्सप्रेस 16 दिसम्बर को, अहमदाबाद दरभंगा एक्सप्रेस 16 दिसम्बर को, अहमदाबाद वाराणसी सिटी एक्सप्रेस 15 एवं 17 दिसम्बर को नियंत्रित कर चलाई जायेगी।

### मनोज कुमार सिन्हा ने वाणिज्य प्रबंधक का पदभार ग्रहण किया

लखनऊ । मनोज कुमार सिन्हा ने सोमवार को पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक का पदभार ग्रहण कर लिया। इसके पूर्व मनोज कुमार सिन्हा लखनऊ के भारतीय रेल परिवहन प्रबंधन संस्थान में अपर महानिदेशक के पद पर कार्यरत थे। आईआईटी बीएचयू से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक एवं एमबीए की उपाधि प्राप्त करने के उपरान्त मनोज सिन्हा भारतीय रेल यातायात सेवा के 1989 बैच के माध्यम से रेल सेवा में आये। पहली नियुक्ति पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल में सहायक वाणिज्य प्रबंधक के रूप में हुई। इसके बाद श्री सिन्हा ने सोनपुर, समस्तीपुर एवं लखनऊ मण्डल में कार्य किया। मनोज सिन्हा ने पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय गोरखपुर में वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक एवं अधीक्षक गोरखपुर क्षेत्र के रूप में भी कार्य किया। वह पूर्वोत्तर रेलवे तथा उत्तर मध्य रेलवे में परिचालन एवं वाणिज्य विभाग के विभिन्न पदों जैसे वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक एवं उप मुख्य यातायात प्रबंधक आदि पदों पर कार्य कर चुके हैं। सिन्हा आईआरसीटीसी में मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक तथा आरडीएसओ लखनऊ में निदेशक व कार्यकारी निदेशक यातायात व मनोतकनीकी निदेशालय के दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं।